



THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-29 अंक : 290 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) पौष शु.12/13 2081 शनिवार, 11 जनवरी-2025

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ※ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

## रामलला प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ आज-5 लाख श्रद्धालु आएंगे

अयोध्या, 10 जनवरी (एजेंसियां)। अयोध्या रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ मनाने को तैयार है। 11 से 13 जनवरी तक उत्सव होंगे। इन 3 दिनों में वीआईपी दर्शन नहीं होंगे। मंदिर ट्रस्ट ने अंगद टीला पर जर्मन हैंगर टेंट लगवाए हैं। 5 हजार मेहमानों की मेजबानी होगी, इनमें 110 वीआईपी गेस्ट होंगे। ट्रस्ट के मुताबिक, 5 लाख लोगों के आने का अनुमान है। आयोजन की व्यवस्थाओं को देख रहे रामलला ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा, प्राण प्रतिष्ठा द्वादशी को दर्शन-पूजन के लिए 2 लाख लोग पहुंचेंगे।






# 'मैं भी इंसान, गलतियां कर सकता हूं'

## पीएम मोदी ने सुनाया सालों पुराना किस्सा, दोस्तों का भी किया जिक्र



नई दिल्ली, 10 जनवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीरोधा के सह-संस्थापक निखिल कामथ की पीपल बाय डब्ल्यूटीएफ सीरीज पर अपना पॉडकास्ट डेब्यू करते हुए कहा कि गलतियां होती हैं और उनसे भी गलतियां होने की संभावना रहती है। प्रधानमंत्री मोदी ने कामथ से कहा, गलतियां होती हैं और मैं भी कुछ गलतियां कर सकता हूं। मैं भी इंसान हूं, भगवान नहीं। पीएम मोदी ने इसके अलावा यह भी बताया जब वह पहली बार पीएम बने थे तो चीन के राष्ट्रपति ने भारत आने की इच्छा जाहिर की थी।

पीएम मोदी ने पॉडकास्ट में कहा, 2014 में जब मैं प्रधानमंत्री बना तो स्वाभाविक है कि दुनिया के नेता कॉल करते हैं। तो चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग का भी कॉल आया। उन्होंने मुझे शुभकानाएं दी। शी ने खुद सामने से कहा कि मैं भारत आना चाहता हूं। तो मैने कहा कि आपका बिल्कुल स्वागत है। आप जरूर आइए। लेकिन मैं गुजरात जाना चाहता हूं। मैंने कहा कि ये तो बहुत ही अच्छी बात है। उन्होंने कहा कि मैं तुम्हारे गांव जाना चाहता हूं। मैंने बोला कि क्या बात है। आपने एक दम से इतना लंबा कार्यक्रम बना दिया है। उन्होंने पूछा कि आपको मालूम है कि क्यों तो मैंने कहा कि नहीं। फिर बोले कि मेरा और तुम्हारा एक स्पेशल नाता है। मैंने पूछा क्या। चीनी दार्शनिक ह्वेन त्सांग वो सबसे ज्यादा तुम्हारे गांव में रूका था। लेकिन जब वह वापस चीन आया तो मेरे गांव में रहा था। तो बोले कि ये हम दोनों का कनेक्शन है।

### गोधरा कांड को लेकर क्या बोले पीएम मोदी

पीएम मोदी ने गोधरा कांड को याद करते हुए कहा कि 24 फरवरी 2002 को मैं पहली बार विधायक बना और 27 फरवरी को मैं गुजरात विधानसभा गया। मैं तीन दिन पुराना विधायक था जब गोधरा में ऐसी घटना हुई। हमें सबसे पहले ट्रेन में आग लगने की खबरें मिलीं, फिर धीरे-धीरे हमें हताहतों की खबरें मिलीं। मैं सदन में था और मैं चिंतित था।

### बचपन के दोस्तों को लेकर क्या बोले पीएम मोदी

बचपन के दोस्तों के बारे में पूछे जाने पर पीएम मोदी ने कहा, मैंने छोटी उम्र में ही अपना घर, हर रिश्ता छोड़ दिया था। मैं एक भटकते हुए आदमी की तरह अपना जीवन बिता रहा था, सभी से मेरा संपर्क टूट गया था। जब मैं सीएम बना, तो मैंने अपने पुराने सहपाठियों को मुख्यमंत्री आवास में आमंत्रित किया। मेरा इरादा उन्हें यह दिखाना था कि मैं अभी भी वही व्यक्ति हूं जो सालों पहले गांव में उनके साथ रहता था। मैं उन पलों को फिर से जीना चाहता था। पीएम मोदी ने कहा, उनमें से करीब 30-35 लोग आए, हमने खाना खाया, पुरानी बातें कीं। लेकिन मुझे इसमें मजा नहीं आया क्योंकि मैं दोस्तों की तलाश कर रहा था जबकि वे मुझे सीएम के तौर पर देख रहे थे। अब मेरे जीवन में कोई भी ऐसा नहीं है जो मुझे 'तू' कहे।

## केंद्र सरकार ने राज्यों को जारी किए 1.73 लाख करोड़ रुपये

नई दिल्ली, 10 जनवरी (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को राज्य सरकारों को कर में हिस्सेदारी के रूप में 1,73,030 करोड़ रुपये जारी किए। यह आंकड़ा दिसंबर 2024 में जारी किए 89,086 करोड़ रुपये के हस्तांतरण से अधिक है।

वित्त मंत्रालय ने कहा कि इस महीने में किया गया अधिक हस्तांतरित राज्यों को पूंजीगत व्यय में तेजी लाने और विकास एवं कल्याण संबंधी खर्च को फाइनेंस करने में मदद करेगा।

इसमें पश्चिम बंगाल के लिए 13,017.06 करोड़ रुपये, आंध्र प्रदेश के लिए 7,002.52 करोड़ रुपये, कर्नाटक के लिए 6,310.40 करोड़ रुपये, असम के लिए 5,412.38 करोड़ रुपये, छत्तीसगढ़ के लिए 5,895.13 करोड़ रुपये, हिमाचल प्रदेश के लिए 1,436.16 करोड़ रुपये, केरल के लिए 3,330.83 करोड़ रुपये, पंजाब के लिए 3,126.65 करोड़ रुपये और तमिलनाडु के लिए 7,057.89 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। >14

## सीबीआई ने कार्ति चिदंबरम के खिलाफ दर्ज की एक और एफआईआर

### 15 हजार डॉलर की रिश्वत का आरोप



नई दिल्ली, 10 जनवरी (एजेंसियां)। सीबीआई ने पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम के बेटे और कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया है। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि कार्ति पर शराब कंपनी डियाजियो और वेंचर कैपिटल फंड सिकोइया कैपिटल से संदिग्ध फंड ट्रांसफर लेने का आरोप है। सीबीआई इंस्पेक्टर रवि राज खटीक ने शिकायत मिलने के बाद 1 जनवरी को कार्ति और उनके सहयोगी एस भास्कररमन द्वारा नियंत्रित इकाई एडवांटेज स्ट्रैटेजिक कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड (एएससीपीएल) के अलावा डियाजियो स्कॉटलैंड, सिकोइया कैपिटल मॉरीशस और वासन हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया। हालांकि इस पर अभी तक कार्ति चिदंबरम ने कोई बयान नहीं दिया। रवि खटीक ने शिकायत में आरोप लगाया, 29 मई 2018 को मेसर्स कटरा होल्डिंग्स लिमिटेड, मॉरीशस, मेसर्स एडवांटेज स्ट्रेटेजिक कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड, कार्ति पी चिदंबरम, रवि विश्वनाथन, पद्मा विश्वनाथन, एस भास्कररमन, विदेशी निवेश संवर्धन बोर्ड (एफआईपीबी) के अज्ञात लोक सेवकों और अज्ञात अन्य के खिलाफ एफआईपीबी की प्रक्रिया और मंजूरी की जांच के लिए एक प्रारंभिक जांच दर्ज की गई थी।

यह शिकायत एफआईआर का हिस्सा है। एफआईआर में कहा गया है कि डियाजियो और सिकोइया कैपिटल को संदिग्ध रूप से एएसपीसीएल को फंड ट्रांसफर करते हुए पाया गया। जांच में पता चला कि मेसर्स डियाजियो स्कॉटलैंड, यूके ड्यूटी फ्री जॉनी वॉकर व्हिस्की का आयात करता था और भारत पर्यटन विकास निगम (आईटीडीसी) (भारत में इंपोर्ट ड्यूटी फ्री शराब की बिक्री पर एकाधिकार था) ने 2005 में भारत में डियाजियो समूह के ड्यूटी फ्री उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया था।

## सुप्रीम कोर्ट ने ऑनलाइन-गेमिंग कंपनियों के जीएसटी नोटिस पर लगाई रोक

### > कंपनियों को 1.12 लाख करोड़ रुपये के जीएसटी नोटिस भेजे गए थे



नई दिल्ली, 10 जनवरी (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने आज (10 जनवरी) को ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों के खिलाफ 1.12 लाख करोड़ रुपये के गुड्स एंड सर्विस टैक्स (जीएसटी) के कारण बताओ नोटिस पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने आदेश दिया कि जीएसटी नोटिस की आगे की कार्यवाही तब तक के लिए स्थगित रहेगी जब तक कि कोई निश्चित समाधान नहीं निकल जाता।

यह मामला वित्त वर्ष 2022-23 और वित्त वर्ष 2023-24 के शुरूआती सात महीने का है। ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों का कहना है कि 1 अक्टूबर 2023 तक 28 प्रतिशत की बजाय 18 प्रतिशत की दर से जीएसटी लगाई जाए क्योंकि 28 प्रतिशत की दर से टैक्स का नियम 1 अक्टूबर से लागू होना था। जबकि, सरकार का कहना है कि 1 अक्टूबर को जो संशोधन हुआ था, वह पहले से ही लागू कानून का स्पष्टीकरण था। गेमिंग कंपनियों का सुप्रीम कोर्ट में पक्ष रख रहे वकील अभिषेक ए रस्तोगी ने कहा, यह रोक गेमिंग कंपनियों पर टैक्स अधिकारियों की संभावित कार्रवाई के दबाव को कम करती है। सुप्रीम कोर्ट ने यह सुनिश्चित किया है कि इस मामले में मांगे समय सीमा से बाहर न हो जाएं, जिससे कानूनी प्रक्रिया बिना किसी रुकावट के जारी रह सके।

**18 मार्च को होगी इसकी अगली सुनवाई :**

शीर्ष अदालत ने गेमिंग कंपनियों के से जुड़े मामलों को एक साथ जोड़ने का निर्देश दिया है। दरअसल, इस मामले पर देश के अलग अलग हाई कोर्ट में बहुत सारी याचिकाएं दाखिल की गईं थीं। कोर्ट ने इस सभी मामलों को अपनी अदालत में ट्रांसफर कर लिया और जो भी फैसला सुनाया जाएगा वो सभी के लिए होगा। अब इन मामलों की अगली सुनवाई 18 मार्च 2025 को होगी।

**कोर्ट के आदेश के बाद चढ़ा डेल्टा कॉर्प का शेयर :**

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद ऑनलाइन गेमिंग सर्विस प्रोवाइड करने वाली कंपनी डेल्टा कॉर्प के शेयर में तेजी देखने की मिली। दिनभर के कारोबार के बाद यह शेयर 4.37 प्रतिशत की तेजी के साथ 118.25 रुपये के स्तर पर बंद हुआ। पिछले 6 महीने में इस शेयर ने 9.23 प्रतिशत और एक साल में 23.39 प्रतिशत का निगेटिव रिटर्न दिया है।

### 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के खिलाफ दायर याचिकाएं खारिज

नई दिल्ली, 10 जनवरी (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023' के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई करने से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया है। कोर्ट ने लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटें आरक्षित करने वाले अधिनियम को लेकर दायर याचिकाओं को खारिज कर दिया।

सुप्रीम कोर्ट में न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पीबी वराले की पीठ ने संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत जया ठाकुर और नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन वुमेन (एनएफआईडब्ल्यू) द्वारा दायर याचिकाओं पर विचार करने से इनकार कर दिया। पीठ ने बताया कि जया ठाकुर की याचिका में नारी शक्ति वंदन विधेयक को चुनौती दी गई थी। जबकि एनएफआईडब्ल्यू ने कानून के परिसीमन को चुनौती दी थी। कोर्ट ने जया ठाकुर की याचिका को निरर्थक बताकर खारिज कर दिया। वहीं एनएफआईडब्ल्यू की याचिका पर विचार करने से मना कर दिया। वह उच्च न्यायालय या किसी अन्य उचित मंच पर जा सकती है। एनएफआईडब्ल्यू ने अधिनियम के खंड 5 की सांविधानिक वैधता को चुनौती दी थी।

## अदालत में पेश हुए एक्टर दर्शन समेत सभी आरोपी



बेंगलूरू, 10 जनवरी (एजेंसियां)। रेणुकास्वामी हत्याकांड में अभिनेता दर्शन थुगुदीपा और उनकी दोस्त अभिनेत्री पवित्रा गौड़ा समेत सभी आरोपी शुक्रवार को बेंगलूरू में सत्र अदालत में पेश हुए। वहीं मामले में सुनवाई के दौरान न्यायाधीश ने सभी आरोपियों की उपस्थिति पर गौर करने के बाद अगली पेशी 25 फरवरी तय की और उन्हें उस दिन फिर से पेश होने का निर्देश दिया।

सूत्रों ने बताया कि अदालत ने जमानत की शर्तों के तहत मासिक पेशी अनिवार्य की थी और यह ऐसी ही एक पेशी है। बताया जा रहा है कि जमानत मिलने के बाद यह पहली बार है जब सभी आरोपी एक ही समय पर अदालत में मौजूद थे। मीडिया और दर्शकों की मौजूदगी में अपनी कानूनी टीम के साथ पहुंचे दर्शन अदालत पहुंचे, जबकि पवित्रा गौड़ा को पहले अपने वकील से बातचीत करते देखा गया।

## भारत की विदेश नीति में महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास का योगदान, प्रवासी भारतीय दिवस पर बोले जयशंकर

भुवनेश्वर, 10 जनवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास को देश की विदेश नीति में एकीकृत करने की भारत की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। नारी शक्ति विषय पर प्रवासी भारतीय दिवस पैनल में बोलते हुए उन्होंने बताया कि महिलाओं के नेतृत्व वाला विकास भारत की विदेश नीति का एक हिस्सा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने विकसित भारत की दिशा में महिलाओं की भूमिका पर भी बात की। जी-20 शिखर सम्मेलन का हवाला देते हुए विदेश मंत्री ने कहा, जब हमने जी-20 की मेजबानी की, तब हमने महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास पर जोर दिया। इसे जी-20 के वैचारिक ढांचे से स्वीकार कर लिया। उन्होंने आगे कहा, हम विशेषकर दक्षिण के देशों के साथ कई सारे विकास सहयोग करते हैं। हम 78 देशों में परियोजनाओं और क्षमता निर्माण के जरिए अलग-अलग तरीके से मौजूद हैं। >14


अब तक का

सबसे बड़ा डिस्काउंट सेल !

ऐतिहासिक सेल @ द वेस्टइन हैदराबाद माइंडस्पेस

ब्रांडेड गार्मेन्ट्स और शूज सीधे फैक्टरी से

गार्मेन्ट्स इंडस्ट्री में भारी नुकसान के कारण, दुनिया भर में हमारे सभी फैक्टरी आउटलेट्स बंद हो गए हैं। अब, हमारा 2024 का बॉक्स पैक कलेक्शन, सिर्फ 5 दिनों में 80% तक डिस्काउंट के साथ बेचा जाएगा

दुनिया भर में हमारे सेल की भारी सफलता के बाद

अब भारत में - हैदराबाद - तेलंगाना राज्य में पहली बार



सबसे बड़े ब्राण्डों के गार्मेन्ट्स और शूज पर भारी छूट

इन सभी अंतरराष्ट्रीय ब्राण्ड्स के रेडिमेड गार्मेन्ट्स निम्न अनुसार बेचे जाएँगे:

रु. 2000-9000 मूल्य के मेन्स शर्ट्स ........................ केवल रु. 1200/- में
रु. 2000-4000 मूल्य की लेडीज कुर्ती ........................ केवल रु. 600/- में
रु. 1500-2000 मूल्य के बच्चों के गार्मेन्ट्स ........................ केवल रु. 300-600/- में
रु. 2000-6000 मूल्य के महिलाओं के मिक्स गार्मेन्ट्स .......... केवल रु. 300-600/- में
रु. 2000-9000 मूल्य के मेन्स टी-शर्ट्स ........................ केवल रु. 550-800/- में
रु. 3900-9800 मूल्य के मेन्स ब्रांडेड जीन्स ........................ केवल रु. 1500/- में
रु. 2000-4000 मूल्य के लेडीज ब्रांडेड जीन्स ........................ केवल रु. 600/- में

45 से अधिक काउंटर्स 30,000 + गार्मेन्ट्स प्रदर्शित कर रहे हैं

स्पेशल काउंटर : पुरुषों के जूते मिक्स ब्रांड, बहुत सारी किस्मों के साथ, ओरिजनल मूल्य रु. 2000/- से 12,000/- अब बिक्री मूल्य रु. 800/- से 1,800/- में

सेल 5 दिनों के लिए - शनिवार से बुधवार : 11 से 15 जनवरी

स्थान

द वेस्टइन हैदराबाद माइंडस्पेस

रहेजा आईटी पार्क, हाईटेक सिटी, माधापुर, हैदराबाद, तेलंगाना - 500081

मुफ्त प्रवेश • स्टॉक खत्म होने के बाद काउंटर बंद हो जाएगा • समय : सुबह 10 से रात्रि 10 बजे तक • क्रेडिट कार्ड स्वीकार्य है ।


## रिश्वतखोरी के आरोप में गिरफ्तार ईडी अधिकारी की रिहाई का आदेश

मुंबई, 10 जनवरी (एजेंसियां)। रिश्वतखोरी के मामले में सीबीआई द्वारा गिरफ्तार ईडी अधिकारी को मुंबई की विशेष अदालत ने राहत देते हुए तुरंत रिहा करने का आदेश दिया है। अदालत ने कहा कि ईडी अधिकारी की गिरफ्तारी में कई अहम बुनियादी चूक हुई और आरोपों को अच्छी तरह से स्थापित नहीं किया गया। सीबीआई ने ईडी अधिकारी की ट्रांजिट रिमांड की मांग करते हुए याचिका दायर की थी। हालांकि अदालत ने याचिका को खारिज करते हुए ईडी अधिकारी को छोड़ने का निर्देश दिया।

**अदालत ने मामले में बताई बुनियादी चूक :**

अपने आदेश में विशेष न्यायाधीश बीवाई फड़ ने कहा कि अभियोजन पक्ष द्वारा केस डायरी प्रस्तुत न करना गंभीर बुनियादी चूक है। भारतीय न्याय संहिता की धारा 192 मामले की पारदर्शिता और प्रक्रियात्मक वैधता के लिए केस डायरी को मेंटेन करना अनिवार्य बनाती है।

अदालत ने कहा कि सहायक जांच अधिकारी ने आरोपी को गिरफ्तार किया है, लेकिन पूरक केस डायरी में इसे नहीं लिखा गया है और उसे अदालत के समक्ष पेश भी नहीं किया है। यह एक गंभीर चूक है। न्यायाधीश ने प्रक्रियात्मक अनुपालन, जांच की निष्पक्षता और आरोपी की गिरफ्तारी में कई महत्वपूर्ण मौलिक चूक को भी उजागर किया।

अदालत ने कहा कि जांच अधिकारी का यह स्वीकार करना कि आरोपी को कोई गिरफ्तारी वारंट नहीं दिया गया और यह गलत प्रक्रिया है। अदालत ने माना कि आरोपी अधिकारी के खिलाफ आरोप अच्छी तरह से स्थापित नहीं थे।

## त्रिनिदाद-टोबैगो की राष्ट्रपति समेत 26 पुरस्कृत, राष्ट्रपति मुर्मू ने की सराहना



भुवनेश्वर, 10 जनवरी (एजेंसियां)। ओडिशा के भुवनेश्वर में आयोजित 18वें प्रवासी भारतीय दिवस (पीबीडी) के आखिरी दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने त्रिनिदाद और टोबैगो की राष्ट्रपति क्रिस्टीन कार्ला कंगालू और 26 अन्य को प्रतिष्ठित प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार से सम्मानित किया। राष्ट्रपति मुर्मू ने सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी। इसके साथ ही उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में समाज के लिए काम करने के लिए उनकी सराहना भी की। राष्ट्रपति ने कहा कि उनकी सफलता केवल भारत के लिए गर्व की बात नहीं है, बल्कि वे अपने महान काम से दुनिया भर के लाखों लोगों को प्रेरित कर रहे हैं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा, महिलाओं और भारतीय प्रवासियों पर विशेष ध्यान देने के साथ अपने देश का नेतृत्व करने में कंगालू के उत्कृष्ट योगदान ने विश्व मंच पर एक उच्च मानक स्थापित किया है। बता दें कि प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार प्रवासी भारतीयों को दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है।

त्रिनिदाद एवं टोबैगो के राष्ट्रपति को सार्वजनिक मामलों की श्रेणी में यह पुरस्कार दिया गया। उनके अलावा पुरस्कार पाने वालों में ऑस्ट्रेलिया से अजय राणे (सामुदायिक सेवा), ऑस्ट्रिया से मारियालेना जोन फर्नांडीस (शिक्षा), फिजी से स्वामी संयुक्तानंद (सामुदायिक सेवा), गुयाना से सरस्वती विद्या निकेतन (सामुदायिक सेवा), जापान से लेख राज जुनेजा (विज्ञान और प्रौद्योगिकी), किर्गिज गणराज्य से प्रेम कुमार (चिकित्सा विज्ञान) और लाओस से सौक्थवी चौधरी (व्यवसाय) का नाम शामिल हैं।

# संभल मस्जिद कमेटी की याचिका पर एससी ने जारी किया नोटिस

## यूपी सरकार से मांगी स्टेटस रिपोर्ट



नई दिल्ली, 10 जनवरी (एजेंसियां)। संभल मामले में मस्जिद कमेटी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने यूपी सरकार को नोटिस जारी किया। शीर्ष अदालत ने सरकार से रिपोर्ट मांगी है। साथ ही कोर्ट ने नगरपालिका द्वारा जारी किए गए नोटिस पर रोक लगा दी। दरअसल, मुस्लिम पक्ष ने मस्जिद के पास कुएं पर यथास्थिति की मांग की जबकि यूपी सरकार ने उसे सार्वजनिक कुंआ बताया है। वहीं, अब मामले की अगली सुनवाई 21 फरवरी को होगी। मामले की सुनवाई के दौरान सीजेआई संजीव खन्ना ने कहा कि आपने यह आवेदन यहां क्यों दाखिल किया है? कुएं की तस्वीर का जिक्र करते हुए सीजेआई ने कहा कि कुएं के पास एक रास्ता है, वहां सीसीटीवी कैमरा लगा दें। मस्जिद समिति के वकील हुजैफा अहमदी ने कहा कि यह सिर्फ मस्जिद के लिए प्रयोग की जाती है। सीजेआई ने आदेश में दर्ज किया। ऐसा लगता है कि आपने कुआं बंद कर दिया है ताकि इसका इस्तेमाल न करें। सीजेआई संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की बेंच सुनवाई कर रही है। याचिका में जिला मजिस्ट्रेट को यह निर्देश देने की मांग की गई है कि मस्जिद की सीढ़ियों/प्रवेश द्वार के पास स्थित निजी कुएं के संबंध में यथास्थिति बनाए रखी जाए। अर्जी में कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट की अनुमति के बिना इस संबंध में कोई कार्रवाई या कदम ना उठाया जाए। अर्जी में कमेटी ने कहा है कि कोर्ट के आदेश थे कि प्रशासन शांति और सौहार्द स्थापित करने के लिए कदम उठाए लेकिन जिला प्रशासन इलाके में पुराने मंदिर और कुएं तलाशने में जुटा है। जिला प्रशासन संभल के 19 प्राचीन कूपों को पुनर्जीवित करने के लिए भी मुहिम चला रखी है। संभल की जामा मस्जिद के मुख्य गेट के नजदीक भी एक कूप है जिसे संभल के 19 प्रचीन कूपों में से एक माना जाता है। ऐसे में जमा मस्जिद कमेटी को अंदेशा है कि प्रशासन इस बंद कुएं को भी खुलवा सकता है। जामा मस्जिद कमेटी ने याचिका दायर कर मांग की है कि सुप्रीम कोर्ट की अनुमति के बिना न तो जामा मस्जिद के कुएं के साथ कोई छेड़छाड़ हो और न ही सीढ़ियों में किसी तरह का कोई बदलाव किया जाए।

### धर्मशाला: जंगल में हिमालयन गोरल को मारा, मीट को ले जा रहा था शिकारी, अरेस्ट

धर्मशाला, 10 जनवरी (एजेंसियां)। हिमाचल के धर्मशाला में वन विभाग की टीम हिमालयन गोरल के शिकार के आरोप में एक व्यक्ति को पकड़ा। जिसके खिलाफ शाहपुर थाना में एफआईआर भी दर्ज करवाई गई है। साथ ही वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम के तहत भी कार्रवाई की जा रही है। मामला शाहपुर वन परिक्षेत्र के अंतर्गत रिड़कमार ब्लाक में दरीणी में सामने आया है। युवक मांस लेकर जा रहा था, तभी वन विभाग की टीम ने उसे पकड़ लिया था। धर्मशाला के शाहपुर थाना क्षेत्र के पास जंगल से वन विभाग की टीम ने एक व्यक्ति को मांस के साथ गिरफ्तार किया। वन विभाग की टीम ने युवक को हिमालयन गोरल के शिकार के आरोप में पकड़ा था, जिसे बाद में पुलिस के हवाले कर दिया है।

## परफ्यूम की बोतलों पर एक्सपायरी डेट बदलना पड़ा भारी, फ्लैट में जोरदार धमाका; चार लोग घायल




पालघर, 10 जनवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के पालघर जिले में एक फ्लैट में विस्फोट हो गया। इस घटना में दो नाबालिगों सहित एक परिवार के चार सदस्य घायल हो गए। बता दें कि वे परफ्यूम की बोतलों पर एक्सपायरी डेट बदलने की कोशिश कर रहे थे। तभी ये हादसा हो गया। इस घटना की जानकारी एक अधिकारी ने शुक्रवार को दी। उन्होंने बताया कि यह दुर्घटना गुरुवार और शुक्रवार की रात को मुंबई के बाहरी इलाके नाला सोपारा में रोशनी अपार्टमेंट के कमरा नंबर 112 में हुई।

पुलिस ने पीड़ितों की पहचान महावीर वदार (41), सुनीता वदार (38), कुमार हर्षवर्धन वदार (9) और कुमारी हर्षदा वदार (14) के रूप में की है। प्रारंभिक रिपोर्टों का हवाला देते हुए, अधिकारी ने कहा कि यह विस्फोट इत्र की बोतलों पर समाप्ति तिथियों को बदलने के प्रयास के दौरान हुआ, एक ऐसी गतिविधि जिसमें ज्वलनशील पदार्थ शामिल हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि कुमार हर्षवर्धन का नाला सोपारा में लाइफ केयर अस्पताल में इलाज चल रहा है, जबकि अन्य का इलाज उसी क्षेत्र के ऑस्कर अस्पताल में चल रहा है।

## अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा राजन एम्स में हुआ भर्ती, दिल्ली पुलिस ने कड़ी की सुरक्षा



मुंबई, 10 जनवरी (एजेंसियां)। अंडरवर्ल्ड डॉन और गैंगस्टर छोटा राजन को स्वास्थ्य संबंधी समस्या के बाद इलाज के लिए राजधानी दिल्ली स्थित एम्स में भर्ती कराया गया है। बता दें कि छोटा राजन फिलहाल अनेक अपराधों के आरोपों में दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद है। अब तक मिली जानकारी के मुताबिक, अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा राजन एम्स के जिस वार्ड में एडमिट है वहां दिल्ली पुलिस ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की है।

**इंडोनेशिया से भारत लाया गया था छोटा राजन**

अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा राजन को अक्तूबर 2015 में इंडोनेशिया से गिरफ्तार करने के बाद भारत लाया गया था। वह फिलहाल दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद है। 25 अक्तूबर , 2015 को इंडोनेशिया में बाली हवाईअड्डे से गिरफ्तार किया गया था और भारत लाया गया था।

## कोहरे की आड़ में भारत में घुस रहा था पाकिस्तानी घुसपैठिया, बीएसएफ ने एक ही गोली में कर दिया ढेर



अमृतसर, 10 जनवरी (एजेंसियां)। स्वतंत्रता दिवस को लेकर बॉर्डर पर इन दिनों चौकसी है। इसी बीच अमृतसर बॉर्डर पर एक पाकिस्तानी घुसपैठिया सीमा पार करने की कोशिश कर रहा था, जिसे सुरक्षाबलों ने मार गिराया है। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के सतर्क जवानों ने शुक्रवार तड़के पाकिस्तानी घुसपैठिये को मार गिराया। 9 जनवरी रात के समय ड्यूटी पर तैनात बीएसएफ के सतर्क जवानों ने एक पाकिस्तानी घुसपैठिए की संदिग्ध हरकत देखी थी, जो चुपके से अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईवी) पार कर गया और कोहरे की आड़ में अमृतसर जिले के कोटराजदा गांव के पास सीमा सुरक्षा बाड़ के पास जाने का प्रयास कर रहा था।

**वॉर्निंग को नजरअंदाज कर रहा था घुसपैठिया**

चौकस बीएसएफ जवानों ने तुरंत घुसपैठिया को चुनौती दी, लेकिन उसने उनकी चेतावनियों को नजरअंदाज कर दिया और सीमा बाड़ की ओर बढ़ना जारी रखा। बार-बार चेतावनी के बावजूद, घुसपैठिया अपने रास्ते पर आगे बढ़ता रहा। जान और सुरक्षा के लिए संभावित खतरे को भांपते हुए, ड्यूटी पर तैनात जवानों को मजबूरन गोली चलानी पड़ी और घुसपैठिए को मौके पर ही मार गिराया गया।

**घुसपैठिये के शव के पास से मिली ये चीजें**

इसके बाद इलाके की तलाशी के दौरान घुसपैठिये के शव के पास 400 रुपये की पाकिस्तानी मुद्रा, एक माचिस, एक तंबाकू का पैकेट और एक छोटा बैग बरामद हुआ। मृतक घुसपैठिये के शव को आगे की जांच और आवश्यक कार्रवाई के लिए पुलिस स्टेशन रामदास को सौंप दिया गया है। यह तुरंत और निर्णायक कार्रवाई एक बार फिर देश की सीमाओं की सुरक्षा के लिए बीएसएफ की अटूट प्रतिबद्धता को उजागर करती है। घुसपैठ की इस कोशिश को नाकाम करके, सतर्क बीएसएफ जवानों ने सीमा पार के खतरों के खिलाफ भारत की संप्रभुता की रक्षा के लिए अपने दृढ़ समर्पण का प्रदर्शन किया है।

## 'इंडी गठबंधन खत्म समझो'

### उद्धव गुट ने भी दिखाए तेवर; कांग्रेस पर क्या बोले संजय राउत?



मुंबई, 10 जनवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव में बड़ी हार के बाद इंडी गठबंधन टूट की कगार पर आ पहुंचा है। गठबंधन की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस पर ही उसकी सहयोगी पार्टियां हमलावर हैं। पहले ममता, फिर अखिलेश और अब उद्धव की पार्टी ने कांग्रेस को आईना दिखाया है। दरअसल, इंडी गठबंधन पर बोलते हुए शिवसेना यूबीटी सांसद संजय राउत ने कहा कि गठबंधन ने लोकसभा चुनाव साथ लड़ा था और नतीजे भी अच्छे आए थे। राउत ने कहा कि ये हम सबकी, खासतौर पर कांग्रेस की जिम्मेदारी थी कि गठबंधन को जिंदा रखा जाए, लेकिन लोकसभा चुनाव के बाद कोई बैठक तक नहीं हुई है।

शिवसेना यूबीटी नेता राउत ने कहा कि ये गठबंधन के लिए सही नहीं है कि कोई बैठक तक नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि उमर अब्दुल्ला, ममता बनर्जी, अखिलेश यादव, अरविंद केजरीवाल जैसे नेता कहते हैं कि गठबंधन का अब कोई अस्तित्व नहीं है। अगर लोगों के मन में ऐसी भावना आ गई तो इसके लिए गठबंधन की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस जिम्मेदार होगी। संजय राउत ने कहा कि गठबंधन में कोई तालमेल नहीं, कोई चर्चा नहीं, कोई संवाद नहीं है। उन्होंने कहा कि इसका मतलब है कि लोगों के मन में संदेह है कि इंडी गठबंधन में सब ठीक है या नहीं। अगर यह गठबंधन एक बार टूट गया तो ये गठबंधन कभी दोबारा नहीं बनेगा।

## दिल्ली के स्कूलों को बम की धमकी देने का आरोपी पकड़ा गया, 12वीं कक्षा का है छात्र

नई दिल्ली, 10 जनवरी (एजेंसियां)। दिल्ली पुलिस ने स्कूलों को धमकी भरा मेल भेजने के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। हैरानी की बात ये है कि इस मामले में दिल्ली पुलिस ने 12वीं कक्षा के एक छात्र को गिरफ्तार किया है। स्कूल थ्रेट मेल मामले में दिल्ली पुलिस ने बड़ा खुलासा करते हुए कहा कि ये थ्रेट मेल 12वीं कक्षा के एक छात्र ने किया था। जानकारी के मुताबिक, हिरासत में लिए गए छात्र ने 23 स्कूलों को थ्रेट मेल किया था। दिल्ली पुलिस ने जानकारी दी है कि स्कूलों को थ्रेट मेल भेजने वाले आरोपी 12वीं के छात्र ने कुल 23 स्कूलों को थ्रेट मेल किया था। आरोपी ने पूछताछ में बताया है कि वह इससे पहले भी कई स्कूलों को थ्रेट मेल कर चुका है। दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने बताया है कि पुलिस प्रेस कांफ्रेंस करेगी और इस मामले में अधिक जानकारी देगी।

## 26 जनवरी से पहले बड़ा एक्शन, अल कायदा एक्यूआईएस का संदिग्ध गिरफ्तार




नई दिल्ली, 10 जनवरी (एजेंसियां)। अल कायदा एक्यूआईएस के एक संदिग्ध को दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल ने गिरफ्तार किया। काफी समय से फरार चल रहे संदिग्ध शहवाज अंसारी को स्पेशल सेल पकड़ा है। इसे रांची से किया गिरफ्तार किया गया है। एक्यूआईएस से झारखंड और राजस्थान से स्पेशल सेल की ओर से इस मामले में पहले 11 आतंकी को गिरफ्तार किया जा चुका है। ये गिरफ्तार संदिग्ध भिवाड़ी ये अल कायदा के आतंकियों के साथ ट्रेनिंग लेने आया था। इसे रांची में कोर्ट में पेश कर दिल्ली ट्रांजिट रिमांड पर स्पेशल सेल लेकर आएगी। 26 जनवरी से पहले स्पेशल सेल की ओर से ये बड़ी कार्यवाही की गई है। एक्यूआईएस, अल-कायदा से जुड़ा धार्मिक रूप से प्रेरित हिंसक चरमपंथी संगठन है। इसे अल-कायदा की सहायता से स्थापित किया गया था। यह पश्चिमी विरोधी विचारधारा को ही मानता है। अल-कायदा नेता अयमान अल-जवाहिरी ने 3 सितंबर 2014 को आधिकारिक तौर पर एक्यूआईएस के अस्तित्व की घोषणा की थी। साथ ही उसने पाकिस्तान स्थित असीम उमर को इसका नेता बताया था। दक्षिण एशिया में अल-कायदा की विचारधारा और उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य इसे स्थापित किया गया था। अब एक्यूआईएस के उद्देश्य वही हैं जो पहले अल-कायदा की ओर से बताए गए थे। मुसलमानों को उनके दुश्मनों के खिलाफ सैन्य जिहाद के लिए तैयार करना, गैर-मुसलमानों द्वारा शासित मुस्लिम भूमि को मुक्त करना और इस्लामी खिलाफत को फिर से जीवित करना। 2014 में एक्यूआईएस की स्थापना की घोषणा करते हुए, अल-ज़वाहिरी ने बर्मा (म्यांमार), बांग्लादेश और भारत के असम, गुजरात और कश्मीर क्षेत्रों की पहचान उन क्षेत्रों के रूप में की, जहां यह पाकिस्तान, अफ़गानिस्तान, भारत और बांग्लादेश की सरकारों से लड़ने के इरादे से काम करेगा। एक्यूआईएस के सदस्यों ने ऐतिहासिक रूप से पाकिस्तानी सेना और सुरक्षा कर्मियों के खिलाफ हमले किए हैं। इन हमलों में वरिष्ठ सैन्य और खुफिया अधिकारियों की हत्या से लेकर बड़े पैमाने पर किए गए हमले शामिल हैं, जिनमें विस्फोटक हथियारों का इस्तेमाल किया गया। पाकिस्तान में एक्यूआईएस की साजिशों को 2020 और 2021 के दौरान पाकिस्तानी अधिकारियों ने नियमित रूप से विफल किया गया और एक्यूआईएस अफगान तालिबान के साथ मिलकर पूर्व अफगान सरकार से लड़ने में भी शामिल था।

### सपा नेता मुजीबुर्रहमान ने खुद को मारी गोली, कैंसर से थे पीड़ित

लखनऊ, 10 जनवरी (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी के एक नेता ने आत्महत्या कर ली है। पार्टी के पूर्व नगर अध्यक्ष मुजीबुर्रहमान उर्फ बबलू काफी लंबे समय से कैंसर से पीड़िता थे। उसी के बाद उन्होंने कैंसर से पीड़ित हो कर लाइसेंसी रिवाल्वर से खुद को गोली मार ली। कैंसर बीमारी से परेशान होकर सपा नेता ने यह कदम उठाया है। वह मौलवीगंज के रहने वाले थे। कैंसर की वजह से वो शारीरिक और मानसिक दोनों तरह के कष्ट झेल रहे थे। इसी पीड़ा के चलते उन्होंने आत्महत्या का कदम उठाया और लाइसेंसी रिवाल्वर से खुद को ही गोली मार ली। उनकी मौत से उनके परिवार में शोक की लहर है। सपा नेता की निधन के बाद समाजवादी पार्टी ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट कर उनकी मृत्यु पर शोक व्यक्त किया है। समाजवादी पार्टी ने पोस्ट कर कहा, लखनऊ के पूर्व नगर अध्यक्ष मुजीबुर्रहमान बबलू जी का इंतकाल, अत्यंत दुःखद है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दें, शोकाकुल परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं।

## 26 जिलों में सीसीटीवी से कटेगा वाहन का चालान, पीयू में बनेगा नया छात्रावास, कैबिनेट में 55 एजेंडों पर मुहर




पटना, 10 जनवरी (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार (10 जनवरी, 2025) को राज्य कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें 55 एजेंडों पर मुहर लगी है। इनमें कई विभागों में महत्वपूर्ण योजनाओं को लेकर स्वीकृति दी गई है। ग्रामीण कार्य विभाग की ओर से राज्य के 246 जर्जर या मरम्मत योग्य प्रखंड कार्यालय सह अंचल कार्यालय को बनाने का निर्णय लिया गया है। प्रत्येक कार्यालय पर 16 करोड़ 62 लाख दस हजार, जबकि 62 वैसे प्रखंड सह अंचल कार्यालय हैं जो भवनहीन हैं उनको बनाने के लिए 30 करोड़ 74 लाख 17 हजार रुपये प्रति कार्यालय की मंजूरी मिली है। इसमें 59 अरब 94 करोड़ 75 लाख 14 हजार की मंजूरी आज कैबिनेट में मिली है। इसके साथ ही राज्य के 422 प्रखंड जहां 15 वर्षों से अधिक पुराने वाहन रद्दी योग्य हैं वहां वाहन खरीदने के लिए 59 करोड़ 8 लाख रुपये की मंजूरी मिली है। अब पटना के अलावा राज्य के अन्य जिलों में भी सीसीटीवी कैमरे से वाहन चालान काटा जाएगा।

26 जिलों के 72 प्रमुख चौक-चौराहा पर ये कैमरे लगेंगे। पांच वर्षों के रखरखाव के लिए 35 करोड़ 46 लाख 37000 की स्वीकृति दी गई है। नमामि गंगे योजना के अंतर्गत कटिहार नगर निगम में इंटरसेप्शन और डायवर्सन एवं सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण के लिए 356 करोड़ 99 लाख 32 हजार खर्च होंगे। इसके लिए राज्य सरकार की ओर से 7 करोड़ 35 लाख 10 हजार 175 रुपये देने की मंजूरी कैबिनेट में मिली है। साथ ही रक्सौल नगर परिषद में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण के लिए राज्य सरकार 2 करोड़ 95 लाख 46 हजार 950 देगी जिसकी स्वीकृति कैबिनेट से मिली है। दरभंगा हवाई अड्डा को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बनाने के लिए 98.75 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया जाना है। ऐसे में मुआवजा के लिए 244 करोड़ 60 लाख 79 हजार की राशि देने की स्वीकृति कैबिनेट से मिली है। वहीं पटना विश्वविद्यालय में नए छात्रावास के निर्माण एवं पुराने छात्रावास की मरम्मती के लिए सरकार ने खजाना खोला है। इसके लिए 34 करोड़ 97 लाख 7000 की योजना की स्वीकृति प्रदान की गई है। पटना के दीघा घाट के निजी क्षेत्र में जेवियर विश्वविद्यालय की स्थापना की जाएगी। राज्य सरकार के गृह विभाग की ओर से आज कैबिनेट में बड़ा फैसला लिया है। बिहार पुलिस के सिपाही हवलदार की तरह बिहार अग्निशमन सेवा कोटि के कर्मियों को वित्त विभाग से तीन ग्रेड में क्रमशः 2000, 2400 और 2800 पे ग्रेड में वास्तविक लाभ देने की मंजूरी कैबिनेट से मिली है।

### फिल्लौर में पटरी से उतरी मालगाड़ी, यार्ड से मेन लाइन पर आते समय फेल हुआ ब्रेक

फिल्लौर , 10 जनवरी (एजेंसियां)। रेलवे स्टेशन के पास यार्ड से मेन लाइन अमृतसर नई दिल्ली रेल ट्रैक पर आते समय ब्रेक फेल होने से मालगाड़ी पटरी से उतर गई। हालांकि किसी प्रकार का कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ। घटना वीरवार रात पौने तीन बजे उस समय घटी, जब मालगाड़ी को यार्ड से निकालकर मेन लाइन पर लाया जा रहा था। इसी बीच ब्रेक उतर जाने से डिब्बा पटरी से उतर गया। यह मालगाड़ी फिल्लौर से जालंधर की तरफ आने लगी थी। यार्ड में घटना से रेलगाड़ियां भी प्रभावित नहीं हुई। घटना के तुरंत बाद कंट्रोल पर मैसेज दिया गया और जालंधर से रेल रेस्क्यू मोबाइल वैन को भेजा गया। इसके साथ ही कई अधिकारियों के साथ-साथ टीम भी मौके पर मुस्तैद हो गई। करीब डेढ़ घंटे बाद सुबह 4:15 बजे मालगाड़ी को फिर से पटरी पर लाकर ट्रैक क्लीयर किया गया। बताया जा रहा है कि मामले को लेकर फिरोजपुर मंडल के वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंचे थे। उन्होंने घटनास्थल का जायजा लिया

## पति की बहन ने की थी दूसरी जाति में शादी, पता चला तो पत्नी ने मांगी तलाक, सुनवाई 20 जनवरी को



सूरत, 10 जनवरी (एजेंसियां)। गुजरात हाई कोर्ट ने एक महिला को नोटिस जारी है जिसे एक फैमिली कोर्ट से तलाक मिला था। यह तलाक उसे उस आधार पर मिला था जिसमें उसने आरोप लगाया था कि उसके साथ क्रूरता हुई है क्योंकि पति के बहन की शादी अलग जाति में हुई है और यह जानकारी उससे छुपाई गई थी। इस जोड़े की शादी 2018 में हुई थी। पत्नी ने शादी के दो दिन बाद ही घर छोड़ दिया था क्योंकि उसे पता चल गया था कि ननद की शादी दूसरी जाति में हुई है।

2020 में महिला ने भावनगर फैमिली कोर्ट में क्रूरता का दावा करते हुए तलाक की अर्जी दाखिल की थी। उसने कहा कि पति ने उससे यह जानकारी छुपाई थी जबकि उसने यह बताया था कि उसकी केवल दो बहने हैं और उसने तीसरी बहन के बारे में नहीं बताया था जिसने अंतर-जातीय विवाह किया था। तीसरी बहन से उसकी मुलाकात शादी के दौरान हुई।

**पति ने पुलिस से की थी पत्नी की शिकायत**

इसके अतिरिक्त महिला का कहना है कि उसके पति ने पुलिस में शिकायत की थी कि उसे अपनी पत्नी के परिवार से खतरा है और अपने कार्यस्थल पर भी एक मेल कर दिया था। उसने पत्नी को वापस बुलाने के लिए कोर्ट से हस्तक्षेप की मांग की थी।

**20 जनवरी को होगी अब अगली सुनवाई**

30 सितंबर 2024 को भावनगर फैमिली कोर्ट ने पति की याचिका खारिज कर दी और पत्नी की तलाक के अनुरोध को स्वीकार कर लिया। उधर, पति ने हाई कोर्ट से तलाक को खारिज करने की मांग की। शुरुआती सुनवाई के बाद जस्टिस बिरेन वैष्णव और डीएम देसाई ने कहा कि महिला की याचिका को इसलिए सुना गया क्योंकि उसने अपने पति पर क्रूरता का आरोप लगाया था।

उसकी एक बहन ने अंतर-जातीय विवाह किया था। हाई कोर्ट इस मामले की सुनवाई अब 20 जनवरी को करेगी जिसमें याचिकाओं को सुना जाएगा।

### सिंगापुर जाने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट में तकनीकी खराबी चेन्नई एयरपोर्ट पर करवाई गई इमरजेंसी लैंडिंग

चेन्नई, 10 जनवरी (एजेंसियां)। सिंगापुर जाने वाली एअर इंडिया की फ्लाइट को उड़ान के बाद तकनीकी खराबी का पता लगा। इसके बाद उसकी चेन्नई एयरपोर्ट पर लैंडिंग करवाई गई। पायलटों ने समस्या का पता चलने पर एयरपोर्ट से संपर्क किया और लौट आए। फ्लाइट में करीब 170 यात्री सवार थे। इंजीनियर खराबी को ठीक कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पायलटों ने समस्या का पता चलने पर हवाई अड्डे से संपर्क किया और शहर वापस लौट आए। विमान में करीब 170 यात्री सवार थे, जिनकी सुरक्षित लैंडिंग कराई गई। एयर इंडिया के एक अधिकारी ने बताया कि चेन्नई से सिंगापुर जा रही फ्लाइट एआई 346 संदिग्ध तकनीकी समस्या के कारण वापस लौट आई। विमान को एहतियाती जांच के लिए सुरक्षित तरीके से उतारा गया। अधिकारी ने बताया कि सभी यात्री और चालक दल सुरक्षित तरीके से उतर गए। अधिकारी ने यह भी बताया कि यात्रियों को चेन्नई से सिंगापुर भेजने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई।

## आईजीआई एयरपोर्ट से मिला था मगरमच्छ का सिर, जांच के लिए देहरादून भेजा गया



नई दिल्ली, 10 जनवरी (एजेंसियां)। आईजीआई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग की टीम ने एक कनाडाई नागरिक को मगरमच्छ के बच्चे की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया। आरोपी मगरमच्छ के बच्चे के सिर को लेकर कनाडा जाने की तैयारी कर रहा था। इसी दौरान चैकिंग के दौरान कस्टम की टीम ने गिरफ्तार कर लिया। कस्टम विभाग की टीम ने आरोपी के खिलाफ तस्करी का मामला दर्ज कर उससे पूछताछ शुरु कर दी है। आईजीआई इंटरनेशनल एयरपोर्ट से कनाडाई यात्री एक लगभग 0.777 किलोग्राम मगरमच्छ के बच्चे के सिर ले जा रहा था। इसी दौरान उसे कस्टम विभाग की टीम ने पकड़ लिया। जांच में सामने आया है कि कनाडाई व्यक्ति ने अपने बैग में एक मगरमच्छ के बच्चे के सिर रखा हुआ है।

जिसे वह कनाडा लेकर जाने की कोशिश कर रहा था, लेकिन वह अपनी इस चाल में सफल नहीं हो पाया। वन विभाग की टीम ने आरोपी व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर उससे पूछताछ शुरू कर दी है। कस्टम विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी कनाडाई यात्री एयर कनाडा की फ्लाइट संख्या एसी-051 से कनाडा जाना था। सुरक्षा चैकिंग के दौरान कस्टम विभाग की टीम ने उसे पकड़ लिया। जांच के दौरान सामने आया है कि यात्री ने एक क्रीम रंग के कपड़े में एक मगरमच्छ के बच्चे का सिर जबड़े और दांतों के साथ बंधा हुआ था। सिर की बरामदगी के बाद उसे जांच के लिए भेज दिया गया है। वन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि प्राप्त सिर किस मगरमच्छ की प्रजाति का है, इसकी जांच की जा रही है। इस जांच के लिए सिर को देहरादून भेजा गया है। वन विभाग की टीम ने आरोपी कनाडाई यात्री के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है।

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH
स्वतंत्र वार्ता
# मेरा हैदराबाद
शनिवार, 11 जनवरी, 2025 3

सुविचार: तुम भी कमाल करते हो, उम्मीदें इंसान से लगाकर, शिकायतें भगवान से करते हो।

## फ्यूचर सिटी को प्रदूषण मुक्त रूप में विकसित किया जाएगा : सीएम रेवंत

हैदराबाद, 10 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने कहा कि राज्य सरकार ने हैदराबाद में एक फ्यूचर सिटी विकसित करने का संकल्प लिया है, जिसका उद्देश्य न्यूयॉर्क, लंदन, टोक्यो, सियोल और दुबई जैसे प्रमुख वैश्विक शहरों को टक्कर देना है। हैदराबाद के हाईटेक सिटी में सीआईआई ग्रीन बिजनेस सेंटर में सीआईआई राष्ट्रीय परिषद की बैठक के उद्घाटन के दौरान, उन्होंने भारत में एक उल्लेखनीय शहरी स्थान बनाने के लिए सरकार के दृष्टिकोण को स्पष्ट किया, जो सेवा क्षेत्र को समर्पित है और फ्यूचर सिटी को प्रदूषण मुक्त नेट जीरो वातावरण के रूप में स्थापित करने पर ध्यान केंद्रित करता है। मुख्यमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि हैदराबाद शहर को प्राकृतिक आपदाओं के प्रति तन्यकता पर जोर देते हुए विकसित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य आने वाले वर्षों में इसे बाढ़ मुक्त शहर में बदलना है। इस पहल के हिस्से के रूप में, जल्द ही टीजीएसआरटीसी में 3,200 इलेक्ट्रिक बसों का बेड़ा शामिल किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए पंजीकरण और सड़क कर में छूट दी गई है। रेवंत रेड्डी ने कहा कि तेलंगाना राज्य ने पहले ही पूरे भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में सबसे तेज वृद्धि देखी है। मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि मूसी कायाकल्प परियोजना जल निकाय को पुनर्जीवित करेगी और हैदराबाद में 55 किलोमीटर के क्षेत्र में ताजे पानी का प्रवाह सुनिश्चित करेगी। राज्य सरकार ने 2050 तक हैदराबाद की पेयजल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आवश्यक कार्य शुरू कर दिए हैं। इसके अतिरिक्त, 360 किलोमीटर तक फैले क्षेत्रीय रिंग रोड के लिए योजना चरण वर्तमान में चल रहा है, साथ ही आरआरआर के चारों ओर एक क्षेत्रीय रिंग रेलवे का विकास भी किया जा रहा है। निकट भविष्य में, आउटर रिंग रोड (ओआरआर) और रीजनल रिंग रोड (आरआरआर) को जोड़ने वाली रेडियल सड़कें भी बनाई जाएंगी। मुख्यमंत्री ने यह भी संकेत दिया कि ओआरआर और आरआरआर के बीच के क्षेत्र को विनिर्माण क्षेत्र के लिए एक केंद्र में बदल दिया जाएगा, जिसमें फार्मास्यूटिकल्स, जीवन विज्ञान, एयरोस्पेस, रक्षा, इलेक्ट्रिक वाहन और सौर ऊर्जा में उद्योग स्थापित करने की योजना है। राज्य सरकार कौशल विकास और रोजगार सृजन को प्राथमिकता दे रही है, हैदराबाद को एक महत्वपूर्ण वैश्विक शहर के रूप में स्थापित करने के लिए बनाई गई रणनीति के साथ आगे बढ़ रही है, खासकर चीन के संबंध में। उन्होंने कहा कि चूंकि तेलंगाना के पास समुद्र तट नहीं है, इसलिए सरकार एक ड्राइ पोर्ट विकसित करने की योजना बना रही है और आंध्र प्रदेश में बंदर बंदरगाह के साथ एक विशेष सड़क और रेलवे कनेक्शन की भी योजना बनाई गई है। उन्होंने कहा, सरकार का लक्ष्य राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूत करना और बाजारों को बिना किसी बाधा के संचालित करना है। हम सभी को तेलंगाना में निवेश करने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। आइए हम सब मिलकर चमत्कार करें। राज्य सरकार न केवल भारत में बल्कि दुनिया में भी व्यापार करने में सबसे अधिक आसानी वाला पारिस्थितिकी तंत्र बना रही है।



## पुलिस ने संक्रांति की छुट्टियों के दौरान सावधानी बरतने की सलाह दी

हैदराबाद, 10 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। पुलिस ने संक्रांति की छुट्टियों के दौरान सावधानी बरतने की सलाह दी है। आगामी संक्रांति त्योहार के मद्देनजर, साइबराबाद पुलिस ने जनता के लिए सलाह जारी की है। पुलिस ने कहा है कि अगर आपको अपने घर को लॉक करने की जरूरत है, तो अपने प्रस्थान और आगमन की योजना के बारे में स्थानीय पुलिस स्टेशन को सूचित करें।

अतिरिक्त सुरक्षा के लिए सेंट्रल लॉकिंग सिस्टम वाले लॉक लगाएं। अपने घर के लिए मोशन सेंसर वाले सुरक्षा अलार्म सिस्टम की व्यवस्था करें। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की तुरंत स्थानीय पुलिस स्टेशन को रिपोर्ट करें या 100 नंबर पर कॉल करें। अपने दोपहिया वाहनों को अपने परिसर के अंदर रखें, सुनिश्चित करें कि वे लॉक हों और यदि संभव हो, तो उन्हें व्हील चेन से सुरक्षित करें और अपनी संपत्ति के लिए भरोसेमंद चौकीदार या सुरक्षा गार्ड रखें। अपने घर के प्रवेश और निकास बिंदुओं पर सीसीटीवी कैमरे लगाएं और उन्हें ऑनलाइन मॉनिटर करें। सुनिश्चित करें कि डीवीआर सुरक्षित स्थान पर संग्रहीत है।

अपने घर के बाहर कचरा, दूध के पैकेट या अख़बार न छोड़ें, क्योंकि इससे अपराधियों को आपकी अनुपस्थिति का पता चल सकता है। बंद दरवाजों को पर्दों से ढक दें ताकि वे अजनबियों को दिखाई न दें। घर के अंदर और बाहर कुछ लाइटें जलाकर रखें ताकि घर में कोई मौजूद हो। अपने भरोसेमंद पड़ोसियों को अपनी अनुपस्थिति के बारे में बताएं और उन्हें अपने घर की देखभाल करने के लिए कहें। चाबियां आसानी से सुलभ स्थानों जैसे कि जूते की रैक, तकिए के नीचे, अलमारी के ऊपर या ड्रेसिंग टेबल की दराज में छोड़ने से बचें।

इसी क्रम में पुलिस ने कहा है कि अपने यात्रा की योजना किसी और को न बताएं सिवाय भरोसेमंद व्यक्तियों के। व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम या फेसबुक जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर यात्रा विवरण साझा करने से बचें। इन दिशा-निर्देशों का पालन करके, आप त्योहार की छुट्टियों के दौरान अपनी संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं।

## टास्क फोर्स ने जब्त की 10 लीटर अवैध शराब



सिद्दीपेट, 10 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। टास्क फोर्स कर्मियों ने 10 लीटर अवैध शराब जब्त की और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया, जब वह अक्कन्नापेट से सिद्दीपेट में अवैध शराब की तस्करी कर रहा था।

एक गुप्त सूचना के बाद, टास्क फोर्स ने अक्कन्नापेट मंडल के मलचेरुवु थांडा निवासी आरोपी गुगुलोथ सिनू (30) को मलयाला में रोका और उसके दोपहिया वाहन की जांच की। बाद में, टास्क फोर्स ने सिनू को राजगोपालपेट पुलिस को सौंप दिया। वह कथित तौर पर अपने गांव में शराब बनाता है और सिद्दीपेट और उसके आसपास बेचता है। इस मामले में मामला दर्ज किया गया है। इस बीच, टास्क फोर्स ने नागरिकों से 8712667445, 8712667446, 8712667447 पर कॉल करके जुआ, पीडीएस चावल के अवैध परिवहन, गुटखा की बिक्री, गांवों में बेल्ट शॉप के संचालन और आईडी शराब बनाने के बारे में जानकारी देने का आह्वान किया।

## स्कूलों, कॉलेजों में संक्रांति की छुट्टियां आज से



### सात दिवसीय त्यौहारी अवकाश

हैदराबाद, 10 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। संक्रांति के नजदीक आते ही सभी शिक्षण संस्थानों के छात्र और शिक्षक अपनी बहुप्रतीक्षित अल्पकालिक छुट्टियों के लिए तैयार हो रहे हैं। 11 जनवरी से सभी शिक्षण संस्थान त्यौहारी अवकाश के लिए बंद रहेंगे। स्कूली छात्र 11 से 17 जनवरी तक सात दिवसीय त्यौहारी अवकाश का आनंद ले सकते हैं, जबकि 18 जनवरी को स्कूल फिर से खुलेंगे। जूनियर कॉलेजों के लिए, तेलंगाना बोर्ड ऑफ इंटरमीडिएट एजुकेशन ने 11 से 16 जनवरी तक संक्रांति की छुट्टियों की घोषणा की है, जिसमें दोनों दिन शामिल हैं। जूनियर कॉलेज 17 जनवरी को फिर से खुलेंगे।

सभी जूनियर कॉलेजों के प्रिंसिपलों को छुट्टी के शेड्यूल का सख्ती से पालन करने और छुट्टियों के दौरान कोई भी क्लास न लगाने का निर्देश दिया गया है। बोर्ड ने चेतावनी दी है कि निर्देशों का उल्लंघन गंभीरता से लिया जाएगा और दोषी प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी, जिसमें संबद्धता समाप्त करना भी शामिल है। डिग्री और प्रोफेशनल कॉलेजों में 11 से 15 जनवरी तक अल्पकालिक अवकाश रहेगा।

## सूर्यापेट-खम्मम राजमार्ग पर बस दुर्घटना में 4 की मौत



हैदराबाद, 10 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। सूर्यापेट-खम्मम राजमार्ग पर एक बस के एक खड़े लॉरी से टकरा जाने से दो महिलाओं सहित चार लोगों की मौत हो गई तथा कई अन्य घायल हो गए। यह दुर्घटना शुक्रवार तड़के घटित हुई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार, यह भीषण दुर्घटना जिले के चिव्वेमला मंडल के ऐलापुर गांव के पास हुई। बस में सवार सभी यात्री प्रवासी श्रमिक थे जो छत्तीसगढ़ से जीविकोपार्जन के लिए हैदराबाद आ रहे थे। रिपोर्ट के अनुसार रेत से भरा ट्रक सड़क किनारे खड़ा था। घायलों को निकटवर्ती अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## ब्रह्माकुमारीज बिजनेस कॉन्फ्रेंस आज

हैदराबाद, 10 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। सूक्ष्म, लघु और मध्यम व्यवसाय के मालिकों के लाभ के लिए आयोजित ब्रह्माकुमारीज बिजनेस कॉन्फ्रेंस में कृषि मंत्री तुम्मला नागेश्वर राव शामिल होंगे। यह कॉन्फ्रेंस उन्हें उनकी आंतरिक शक्तियों और शक्तियों का दोहन करने में मदद करेगी, ताकि वे सफलता प्राप्त करने के लिए सशक्त बन सकें। यह कार्यक्रम 11 जनवरी को रामोजी फिल्म सिटी में आयोजित किया जाएगा। ब्रह्माकुमारीज मुख्यालय के महासचिव राजयोगी बृज मोहन और कई वरिष्ठ राजयोगी ब्रह्माकुमारीज की संयुक्त प्रमुख राजयोगिनी बीके संतोष दीदी, ब्रह्माकुमारीज की अतिरिक्त प्रमुख राजयोगी बीके मृत्युंजय, ब्रह्माकुमारीज के व्यापार और उद्योग विंग की अध्यक्ष राजयोगिनी बीके योगिनी, ब्रह्माकुमारीज रूस की निदेशक राजयोगिनी बीके संतोष के अलावा कई गणमान्य व्यक्तियों और मशहूर हस्तियों के सम्मेलन में शामिल होने की उम्मीद है।

## संगारेड्डी में मोती माता जात्रा के लिए भव्य व्यवस्था



संगारेड्डी, 10 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मोगुदमपल्ली मंडल के उप्परीपल्ली थांडा में वार्षिक मोती माता जथारा के लिए भव्य व्यवस्था की गई थी। जनजातीय देवी मोती माता की दो दिवसीय वार्षिक जात्रा में तेलंगाना, कर्नाटक, महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश से श्रद्धालु आएंगे। जात्रा का आयोजन लगातार 30वें साल किया जा रहा है। उत्सव की शुरुआत 12 जनवरी को होगी जब जहीराबाद के आदिवासी पीठासीन देवता को नवेद्यम अर्पित करेंगे। आदिवासी अपने गांव से धार्मिक झंडा लेकर पैदल मंदिर पहुंचेंगे। वे अपने थांडों से बैलगाड़ी पर सवार होकर पूजा-अर्चना करेंगे। इस बीच, मंदिर प्रबंधन द्वारा व्यवस्थाओं में व्यस्त रहने के कारण व्यापारियों ने दुकानें लगा ली हैं। मंदिर प्रबंधन ने जात्रा के पोस्टर जारी किए, जिन्हें जहीराबाद इलाके में घुमाया जाएगा।

मंदिर के मानद अध्यक्ष किशनराव पवार ने कहा कि उन्हें दो दिवसीय समारोह के दौरान कम से कम तीन लाख भक्तों के आने की उम्मीद है। जिला प्रशासन ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे सुनिश्चित करें कि उत्सव बिना किसी समस्या के आयोजित हो। जहां स्वास्थ्य विभाग चिकित्सा शिविर लगाने जा रहा था, वहीं मिशन भगीरथा के अधिकारी सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने की तैयारी में जुटे थे। पुलिस विभाग श्रद्धालुओं की आमद और यातायात को सुचारू बनाने के लिए अतिरिक्त बल तैनात करेगा।

## एआरआईक्यूटी इनोवेशन हब से 300 नए रोजगार सृजित हुए : श्रीधर बाबू

हैदराबाद, 10 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। आईटी और उद्योग मंत्री दुद्दिल्ला श्रीधर बाबू ने कहा कि तेलंगाना वैश्विक इनोवेशन हब और स्टार्टअप के लिए एक संपन्न गंतव्य के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत कर रहा है। नीदरलैंड स्थित एआरआईक्यूटी द्वारा हैदराबाद के रायदुर्गम में स्थापित ग्लोबल इनोवेशन हब के उद्घाटन के अवसर पर बोलते हुए, मंत्री ने घोषणा की कि नई सुविधा से 300 नए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। पिछले दो दशकों में आईटी क्षेत्र के परिवर्तनकारी विकास पर प्रकाश डालते हुए, श्रीधर बाबू ने कहा कि तेलंगाना की जीडीपी और प्रति व्यक्ति आय अब राष्ट्रीय औसत से आगे निकल गई है। उन्होंने कहा, तेलंगाना का वार्षिक आईटी निर्यात 30 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया है। राज्य में 6,000 से अधिक स्टार्टअप और लगभग 1,500 छोटे और मध्यम आकार के सॉफ्टवेयर उद्यम हैं। इसके अतिरिक्त, प्रमुख वैश्विक संगठन यहां वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) स्थापित कर रहे हैं, जिससे पारिस्थितिकी तंत्र और समृद्ध हो रहा है। इन प्रगतियों ने हमारे प्रतिभाशाली युवाओं के लिए रोजगार के भरपूर अवसर पैदा किए हैं। मंत्री ने उद्योगों के लिए कुशल मानव संसाधनों के महत्व को रेखांकित किया, युवा भारत कौशल विश्वविद्यालय जैसी पहलों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, यह विश्वविद्यालय तेलंगाना को कुशल प्रतिभाओं का केंद्र बनने में सक्षम बनाएगा, जो उद्योगों की लगातार विकसित हो रही मांगों को पूरा करेगा। सुशासन का मतलब है नागरिकों के दरवाजे तक असाधारण नागरिक सेवाएं पहुंचाना और तेलंगाना भारतीय राज्यों में अग्रणी है। उभरती प्रौद्योगिकियों को अपनाकर, हम सार्वजनिक सेवा वितरण को बढ़ा रहे हैं। हम इस परिवर्तनकारी यात्रा का हिस्सा बनने के लिए उत्सुक कंपनियों को हमारे साथ सहयोग करने का खुला निमंत्रण देते हैं। हैदराबाद को "टैलेंट सिटी", "टेक सिटी" और "इनोवेशन सिटी" के रूप में स्थापित करने की पुष्टि करते हुए, मंत्री ने कहा, हैदराबाद न केवल सॉफ्टवेयर के लिए एक प्रमुख केंद्र है, बल्कि फार्मा और बायोटेक जैसे उद्योगों के लिए भी एक पावरहाउस है। यह शहर विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा और अत्यधिक कुशल कार्यबल प्रदान करता है, जो इसे विविध उद्योगों के लिए एक पसंदीदा गंतव्य बनाता है।



पूर्व तट रेलवे
विविध स्थैतिक सेवाओं की ई-नीलामी
निविदा सूचना सं.: WAT-MSS-001
(1) लॉट सं./श्रेणी: MSS-WAT-VSKP-AVM-58-25-1 (Misc-Static-Services-Automatic Vending Machine)
विवरण: ...... की स्थापना एवं रखरखाव हेतु संविदा।
(2) लॉट सं./श्रेणी: MSS-WAT-VSKP-MCK-60-25-1 (Misc-Static-Services-Digital Mobile Charging Kiosks)
विवरण: ...... की स्थापना एवं संचालन हेतु संविदा।
दर इकाई: वार्षिक लाइसेंस शुल्क (क्रमांक 1 एवं 2 के लिए), ट्रिप/दिन: 1095 (क्रमांक 1 एवं 2 के लिए), न्यूनतम वृद्धि: 0.2% (क्रमांक 1 एवं 2 के लिए), EMD: 5% (क्रमांक 1 एवं 2 के लिए), लॉट की स्थिति: RP लंबित (क्रमांक 1 एवं 2 के लिए)।
नीलामी शुरू होने की तारीख एवं समय: 18.01.2025 को 1100 बजे (क्रमांक 1 एवं 2 के लिए)।
नीलामी बंद होने की तारीख: 18.01.2025 (क्रमांक 1 एवं 2 के लिए) बंद होने का समय: 1130 बजे (क्रमांक 1 के लिए) तथा 1140 बजे (क्रमांक 2 के लिए)।
उपरोक्त ई-नीलामी सूचना की सम्पूर्ण जानकारी वेबसाइट: www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक वाल्टेयर
PR-873/P/24-25

## अपहरणकर्ताओं से 4 वर्षीय बच्ची को बचाया



### 3 महिलाएं गिरफ्तार

राजन्ना सिरसिल्ला, 10 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। सिरसिल्ला पुलिस ने 4 साल की बच्ची के अपहरण मामले का खुलासा किया और घटना में शामिल तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया। शुक्रवार को सिरसिल्ला में मीडिया के समक्ष आरोपी को पेश करते हुए पुलिस अधीक्षक अखिल महाजन ने अपहरण प्रकरण के बारे में विस्तृत जानकारी दी। जगतियाल जिले के कोडिमियल मंडल के चिन्थलापल्ली निवासी सिंगरापु मधु और लास्या की दो बेटियां थीं। मानसिक रूप से अस्थिर लास्या अपने पति से अलग रह रही थी।

हाल ही में वह अपनी एक बेटी आदित्य के साथ वेमुलावाडा स्थित श्री राजराजेश्वर स्वामी मंदिर में मुख्य देवता के दर्शन के लिए गयी थी। महबूबाबाद के आरोपी श्रीरामोजी वेंकट नरसम्मा, गंजीपुर अंजवा और कुनापुरी उप्पम्मा भी मंदिर में आए थे और लास्या से उनकी दोस्ती हो गई थी। लास्या और तीनों महिलाएं 5 दिनों तक मंदिर परिसर में रहीं। लास्या की मानसिक स्थिति का फायदा उठाकर महिलाएं 23 दिसंबर को आदित्य को अपने साथ ले गईं। एक सप्ताह बाद बच्चे के चाचा पलमारू गंगास्वामी ने वेमुलावाडा पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस को लास्या की मानसिक स्थिति के कारण उससे कोई जानकारी नहीं मिल सकी, इसलिए उसने लड़की का पता लगाने के लिए सात विशेष टीमें गठित कीं। वेमुलावाडा मंदिर के साथ-साथ करीमनगर, वारंगल, हैदराबाद, विजयवाड़ा, खम्मम और कोडाद के बस स्टैंडों और रेलवे स्टेशनों पर लगे सीसीटीवी फुटेज देखकर आरोपियों का विवरण प्राप्त करने में सफल रहे। लड़की को अंततः खोज लिया गया और बचा लिया गया। शुक्रवार को एसपी कार्यालय में सीडब्ल्यूसी पदाधिकारियों को सौंप दिया गया।

## डबल बेडरूम फ्लैट का झूठा वादा कर दर्जनों लोगों को ठगा

### पुलिस तलाश में जुटी

हैदराबाद, 10 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। एक व्यक्ति ने कथित तौर पर गच्चीबावली में बीपीएल परिवारों को उपलब्ध कराए जाने वाले डबल बेडरूम फ्लैटों की व्यवस्था करने के बहाने कई लोगों से पैसे वसूले। ठग नागराजू ने खुद को स्थानीय कलेक्टर कार्यालय में काम करने वाला सरकारी कर्मचारी बताया और हर व्यक्ति से 50,000 से 65,000 रुपये तक वसूले।

पैसे वसूलने के बाद नागराजू ने उनसे बचना शुरू कर दिया। अपना पैसा वापस न मिलने या वादा किया गया डबल बेडरूम न मिलने पर पीड़ितों ने पुलिस से संपर्क किया और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस फिलहाल नागराजू की तलाश कर रही है।

## शक के चलते ससुराल वालों ने की महिला की हत्या

हैदराबाद, 10 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। शहर के बाहरी इलाके शमशाबाद में एक महिला की कथित तौर पर हत्या कर दी गई और उसके शव को उसके ससुराल वालों और रिश्तेदारों ने चुपचाप दफना दिया। यह घटना हाल ही में पुलिस जांच के दौरान प्रकाश में आई और शव को दफनाए गए स्थान से बाहर निकाला गया।

पिछले वर्ष नवंबर में घटित यह घटना तब प्रकाश में आई जब पीड़िता के पति ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए अपने माता-पिता पर संदेह जताया। जानकारी के अनुसार, धूलि (38) ने लगभग 20 साल पहले उसी थांडा के कार चालक एम सुरेश से उसके माता-पिता की इच्छा के विरुद्ध प्रेम विवाह किया था। दंपति के दो बच्चे हैं। अपने बेटे की शादी के बाद से ही धूली के ससुराल वाले तुलसी राम और अनंथी, जो कथित तौर पर धूली को नापसंद करते थे, उससे रंजिश रखते थे। चूंकि सुरेश शराब पीने का आदी था, इसलिए दंपति के बीच अक्सर झगड़े होते रहते थे। दोनों परिवारों के बुजुर्गों ने उनके बीच समझौता भी करवाया था। ऐसी घटनाओं के बाद धूली के ससुराल वालों ने उसे खत्म करने का फैसला किया और उसे एक सुनसान जगह पर बुलाकर जहर मिला हुआ ताड़ी पिला दिया। जब वह बेहोश हो गई तो उन्होंने अनंथी के भाई हनुमा के साथ मिलकर धूली के सिर पर पत्थर से वार किया और उसे वहीं मार डाला।

धूली के लापता होने पर उसके पति ने शमशाबाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। संदेह के आधार पर बुजुर्ग दंपति को हिरासत में लिया गया और उन्होंने सारी बातें बता दीं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गुरुवार को करीब 12 घंटे की लंबी प्रक्रिया के बाद शव को बाहर निकाला गया।

हरि ॐ                हरि ॐ
स्वर्गवास

स्व. श्रीमति वनीबाई देवड़ा (उम्र: 96 वर्ष)
धर्मपत्नी: स्व. श्री मोतीरामजी देवड़ा
स्वर्गवास: 10.01.2025; मरुधर में जाणुंदा (पाली)
शवयात्रा आज दि.11.01.2025, शनिवार प्रातः 11.30 बजे
हमारे निवास स्थान गुडीमलकापुर एक्स रोड से बोझागुट्टा श्मशान वाटिका जाएगी
-----: शोकाकुल :-----
मांगीलाल, बुदाराम, प्रकाश (पुत्र), मगीबाई, पोनीबाई (पुत्री)
सुरेश, नारायण, अशोक, गौतम (पौत्र)
ममता, भूमिका (पौत्री) एवं समस्त देवड़ा परिवार
फर्म : आर.एस. ट्रेडर्स एवं आर.एस. इन्टरप्राईजेस
गुडीमलकापुर एक्स रोड, होटल गोल्डन के पास, मेहदीपटनम, हैदराबाद 9441138876, 9246368407

## अलीगढ़ में दो आईपीएस बने एडिशनल एसपी



अलीगढ़, 10 जनवरी (एजेंसियां)। अलीगढ़ में तैनात दो आईपीएस अधिकारियों को सहायक पुलिस अधीक्षक के पद से अपर पुलिस अधीक्षक के पद पर प्रोन्नति मिली है। प्रोन्नति मिलने के बाद अलीगढ़ में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन ने दोनों अधिकारियों के अशोक स्तंभ लगाया। पुलिस लाइन स्थित एसएसपी कार्यालय में अधिकारियों को स्तंभ लगाया गया। इसमें हाल ही में अलीगढ़ में पोस्टिंग पाने वाली सहायक पुलिस अधीक्षक भवरे दीक्षा अरुण और एसपी ग्रामीण के पद पर तैनात आईपीएस अमृत जैन को एडिशनल एसपी के पद पर प्रमोशन मिला है। वहीं अधिकारियों से एसएसपी ने लॉ एंड ऑर्डर और जनसुनवाई में ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान एसपी सिटी मृगांग शेखर पाठक और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## बीपीएससी री-एग्जाम की याचिका को एचसी ने किया मंजूर

### जनसुराज की याचिका पर 15 जनवरी को सुनवाई, सुप्रीम कोर्ट से खारिज हुई थी पिटीशन

पटना, 10 जनवरी (एजेंसियां)। बीपीएससी परीक्षा को लेकर पटना हाई कोर्ट ने जनसुराज की याचिका को मंजूर कर लिया है। बीपीएससी री-एग्जाम कराने की मांग को लेकर हाईकोर्ट में जनसुराज पार्टी ने याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट खुलने के बाद 15 जनवरी को मामले की सुनवाई होगी। इससे पहले बिहार की आनंद लीगल एंड फोरम ट्रस्ट ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी, लेकिन एससी ने सुनने से इनकार करते हुए हाई कोर्ट जाने की बात कही थी। जनसुराज के अधिवक्ता प्रणव कुमार ने अनुच्छेद-226 के तहत रिट याचिका दायर कर बीपीएससी की पीटी को रद्द कर री-एग्जाम कराने की मांग की है। इसके साथ ही कोर्ट से अनुरोध किया था कि जब तक री-एग्जाम न हो जाए, तब तक रिजल्ट ना जारी किया जाए। इधर, बीपीएससी 70वीं पीटी परीक्षा को रद्द करवाने को




लेकर जनसुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर पिछले 9 दिनों से अनशन पर हैं। वहीं इस मामले में पप्पू यादव ने 12 जनवरी को बिहार बंद का ऐलान किया है। हालांकि आयोग अपने फैसले पर कायम है। आयोग ने 70वीं पीटी परीक्षा की अंतरिम आंसर की जारी कर दी है। आयोग ने अभ्यर्थियों से दावे आपत्ति मांगे हैं। 16 जनवरी तक का समय दिया गया है। इसके बाद फाइनल आंसर-की जारी की जाएगी।

**जनवरी अंत में बीपीएससी पीटी का रिजल्ट**

बापू परीक्षा परिसर में बीपीएससी 70वीं पीटी की रद्द की गई एग्जाम को 4 जनवरी को दोबारा कंडक्ट करवा दिया गया है। यह परीक्षा 22 केन्द्रों पर हुई। परीक्षा के दौरान ही बीपीएससी ने ऐलान किया कि जनवरी के अंतिम सप्ताह में पीटी का रिजल्ट आएगा। मेन्स अप्रैल में होगी।

**परीक्षा रद्द करवाने को लेकर आमरण अनशन किया था**

बीपीएससी 70वीं पीटी परीक्षा रद्द करवाने समेत अन्य मांगों को लेकर जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर का आमरण अनशन जारी है। आज 9वां दिन है। तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें 7 जनवरी को मेदांता अस्पताल के आईसीयू वार्ड में एडमिट कराया गया था। इसके बाद भी उनका अनशन जारी है। बीपीएससी कैंडिडेट्स प्रशांत किशोर से मिलने पहुंचे। उन्होंने पीके से अनशन खत्म करने की अपील की। प्रशांत ने अभ्यर्थियों से कहा कि मांगे पूरी होने तक अनशन जारी रहेगा। तबीयत में सुधार होने पर प्रशांत किशोर को 9 जनवरी को आईसीयू से हटाकर नॉर्मल वॉर्ड में शिफ्ट किया गया है।

## महाकुंभ में रोजाना एक लाख श्रद्धालुओं को फ्री में भोजन कराएंगे गौतम अदाणी



प्रयागराज, 10 जनवरी (एजेंसियां)। उद्योगपति गौतम अदाणी महाकुंभ में हर दिन एक लाख श्रद्धालुओं को निश्शुल्क भोजन कराएंगे, जबकि एक करोड़ आरती संग्रह पुस्तकों का वितरण करवाएंगे। भोजन में रोटी, दाल, चावल, सब्जी और मिठाई होगी। इसके लिए अडानी ग्रुप ने अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) के साथ हाथ मिलाया है। डीएसए ग्राउंड के पास महारसोई बनाई जा रही है, जहां प्रतिदिन एक लाख से अधिक लोगों के लिए भोजन बनाया जाएगा।

यहां 1,800 लोगों को साफ-सफाई व व्यवस्था संचालन के लिए तैनात किया जाएगा। प्रयागराज जंक्शन के पास इसका संचालन किया जाएगा। इससे जंक्शन आने-जाने वाले व खुशरोबाग में रुकने वाले लोगों को महाप्रसाद मिल सकेगा। गुरुवार को अपने एक्स अकाउंट पर गौतम अदाणी ने पोस्ट कर इसकी जानकारी साझा की। उन्होंने लिखा कि कुंभ सेवा की वो तपोभूमि है जहां हर हाथ स्वतः ही परमार्थ में जुट जाता है। उन्होंने लिखा कि यह मेरा सौभाग्य है कि महाकुम्भ में हम इस्कॉन के साथ मिलकर श्रद्धालुओं के लिए 'महाप्रसाद सेवा' आरंभ कर रहे हैं, जिसमें मां अन्नपूर्णा के आशीर्वाद से लाखों लोगों को निश्शुल्क भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। अदाणी ने इस्कॉन के गुरु प्रसाद स्वामी से मुलाकात की और एक फोटो भी पोस्ट की है। लिखा कि स्वामी जी से मिल कर सेवा के प्रति समर्पण की शक्ति को गहराई से अनुभव करने का अवसर प्राप्त हुआ। सच्चे अर्थों में सेवा ही राष्ट्रभक्ति का सर्वोच्च स्वरूप है। सेवा साधना है, सेवा प्रार्थना है और सेवा ही परमात्मा है।

## बिहार के बाजारों में फैला 500 का नकली नोट?

पटना, 10 जनवरी (एजेंसियां)। कहीं आपकी जेब में रखा 500 का नोट भी नकली तो नहीं है? सतर्क हो जाइए क्योंकि 500 का नकली नोट लोगों के बीच बंट चुका है और ये नोट दिखने में बिल्कुल असली ही लगते हैं। एक नजर में इसकी हकीकत को पकड़ना बिल्कुल ही संभव नहीं है। लेकिन तस्करों ने बाजार में जिस नोट को सर्कुलेट किया है उसके प्रिंटिंग में एक चूक ऐसी है जिसपर अगर आप नजर लेकर जाएंगे तो उसे आसानी से पकड़ सकेंगे। बिहार पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों को अलर्ट किया है। बिहार में 500 रुपए के नकली नोट से लोगों को सतर्क किया गया है। बिहार पुलिस मुख्यालय के आइजी(स्पेशल ब्रांच) ने सभी डीएम और एसपी को पत्र भेजा है। बताया गया कि तस्करों ने 500 रुपये का जाली नोट बाजार में पसारा है।

## गया में मंडरा रहा एचएमपीवी का खतरा? विदेशी पर्यटकों की आवाजाही के बीच अलर्ट हुआ स्वास्थ्य विभाग

गया, 10 जनवरी (एजेंसियां)। कोरोना वायरस जैसे ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस (एचएमपीवी) को लेकर गया में स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर है। गया जिले के सभी अस्पताल कर्मियों के साथ बैठक की गई है। जिला स्वास्थ्य प्रबंधक निलेश कुमार ने बताया कि एचएमपीवी को लेकर जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को फ्लो कॉर्नर को लेकर निर्देश दिए गए हैं। निलेश कुमार ने बताया कि खासकर बच्चों और 60 से अधिक उम्र के लोगों को विशेष ध्यान रखने की जरूरत है।

जिनकी प्रतिरोधक क्षमता कम होती है। बोधगया के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को विशेष अलर्ट पर रखा गया है। बताया जा रहा है कि यह कोई नया वायरस नहीं है। इससे डरने या घबराने की आवश्यकता नहीं है। नॉर्मल सर्दी, खांसी, बुखार की तरह यह वायरस है। एहतियात के तौर पर एडवाइजरी जारी की गई है। भारत के बच्चों में यह तेजी से फैल रहा है, लेकिन यह नॉर्मल है। बच्चों में यह निमोनिया की तरह का लक्षण दिखाता है।

एडवाइजरी के अनुसार 3 से 6 दिनों तक इसका प्रभाव रहता है। इसमें कोई जांच की कोई व्यवस्था नहीं है क्योंकि यह नॉर्मल सर्दी और खांसी की तरह है। बोधगया में अभी पर्यटन सीजन चल रहा है। ऐसे में विभिन्न देशों के विदेशी पर्यटकों के आने का सिलसिला जारी है। साथ हीं महाबोधी मंदिर में विभिन्न देशों के द्वारा पूजा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें हजारों की संख्या में विदेशी श्रद्धालु शामिल हो रहे है। कोरोना की तरह हीं चीनी वायरस एचएमपीवी भारत में एंट्री कर चुका हैं। इसके बाद बोधगया में हमेशा दूसरे देशों के पर्यटकों का आने का सिलसिला लगा रहता है। ऐसे में एचएमपीवी का खतरा मंडरा रहा है।

## लालू यादव के करीबी विधायक आलोक कुमार पर ईडी का एक्शन

### यूपी-बिहार और दिल्ली में 18 ठिकानों पर रेड



पटना, 10 जनवरी (एजेंसियां)। राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता और लालू के बेहद करीबी पूर्व मंत्री आलोक मेहता के ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छापा मारा है। केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय कि यह कार्रवाई वैशाली कोऑपरेटिव बैंक से करोड़ो के लेनदेन प्रकरण में की गई है। फिलहाल 30 करोड़ रुपये से अधिक की लेनदेन की बात सामने आ रही है। आलोक मेहता राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेताओं में एक हैं, उन्हें राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद का खास भी बताया जाता है। आलोक मेहता बिहार सरकार में मंत्री रहने के साथ ही समस्तीपुर से सांसद भी रह चुके हैं। शुक्रवार की सुबह-सुबह प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों की एक टीम ने उनके पटना स्थित सरकारी आवास 12 मेंगल्स रोड स्थित सरकारी आवास पर पहुंच जांच पड़ताल शुरू की। बताया जाता है कि जिस वक्त ईडी के अधिकारी मेहता के आवास पहुंचे नाइट गार्ड ने उन्हें अंदर प्रवेश करने से रोका, जिस पर टीम के अधिकारियों ने इसका विरोध किया और घर मे प्रवेश कर गए। पटना के साथ ही मेहता के और दर्जन भर ठिकानों पर छापेमारी की बात सामने आ रही है। हालांकि, ईडी की ओर से अब तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है। छापामारी उनके पैतृक आवास पर भी हो रही है। राष्ट्रीय जनता दल ने इस कार्रवाई को राजनीति से प्रेरित बताया है। राजद प्रवक्ता एजाज अहमद ने कहा कि यह चुनावी वर्ष है इसलिए विरोधी दल के नेताओं को डराने के लिए सरकार केंद्रीय जांच एजेंसियों की मदद लेती है। आलोक मेहता एक सज्जन व्यक्ति हैं और उन्हें बिना बात परेशान करने के लिए यह कार्रवाई की गई है।

**बिहार सहित इन राज्यों में छापामारी**

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, बिहार, पश्चिम बंगाल (कोलकाता), उत्तर प्रदेश और दिल्ली में करीब 18 ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि इनमें राजद विधायक और बिहार के पूर्व मंत्री आलोक कुमार मेहता (58) से जुड़े परिसर शामिल हैं, जो बिहार स्थित वैशाली शहरी विकास (वीएसवी) सहकारी बैंक के प्रमोटर हैं।

**इन लोगों को बनाया आरोपित**

इस मामले में बैंक के निलंबित मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के वसतौरा निवासी विपिन तिवारी, निलंबित अध्यक्ष वैशाली जिले के औद्योगिक थाना क्षेत्र के चक धनौती निवासी संजीव कुमार का नाम शामिल है। इसके अलावा निलंबित प्रबंधक पटना जिले के बाग कालू खान सदर गली निवासी सैयद शहनाज वजी, औद्योगिक क्षेत्र हाजीपुर के लिच्छवी फूड्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड शीत भंडारण के प्रबंधक वीरेंद्र कुमार, महुआ मुकुंदपुर स्थित महुआ कोऑपरेटिव कोल्ड स्टोरेज लिमिटेड के प्रबंधक राजीव नयन सिंह समेत 11 लोगों को आरोपित किया गया है।

## सरकारी डॉक्टरों की प्राइवेट प्रैक्टिस रोकने के लिए नीति लाए योगी सरकार, इलाहाबाद एचसी ने दिया निर्देश



प्रयागराज, 10 जनवरी (एजेंसियां)। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने मेडिकल कॉलेज और सरकारी अस्पतालों में कार्यरत डाक्टरों द्वारा मरीजों का इलाज नहीं करने पर चिंता जाहिर की। कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह डॉक्टरों की निजी प्रैक्टिस पर रोक लगाने के लिए एक नीति लाए। यह आदेश 1983 के शासनादेश के कड़ाई से पालन को सुनिश्चित करने के लिए दिया गया है। इसके तहत राज्य मेडिकल कॉलेजों, प्रांतीय चिकित्सा सेवाओं और जिला अस्पतालों में काम करने वाले सभी सरकारी डॉक्टरों को प्राइवेट प्रैक्टिस बंद करने का निर्देश है।

यह आदेश जज रोहित रंजन अग्रवाल ने मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज प्रयागराज के प्रोफेसर डॉ अरविंद गुप्ता की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है। इस दौरान जज ने कहा कि यह एक समस्या हो गई है कि मरीजों को इलाज के लिए निजी नर्सिंग होम और अस्पतालों के लिए रेफर किया जाता है। कोर्ट मे कहा कि राज्य सरकार द्वारा नियुक्त चिकित्सक मेडिकल कालेज और सरकारी अस्पतालों में मरीजों का इलाज नहीं कर रहे और सिर्फ पैसों के लिए मरीजों को निजी नर्सिंग होम और अस्पतालों के लिए रेफर किया जा रहा है। मौजूदा मामले में रुपेश चंद्र श्रीवास्तव नाम के शख्स ने याचिकाकर्ता चिकित्सक द्वारा एक निजी नर्सिंग होम में गलत इलाज किए जाने की शिकायत उपभोक्ता फोरम में की थी और फोरम के निर्णय के खिलाफ यह याचिका दायर की गई। इससे पहले 2 जनवरी को इस मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने राज्य के मेडिकल कालेज के एक प्रोफेसर की एक निजी अस्पताल में संलिप्तता को गंभीरता से लिया था।

**10 फरवरी को मामले की अगली सुनवाई**

राज्य सरकार के वकील ने 2 जनवरी के आदेश के अनुपालन में बताया कि प्रमुख सचिव (चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं शिक्षा) द्वारा 6जनवरी, 2025 को सभी जिला मजिस्ट्रेट को एक पत्र जारी किया गया और उन्हें 30 अगस्त, 1983 को बनाए गए नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने को कहा गया है। सरकार के 1983 के आदेश के मुताबिक, सरकारी डॉक्टर निजी प्रैक्टिस करने के लिए अधिकृत नहीं होंगे और निजी प्रैक्टिस नहीं करने के एवज में उन्हें भत्ता दिया जाएगा। कोर्ट ने राज्य सरकार से इस पर कार्रवाई करने को कहा और 10 फरवरी को मामले की अगली सुनवाई तय की है।

## 2 लाख रुपये के लिए एएमयू को किसने दी बम से उड़ाने की धमकी? पुलिस ने चलाया संघन चेकिंग अभियान

अलीगढ़, 10 जनवरी (एजेंसियां)। मुस्लिम यूनिवर्सिटी को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है, इमेल के माध्यम से ये धमकी दी गई है जिसमें धमकी देने वाले दो लाख रुपये की मांग डिमांड एएमयू प्रशासन से की है। इसके लिए आरोपियों ने यूपीआई नंबर दिया, जिसमें वह यह पैसा ट्रांसफर करवाना चाहते हैं। इस सूचना के बाद अलीगढ़ पुलिस प्रशासन की टीम डॉग्सस्वाट के साथ मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू कर दी। अधिकारियों का कहना है कि, जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया जाएगा। वहीं इस खबर से यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले छात्रों में हड़कंप मचा है। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की प्रॉक्टर वसीम अली ने बताया कि, विश्वविद्यालय प्रशासन के अधिकारियों को ईमेल के माध्यम से एक धमकी की दी गई है, जिसमें उनकी डिमांड पूरी नहीं होने पर यूनिवर्सिटी को बम से उड़ाने की बात कही गई है। वसीम अली ने कहा कि, आज सुबह के 1.18 बजे एक ईमेल प्राप्त हुआ जोकि तिवारीश्रीजनयत@प्रोटॉनमेल।कॉम से ईमेल पर प्राप्त हुआ,

## नसीम सोलंकी को धमकाने वाला भाजपा नेता गिरफ्तार



कानपुर, 10 जनवरी (एजेंसियां)। कानपुर में सपा विधायक नसीम सोलंकी को धमकी देने वाला भाजपा नेता धीरज चड्ढा गिरफ्तार हो गया है। देर रात सपा नेताओं ने थाने में जमकर हंगामा किया। इसके बाद पुलिस ने यह एक्शन लिया। भाजपा नेता के घर रात में पुलिस पहुंची, लेकिन वह फरार हो गया था। वहां उसकी टीचर पत्नी और परिवार के लोग मिले।

पुलिस ने उन्हें नसीहत दी थी गई कि उसे थाने पर हाजिर करवा दें नहीं तो पुलिस कड़ा एक्शन लेगी। डीसीपी सेंट्रल दिनेश त्रिपाठी ने बताया- पुलिस टीम ने देर रात करीब 8 से 10 जगह छापेमारी की। इसके बाद आरोपी धीरज चड्ढा को विनायकपुर में एक घर से गिरफ्तार कर लिया गया है। दरअसल, भाजपा के पूर्व प्रवक्ता धीरज चड्ढा ने दो ऑडियो दिए थे। इसमें उसने नसीम को धमकाया। कहा-तुम घर में बैठकर क्या कर रही हो? अलाव नहीं जलवा रही। मैं तुम्हें पीटूंगा। जवाब में नसीम ने कहा- अलाव नहीं, तुम्हारी चिता न जलवा दें।।।बेवकूफ आदमी। एक काम करो, मेरे पास आओ, हम तुम्हारा यहीं इलाज करवा दें। ऑडियो सामने आने के बाद सपा नेताओं में आक्रोश फैल गया। सभी स्वरूपनगर थाने पहुंच गए। रातभर हंगामा किया।

## बीएसपी में हुआ बदलाव, मायावती ने नरेंद्र मोहित को जिला अध्यक्ष पद से हटाया दयाराम सेन अध्यक्ष बने



गाजियाबाद, 10 जनवरी (एजेंसियां)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की मुखिया मायावती ने फिर से गाजियाबाद जिला अध्यक्ष को बदल दिया है। गाजियाबाद के बसपा जिला अध्यक्ष नरेंद्र मोहित को हटाकर एक बार फिर दयाराम सेन को जिला अध्यक्ष बनाया गया है। लोकसभा चुनाव के बाद दयाराम सेन को जिला अध्यक्ष के पद से हटकर एडवोकेट नरेंद्र मोहित को कमान सौंप गई थी। अब पार्टी सुप्रीमो मायावती ने एक बार फिर बसपा के पुराने कार्यकर्ता दयाराम सेन को जिला अध्यक्ष बनाया है। बसपा कोऑर्डिनेटर विजय सिंह ने इसकी पुष्टि की है। बसपा में दो साल से चल रही गुटबाजी बता दें कि बसपा में पिछले दो साल से गुटबाजी चल रही है। यही नहीं पिछले दो साल में चार अध्यक्ष भी बदले गए हैं। यह स्थिति तब है जबकि लोकसभा चुनाव से लेकर नगर निगम और हाल ही में हुए उपचुनाव में बसपा प्रत्याशियों की जमानत तक जप्त हुई है।

## ट्रक के नीचे आया बस कंडक्टर मौत:ट्रक को ओवरटेक करते समय हादसा, ड्राइवर और दो यात्री घायल

सुलतानपुर, 10 जनवरी (एजेंसियां)। बलिया-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर बड़ा हादसा हुआ। यहां रोडवेज की अनुबंधित बस तेज कोहरे के चलते ओवरटेक करते हुए ट्रक से जा टकराई। कंडक्टर बस से गिरकर ट्रक के नीचे आ गया और उसकी मौत हो गई। वहीं चालक समेत तीन लोग घायल हुए, जिन्हें कादीपुर सीचसी ले जाया गया। गंभीर हालत में बस चालक को राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। घटना कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के सूरापुर कोतवाली अंतर्गत पड़ेला के पास की है। बताया जा रहा है कि बिजेथुआ धाम से अयोध्या को चलने वाली परिवहन निगम की अनुबंधित बस (यूपी 44 बीटी- 0039) शुक्रवार सुबह निकली। बस में स्टॉफ समेत तीन से चार लोग सवार थे। जैसे ही बस पड़ेला के पास पहुंची घने कोहरे के चलते उसी दिशा में जा रहे ट्रक को ओवरटेक करते समय टकरा गई।

## सपा विधायक रमाकांत यादव अंतर्राज्यीय गैंग का सरगना घोषित, सपा एमएलए पर लगे हैं गंभीर आरोप



लखनऊ, 10 जनवरी (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी के विधायक रमाकांत यादव की मुश्किलें बढ़ गई हैं। उत्तर प्रदेश राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो ने सपा विधायक रमाकांत यादव और उसके 15 सदस्यों को हत्या और मिलावटी देशी शराब बनाकर लाइसेंसी देशी शराब की दुकान पर बेचने जैसे जघन्य अपराध में अंतर्राज्यीय अपराधी घोषित कर दिया है। रमाकांत यादव दीदारगंज थाना क्षेत्र के चकगंज अलीशाह सरावां गांव के निवासी है। वह आजमगढ़ लोकसभा सीट से सांसद रह चुके हैं और इस समय आजमगढ़ की पवई फूलपुर विधानसभा सीट से समाजवादी पार्टी के टिकट पर विधायक चुने गए हैं। सपा विधायक पर आरोप है कि उन्होंने अपने गैंग के सदस्यों के साथ मिलकर आपराधिक गतिविधियों से अधिक धन कमाने के उद्देश्य से आजमगढ़, जौनपुर व लखनऊ में हत्या व मिलावटी देशी शराब बनाकर लाइसेंसी देशी शराब की दुकान पर बेचने आदि जैसे जघन्य अपराध किया गया है। इनकी गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के लिए गैंग को आईएस (अंतर्राज्यीय गैंग) स्तर पर सूचीबद्ध किया गया है। रमाकांत यादव के इस गैंग को 'आई एस-133/2025' कोड नंबर से चिन्हित किया गया है। इसमें जौनपुर जनपद के खुटहन थाना क्षेत्र के परतहिया गांव निवासी रंगेश यादव दीदारगंज थाना क्षेत्र के गुवाई गांव निवासी सूर्यभान चकगंज अली निवासी पुनित कुमार यादव व पंकज यादव अहरौला थाना क्षेत्र के समसल्लीपुर गांव निवासी रामभोज फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के उतपुर गांव निवासी अशोक यादव का नाम है। इनके अलावा अहरौला थाना क्षेत्र के रुपाईपुर गांव निवासी मोहम्मद फहीम, मो। नदीम, मो। कलीम, मो। नईम, मो। सलीम व नसीम नेता उर्फ नसीम, अहरौला थाना क्षेत्र के माहुल निवासी सहबाज, रविकुमार क्षत्रि उर्फ राजकुमार निवासी सीके। 61/8 काशीपुर थाना चौक विशेश्वरगंज जनपद वाराणसी जो वर्तमान में खालिपुर चौकी सरायमोहना थाना सारनाथ जनपद वाराणसी और जोयंता कुमार मित्रा निवासी मोहल्ला 71/5 डाक्टर नील मोनी सरकार स्ट्रीट थाना बारानगर जनपद उत्तर 24 परगना पश्चिम बंगाल का नाम शामिल है।

## मेरठ में 5 लोगों की हत्या पर भड़क उठे चंद्रशेखर आजाद नगीना सांसद ने कानून व्यवस्था पर उठाए सवाल





सांसद चंद्रशेखर आजाद

नगीना, 10 जनवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के मेरठ की घनी आबादी वाली बस्ती सोहेल गार्डन के एक मकान में एक ही परिवार के पांच लोगों की कथित रूप से हत्या हुई है। मेरठ में हुए इस हत्याकांड को लेकर नगीना सांसद और आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने राज्य की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि अपराधियों के बढ़ते हौसले यह दर्शाते हैं कि कानून का डर समाप्त हो चुका है। नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा-उत्तर प्रदेश के जिला मेरठ के थाना लिसाड़ीगेट क्षेत्रान्तर्गत एक ही परिवार के 5 लोगों की निर्मम हत्या अत्यंत हृदयविदारक और निंदनीय है। यह अमानवीय कृत्य न केवल समाज को झकझोरता है, बल्कि प्रदेश की कानून व्यवस्था की विफलता को भी उजागर करता है। अपराधियों के बढ़ते हौसले यह दर्शाते हैं कि कानून का डर समाप्त हो चुका है। मेरठ पुलिस मामले पर तत्काल कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित करें और दोषियों को शीघ्रता से न्याय के कठघरे में लाया जाए। सरकार को यह समझना होगा कि जनता की सुरक्षा उसकी सर्वोच्च जिम्मेदारी है। ऐसे कृत्य न दोहराए जाएं, इसके लिए कठोर कदम उठाए जाने चाहिए। मेरठ में हुए इस हत्याकांड पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) डॉ। विपिन ताडा ने बताया कि थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र में गुरुवार शाम पुलिस को एक मकान में एक दंपति और उनके तीन बच्चों के शव मिलने की सूचना मिली। उन्होंने बताया कि मकान के गेट पर बाहर से ताला लगा था। ताडा ने बताया कि इनमें एक शव के पैर चादर से बंधे थे। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया लगता है कि किसी भारी चीज से प्रहार कर हत्या की गई है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से मकान में बाहर से ताला लगाया गया, उससे स्पष्ट होता है कि हमलावर कोई परिचित है और उसने संभवतः किसी रंजिश के कारण इस घटना को अंजाम दिया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि जिन लोगों के शव मिले हैं, वे एक ही परिवार के सदस्य हैं। उन्होंने बताया कि मृतकों में मोइन, उसकी पत्नी असमा और तीन बच्चे अफ़्सा (आठ), अजीजा (चार) अदीबा (एक) शामिल हैं।

## 'महाराष्ट्र में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी-रोहिंग्या आतंकी भी हो सकते हैं', किरीट सोमैया का बड़ा दावा



मुंबई, 10 जनवरी (एजेंसियां)। बीजेपी नेता और पूर्व सांसद के किरीट सोमैया ने आरोप लगाया है कि मालेगांव के बाद अब अमरावती में भी कई ऐसे संदिग्ध बांग्लादेशी हैं जो कि गलत दस्तावेज और पता देकर अपने जन्म प्रमाण पत्र बनवा रहे हैं। कुछ इसी तरह का पैटर्न मालेगांव में भी दिखाई दिया था, जहां पर नाम किसी और का पता कहीं और का, राशन कार्ड किसी और का और जन्म की तारीख वाला एक प्रमाण पत्र जो किसी और राज्य का। उन्होंने कहा, मैं इस संदर्भ में स्थानीय जिला अधिकारियों को भी शिकायत की है और तहसीलदार की कार्य प्रणाली पर सवाल उठाए हैं। सोमैया का कहना है कि पहले यह जिम्मेदारी मजिस्ट्रेट की होती थी, लेकिन बाद में यह पावर तहसीलदार को दे दी गई और तहसीलदार आंख बंद करके लोगों को जन्म प्रमाण पत्र बांट रहे हैं। यह प्रक्रिया जिस तरह से है ऐसे में कोई भी पेपर में ऐड दे सकता है। यह लोग किसी भी तरह का पता देते हैं लेकिन वेरिफिकेशन होता दिखाई नहीं दे रहा है। बीजेपी नेता ने कहा कि जिस तरह से मालेगांव के मामले में स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम यानी की एसआईटी का गठन विशेष स्पेशल आईजी के नेतृत्व में किया जा रहा है, इस तरह से अमरावती के मामले को भी गंभीरता से लिया गया और इस मामले में भी अमरावती जिला अधिकारी ने एसआईटी का गठन किया है। सोमैया ने आगे बताया कि इस तरह से फर्जी दस्तावेज के आधार पर जन्म प्रमाण पत्र हासिल करने वाले आतंकी भी हो सकते हैं। इस वजह से इस मामले में अब एटीएस और एनआईए भी जांच करें इसके लिए मैं सरकार से बात करूंगा।

## गजब का दिमाग! पेट्रोल पंप पर लगा दिया अपना क्यूआर कोड, मालिक को लगाया 58 लाख का चूना

मैंगलोर, 10 जनवरी (एजेंसियां)। कर्नाटक के मैंगलोर से हैरान करने वाला मामला सामने आया है। जिले के बंगराकुलुर में एक पेट्रोल पंप पर कर्मचारी ने अपना क्यूआर कोड लगाकर 58 लाख रुपये की धोखाधड़ी कर दी। वह 2 साल से क्यूआर कोड के जरिए रकम अपने बैंक अकाउंट में ट्रांसफर करता रहा। पंप मालिक को जब इसकी भनक लगी तो शिकायत पुलिस से की गई। आरोपी पंप कर्मचारी मैंगलोर के बंगराकुलुर के पास रिलायंस पेट्रोल पंप पर सुपरवाइजर था। आरोप है कि उसने 2 साल में 58 लाख रुपये की धोखाधड़ी की है। आरोपी ने ग्राहकों के भुगतान के लिए बैंक में रखे क्यूआर कोड को हटाकर अपना क्यूआर कोड डाल दिया था। परिणामस्वरूप, ग्राहक द्वारा भुगतान किया गया पैसा आरोपी कर्मचारी के बैंक खाते में स्थानांतरित हो जाता था। धोखाधड़ी करने वाले आरोपी की पहचान मैंगलोर के बाजपे निवासी मोहनदास के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह करीब 15 साल से एक पेट्रोल पंप पर काम कर रहा है। वह पेट्रोल पंप के बैंक के वित्तीय मामलों और प्रबंधन की जिम्मेदारी निभाता है।

## चोरी की शिकायत करने पहुंची महिला, पुलिस अधिकारी ने उसकी बेटी को भेजी फ्रेंड रिक्वेस्ट; हाई कोर्ट पहुंचा मामला

मुंबई, 10 जनवरी (एजेंसियां)। मुंबई में एक पुलिसकर्मी का घिनौनी हरकत का मामला सामने आया है। यहां एक महिला पुलिस के पास चोरी की शिकायत लेकर गई थी। लेकिन पुलिस के अधिकारी ने मामला की जांच नहीं की, उल्टे महिला की बेटी को फेसबुक पर फ्रेंड रिक्वेस्ट भेज डाली। अब मुंबई हाई कोर्ट की एक बेंच ने सोमवार को मामले पर संज्ञान लिया। बॉम्बे हाई कोर्ट ने मामले का संज्ञान लेते हुए जोन डीसीपी को एक्शन लेने का निर्देश दिया है। दरअसल, अगस्त साल 2024 में मुंबई के कांदिवली में रहने वाली एक महिला ने समता नगर पुलिस स्टेशन में चोरी की शिकायत दर्ज कराई। हालांकि पुलिस द्वारा इस मामले में कोई एक्शन नहीं लिया गया, जिसके बाद उसने एक बार फिर मामले पर शिकायत दर्ज कराई। महिला का आरोप था कि दर्ज कराए गए शिकायत के संदर्भ में पुलिस द्वारा कोई एक्शन नहीं लिया गया, उल्टे एक पुलिस के पीएसआई ने महिला की बेटी को फेसबुक पर फ्रेंड रिक्वेस्ट भेज दिया। कार्रवाई न होने से निराश होकर महिला ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया और आरोप लगाया कि चोरी के मामले की जांच कर रहे पीएसआई ने उचित जांच करने के बजाय उनकी बेटी को फेसबुक पर फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी।

# सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बिना मुंबई में नहीं काटे जाएंगे पेड़

मुंबई, 10 जनवरी (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को बृहन्मुंबई नगर निगम के वृक्ष प्राधिकरण को निर्देश दिया कि वह मुंबई की आरे कॉलोनी में बिना उसकी अनुमति के और पेड़ों की कटाई न होने दे. न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने कहा कि प्राधिकरण आवेदनों पर विचार कर सकता है और फिर अदालत से आदेश मांग सकता है. सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में तब आदेश दिया जब मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमएमआरसीएल) ने पीठ को सूचित किया कि क्षेत्र में और पेड़ों को काटने का कोई प्रस्ताव लंबित नहीं है. कोर्ट ने इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 5 मार्च की डेट तय की है. सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार को यह बताने का निर्देश दिया था कि क्या आरे जंगल में



और पेड़ों को काटने का कोई प्रस्ताव है?

### मुंबई मेट्रो को लगाई फटकार

न्यायालय ने 2023 में कुछ वनवासी समुदायों को मेट्रो रेल परियोजना के लिए जंगल में पेड़ों की कटाई को लेकर अपनी शिकायतों के साथ बॉम्बे उच्च न्यायालय जाने की अनुमति दी थी. 17 अप्रैल, 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने कार शेड परियोजना के मामले में मुंबई मेट्रो को कड़ी फटकार लगाई. कोर्ट ने कहा कि जंगल में केवल 84 पेड़ों की कटाई की अनुमति का आदेश दिया गया था इसका उल्लंघन किया गया है. सुप्रीम कोर्ट ने उसपर 10 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 84 से ज्यादा पेड़ों की कटाई के लिए वृक्ष प्राधिकरण को एमएमआरसीएल की ओर से आवेदन देना अनुचित था. 2019 में सुप्रीम कोर्ट ने कानून के छात्र ऋषव रंजन द्वारा भारत के मुख्य न्यायाधीश को संबोधित एक पत्र याचिका पर स्वतः संज्ञान लिया, जिसमें कॉलोनी में पेड़ों की कटाई पर रोक लगाने की मांग की गई थी. शीर्ष अदालत ने एमएमआरसीएल को पेड़ों की कटाई न करने की बात का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया था और उल्लंघन के मामले में सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी थी. महाराष्ट्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल द्वारा प्रस्तुत किए जाने के बाद कि अब और पेड़ नहीं काटे जाएंगे, सुप्रीम कोर्ट ने अधिकारियों को और पेड़ काटने से रोक दिया था.कॉलोनी में पेड़ों की कटाई का हरित कार्यकर्ताओं और आरे निवासियों ने विरोध किया था.

# ड्रग पैडलर का काम करने वाली महिला पुलिस के हत्थे चढ़ी

इंदौर, 10 जनवरी (एजेंसियां)। इंदौर की खजराना पुलिस ने एक महिला और उसके साथी को गिरफ्तार किया है। यह पिछले एक साल से इंदौर के खजराना इलाके में ड्रग्स बेचने का काम कर रहे थे। यह महिला उज्जैन से आई थी और उसने अपने पति को छोड़कर नशे का कारोबार शुरू कर दिया था। पुलिस ने बताया कि स्टार चौराहे के पास सर्विस रोड पर एक महिला और युवक संदिग्ध हालत में खड़े थे। रात के समय उनकी चेकिंग के दौरान बुर्का पहनी हुई महिला आयशा उर्फ आशु, पति मोहसिन खान, निवासी अशरफी नगर, घबराई हुई मिली। उसकी तलाशी लेने पर एमडी ड्रग्स बरामद हुई। महिला ने बुर्के में ड्रग्स छिपा रखी थी महिला के साथ मौजूद युवक भूरा पुत्र सबदर शाह, निवासी पत्थर मुंडला की तलाशी लेने पर उसके पास से भी एमडी ड्रग्स बरामद हुई। पूछताछ के दौरान दोनों ने यह स्वीकार किया कि वे ड्रग्स पेडलर का काम करते हैं। महिला आयशा राजस्थान से ड्रग्स लेकर आती थी और इंदौर में बेचती थी। आयशा, उज्जैन के बेगम बाग महाकाल टेकरा की निवासी है। उसने अपने पति को छोड़ दिया था और पिछले एक साल से इंदौर में रहकर नशे का धंधा चला रही थी। पुलिस ने बताया कि यह महिला इलाके में घूम-घूमकर ड्रग्स की पुड़िया बेचती थी। अब खजराना पुलिस ने इस महिला के पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड के बारे में जानकारी जुटाने के लिए उज्जैन पुलिस से संपर्क किया है। हालांकि, इंदौर में पिछले एक साल के दौरान इस महिला का कोई आपराधिक रिकॉर्ड सामने नहीं आया है। थाना कनाडिया पुलिस द्वारा लगातार गांजा एवं चरस के व्यापार में संलिप्त अपराधी लवेश उर्फ बिट्टु कौशल उम्र 30 साल को पकड़ा।

# 6 महीने से खाली था मकान, फ्रिज खोला तो मिली महिला की लाश



देवास, 10 जनवरी (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के देवास में एक खाली मकान में रखे फ्रिज में महिला का शव मिला है। मामला वृंदावनधाम का है। यहां के एक मकान में महिला की लाश मिली है। लाश फ्रिज के अंदर थी और उसके हाथ-पैर बंधे हुए थे। अब तक यह पता नहीं चला है कि यह महिला कौन है और इसकी हत्या कब की गई थी। देवास के भोपाल रोड बायपास मार्ग स्थित वृंदावन धाम के एक घर में महिला की लाश मिलने की सूचना पुलिस को मिली थी। मौके पर बीएनपी थाना पुलिस पहुंची। बीएनपी थाना प्रभारी अमित सोलंकी ने बताया कि आसपास के लोगों ने सूचना दी थी कि घर से बदबू आ रही है। यहां बताया गया है कि फ्रिज में शव रखा था। मामले को लेकर फिलहाल पुलिस जांच कर रही है।

### छह महीने से खाली था मकान

मकान मालिक धीरेन्द्र श्रीवास्तव है। उन्होंने जुलाई 2023 में मकान संजय पाटीदार को किराए पर दिया था। संजय ने जून 2024 को मकान खाली कर दिया था। बताया गया है कि मकान के एक कमरे में संजय ने कुछ सामान रखा था। उसमें एक फ्रिज भी है। जिसे बंद नहीं किया था। पुलिस के मुताबिक फ्रिज में शव रखा था। एक दिन पूर्व फ्रिज बंद किया और बदबू आने पर पता चला कि फ्रिज में शव रखा हुआ है। एफएसएल टीम के आने के बाद कमरे का दरवाजा खोला गया। जैसे ही फ्रिज खोला उसमें महिला के हाथ पैर बंधी लाश मिली। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पोस्टमार्टम में होंगे कई खुलासे

महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर कई खुलासे हो सकते हैं। सबसे अहम सवाल यह है कि क्या संजय ने ही महिला की हत्या कर लाश फ्रिज में रखी थी। अगर ऐसा है तो क्या महिला की हत्या छह महीने पहले हुई थी। इन सभी सवालों के जवाब पुलिस तलाश रही है। पड़ोसियों और अन्य लोगों से पूछताछ की जा रही है।

## 300 कर्मचारियों को निकाला, टास्कस पर करोड़ों के फर्जीवाड़े का आरोप

इंदौर, 10 जनवरी (एजेंसियां)। इंदौर स्थित आईटी और बीपीओ कंपनी टास्कस में बुधवार रात उस वक्त हंगामा मच गया, जब कंपनी ने 300 से अधिक कर्मचारियों को प्रोजेक्ट बंद होने और जांच के नाम पर नौकरी से निकाल दिया। इसके बाद कर्मचारियों ने कंपनी के बाहर प्रदर्शन किया। कई कर्मचारी रोते हुए एचआर विभाग से नौकरी पर वापस रखने की गुहार लगाते नजर आए, लेकिन कंपनी ने केवल नियमों का हवाला देकर उन्हें चलता कर दिया। जब विवाद बढ़ा तो कंपनी की सुरक्षा टीम ने खजराना पुलिस को मौके पर बुलाया। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि कंपनी बार-बार नियमों का सहारा लेकर किसी न किसी प्रोजेक्ट के खत्म होने पर एक साथ सैकड़ों कर्मचारियों को केवल 13 दिनों के नोटिस पर नौकरी से निकाल देती है। इस बार भी कंपनी ने ऐसा ही किया। कर्मचारियों का कहना है कि कंपनी प्रोजेक्ट में फर्जीवाड़े का बहाना बनाकर कार्रवाई करती है।

# पंजाब में लड़कियों के घटते जन्म दर ने बढ़ाई चिंता, चौंकाने वाले हैं पठानकोट के आंकड़े

पठानकोट, 10 जनवरी (एजेंसियां)। हरियाणा में लिंगानुपात कम होने की चर्चा खूब होती है, लेकिन इसके पड़ोसी राज्य पंजाब की हालत भी बहुत अच्छी नहीं है। हालिया डेटा से यह जाकारी सामने आई है कि पंजाब के पठानकोट और गुरदासपुर इलाके में कन्या जन्म दर की स्थिति चिंताजनक है। यहां लिंगानुपात राज्य में सबसे कम है। 2023 में पठानकोट में जहां लैंगिक अनुपात 902 था, वह 2024 में घटकर 864 हो गया। प्रति 1000 लड़कों के जन्म की तुलना में केवल 864 कन्या का जन्म हुआ। गुरदासपुर की स्थिति भी चिंताजनक है। यहां लिंगानुपात 2023 में 888 था। हालांकि 2024 में इसमें सुधार हुआ है। यह 918 हो गया। कपूरथाला ऐसा जिला है जहां लिंगानुपात की स्थिति बेहतर है। हालांकि इसमें भी 5 पॉइंट की गिरावट हुई है। 2023 के 992 की तुलना में 2024 में आंकड़ा 987 रहा। कपूरथाला के बाद मलेरकोटला में स्थिति बेहतर है। यहां लैंगिक अनुपात 961 है। ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक सिविल सर्जन भरत भूषण ने कहा कि लिंगानुपात में गिरावट की वजह कन्या भ्रूण हत्या है। पीएनडीटी एक्ट प्रभावी होने के बाद हमें लगा कि लिंगानुपात में सुधार होगा, लेकिन स्थिति ज्यादा नहीं बदली है क्योंकि सीमावर्ती इलाकों में शिक्षा दर काफी कम है। गुरदासपुर और पठानकोट जम्मू-कश्मीर और हिमाचल से लगे हुए हैं। जहां महिलाएं को कन्या भ्रूण हत्या के लिए ले जाया जाता है। हमारी टीम ने कठुआ में रेड डाली थी और लोगों को पकड़ा था। गरीबी में रहने वाले लोग लड़कियां नहीं चाहते और गर्भपात करा लेते हैं। उधर, कपूरथाला की अतिरिक्त उपायुक्त नवनीत बल का कहना है कि हमें खुशी है कि लिंगानुपात में हमारा जिला सबसे ऊपर है।

## एटीएस की हिरासत से भागने के बाद युवक की तीसरी मंजिल से गिरकर मौत, 9 अधिकारी सस्पेंड

भोपाल, 10 जनवरी (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश एटीएस की हिरासत से भाग रहे एक युवक की तीसरी मंजिल से गिरकर मौत हो गई थी। इस मामले में अब एटीएस अधिकारियों पर गाज गिरी है। इस टीम के 9 सदस्यों को सस्पेंड कर दिया गया है। एडीजी इंटेलीजेंस योगेश देशमुख के निर्देश पर सस्पेंड करने की कार्रवाई की गई है। टीम इनपुट के बाद टेरर फंडिंग और साइबर फ्रॉड के मामले में पूछताछ करने गई थी। एटीएस टीम ने गुरूग्राम से 6 लोगों को हिरासत में लिया था। जिसमें से एक होटल की तीसरी मंजिल से कूद गया और उसकी मौत हो गई थी। गुरुग्राम में एटीएस की टीम के खिलाफ केस भी दर्ज कर लिया गया है। एटीएस के अधिकारियों को गुरुग्राम में धुनेला गांव के पास एक सोसाइटी से आतंकी फंडिंग से जुड़े साइबर अपराध के बारे में खुफिया जानकारी मिली थी। जहां पुलिस ने अभियान चलाकर 6 लोगों को हिरासत में लिया था। इनको पकड़ने के बाद एक होटल में पूछताछ की जा रही थी। इसी दौरान युवक ने टॉयलेट जाने की बात कही। वह बाहर बालकनी के पास चला गया। इसी दौरान उसने भागने के लिए छलांग लगा दी और फिसल गया। ऊंचाई ज्यादा होने के कारण वह बुरी तरह घायल हो गया।जिसे एटीएस टीम अस्पताल ले गई। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस पूरे हादसे के बाद परिवार की तरफ से टीम पर कई गंभीर आरोप लगाए जा रहे थे। परिवार का कहना था कि उनके बेटे को जानबूझकर नीचे धकेला गया है। जिससे उसकी मौत हो गई। इसके साथ ही परिवार ने सवाल खड़ा किया कि आखिर उसे होटल में ही क्यों रख गया था। बढ़ते विरोध को देखते हुए एटीएस टीम के सदस्यों के खिलाफ गुरुग्राम में केस दर्ज किया गया है।

## 10वीं के छात्र की कुल्हाड़ी से वारकर हत्या, चाचा ने भतीजे का क्यों किया कत्ल?

पन्ना, 10 जनवरी (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश के पन्ना कोतवाली के बराछ चौकी क्षेत्र के ग्राम देवरी में 10 वीं के छात्र की धारदार कुल्हाड़ी से बेरहमी से हत्या का मामला सामने आया है. हत्या की जानकारी मिलते ही पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है. पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बच्चे का हत्यारा कोई और नहीं बल्कि रिश्ते का चाचा ही बताया जा रहा है. छात्रा की पहचान 16 वर्ष निवासी ग्राम देवरी बराछ के नीलेश वंशकार के रूप में हुई है. घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार मलखान के पिता मलखान वंशकार ने बताया कि उनका लड़का 10 वीं कक्षा में पढ़ता था, 9 जनवरी 2025 को अपने घर में पढ़ाई कर रहा था तभी रिश्ते के चाचा मुकेश वंशकार ने छत से घर के अंदर आकर धारदार कुल्हाड़ी से मौत के घाट उतार दिया. मलखान ने बताया कि जब मुकेश को खून से लथपथ कुल्हाड़ी के साथ घर से निकल कर भागते देखा तो उन्हें शक हुआ.

# गोवा के सरकारी दफ्तरों में 'मन की बात' जरूरी सीएम सावंत का कर्मचारियों को आदेश



गोवा, 10 जनवरी (एजेंसियां)। सरकार ने हाल ही में राज्य के सभी सरकारी विभागों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम "मन की बात" को सुनने का निर्देश दिया है। सीएम प्रमोद सावंत ने इस सर्कुलर को जारी करते हुए कहा कि सभी सरकारी विभागों के हेड को सक्रिय रूप से कार्यक्रम को सुनने का निर्देश दिया जाता है। हाल ही में (सामान्य प्रशासन विभाग) के अंडर सेक्रेटरी श्रेयस डिसिल्वा ने एक सर्कुलर जारी किया। इस सर्कुलर में कहा गया है कि राज्य सरकार के सभी विभागों के प्रमुखों को सक्रिय रूप से मन की बात कार्यक्रम में शामिल होने के लिए निर्देशित किया जाता है। इसी के साथ सर्कुलर में कहा गया है कि सभी विभागों को कार्यक्रम में बताए गए पॉजिटिव पॉइंट और बेस्ट प्रैक्टिस को सुन कर उसको गवर्नेंस और सर्विस को अधिक बेहतर बनाने के लिए इस्तेमाल भी करना है। सीएम प्रमोद सावंत ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर यह निर्देश देते हुए सर्कुलर पोस्ट किया है। उन्होंने अपने पोस्ट में कहा, सभी सरकारी दफ्तरों के हेड को निर्देश दिए जाते हैं कि वो सभी लोग सक्रिय रूप से मन की बात को सुने। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी सरकारी विभागों के हेड को कार्यक्रम के दौरान शेयर की गई सफलता की कहानियों और बेस्ट प्रैक्टिस जो पूरे देश में एक सकारात्मक बदलाव लाए हैं उन्हें सुनकर उन से प्रेरणा लेनी है। इसी के साथ इन पॉजीटिव बातों को सुन कर गोवा में शासन में सुधार और सेवा वितरण को बढ़ाने के लिए इन जानकारियों को अपनाने के लिए उचित रूप से विचार किया जाएगा। गोवा के इतिहास को याद करते हुए सीएम ने कहा, गोवा प्रगतिशील शासन को लागू करने में हमेशा आगे रहा है। साथ ही उन्होंने कहा, पूरे भारत से लगातार प्रेरणा लेनी चाहिए, चाहे वो किसी व्यक्ति से हो, संगठन से हो या फिर किसी राज्य की पहल से हो हर किसी से प्रेरणा लेनी चाहिए और नई चीजों को अपनाना जरूरी है। यह चीजें हमें जीवन जीने में और व्यापार करने में आसानी को बढ़ाने के हमारे प्रयासों को आगे बढ़ाएंगी, हमें स्वयंपूर्ण, विकसित गोवा के विजन को हासिल करने में मदद करेंगी। सर्कुलर में बताया गया है कि मन की बात एक रेडियो कार्यक्रम है और यह एक ऐसा प्रोग्राम है जिसमें लोगों की सफलता की कहानी बताई जाती है,

# फर्जी अफसर बन महिलाओं को शादी के लिए फंसाने वाला आरोपी इमामुद्दीन अब हैदराबाद जेल में

पुणे, 10 जनवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के पुणे से एक महिला बैंकर के साथ धोखाधड़ी और ब्लैकमेलिंग का मामला सामने आया है। आरोपी के खिलाफ ओशिवारा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। आरोपी पर कथित तौर पर कुल 38 लाख रुपये की धोखाधड़ी का आरोप है। अब पुलिस मामले की जांच कर रही है। पीड़िता ने बताया कि इमामुद्दीन शेख नाम के युवक ने शादी का वादा किया था, लेकिन उसे धोखा दिया गया और उसके बिना सहमति के संबंध बनाए। साथ ही साथ 38 लाख रुपये भी ठग लिए। इस मामले की जांच अब पुणे की मुंधवा पुलिस द्वारा की जाएगी। इमामुद्दीन शेख के खिलाफ यह मामला पुणे में पिछले साल नवंबर में दर्ज हुआ था, जब पुलिस को पता चला कि शेख ने महिला के फ्लैट पर पुलिस की फर्जी आईडी का इस्तेमाल किया था। पुलिस ने जांच के दौरान पाया कि शेख का पता हैदराबाद के हुमायूं नगर में था। इसके अलावा, विरार में भी एक महिला डॉक्टर को धोखा देने का मामला सामने आया था, जिसमें उसने महिला से शादी का झांसा देकर धोखा दिया था।

शेख के खिलाफ एक और प्राथमिकी विरार में दर्ज की गई थी। आरोपी इमामुद्दीन शेख ने विरार में एक डॉक्टर को धोखा दिया था और उसे बदनाम करने के लिए उसकी अंतरंग तस्वीरें उसके रिश्तेदारों को भेज दी थीं। इसके बाद, महिला बैंकर ने भी महसूस किया कि उसके साथ भी ठगी की गई है और उसने मुंधवा पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। महिला बैंकर ने आरोप लगाया कि शेख ने उसे गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी थी। इमामुद्दीन शेख ने एक वैवाहिक वेबसाइट पर अपना प्रोफाइल पोस्ट किया था और महिला बैंकर से भ्रष्टाचार रोधी खुफिया समिति के एजेंट के रूप में संपर्क किया था। उसने महिला को नौकरी के झूठे सबूत भी दिखाए थे। कुछ दिनों बाद, शेख ने महिला बैंकर के फ्लैट में उसके सहमति के बिना उसके साथ यौन संबंध बनाए। इसके अलावा, उसने महिला से 55,000 रुपये वसूले और यह कहकर पैसे लिए कि वह लोनावाला में एक बंगला परियोजना में निवेश करना चाहता है। महिला ने यह पैसा अपने भाई की शादी के लिए अलग रखा था। आरोपी इमामुद्दीन शेख वर्तमान में हैदराबाद में जेल में बंद है। पुलिस उसे जल्द ही कोर्ट में पेश करने की तैयारी कर रही है।

# युवक को दिनदहाड़े उठा ले गए बदमाश सीसीटीवी में कैद हुई किडनैपिंग की घटना


संभाजी नगर, 10 जनवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के संभाजी नगर में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां दिनदहाड़े एक शख्स की किडनैपिंग का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि पुरानी रंजिश को लेकर शख्स को किडनैप किया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी पैसा वापस लेने के लिए गए थे, लेकिन पैसा नहीं मिला और उन्होंने शख्स को किडनैप कर लिया। वहीं घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें दिनदहाड़े शख्स को किडनैप करने की घटना को देखा जा सकता है। वहीं पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। मिली जानकारी के मुताबिक महाराष्ट्र के संभाजी नगर में कुछ लोग एक व्यक्ति से पैसा वापस लेने के लिए गए थे। हालांकि जब उन्हें पैसा नहीं मिला तो आरोपियों ने एक शख्स को किडनैप करने की कोशिश की। बताया जा रहा है कि आरोपियों ने लगभग 8 लाख रूपए की मांग थी।

आरोपियों ने शख्स को किडनैप किया और फिर उसे एक लोकेशन पर ले गए, लेकिन पीड़ित का फोन घटनास्थल पर ही गिर गया था। इसके बाद पुलिस ने जांच की और आरोपियों के बारे में भी पता लगाया। फिलहाल पुलिस ने इस मामले में कुछ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। सीसीटीवी फुटेज में देखा जा सकता है कि दिनदहाड़े शख्स को किस तरह से किडनैप किया गया है। सीसीटीवी फुटेज में कुछ लोग एक शख्स को पास में ही खड़ी कार में जबरन अंदर बैठाते हुए नजर आ रहे है। हालांकि उस शख्स के द्वारा इसका विरोध भी किया जाता है, लेकिन जबरन उसे धक्का देकर आरोप कार में बैठा लेते हैं। इसके बाद आरोप वहां से इतनी जल्दी में भागते हैं कि चलते-चलते ही वह कार का गेट बंद करते दिख रहे हैं। इसके बाद आरोपियों ने शख्स को किडनैप कर लिया और अंजान लोकेशन पर लेकर चले गए।

## हिमाचल में कोहरे और शीतलहर ने बढ़ाई परेशानी 11 जनवरी से दो दिन बारिश-बर्फबारी के आसार

शिमला, 10 जनवरी (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के कई जिलों में लगातार जारी शीतलहर व घना कोहरा छाए रहने से लोगों की दुश्वारियां बढ़ गई हैं। ऊना, हमीरपुर, मंडी और बरठीं में शीतलहर से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इसके अलावा बिलासपुर, ऊना, मंडी व देहरागोपीपुर में घना कोहरा छाने से वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। ऊना में कड़कड़ाती ठंड की वजह से शुक्रवार को सुबह लोग घरों में दुबके रहे। दुकानदार भी दुकानों के आसपास अलाव का सहारा लिया। राज्य के सात स्थानों पर न्यूनतम तापमान माइनस व तीन जगह शून्य डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार 11 जनवरी को राज्य में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश-बर्फबारी की संभावना है। 12 जनवरी को राज्य के मध्य और उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर बारिश-बर्फबारी व निचले पर्वतीय-मैदानी क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिशकी संभावना है। 13 जनवरी से पूरे प्रदेश में मौसम साफ रहने की संभावना है। वहीं अगले 24 घंटों के दौरान न्यूनतम और अधिकतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होने की संभावना है।

# डिलीवरी बॉय ने पकड़ा युवती का हाथ, बोला- 'तुम बहुत सुंदर हो'; पुलिस ने किया गिरफ्तार



वडोदरा, 10 जनवरी (एजेंसियां)। गुजरात के वडोदरा शहर में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। इसे जानकर आप के भी होश उड़ जाएंगे। दरअसल, वडोदरा में एक युवती ने जोमैटो से ऑनलाइन खाना ऑर्डर किया था। ऑर्डर लेकर पहुंचे युवक ने अचानक से युवती का हाथ पकड़ लिया और फिर उसे कहा कि वह उससे बहुत प्यार करता है। हालांकि युवती ने अपना हाथ छुड़ा लिया और परिजनों को इस बारे में जानकारी दी। इसके बाद मामले की शिकायत पुलिस से की गई। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इन दिनों ऑनलाइन फूड डिलीवरी का चलन काफी बढ़ गया है। इस दौरान कई सारी घटनाएं भी सामने आती हैं। इसी क्रम में वड़ोदरा में ऑनलाइन डिलीवरी करते समय डिलीवरी बॉय द्वारा एक महिला के साथ छेड़छाड़ का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां वडोदरा के एक अपार्टमेंट में रहने वाली युवती ने ऑनलाइन खाना ऑर्डर किया था। उसके ऑर्डर को जोमैटो का फूड डिलीवरी बॉय मोहम्मद अकमल फिरोजवाला ले गया था। लड़की को खाना देने के बाद उसने उसका हाथ पकड़ लिया। इसके बाद युवती हैरान रह गई। इस दौरान आरोपी ने युवती का हाथ पकड़कर कहा, तुम बहुत सुंदर हो और मैं तुम्हें बहुत पसंद करता हूं। हालांकि, लड़की ने डिलीवरी बॉय की हरकत देख तुरंत अपना हाथ छुड़ा लिया। उसने अपने परिजनों को इस घटना के बारे में जानकारी दी। वहीं परिवार के कहने पर लड़की ने लक्ष्मीपुरा थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। डीसीपी जोन-1 जुली कोठिया ने बताया कि आरोपी के खिलाफ युवती से छेड़छाड़ करने की शिकायत मिली थी। शिकायत के बाद आरोपी के बारे में जानकारी जुटाई गई और फिर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

स्वतंत्र वार्ता

शनिवार, 11 जनवरी - 2025

# धार्मिक आयोजनों में भगदड़

8 जनवरी को आंध्र प्रदेश के विश्व प्रसिद्ध मंदिरों के शहर तिरुपति में वैकुंठद्वार दर्शन में भगदड़ मचने से छह लोगों की मौत हो गई और 30 से अधिक घायल हो गए। जाहिर है सुरक्षा इंतजाम में खामी की वजह से हालात बेकाबू हुए। बीते सालों में धार्मिक स्थलों पर भगदड़ की कई घटनाएं हुई हैं, जिनमें हज़ारों लोगों की जान गई। फिर भी न सरकार चेती और न ही मंदिर प्रबंधन। उक्त घटना वैकुंठद्वार सर्वदर्शन टोकन जारी करने के दौरान हुई। रात करीब 8 बजे, तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के अधिकारियों ने विष्णु निवासम, श्रीनिवासम और पद्मावती पार्क सहित कई केंद्रों पर टोकन बांटना शुरू किया था। बताते हैं कि स्थिति तब बेकाबू हो गई जब एक बीमार भक्त को कतार से बाहर निकालने के लिए द्वार खोले गए। मौका देख सुबह से ही कतार में लगे कई भक्त बड़ी संख्या में आगे बढ़ गए। भीड़ प्रबंधन के अभाव में दो स्थानों पर भगदड़ मच गई। टीटीडी ने 10 जनवरी (एकादशी) को होने वाले वैकुंठद्वार दर्शन के लिए 1.2 लाख टोकन के वितरण की घोषणा की थी। टोकन नौ केंद्रों पर 94 काउंटरों के माध्यम से जारी किए जाने थे, लेकिन अधिक संख्या में लोगों के जुटने से आयोजकों के हाथ-पांव फूल गए। नतीजा आज दुनिया के सामने है। इसके पहले भी 2 जुलाई, 2024 को उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में एक धार्मिक आयोजन के दौरान हुई भगदड़ में 121 लोग मारे गए थे। इनमें अधिकतर महिलाएं और बच्चे शामिल थे। हाथरस में, पुलिस ने मण्डली के आयोजकों पर सबूत छिपाने और शर्तों का उल्लंघन करने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज किया। इसमें 2.5 लाख लोग एक ऐसे आयोजन स्थल पर जमा हुए, जिसमें सिर्फ 80,000 लोगों को ही जाने की अनुमति थी। बता दें कि पिछले 20 वर्षों में भारत भर में धार्मिक स्थलों और समारोहों में भगदड़ में 2,000 से ज़्यादा लोग मारे जा चुके हैं। लेकिन किसी भी त्रासदी में कानूनी बंदोबस्त की बमुश्किल ही कोई रिपोर्ट है। हद तो तब हो गई जब हाथरस कांड में स्वयंभू भगवान 'भोले बाबा' उर्फ नारायण सरकार हरि - जिन्हें सुनने के लिए भीड़ जमा हुई थी, का नाम एफआईआर में नहीं था। बता दें कि चाहे पवित्र स्नान की जल्दी हो, या मंदिरों की फिसलन भरी सीढ़ियां, या फिर हाथरस की तरह, जहां भगवान के कदम पड़े थे, वहां से मिट्टी लेने के लिए चढ़ना, यह एक क्षणिक 'सनक' है जो भगदड़ को जन्म देती है। हर ऐसी दुर्घटना में पैटर्न खुद को दोहराते हैं। इसके बाद भी जांच में शायद ही कभी जवाबदेही तय होती है। प्रशासन को मंजूरी देते समय यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आयोजन स्थल का लेआउट ठीक से बना हो। एंट्री और एग्जिटग गेट बंद न हों। कंट्रोल रूम हो, भीड़ की आवाजाही पर निगरानी हो, सार्वजनिक संबोधन प्रणाली हो। साथ ही भीड़ के घनत्व की निगरानी हो। ये ऐसे रिसोर्स हैं जो आयोजन से पहले उपलब्ध होने चाहिए। देखा जाए तो पिछली घटनाओं से सबक नहीं लिया जाता। पिछले पांच दशकों में एकत्र आंकड़ों पर आधारित 2014 के स्टडी के अनुसार, भारत में 79% भगदड़ की घटनाएं धार्मिक आयोजनों में हुई हैं। भारत में लगभग हर बड़ी भगदड़ धार्मिक समारोह के दौरान हुई है। और चूंकि यह धार्मिक मामला है, इसलिए उत्तर से दक्षिण, पूर्व से पश्चिम तक के अधिकारी दबे पांव घूमकर जिम्मेदार लोगों को खोजते हैं, न कि प्रशासन की खामियों में।

# जलवायु परिवर्तन पर भारत की भूमिका


डॉ.सुधाकर कुमार मिश्रा

वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों की जीवन शैली के प्रतिदर्श में सकारात्मक परिवर्तन के लिए भारत की भूमिका महत्वपूर्ण एवं प्रशंसनीय है। नीतियां और वैश्विक व्यवस्था की पहल समस्त बुराइयों पर राहत नहीं दे सकती जब तक भारत सहित वैश्विक समुदाय इस महायज्ञ में आहुति देने के लिए संकल्पित भाव से काम ना कर सके ।

किसी भी काम की गुणवत्ता ,उसके कार्यकर्ता के कार्य, प्रभाव, महत्वपूर्ण भूमिका और व्यक्तित्व से होता है। व्यक्तिगत क्रियाएं और मानवीय व्यवहार प्रतिदर्श जलवायु से संबंधित क्रियाएं और जलवायु से संबंधित मुद्दों के समाधान का एक महत्वपूर्ण भाग हो सकता है। वैश्विक स्तर पर जलवायु समस्या के समाधान के लिए भारत का प्रयास महत्वपूर्ण और आवश्यक है क्योंकि भारत वैश्विक स्तर पर उभरता नेतृत्व है जो विकसित और विकासशील राष्ट्र - राज्यों का नेतृत्व कर रहा है। भारत अपने लोगों को हरित विकल्पों और टिकाऊ उपभोग प्रतिदर्श अपनाने में सहयोगी है। यह अच्छी संक्रिया है जो चिरकाल तक युवाओं के व्यवहार में आकर उनकी आदत बन जाती है। भारत वैश्विक स्तर पर युवाओं को जलवायु अनुकूल और टिकाऊ उपभोग के प्रेरक कार्य जलवायु न्याय की दिशा में उपादेय सिद्ध होगा। प्रयागराज में आयोजित होने वाला₹ 'प्रयाग महाकुंभ, 2025' जलवायु न्याय की दिशा में सकारात्मक एवं प्रासंगिक उत्सव है। भारत संपूर्ण संसार के लिए एवं पृथ्वी ग्रह के स्वास्थ्य के रख रखाव के अपने मार्गदर्शक सिद्धांत के रूप में समानता और जलवायु न्याय के साथ एक सामूहिक यात्रा करने का क्षमता और धारिता रखता हैं। जलवायु परिवर्तन में भारत की भूमिका भूमंडलीय तापन और जलवायु परिवर्तन के खिलाफ वैश्विक स्तर के संघर्ष में महान योगदान है । भारत ने विकसित राष्ट्र- राज्यों और विकासशील राष्ट्र - राज्यों के लिए जलवायु परिवर्तन के लिए एक साथ कार्यान्वयन की नीति की अनुशंसा की है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ( आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत का कहना है कि पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रत्येक व्यक्ति, समाज, नागरिक समाज, नागरिक सरकार एवं संगठन को आगे आना होगा । किसी भी शुभावसर के लिए पहला कदम स्वयं चलना होता है। उत्पादन, वितरण एवं उपभोग के हर चरण में हम सभी को प्रकृति ,पर्यावरण और मातृ भूमि का ध्यान रखना चाहिए। वर्तमान में संपूर्ण दुनिया जलवायु संकट से जूझ रही है, तब भारत की ओर संपूर्ण विश्व समुदाय देख रहा है। भारत ने प्रकृति अनुकूल व्यवहार और परंपराओं से यह प्रमाणिकता अर्जित की है। वर्तमान में भारत ग्रीन हाउस गैसों (CHG) का तीसरा सबसे बड़ा उत्सर्जक है. इसके पीछे उत्तरदाई कारक है कि भारत वैश्विक स्तर पर दूसरी सबसे बड़ी जनसंख्या वाला राज्य है। भारत को ऐतिहासिक उत्सर्जन के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता जिसके लिए अधिकांश विकसित राष्ट्र - राज्य जिम्मेदार हैं । वर्तमान में भारत वैश्विक स्तर पर लगभग लगभग सभी बहुपक्षीय शिखर सम्मेलनों एवं बहुपक्षीय अंतरराष्ट्रीय संगठनों में नियम-निर्धारक की भूमिका निभा रहा है जो विशेष तौर पर वैश्विक भूतापन और जलवायु परिवर्तन से संबंधित है । भारत परंपरागत स्तर पर सरल जीवन शैली और व्यक्तिगत प्रथाएं, जो प्रकृति में टिकाऊ है, पृथ्वी माता के स्वास्थ्य की संरक्षा कर सकता है । यह कार्य निश्चित तौर पर भूमंडलीय तापन के प्रभाव को न्यून करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस कदम से प्राकृतिक आपदाओं का प्रभाव न्यून किया जा सकता है।

# क्या मायावती राष्ट्रीय दर्जा बचाने के लिए लड़ रही हैं दिल्ली चुनाव ?


अशोक भाटिया

**दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर देश की राजधानी में राजनीतिक माहौल काफी गरमाया हुआ है । मुख्य मुकाबला भाजपा , कांग्रेस व आप पार्टी के बीच दिखाई दे रहा है पर , मायावती की बहुजन समाज पार्टी ने भी आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए अपनी कमर कस ली है । बीएसपी जल्द ही दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों पर उम्मीदवार उतार रही है।**

चुनाव के इस रण में अचानक बसपा ने सभी सीटों पर लड़ने का एलान कर भाजपा व आप पार्टी के लिए मुसीबत कड़ी कर दी है । वैसे मायावती के हाथी का इस रण में उतरना कोई नई बात नहीं है । राजधानी दिल्ली में बसपा दिल्ली नगर निगम की 250 और दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों पर चुनाव लड़ती हुई आई है। साल 2008 में दिल्ली में 2 उम्मीदवार बसपा से जीत कर पहुंचे थे। हालांकि, 2013 के विधानसभा चुनाव में पार्टी किसी भी सीट से चुनाव नहीं जीती। हालांकि, इन सबके बाद बसपा ने साल 2009, 2014 और 2019 में दिल्ली में लोकसभा चुनाव भी लड़ा था, लेकिन कोई खास कामयाबी नहीं मिली। दिल्ली की राजनीति में बसपा ने चुनाव हर बार लड़ा, लेकिन दम नहीं दिखा पाई। वर्ष 2004 से 2024 तक हुए चार लोकसभा चुनाव में बसपा को इस बार सबसे कम वोट प्रतिशत मिला है। इस बार उसका वोट शेयर महज 0. 71 प्रतिशत रहा, जबकि वर्ष 2019 में 1.1 फीसदी रहा था। राजधानी दिल्ली में बसपा की छवि अब सिर्फ वोट काटने वाली पार्टी की बन गई है। यही नहीं पहले आम चुनाव फिर हरियाणा और जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव में मिली नाकामयाबियों से देश की एक मात्र दलितों के लिए राजनीति करने वाली राष्ट्रीय पार्टी बसपा पर नेशनल पार्टी का दर्जा छिनने का खतरा मंडराने लगा है। उत्तर प्रदेश सहित देश के कई राज्यों में लगातार घटते मत प्रतिशत के चलते बसपा को चिंता सता रही है। निर्वाचन आयोग इसकी समीक्षा करेगा तो बीएसपी का राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा बचा रहना मुश्किल हो जाएगा। उत्तर प्रदेश में चार बार बहुजन समाज पार्टी की सरकार रही। केंद्र में भी पार्टी के लोकसभा और राज्यसभा सांसद जीतते रहे हैं। कई राज्यों में भी पार्टी के विधायक चुनाव जीतने में सफल होते रहे। पार्टी का जनाधार देश भर में फैला और मूलरूप से उत्तर प्रदेश की इस पार्टी ने राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा हासिल कर लिया। बसपा उन आधा दर्जन पार्टियों में शामिल है जो राष्ट्रीय स्तर के राजनीतिक दल हैं, लेकिन हाल के कुछ सालों में बहुजन समाज पार्टी के लगातार गिरते प्रदर्शन से अब उसके सामने राष्ट्रीय स्तर का दर्जा बरकरार रख पाना भी बड़ी चुनौती साबित हो रहा है। हाल ही में जब हरियाणा और जम्मू कश्मीर के नतीजे आ गए। सभी राजनीतिक दलों की तरह ही बहुजन समाज पार्टी ने भी चुनाव परिणाम से बड़ी उम्मीद लगा रखी थी, लेकिन नतीजे पार्टी के पक्ष में नहीं आए और सारी उम्मीदों पर पानी फिर गया। हरियाणा में इंडियन नेशनल लोकदल के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ी बहुजन समाज पार्टी के कुल 37 सीटों पर प्रत्याशी मैदान में उतारे थे, लेकिन एक भी प्रत्याशी चुनाव जीतने में सफल नहीं हो पाया। अधिकतर उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई। पिछले चुनाव में जहां पार्टी का 4.74 फीसदी मत मिले थे, वहीं इस चुनाव में वोट प्रतिशत 3% घटकर सिर्फ 1. 82 फीसदी ही रह गया। जम्मू कश्मीर की स्थिति तो और भी बदतर हो गई। यहां पर पार्टी का मत प्रतिशत सिर्फ 0. 96 फीसद ही रह गया। पिछले कुछ चुनाव में बहुजन समाज पार्टी के प्रदर्शन की बात की जाए तो यह खस्ता हाल ही रहा है। उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में 2007 में बहुजन समाज पार्टी को 30. 43 फीसद वोट हासिल हुए थे और 206 सीटें जीतकर पार्टी बहुमत के साथ सत्ता में आई थी और पार्टी की सीटें सिर्फ 80 रह गईं। 2017 में जब चुनाव हुआ तो वोट प्रतिशत घटकर 22.23% और सीटें सिर्फ 19 रह गई 2022 में तो पार्टी की हालत और भी खस्ता हो गई । वोट प्रतिशत सिर्फ 12.58 रह गया और जबकि सीट सिर्फ एक ही रह गई। इसी तरह बात अगर अन्य राज्यों में की जाए तो उत्तराखंड में 2007 में बहुजन समाज पार्टी को 11.76 % वोट हासिल हुए थे और 8 सीटों पर पार्टी ने जीत हासिल की थी। 2012 में वोट फीसद बढ़कर 12.5 % हो गया, लेकिन सीटें तीन ही रह गईं । साल 2017 में पार्टी को बड़ा नुकसान हुआ। वोट सिर्फ 7 % रह गए और सीट एक भी न मिली। 2022 में यह अनुपात और भी कम हो गया। सीटें सिर्फ दो रह गईं और वोट प्रतिशत गिरकर 4.52 % रह गया। मध्य प्रदेश की बात की जाए तो साल 2008 में 8.97% वोट और सात सीटों पर पार्टी को जीत मिली। साल 2013 में 6.29% वोट और चार सीटें, 2018 में 5.01 % वोट और दो सीटें हासिल हुईं। 2023 में 3.35% वोट मिले और सीट एक भी न बची। छत्तीसगढ़ में 2008 में 6.11% वोट और दो सीटें, 2013 में 4.30 % वोट और एक सीट, 2018 में 3.90 % वोट और दो सीटें, 2023 में 2. 57 % वोट और सीट एक भी न मिली। राजस्थान में साल 2008 में बहुजन समाज पार्टी का वोट बैंक 7.5 0% था और छह सीटों पर पार्टी के विधायक बने थे । 2013 में वोट प्रतिशत 4. 20 % रह गया और सीटें घटकर तीन रह गईं। 2018 में वोट प्रतिशत 4.02 % रह गया लेकिन सीटें छह हो गईं। 2023 में वोट प्रतिशत बहुत ज्यादा गिरकर 1.82% रह गया और सीटें भी सिर्फ दो रह गईं । बता दें कि, किसी भी राजनीतिक दल को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा हासिल करने के लिए तीन मानक होते हैं। इन सभी मानकों पर खरा उतरने वाली पार्टी को ही चुनाव आयोग की तरफ से राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा दिया जाता है। पहला मानक यह है कि कम से कम चार राज्यों में लोकसभा या विधानसभा चुनाव लड़े और उनमें कम से कम छह फीसद से ज्यादा वोट हासिल करे। इतना ही नहीं इन राज्यों से कम से कम चार लोकसभा प्रत्याशी चुनाव जीत कर आए। दूसरा मानक ये है कि कम से कम चार राज्यों में राज्य स्तरीय पार्टी का दर्जा हासिल करे और तीसरा मानक यह है कि कुल सीटों में से कम से कम तीन राज्यों से दो प्रतिशत सीटें वह जीत जाए। चुनाव आयोग ने पिछले साल अप्रैल में पार्टियों के चुनाव में प्रदर्शन की समीक्षा की थी और आम आदमी पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा दिया था तो टीएमसी और एनसीपी से दर्जा छीन लिया था। तब बहुजन समाज पार्टी का राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा इसलिए कायम रहा था क्योंकि वह चार राज्यों में क्षेत्रीय पार्टी थी। छत्तीसगढ़, तेलंगाना, एमपी, राजस्थान और मिजोरम के चुनाव हुए नहीं थे। इससे पहले 2018 के चुनाव में बसपा राजस्थान में छह सीटों पर जीत हासिल की थी। छत्तीसगढ़ में उसके पास दो सीटें थीं। इस प्रकार तीन सीटें या तीन प्रतिशत सीटों पर जीत के आधार पर वह यहां राज्य स्तरीय पार्टी बनी रही थी।

इसी तरह उत्तराखंड में दो सीटें जीतकर राज्य स्तरीय पार्टी बन गई थी। उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव में छह फीसद से ज्यादा वोट हासिल कर और लोकसभा सीट जीतने के आधार पर राज्य स्तरीय पार्टी बनी रही। यही वजह है कि उसका राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा बरकरार रहा।वरिष्ठ राजनीतिक विश्लेषक मनमोहन अग्रवाल का कहना है कि, बहुजन समाज पार्टी की स्थिति खराब होती जा रही है। पार्टी ने पिछले यूपी विधानसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पाया। सिर्फ एक ही विधायक जीत पाया। वह भी उमाशंकर सिंह। जो अपने दम पर भी जीत सकते हैं। लोकसभा चुनाव में 2019 में समाजवादी पार्टी से गठबंधन किया तो 0 से 10 सीटों पर बीएसपी पहुंच गई, लेकिन 2024 में जब पार्टी ने अकेले दम चुनाव लड़ा तो लोकसभा में फिर से जीरो पर आ गई। अब हरियाणा और जम्मू कश्मीर में भी विधानसभा चुनाव में पार्टी को कुछ नहीं मिला। मत प्रतिशत भी लगातार गिरता ही जा रहा है। ऐसे में यह सच है कि अगर इलेक्शन कमीशन ने समीक्षा की तो बीएसपी के राष्ट्रीय पार्टी के दर्जे पर संकट खड़ा हो सकता है।

# सरकार ने सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की सुध ली


मनोज अग्रवाल

मोदी सरकार ने सड़क दुर्घटनाओं के पीड़ितों को कैशलेस उपचार देने का जो ऐलान किया है, वह न सिर्फ प्रर्सनीय पहल है, बल्कि मानवीय दृष्टिकोण से काफी सराहनीय कदम है, क्योंकि इस एक ऐलान से लाखों जिंदगियों के बचने की संभावना बढ़ जायेगी। यह विडंबना है कि कि दुनिया की आबादी के लिहाज से वाहनों की संख्या में एक प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाला भारत, सड़क दुर्घटनाओं से मौत के वैश्विक आंकड़ों में 10 प्रतिशत से ज्यादा की हिस्सेदारी रखता है। इन मौतों का प्रमुख कारण घायलों को समय से इलाज नहीं मिल पाना है। देश में ऐसे लाखों लोग हैं, जो दुर्घटना के बाद अपने परिजनों को तुरंत इलाज के। लिए पैसे एकत्रित नहीं कर पाते हैं और इलाज के अभाव में लोगों की मौत हो जाती है। साथ ही लोग अब घायलों को अस्पताल पहुंचाने से भी नहीं हिचकेंगे, क्योंकि उनको अब इलाज की चिंता नहीं रहेगी। माना जाता है कि लोग घायलों को अस्पताल नहीं पहुंचाते हैं कि कहीं बिल भी उन्हें ही चुकाना पड़ जाए। हकिकत यही है कि सड़क पर हादसे से घायल पड़े व्यक्ति को राहगीर अस्पताल पहुंचाने में काफी लापरवाही बरतते हैं। उसके बाद यदि वह किसी तरह अस्पताल पहुंच गया, तो उसके इलाज का खर्च कौन देगा, यह तय कराने में अस्पताल वाले जुट जाते हैं। इस समस्या से निपटने के लिए सरकार कैशलेस योजना शुरू करने जा रही है। इसके लागू होने के बाद से त्वरित उपचार तो मिलेगा ही, घायलों को अस्पताल पहुंचाने से भी लोग नहीं हिचकेंगे, इससे जिंदगियों को बचाने में काफी मदद मिलेगी। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कैशलेस उपचार योजना का ऐलान करते हुए जानकारी दी है कि अगर पुलिस को हादसे के 24 घंटे के अंदर सूचना दे दी जाती है, तो सरकार 1.5 लाख तक के इलाज का पूरा खर्च उठाएगी। यह योजना किसी भी श्रेणी की सड़क पर मोटर वाहनों के कारण होने वाली सभी सड़क दुर्घटनाओं पर लागू होगी। हिट एंड रन के मामलों में भी पीड़ित परिवारों को दो लाख रुपये तक मुआवजा दिया जाएगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए), पुलिस, अस्पताल और राज्य स्वास्थ्य एजेंसी आदि के समन्वय से कार्यक्रम के लिए कार्यान्वयन एजेंसी होगी। कार्यक्रम को सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के ई-विस्तृत दुर्घटना रिपोर्ट (ईडीएआर) एप्लिकेशन और एनएचए की लेन-देन प्रबंधन प्रणाली की कार्यक्षमता को मिलाकर एक आईटी मंच के माध्यम से कार्यान्वित किया जाएगा।

नेशनल हेल्थ अथॉरिटी (NHA) पुलिस, हॉस्पिटल्स और राज्य स्वास्थ्य एजेंसियों के साथ मिलकर प्रोग्राम के इम्प्लीमेंटेशन की देख-रेख करेगी. यह एक IT प्लेटफॉर्म के जरिए ऑपरेट होगा, जो सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के ई-डीटेल्ट एक्सिडेंट रिपोर्ट (eDAR) एप्लिकेशन को NHA की ट्रांजैक्शन मैनेजमेंट सिस्टम के साथ मिलाएगा. यह पहल 14 मार्च, 2024 को चंडीगढ़ में एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू हुई और बाद में इसे 6 अन्य राज्यों में विस्तारित किया गया. इसका टारगेट हादसे के बाद वक्त पर मेडिकल केयर सुनिश्चित करना है।

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री के अनुसार पायलट कार्यक्रम की व्यापक रूपरेखा के अनुसार पीड़ित दुर्घटना की तारीख से अधिकतम सात दिन के भीतर प्रति व्यक्ति अधिकतम 1.5 लाख रुपये तक 'कैशलेस' उपचार का हकदार है। सरकार इस साल मार्च तक एक संशोधित योजना लेकर आएगी। दरअसल मोदी सरकार ने मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 162 में वर्ष 2019 में संशोधन करते हुए सड़क दुर्घटनाओं के कैशलेस इलाज को कानूनी अनिवार्यता दे दी है। पायलट प्रोजेक्ट के तहत यह योजना अभी छह राज्यों- केंद्र शासित प्रदेशों में चल रही है। इसके सफल होने के बाद देश भर में लागू करने की तैयारी है। कैशलेस इलाज की योजना अभी असम, हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड, चंडीगढ़ और पुडुचेरी में लागू है। नीति आयोग और एम्स की रिपोर्ट के हिसाब से 30 प्रतिशत मृत्यु जो हुई हैं, वह दुर्घटना के तुरंत बाद स्वास्थ्य सेवाएं न मिलने के कारण हुई, इसीलिए यह कैशलेस योजना लाई गई थी। अभी तक इससे 2100 लोगों की जान बची है और अधिकतम 1,25,000 रुपये ही इलाज के लिए देने की जरूरत पड़ी है। जल्द ही यह योजना उत्तर प्रदेश में शुरू हो रही है और योजना के सकारात्मक परिणाम के आधार पर तीन माह में पूरे देश में लागू करने का विचार है। दरअसल देश में प्रतिवर्ष सड़क दुर्घटनाओं में 1.80 लाख लोगों की मौत होती है। इनमें 60 प्रतिशत यानी सर्वाधिक संख्या 18-34 वर्ष आयुवर्ग के युवाओं को होती है। गडकरी ने इस बात पर दुख जताया कि लोगों में कानून का डर नहीं है और तमाम लोग बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चलाने के साथ लाल बत्ती पार करते हैं। उन्होंने बताया कि 2024 में 1.80 लाख लोगों की सड़क हादसों में जान चली गई और इसमें से 30 हजार मौतें हेलमेट न पहनने के कारण हुई। इसके अलावा स्कूल-कॉलेजों और शैक्षिणिक संस्थानों के पास प्रवेश और निकास बिंदुओं पर व्यवस्था न होने से हादसों में 10 हजार बच्चों की मौत हो गई। अपने देश में सड़क हादसों में प्रति 10,000 किलोमीटर पर मरने वालों की दर 250 है, जबकि अमेरिका, चीन और ऑस्ट्रेलिया में यह क्रमशः 57, 119 और 11 है। सड़क सुरक्षा के प्रति लापरवाही, अतिक्रमण और सड़कों पर घूमते आवारा पशु, बसों और दूसरे वाहनों के रख-रखाव में लापरवाही, शराब पीकर गाड़ी चलाना, वाहनों की बेलगाम रफ्तार, हेलमेट और सीट बेल्ट के इस्तेमाल के प्रति कोताही और अनेक मामलों में ड्राइविंग लाइसेंस का फर्जी होना सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण हैं। लोगों के पास वाहन हैं और आसपास अच्छी सड़कें भी हैं, लेकिन सही तरीके से गाड़ी चलाने का प्रशिक्षण ज्यादातर लोगों के पास नहीं है। कुल सड़क नेटवर्क में राजमागों की हिस्सेदारी महज पांच फीसदी है, लेकिन कुल सड़क हादसों में इनकी हिस्सेदारी 60 प्रतिशत है। राज्य और केंद्र स्तर पर हस्तक्षेपों के बावजूद सड़क सुरक्षा मानकों में बहुत कम सुधार हुआ है। नितिन गडकरी के मुताबिक गलत सड़क इंजीनियरिंग भी हादसों का एक बड़ा कारण है। पिछले एक दशक में सड़क हादसों में देश में लगभग 15 लाख से ज्यादा लोग मारे गये हैं, जो बहरीन की आबादी के बराबर है। इन हादसों में जान गंवाने वाले ज्यादातर कामकाजी आबादी का हिस्सा होते हैं। इन हादसों का संबंधित परिवारों के साथ-साथ अर्थव्यवस्था पर भी असर पड़ता है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय 2025 तक सड़क हादसों में कमी लाना चाहता है। 'द लैसेट' का भी मानना है कि सड़क सुरक्षा के उपायों में सुधार लाकर भारत में सालाना 30,000 लोगों की जान बचायी जा सकती है।

# गुटका पसंद बौव्वा


डॉ. सुरेश मिश्रा

सूरज ढल रहा था, और चौराहे की गुमटी पर बैठा एक शख्स, जिसे हम बौव्वा कहेंगे, जिंदगी के सबसे गंभीर मुद्दे सुलझा रहा था— पत्तों का खेल। मुंह में ठुंसी गुटके की गंध और लाल दांतों की चमक के बीच बौव्वा ने पत्ते फेंके जैसे वह किसी साम्राज्य का निर्णय सुना रहा हो। तभी, फोन की घंटी बजी। फोन पर आवाज आई, बौव्वा, अब बहुत हो गई तैयारी, घर लौट आ। यह आवाज उसके पिता की थी, जिनका दिल तो गांव में था, लेकिन दिमाग बेटे की महानता पर संदेह से भरा था। बौव्वा ने एक लंबी सांस ली, जैसे किसी युद्धभूमि पर विजय के बाद आराम कर रहा हो। वह बोला, पापा, अब घर आयेंगे तो पर्दे वाली इनोवा में आयेंगे, वरना नहीं आयेंगे। गुमटी पर बैठे लोग, जो खुद भी पत्तों के खिलाड़ी थे, बौव्वा की इस शाही घोषणा पर तालियां बजाने लगे। उनके लिए यह राजा का फरमान था। कमला पसंद से सजे लाल दांत जब मुस्कुराए, तो ऐसा लगा जैसे कोई खजाना मिल गया हो। ये होती है राजा वाली क्वालिटी, बौव्वा ने गर्व से कहा। राजा कभी विचलित नहीं होता। राजा खुद तो स्थिर रहता है, लेकिन अपनी प्रजा को विचलित कर देता है। यह सुनकर उसके दोस्त, जो खुद को राजा के दरबार के मंत्री समझते थे, सिर हिला-हिलाकर सहमति जता रहे थे। बौव्वा का सपना था—एक दिन गांव में इनोवा लेकर जाना। वह मानता था कि इनोवा में पर्दे होने से उसका कद राजा जैसा हो जाएगा। गांव में पिता बौव्वा की वापसी के इंतजार में बैठे थे। उन्होंने सपने देखे थे कि बेटा शहर जाकर कुछ बड़ा करेगा। लेकिन बौव्वा ने शहर में जाकर जो किया, वह कमला पसंद और पत्तों के खेल का विशेषज्ञ बनना था। एक दिन, बौव्वा को खबर मिली कि गांव में उसके पिता बीमार हैं। डॉक्टर ने कहा, अब उनके पास ज्यादा समय नहीं है। यह खबर सुनकर भी बौव्वा विचलित नहीं हुआ। उसने अपने मंत्रियों से कहा, अब गांव जाएंगे, लेकिन इनोवा के बिना नहीं। राजा अपनी शर्तों पर चलता है। उसने दोस्तों से उधार मांगा, गुटका पसंद की बिक्री बढ़ाई, और आखिरकार एक इनोवा किराए पर ली। वह इनोवा में पर्दे लगवाकर गांव पहुंचा। गांव में जब बौव्वा उतरा, तो सब उसे देखने आए। पिता की हालत गंभीर थी। बौव्वा ने गर्व से कहा, पापा, देखो, पर्दे वाली इनोवा लेकर आया हूं। अब बताइए, राजा वाली क्वालिटी है या नहीं? पिता ने कमजोर आवाज में कहा, बेटा, राजा वही होता है जो अपनी प्रजा का ख्याल रखे। इनोवा के पर्दे तुम्हें राजा नहीं बनाते। तुम्हारे लाल दांत और गुटका पसंद तुम्हारे साम्राज्य की पहचान नहीं हो सकती। पिता की बात सुनकर बौव्वा के चेहरे से मुस्कान गायब हो गई। वह समझ नहीं पाया कि उसने जो सपना देखा, वह सिर्फ उसका भ्रम था। वह दौड़कर पिता के पास गया, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी।

# इंटरनेट के दौर में कम हो रही है पठनीयता !


सुनील कुमार महला

आज सोशल मीडिया का दौर है। सूचना क्रांति के इस दौर में आज पठनीयता का अभाव हो गया है। आज से दस-बीस बरस पहले लोग जितने अखबार और पत्र-पत्रिकाएं पढ़ा करते थे, आज शायद उतना कोई नहीं पढ़ता है। पुस्तकालय में जाकर तो आज कोई व्यक्ति पुस्तक, पत्रिका या अखबार इश्यू करवाकर तो शायद ही पढ़ता होगा क्योंकि आज विभिन्न पठनीय सामग्री इंटरनेट, सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर आसानी से उपलब्ध हो जाती है।आज के जमाने में विभिन्न ई-बुक्स, ई-पत्रिकाएं, ई-अखबार आसानी से कहीं भी, कभी भी उपलब्ध हो जाते हैं, बशर्ते कि वहां इंटरनेट की उपलब्धता हो। पढ़ना बहुत ही जरूरी है क्योंकि पढ़ने से ज्ञान की प्राप्ति होती है और किसी लेखन सामग्री को हार्ड कापी के रूप में पढ़ने का आनंद और अनुभूति तो कुछ अलग ही होती है। आज हम लाइब्रेरी में पुस्तकें देखते हैं लेकिन बुक इश्यू करवाकर पढ़ना पसंद नहीं करते। सबकुछ इंटरनेट पर ही पढ़ना चाहते हैं। टीवी और मल्टीप्लेक्स युग के कारण भी आज पत्र-पत्रिकाओं पर खतरा पैदा हुआ है। यहां तक कि आज विभिन्न पत्र-पत्रिकाएं, पुस्तकें आडियो रूप में भी हमें उपलब्ध होने लगीं हैं लेकिन जो आनंद की अनूभूति किसी पत्र-पत्रिका, अखबार, पुस्तक को हाथ में लेकर पढ़ने से होती है, वह शायद इंटरनेट पर कभी नहीं हो सकती है। आज ई बुक, फ्लिप फॉर्मेट, पीडीएफ में सॉफ्ट स्वरूप में विभिन्न सामग्री पढ़ने को मिल जाती है लेकिन कोई भी लगातार इंटरनेट पर इन सामग्रियों को उस रूप में नहीं पढ़ पाता है जितना कि उन्हें हाथ में फिजिकल रूप से अपने समक्ष लेकर पढ़ता है। कहना ग़लत नहीं होगा कि पिछले कुछ सालों में लेखन और अभिव्यक्ति की शैली बहुत ही तेजी से बदली है। आज लेखकों द्वारा माइक्रो ब्लागिंग की जा रही है। लेखक आज लेखन के लिए इंटरनेट, सोशल नेटवर्किंग साइट्स, ई-मेल का प्रयोग करने लगे हैं। कोई भी लेखक आज काग़ज़ कलम हाथ में लेकर नहीं लिखता क्योंकि लेखन को इंटरनेट, ई-मेल, सोशल नेटवर्किंग साइट्स ने काफी आसान बना दिया है। कहना ग़लत नहीं होगा कि आज नई पीढ़ी में पठनीयता का तेजी से ह्रास हुआ है। आज मुद्रण भी एक चुनौती है क्योंकि मुद्रण के लिए अर्थ यानी कि धन या वित्त की भरपूर आवश्यकता होती है। सच तो यह है कि आज पत्र-पत्रिकाओं के ई-वर्जन आ चुके हैं। आज शायद ही पहले की तरह हस्त लिखित और सा य व लो स टा ई ल पत्रिकाएं आतीं हैं। आज की युवा पीढ़ी तो वैसे भी हाथ से लिखने और किसी पुस्तक को प्रत्यक्ष अपने हाथों में लेकर पढ़ने की आदी नहीं रही, क्यों कि उन्हें इंटरनेट, सोशल नेटवर्किंग साइट्स से ही फुर्सत नहीं है। समय के साथ पठनीयता में बहुत बदलाव आ चुके हैं।वास्तव में, पठनीयता शब्द से तात्पर्य उन सभी कारकों से है जो किसी पाठ को पढ़ने और समझने में सफलता को प्रभावित करते हैं। कहना ग़लत नहीं होगा कि पठनीयता को पाठक की रुचि और प्रेरणा, प्रिंट की पठनीयता (तथा किसी भी चित्र की), पाठक की पठन क्षमता के संबंध में शब्दों और वाक्यों की जटिलता जैसे कारक खासतौर पर प्रभावित करते हैं। आज पाठकों में पढ़ने के प्रति रूचि का अभाव है, क्यों कि आज मनोरंजन के अनेक साधनों का विकास हो चुका है। टीवी, मल्टीप्लेक्स, सोशल नेटवर्किंग साइट्स ने कहीं न कहीं पठनीयता पर व्यापक असर डाला है। पहले की तुलना में अब काग़ज़ के इस्तेमाल पर भी जोर कम हो गया है। विभिन्न कार्यालयों में, कंपनियों में आज सभी काम इंटरनेट के माध्यम से सम्पन्न होते हैं। ई-आफिस, ई-फाइल का कंसेप्ट आज आ चुका है। मुद्रण, टाइपिंग का अब जमाना लगभग लगभग जा चुका है और हम लगातार पुस्तकों, अखबारों, पत्रिकाओं के ई-वर्जन, आडियो वर्जन की ओर बढ़ने लगे हैं। कहना ग़लत नहीं होगा कि आज के जमाने में साहित्यिक किताबों, अखबारों की मुद्रण संख्या में अभूतपूर्व कमी हुई है। आज आडियो बुक्स सुनीं जातीं हैं, हार्ड नहीं बल्कि साफ्ट कापियां आज आदमी के जीवन का अहम् और महत्वपूर्ण हिस्सा होती चली जा रहीं हैं। पुस्तकों के किंडर वर्जन आज उपलब्ध हैं। कहना ग़लत नहीं होगा कि समय के साथ पढ़ने-लिखने के तरीकों में आमूल-चूल परिवर्तन हुए हैं। कहते हैं कि परिवर्तन संसार का नियम है और आदमी को जमाने के साथ चलना पड़ता है। निश्चित ही इससे हमारे पर्यावरण की रक्षा, संरक्षण की ओर एक कदम जरूर बढ़ा है, लेकिन यह भी सत्य ही है कि आज पहले के जमाने सी पठनीयता पाठकों में नहीं रही। स्क्रीन हमारे मन-मस्तिष्क, हमारे स्वास्थ्य पर कितना बुरा प्रभाव डालतीं है,यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है।

# गुरु ग्रह का आपकी राशि पर कैसा रहेगा असर

## एक राशि में करीब 13 महीने रहता है गुरु, लेकिन 2025 में कई बार राशि बदलेगा गुरु



नौ ग्रहों में शनि और राहु-केतु के बाद गुरु ग्रह सबसे ज्यादा समय तक एक राशि में रहता है, ये ग्रह करीब 13 महीने में राशि बदलता है, लेकिन 2025 में गुरु तीन बार अपनी राशि बदलेगा, ऐसा गुरु के वक्री होने की वजह से होगा। ऐसा योग कई वर्षो में एक बार बनता हैं।

वर्ष 2025 की शुरुआत में गुरु वृषभ राशि में वक्री है, 4 फरवरी को ये ग्रह वृषभ राशि में मार्गी होगा। वक्री यानी पीछे की ओर चलना और मार्गी यानी आगे की ओर चलना। 15 मई गुरु राशि बदलकर मिथुन राशि में प्रवेश करेगा। 2025 से पहले 20213 में ये ग्रह मिथुन राशि में था। इस 19 अक्टूबर को गुरु कर्क में प्रवेश कर लेगा। कर्क राशि में ही ये ग्रह 12 नवंबर से वक्री हो जाएगा। वक्री रहते हुए ही ये ग्रह 3 दिसंबर को राशि बदलकर मिथुन में आ जाएगा। इस तरह से गुरु 2025 में तीन बार राशि बदलेगा।

**मेष-** आपके लिए इस साल गुरु लाभकारी रहेगा। शुरुआती असफलताओं के बाद सफलता मिलेगी। समय अच्छा रहेगा। व्यापार शुरू होगा।

**वृष-** आपके लिए गुरु अनुकूल रहेगा। पहले से बेहतर स्थितियां रहेंगी। धन लाभ होगा और विवाह में आ रही रुकावटें दूर होंगी।

**मिथुन-** गुरु धीरे-धीरे आपको लाभ की स्थिति में ले आएगा। शत्रुओं पर नियंत्रण और सरकार से मदद दिलाने में मदद करेगा। परिवार पर आपका नियंत्रण रहेगा।

**कर्क-** आपके लिए गुरु दिक्कतें बढ़ा सकता है, लेकिन जो लोग दोपहर में जन्मे हैं, उनके लिए गुरु सुखद फल देने वाला रह सकता है। इनके अटके हुए काम पूरे होंगे।

**सिंह-** इस राशि के लिए गुरु लाभकारी रहेगा। आपको अप्रत्याशित सफलताएं मिलेंगी। आपको अतीत की समस्याओं से मुक्ति मिलेगी। धन लाभ के साथ-साथ प्रतिष्ठा भी मिलेगी।

**कन्या-** गुरु व्यापार में लाभ और उन्नति दिलाएगा। परिवार में खुशियां आएंगी और वाहन की प्राप्ति होगी। कर्ज संबंधी समस्याओं को सुलझाने का मौका मिलेगा।

**तुला-** इन लोगों के स्वास्थ्य में गुरु सुधार लाएगा और अटका हुआ धन वापस दिलाएगा। धार्मिक कार्यों और खर्च की संभावना है।

**वृश्चिक-**आपके लिए गुरु खर्च बढ़ाएगा। व्यापार में अच्छी स्थिति रहेगी। निर्माण कार्य करने वालों को आर्थिक नुकसान होने की संभावना है। निवेश सोच-समझकर करें।

**धनु-** गुरु ग्रह नौकरी और व्यापार में प्रतिष्ठा के साथ धन भी दिलाएगा। विवादों को सुलझाने का मौका मिलेगा। विरोधियों से समझौता करने में भलाई है।

**मकर-**गुरु की वजह से दूसरों के प्रति आपका रवैया सख्त हो सकता है। इसे सुधारने से आपको कई संकटों से बचेंगे। अपना रवैया सभ्य रखें। शांति से काम लें।

**कुंभ-**गुरु की वजह से नया जोश और उत्साह मिलेगा। योजना के अनुसार काम होने से आप प्रसन्न रहेंगे। कार्यस्थल पर मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मीन-**गुरु धन हानि होने का संकेत दे रहा है। सावधान रहें, किसी भी तरह के निवेश में जल्दबाजी न करें। अजनबियों पर भरोसा न करें, वर्ना हानि हो सकती है।

# साल का पहला शनि प्रदोष कल



हिंदू धर्म में महादेव देवों के देव कहलाते हैं। कहा जाता है कि महादेव की भक्ति काफी सरल होती है। उन्हें एक लोटे जल से भी प्रसन्न किया जा सकता है, वे अपने भक्तों को आशीर्वाद और वरदान जल्द ही दे देते हैं। इसलिए मनोकामना रखने वाले लोग भगवान शिव की भक्ती करते हैं। ऐसे में कई लोग हर महीने आने वाले प्रदोष व्रत को भी रखते हैं। कहा जाता है कि प्रदोष व्रत रखने वाले व्यक्ति के समस्त दोषों का नाश होता है और उसके मनोकामना भी पूर्ण होती है।

प्रदोष व्रत हर महीने की त्रयोदशी तिथि के दिन रखा जाता है। इस दिन महादेव और माता पार्वती की पूजा की जाती है। इस दिन भोले के भक्त प्रदोष व्रत रखते हैं और प्रदोष काल में विधि-विधान से पूजा अर्चना करते हैं। वहीं साल 2025 में साल का पहला प्रदोष व्रत त्रयोदशी तिथि शनिवार के दिन पड़ने वाला है।

त्रयोदशी तिथि के दिन पड़ रहे प्रदोष व्रत का काफी महत्व है इस दिन भगवान शिव की पूजा के समय शिव मंत्रों का जाप करना अत्यंत फलदाई माना जाता है। साल के पहले प्रदोष व्रत के दिन नटराज स्तुति मंत्र का जाप करने से भगवान शिव की असीम कृपा प्राप्त होती है। तो आइए जानते हैं साल का पहला प्रदोष व्रत कब है और क्या लाभ मिलता है नटराज मंत्र का जाप करने से पौष माह के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथ 11 जनवरी को सुबह 8 बजकर 21 मिनट पर प्रारंभ हो रही है और 12 जनवरी को सुबह 6 बजकर 33 मिनट पर समाप्त होगी। इसके अनुसार प्रदोष व्रत 11 जनवरी शनिवार को रखा जाएगा। वहीं प्रदोष की पूजा प्रदोष काल में की जाती है तो ऐसे में प्रदोष काल पूजा मुहूर्त शाम 5 बजकर 43 मिनट से 8 बजकर 26 मिनट तक रहेगा।

**प्रदोष व्रत के दिन करें नटराज स्तुति मंत्र का जाप**

प्रदोष व्रत के दिन पूजा के बाद शिव मंत्रों के जाप करने से महादेव प्रसन्न होते हैं और भक्तों पर असीम कृपा करते हैं। इसके साथ ही प्रदोष व्रत के दिन नटराज स्तुति पाठ करना भी लाभकारी होता है।

# नागा साधु करते हैं ये 17 श्रृंगार, उसके बाद बढ़ते हैं शाही स्नान के लिए आगे




महाकुंभ का भव्य आयोजन प्रयागराज में इस साल लगने जा रहा है। कुंभ के मेले में नागा साधु आकर्षण का केंद्र होते हैं, इनकी जीवन शैली और पहनावा लोगों के लिए आश्चर्य का विषय होता है। दुनिया से विरक्त नागा साधु बड़ी संख्या में महाकुंभ मेले में शामिल होते हैं। ये संसार के मोहमाया के बंधनों को तोड़ चुके होते हैं लेकिन श्रृंगार का ये भी पूरा ध्यान रखते हैं। शाही स्नान में शामिल होने से पहले नागा साधु 17 श्रृंगार करते हैं। आज हम आपको इसी विषय में अपने इस लेख में जानकारी देने वाले हैं। आइए जान लेते हैं नागा साधुओं के इन 17 श्रृंगारों के बारे में।

नागा साधु शाही स्नान से पहले करते हैं श्रृंगार महाकुंभ के दौरान नागा साधु सबसे पहले शाही स्नान करते हैं। धर्म के प्रति नागा साधुओं की निष्ठा को देखते हुए सम्मानपूर्वक नागा अखाड़ों को प्रथम स्नान की अनुमति दी जाती है। नागा साधु भी भव्य रूप से शाही स्नान की तैयारियां करते हैं। माना जाता है कि नागा साधु शाही स्नान से पहले 17 श्रृंगार करते हैं और उसके बाद ही पवित्र डुबकी लगाते हैं। आइए जान लेते हैं नागाओं के इन सत्रह श्रृंगारों के बारे में।

**नागाओं के 17 श्रृंगार**

**भभूत,लंगोट,चंदन, पैरों में कड़ा (चांदी या लोहे का),पंचकेश,अंगूठी,फूलों की माला (कमर में बांधने के लिए),हाथों में चिमटा माथे पर रोली का लेप,डमरू,कमंडल,गुथी हुई जटा,तिलक,काजल ,हाथों का कड़ा, विभूति का लेप, रुद्राक्ष**

नागा साधुओं के लिए माहकुंभ का मेला बहुत अहमियत रखता है। इसलिए सत्रह श्रृंगार करके नागा साधु इस दौरान पवित्र नदी में डुबकी लगाते हैं। महाकुंभ के दौरान ही 12 साल के कड़े तप के बाद नागा साधुओं की दीक्षा भी पूर्ण होती है। नागा साधु महाकुंभ में तब डुबकी लगाते हैं जब उनकी साधना पूरी होती है और उनका शुद्धिकरण हो चुका होता है। इसके ठीक उलट आम लोग गंगा में डुबकी लगाने के बाद शुद्ध होते हैं।

**महाकुंभ 2025**

महाकुंभ का मेला 2025 में 13 जनवरी से शुरू होगा। हालांकि पहला शाही स्नान 14 जनवरी को मकर संक्रांति के दिन किया जाएगा। इस दिन नागा साधु सबसे पहले पवित्र संगम में डुबकी लगाएंगे। इसके बाद ही आम लोग डबकी लगाएंगे। महाकुंभ का यह पावन पर्व लगभग 44 दिनों तक चलेगा। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के दिन अंतिम स्नान किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार, 2025 में महाकुंभ के दौरान प्रयागराज में 35 से 40 करोड़ श्रद्धालु डुबकी लगाएंगे।

# प्रयागराज में शाही स्नान

महाकुंभ के दौरान पहला शाही स्नान मकर संक्रांति के दिन यानि 14 जनवरी को किया जाएगा। इसके बाद 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के दिन दूसरा शाही स्नान होगा और 3 फरवरी बसंत पंचमी के दिन तीसरा शाही स्नान किया जाएगा। हालांकि, माघी पूर्णिमा और महाशिवरात्रि के दिन भी कुंभ का स्नान किया जाएगा लेकिन इन्हें शाही स्नान नहीं कहा जाएगा।

**क्यों कहते हैं शाही स्नान ?**

कुंभ के दौरान कुछ प्रमुख तिथियों पर किए जाने वाले स्नान को शाही स्नान कहा जाता है। यह नाम सांस्कृतिक रूप से बेहद खास माना जाता है। इस नाम को लेकर विद्वानों की अलग-अलग राय है। कुछ लोग मानते हैं कि, नागा साधुओं को धर्म के प्रति उनकी निष्ठा के लिए सबसे पहले महाकुंभ में उन्हें स्नान की अनुमति होती है। नागा साधु इस दौरान हाथी, घोड़े और रथ में सवार होकर गंगा स्नान के लिए आते हैं। यानि राजाओं की तरह उनका ठाठबाट देखने को मिलता है। माना जाता है कि, नागाओं के इस शाही लश्कर को देखकर ही महाकुंभ के पवित्र स्नान को शाही स्नान नाम दिया गया था।

इसी से मिलती जुलती एक मान्यता शाही स्नान को लेकर यह भी है कि, पुराने समय में राजा-महाराज, साधु संतों के साथ भव्य जुलूस लेकर महाकुंभ के दौरान स्नान के लिए निकलते थे। तब से ही महाकुंभ की कुछ विशेष तिथियों पर होने वाले स्नान को शाही स्नान कहा जाने लगा।

कई विद्वान मानते हैं कि, महाकुंभ का आयोजन सूर्य, गुरु जैसे राजसी ग्रहों की स्थिति को देखकर किया जाता है, इसलिए भी इस दौरान किए गए स्नान को शाही स्नान कहा जाता है। इसके साथ ही महाकुंभ स्नान की पवित्रता को देखते हुए भी शाही स्नान की संज्ञा इसे दी जाती है। 'शाही स्नान' यानि वह स्नान जिसको करने से मन की अशुद्धियां भी दूर हो जाती है। पाप धुल जाते हैं और व्यक्ति का आध्यात्मिक उत्थान होता है। यानि महाकुंभ को शाही स्नान कहने के पीछे की गई वजहें हैं।

**धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व**

धार्मिक रूप से भारतीय लोगों के लिए महाकुंभ एक पवित्र आयोजन है। महाकुंभ में शाही स्नान करने से आपको ईश्वर की कृपा और सानिध्य प्राप्त होता है। महाकुंभ के दौरान न केवल स्नान किया जाता है बल्कि पवित्र मंदिरों के दर्शन भी किए जाते हैं। साथ ही दान-पुण्य भी हिंदू धर्म में मान्यता रखने वाले लोग इस दौरान करते हैं। यानि महाकुंभ धार्मिक उन्नति का एक प्रमुख संगम है। इसके साथ ही यह हमारी सांस्कृतिक विरासत भी है।

महाकुंभ के जरिए हमारे संस्कृति के कई रंग सामने आते हैं, इसमें हिस्सा लेने वाले संन्यासी, संत, अघोरी, नागा साधु हिंदू धर्म की गूढ़ता का प्रतीक हैं। वहीं आम लोगों की निष्ठा को भी यह मेला प्रदर्शित करता है।

# वास्तु शास्त्र के अनुसार बेडरूम की दिशा क्या होनी चाहिए




ज्योतिष शास्त्र में बेडरूम की दिशा को बहुत ही महत्वपूर्ण माना गया है। बेडरूम के लिए उत्तर या उत्तर पश्चिम दिशा शुभ होती है। इस दिशा में कमरा होने से पति-पत्नी के बीच आपसी संबंध और अधिक मजबूत होते हैं। जिसके कारण जीवन में प्रेम बन रहता है।

दक्षिण पश्चिम में बेडरूम होने से पति-पत्नी अपने-अपने कार्य में दक्षता हासिल करते हैं और दोनों मिलकर अपने परिवार का ध्यान रखते हैं।

इसके साथ ही पश्चिम दिशा में बना बेडरूम जीवन के हर क्षेत्र में दांपत्य जीवन को लाभ देता है। पति-पत्नी को उत्तर को दिशा के कमरे में या इस दिशा की ओर बेड नहीं लगाना चाहिए।

अग्नि की दिशा यानी दक्षिण पूर्व में बेडरूम होने से पति-पत्नी का व्यवहार बिना बात के आक्रामक हो जाता है। कई बार छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा करना और लड़ाई झगड़ा होने की यह वजह हो सकती है।

शयन कक्ष उत्तर पूर्व में नहीं होना चाहिए। क्योंकि उत्तर पूर्व में बेडरूम होने से दांपत्य जीवन में दिक्कतें और स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां हो सकती हैं।

दक्षिण दिशा में बेडरूम होने से घर में बेवजह का खर्चा भी बढ़ता है। क्योंकि अग्नि कोण में सोने पर क्रोध अपनी चरम सीमा पर होता है।

बेडरूम वास्तु के अनुसार आपके बिस्तर के सिर के लिए पूर्व और दक्षिण सबसे अच्छी दिशा है। अपने बिस्तर को कमरे के कोने में कभी भी नहीं रखना चाहिए। ऐसा माना जाता है, कि इससे सकारात्मक ऊर्जा का प्रवेश होने में बाधा उत्पन्न हो सकती है।

वास्तु के अनुसार अपने बिस्तर को हमेशा बेडरूम की दक्षिण या पश्चिम की दीवार के सामने रखना चाहिए। दीवार और बिस्तर के बीच 4 इंच की दूरी छोड़ना सकारात्मक ऊर्जा में वृद्धि करता है।

बिस्तर के सामने शीशे का प्रयोग कभी भी नहीं करना चाहिए। वास्तु शास्त्र के अनुसार सोते समय आपका प्रतिबिंब अशुभ साबित हो सकता है।

वास्तु शास्त्र के अनुसार बेडरूम में हरा, नीला या फिर गुलाबी रंग का प्रयोग करना शुभ होता है। इन रंगों को बेडरूम में प्रयोग करने से शांति बनी रहती है। वहीं बच्चों के कमरे में नीला और हरा रंग उत्तम माना जाता है।

अगर आपका बेडरूम दक्षिण पश्चिम दिशा में है, तो आपको नीले रंग का प्रयोग करना बहुत शुभ होगा। वहीं कभी भी बेडरूम में लाल और काले रंग का प्रयोग नहीं करना चाहिए। क्योंकि यह रंग खतरे का संकेत होता है। घर में किसी भी कमरे में लाल और काले रंग का प्रयोग नहीं करना चाहिए।

अगर आपका बेडरूम दक्षिण पश्चिम दिशा में है, तो वहां पर गुलाबी रंग लगाना शुभ होता है। वहीं वास्तु शास्त्र के अनुसार बेडरूम में आसमानी रंग का प्रयोग करन भी उत्तम माना जाता है। आसमानी रंग को नई शुरुआत, सुख शांति का प्रतीक माना गया है।

# अनमोल वचन

कभी रिश्तों में कड़वाहट आये तो फ़ैसले सोच समज कर ले क्योकि टूटने में कुछ समय ही लगता है पर जोड़ने में सारी ज़िंदगी लग जाती है ।

आज का संघर्ष जितना ज़्यादा होगा कल सफलता भी उतनी ही अच्छी मिलेगी ।

जिस तरह समुंद्र के पानी को सुखाया नहीं जा सकता है उसी तरह ज्ञानी व्यक्ति को भी नहीं हराया जा सकता।

जीवन में उतार चढ़ाव सभी के आते है पर जो लगा रहता है अपने कार्य में वो कभी नहीं हारता।

जीवन में कभी मायूस ना होना मित्र क्योकि ज़िंदगी कब अपना मोड़ बदल ले कोई नहीं जानता ।

किसी के सामने ना जुके उससे बेहतर हार जाना क्या पता कल आपकी जीत पक्की हो जाये ।

दुनिया में सिर्फ़ अपनों पर ही भरोसा रखे क्योकि बाकियो को तो आप जानते ही नहीं कौन कब धोखा दे पता नहीं ।

# चमत्कारों से भरा हुआ है नागौर का चामुंडा मंदिर, 500 साल पुराना है इतिहास

राजस्थान में ऐसे अनेकों मंदिर हैं, जिनको लेकर भक्तों की मान्यताएं जुड़ी हुई है। भक्त इन मंदिरों में जाकर अपने कष्टों का निवारण मांगते हैं। ऐसा ही एक अनोखा मंदिर नागौर के खींवसर तहसील के चावंडिया गांव में स्थित है। यह अनोखा मंदिर चामुंडा माता का है। स्थानीय लोगों के अनुसार चामुंडा माता ने सबसे पहले एक ठाकुर की बेटी को सबसे पहला चमत्कार दिखाया था। इस देवी को लेकर ग्रामीणों की मान्यता है कि इस देवी की पूजा-अर्चना करने से धन संपदा प्राप्त होती है और सरकारी नौकरी लगाती है। चामुंडा माता माता मंदिर के पुजारी काना सिंह ने

## पूजा करने से लगती है सरकारी नौकरी

बताया कि माता ने गांव के 80 प्रतिशत लोगों को सरकारी नौकरी दिलवाई है।

**चमत्कारों से भरा है चामुंडा माता मंदिर**

पुजारी काना सिंह का कहना है कि सबसे पहले माडपुरा गांव के सभी लोगों के शरीर पर फौड़े, फूंसी इत्यादि निकले हुए थे, जिसे स्थानीय भाषा में कोड़ कहते हैं। उसी गांव को माता ने इस महामारी से बचाया था। इसी प्रकार



दूसरा चमत्कार चावंडिया गांव के निवासी हरि सिंह को किडनी में बनी पत्थरी को दिव्य शक्ति से मिटाया। इसी प्रकार गांव में अपना चमत्कार से एक रास्ता बनाया। वहीं पशुओं की संबंधित बीमारियों के लिए नवल दास जी महाराज को पूजा जाता है। इन्होंने अपनी चमत्कारी शक्ति से दो गांव बसाये थे, जो वर्तमान में गुड़ा भगवान दास व देऊ गांव है।

मंदिर पुजारी काना राम सिंह का कहना है आज से 500 वर्ष पूर्व जब नवल दास जी ने जीवित समाधि ली, तो आकाशवाणी के माध्यम से घोषणा हुई थी। इस समाधि स्थल पर जब तक राजपूत पुजारी रहेगा, तब तक समाधि स्थल धरती पर बना रहेगा। साथ ही यह भी मान्यता है कि समाधि पर जल रहे ज्योत में से शिवलिंग व रामदेव बाबा घोड़े पर चढ़े हुए मूर्ति के रूप में प्रकट हुए। कहा जाता है कि राजपूत पुजारी रहने पर यह आस्था के दोनों प्रतीक भूमि पर रहेंगे।

**यहां होता है कई रोगों का निदान**

यहां पर पुजारी काना सिंह का कहना है कि किडनी, मंसा, व जीभ से संबंधित बीमारियों का निवारण होता हैं। साथ में पशुओं संबंधित बीमारियों का निवारण होता हैं। यहां प्रतिवर्ष भाद्रपद महा बाहरस को अंधेरे पखवाड़े में मेला लगता है।

# मैं कभी 'हिम्मत' नहीं हारुंगी : पूजा हेगड़े



कर्नाटक के उडुपी जिले की रहने वाली लेकिन मुंबई में पली-बढ़ी पूजा हेगड़े ने अपने अभिनय करियर की शुरूआत दक्षिण की फिल्मों से की थी। वहां उसकी पहली फिल्म थी 'मुगमोदो'। यह एक तमिल फिल्म थी। उसके बाद वह तेलुगु फिल्म 'ओका लैला कोसम' में नजर आई। दक्षिण की फिल्मों में खूब नाम कमा चुकने के बाद उसने ऋतिक रोशन जैसे स्टार के साथ फिल्म 'मोहनजोदाड़ो' से बॉलीवुड में कदम रखे लेकिन यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई कमाल न दिखा सकी और हिन्दी फिल्मों में भी उसका करियर उस रफ्तार से आगे नहीं बढ़ सका जो रफ्तार उसने दक्षिण की फिल्मों में पाई थी।

इसके बावजूद वह कभी निराश नहीं हुई और धीमी परंतु सधी गति से उसने हिन्दी फिल्मों में भी अपनी उपस्थिति बरकरार रखी है।

पूजा ने बताया कि उसे जो भी मौके मिले, उनमें से ही उसे अपना करियर बनाना था, क्योंकि वह एक गैर- फिल्मी परिवार से आती है। उसे उम्मीद है कि उसकी कहानी किसी दिन लोगों को प्रेरित करेगी, क्योंकि शुरूआत में उसे सही फिल्में पाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ा था। एक वक्त ऐसा भी था जब साल भर उसे कोई काम नहीं मिला, लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और कड़ी मेहनत करती रही। पूजा की लगन रंग लाई है, क्योंकि अब वह साऊथ ही नहीं बॉलीवुड में भी एक जाना-माना नाम बन गई है। अपने सफर को याद करते हुए पूजा मानती है कि मुश्किल समय ने ही उसे आज एक अभिनेत्री बनाया है।

**पिछली और अगली फिल्में**

उसकी हिन्दी फिल्मों की बात करें तो अब तक वह 'हाऊसफुल 4', 'राधे श्याम', 'सर्कस', 'किसी का भाई किसी की जान' में नजर आ चुकी है। साल 2025 उसके करियर में अहम मोड़ साबित होने वाला है जब वह शाहिद कपूर के साथ फिल्म 'देवा' और वरुण धवन के साथ फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' में नजर आएगी। इनके अलावा साऊथ में भी उसकी बड़ी फिल्में 'रैट्रो' और 'थलपथी 69' रिलीज होंगी।

**कर रही है कई भाषाओं की फिल्में**

विभिन्न भाषा की फिल्मों की अभिनेत्री के रूप में पूजा ने दिखाया है कि वह कितनी सहजता के साथ विभिन्न भाषाई फिल्म इंडस्ट्रीज में अपनी जगह बना सकती है और भाषा की परवाह किए बिना अपनी भूमिका निभा सकती है। इस बारे में वह कहती है, भाषाओं की अपनी शक्ति होती है। उनकी अपनी लय होती है इसलिए मुझे इसकी तकनीकी बातों को समझना पड़ा। ये वे चीजें हैं जो मुझे अधिक चुनौतीपूर्ण लगती हैं क्योंकि मुझे लगता है कि अधिकतर लोग एक जैसे ही होते हैं, बस भाषा बदलती है।

**क्या शुरू से अभिनेत्री ही बनना चाहती थी**

बचपन में तो मुझे स्टेज से भी डर लगता था। मैं स्कूल के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी भाग नहीं लेती थी। मैं उस समय एक दुबली-पतली लड़की थी जो बाल भी लडकों जैसे रखती थी। मेरे स्कूली दोस्त मुझे फिल्मों में काम करते हुए देखते हैं तो विश्वास नहीं कर पाते हैं। जब मैं कॉलेज में पहुंची तो मैंने यह निश्चिय किया कि मुझे अपने आपको पूरी तरह से बदलना है।

**फ्लॉप के बाद वापसी कितनी मुश्किल**

जब फिल्म को अच्छी प्रतिक्रिया नहीं मिलती है तो वापसी करना बहुत चुनौतीपूर्ण हो जाता है। अगर मैं अपनी पहली फिल्म 'मोहनजोदाड़ो' के बारे में ही बात करूं तो उसको मैंने दो साल दिए लेकिन फिल्म नहीं चल पाई। इसमें मेरे काम को प्रशंसा मिली थी जो एक अभिनेत्री के तौर पर मेरे

# 'बड़े पर्दे' पर लौटी निक्की तम्बोली



मैं 'बदनाम' का हिस्सा बनकर बहुत उत्साहित हूं। मुझे उम्मीद है कि मेरे प्रशंसकों को यह गाना उतना ही पसंद आएगा जितना मुझे यह शूट करने में आया।

निक्की तम्बोली सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती है, जहां उसके लाखों प्रशंसक हैं और वह भी उनको अपनी प्रोफैशनल लाइफ के बारे में लगातार अपडेट रखती है।

अब निक्की ने जानकारी दी है कि वह एक आइटम सॉन्ग करेगी। निक्की ने कहा, मैं 'बदनाम' का हिस्सा बनकर बहुत उत्साहित हूं। यह गाना आपको उठकर नाचने पर मजबूर कर देगा। मैं इतनी अद्भुत टीम के साथ काम करने का अवसर पाकर बहुत आभारी हूं। मुझे उम्मीद हैं कि मेरे प्रशंसकों को यह गाना उतना ही पसंद आएगा जितना मुझे यह शूट करने में आया।

'बिग बॉस मराठी' के पांचवें सीजन में अपने झगड़ों के कारण चर्चा में रही निक्की जल्द ही इस गीत के माध्यम से एक बार फिर से बड़े पर्दे पर नजर आएगी। फिल्म 'बदनाम' के साथ ही निक्की पंजाबी सिनेमा में डेब्यू भी करेगी। यह फिल्म फरवरी में रिलीज होगी।

**'मास्टरशैफ इंडिया' के सैलीब्रिटी सीजन का भी बनेगी हिस्सा**

'बिग बॉस मराठी' के अलावा 'बिग बॉस 14' में भी अपनी मनोरंजक उपस्थिति के लिए जानी जाने वाली निक्की ने रियलिटी शोज की दुनिया में भी अपने लिए खास जगह बनाई है। अब वह फराह खान द्वारा होस्ट किए जाने वाले और प्रसिद्ध शैफ रणवीर बरार तथा विकास खन्ना द्वारा जज किए जाने वाले एक अनोखे पाक शो में स्वादिष्ट व्यंजन पकाने की कोशिश करती हुई नजर आएगी। इस लोकप्रिय कुकिंग शो में सैलीब्रिटीज खान-पान से जुड़ी अपनी छिपी हुई पाक प्रतिभाओं को दिखाने की कोशिश करते हैं। देखना होगा कि अपने चुम्बकीय व्यक्तित्व और कभी पीछे न हटने वाले रवैये के साथ निक्की मास्टरशैफ किचन में क्या गुल खिलाती है।

**रोमांटिक लाइफ भी रहती है सुर्खियों में**

निक्की तम्बोली लगातार सुर्खियों में बनी रहती है। अपने काम से ज्यादा अपनी बोल्ड अदाओं और हॉट फोटोशूट की वजह से चर्चाओं में रहने वाली निक्की अपने ब्वॉयफ्रैंड अरबाज को लेकर भी खबरों में बनी रहती है। गत दिनों ही उन दोनों का बेहद रोमांटिक वीडियो लीक हुआ जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया था।

# 'मिया खलीफा' से तुलना होने पर भड़की उर्फी जावेद



स्टैंडअप कॉमेडियन समय रैना का फेमस शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' एक बार फिर विवादों में है। शो में उर्फी जावेद मेहमान बनकर पहुंची थी लेकिन दो प्रतियोगियों की अपमानजनक बातें सुनकर वह सैट से चली गई।

उर्फी ने बताया कि प्रतियोगियों में से एक ने उसे बदनाम किया। सोशल मीडिया सेंसेशन उर्फी ने इसे अपमानजनक बताया और अपना गुस्सा जाहिर करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा, आजकल लोगों को लगता है कि कुछ व्यूज के लिए किसी को गाली देना या उसको बदनाम करना, बहुत 'कूल' है। मुझे माफ करिए लेकिन मुझे यह बिल्कुल बर्दाश्त नहीं कि कोई मुझे गाली दे या फिर मुझे मेरे बॉडी की वजह से जज करे। यह सब किसलिए? सिर्फ दो मिनट के फेम के लिए?

अपनी पोस्ट में उर्फी ने एक और परेशान करने वाले पल का भी जिक्र किया, जब उसने एक प्रतियोगी से दिव्यांग होने का नाटक करने के बारे में सवाल किया। शांत तरीके से जवाब देने के बजाय प्रतियोगी गुस्सा हो गया और दर्शकों के सामने मंच पर उसको गाली देने लगा।

उर्फी ने कहा, वहीं, उसके बगल वाला 'कूल' बनने की कोशिश कर रहा था। वह मुझे 'स्लट शेम' कर रहा था। मेरी तुलना मिया खलीफा से कर रहा था। मेरे 'हाई बॉडी काऊंट' पर निराशा जता रहा था। मुझे बहुत बुरा लगा। मुझे ऐसे लड़कों के बारे में कुछ कहना चाहिए था लेकिन जिस जगह मैं थी, वहां सभी को लगता है कि वह सब 'कूल' था लेकिन नहीं, ऐसा कुछ नहीं है।

उर्फी ने आगे लिखा, मैं समय रैना को जिम्मेदार नहीं ठहरा सकती। उस पर आरोप नहीं लगा सकती। वह मेरा दोस्त है। मैं सिर्फ प्रतियोगियों के बारे में बात कर रही हूं। पूरी टीम आई और मुझे सांत्वना देने लगी। समय मेरे लिए हमेशा अच्छा ही रहा है।

वहीं एक अन्य पोस्ट में उसने लिखा, मैं सच में मानती हूं कि किसी और की सफलता आपकी सफलता नहीं है। बेशक मुझे समय-समय पर जलन होती है। ये मानवीय भावनाएं हैं जिन्हें मैं नियंत्रित नहीं कर सकती लेकिन मैंने उन पर काम करना सीख लिया है। मैं कम से कम उस चरण पर हूं जहां मैं दूसरों की सराहना कर सकती हूं।

# मुझे बहुत कुछ सिखा गया '2024' : मलायका अरोड़ा



मलायका के लिए यह साल काफी उतार-चढ़ाव वाला रहा। निजी जीवन में उसका अर्जुन कपूर से ब्रेकअप हुआ, जिसके साथ वह लम्बे समय से रिलेशनशिप में थी।

इन ब्रेकअप की खबरों के बीच ही मलायका के पिता अनिल मेहता का निधन हो गया। 11 सितम्बर, 2024 को उसके पिता ने छत से कूद कर सुसाइड कर लिया था, जिसके चलते मलायका पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। इस दौरान बॉलीवुड के कई बड़े सितारों को मलायका के घर जाकर उससे मिलते देखा गया।

अर्जुन और मलायका भले अब एक-दूसरे के साथ नहीं हैं, लेकिन मलायका के पिता का निधन होने पर अर्जुन भी उसके साथ खड़ा रहा था।

जब इस बारे में सवाल किया गया तो अर्जुन ने कहा, मैं कहूंगा कि जब खुशी और जाह्नवी (अर्जुन की सौतेली बहनें) के साथ एक हादसा हुआ था तो उस वक्त भी ऐसा ही हुआ था। अगर मेरा किसी के साथ इमोशनल बॉन्ड है तो मैं उस इंसान के बुरे वक्त में उसके साथ खड़ा रहूंगा। अगर मैं किसी के साथ इमोशनली अटैच्ड हूं तो मैं जिंदगी भर उनका साथ दूंगा।

**इन शो में नजर आई मलायका**

मलायका के करियर की बात करें तो वर्ष 2024 में उसको रियलिटी शो 'मूविंग इन विद मलायका' में देखा गया।

मैं तुमसे नफरत नहीं करती लेकिन तुम बहुत मुश्किल रहे। बहुत-सी चुनौतियां, बहुत सारे बदलाव और बहुत सारी सीख।

अभिनेता-निर्माता अरबाज खान के साथ शादी और तलाक के अनुभव से गुजरने वाली मलायका अरोड़ा के पास विवाहित महिलाओं और शादी करने की योजना बना रही महिलाओं के साथ बांटने के लिए कुछ मूल्यवान सलाह हैं।

एक हालिया साक्षात्कार में, उसने कहा कि महिलाओं के लिए शादी के बाद भी अपनी व्यक्तिगत पहचान को बनाए रखना महत्वपूर्ण है। उसने कहा कि महिलाओं के लिए शादी के बाद अपने साथी से अपने पैसों को अलग रखकर अपनी वित्तीय स्वतंत्रता बनाए रखना बहुत जरूरी है।

उसने कहा, इंडिपेंडेंट रखो बाबा (स्वतंत्र रहो)। जो तेरा है वह तेरा है, जो मेरा है वह मेरा है। मेरा मतलब है, जब आप शादी करते हैं या आप किसी के साथ रहते हैं, तो आपकी कोशिश होती है कि ऐसी स्थिति बनाई जाए, जहां सब कुछ एक हो लेकिन मुझे लगता है कि आपकी अपनी अलग पहचान होना बहुत जरूरी है। यह अच्छी बात है कि आप एक साथ सब कुछ कर रहे हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि आप अपनी पूरी पहचान छोड़ दें और किसी और की पहचान अपना लें। वैसे भी आप किसी और का सरनेम तो अपना ही रही हैं, है न? इसलिए मुझे लगता है कि कम से कम आप अपने बैंक खाते को बचाकर रख सकती हैं।

**सुर्खियों में मलायका की निजी जिंदगी**

मलायका की निजी जिंदगी लगातार सुर्खियों में रही है। अरबाज खान से लम्बी शादीशुदा जिंदगी के बाद तलाक और फिर अर्जुन कपूर के साथ लम्बे चले रोमांटिक रिश्ते पर लगातार सवाल उठते रहे हैं।

अरबाज और मलायका ने लगभग दो दशक तक दाम्पत्य जीवन साथ गुजारा और फिर 2017 में उनका अदालत से तलाक फाइनल हो गया। उनका एक बेटा अरहान है। अरबाज ने दिसम्बर 2023 में मेकअप आर्टिस्ट शूरा खान से शादी कर ली, जबकि अरबाज से अलग होने के जल्द ही बाद मलायका ने अर्जुन कपूर को डेट करना शुरू कर दिया था।

अब हाल ही में इस बात की पुष्टि भी हो गई है कि सालों तक डेट करने के बाद वे अलग हो गए हैं। हाल ही में अर्जुन ने एक इंटरव्यू में कहा था कि वह सिंगल है। दरअसल, अर्जुन कपूर ने अपनी रिलीज हुई फिल्म 'सिंघम अगेन' के एक इवेंट के दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए अपने और मलायका के ब्रेकअप पर मुहर लगा दी थी। उससे जब मलायका के बारे में सवाल किया गया तो उसका कहना था, मैं सिंगल हूं, रिलैक्स करो।

इस पर मलायका ने कहा है, मैं बहुत ही प्राइवेट पर्सन हूं। मेरी लाइफ के कुछ पहलू हैं जिनको लेकर मैं ज्यादा बताना नहीं चाहती। मैं कभी पब्लिक प्लेटफॉर्म पर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर बात नहीं करने वाली, तो जो भी अर्जुन ने कहा वह उनकी मर्जी है।

**साल 2024, मैं तुमसे नफरत नहीं करती लेकिन...**

मलायका साल 2024 में अपनी निजी जिंदगी को लेकर काफी चर्चा में रही। पहले उसका अर्जुन कपूर से ब्रेकअप हुआ फिर उसके पिता का निधन हो गया। सोशल मीडिया पर मलायका ने एक पोस्ट कर बताया कि उसका साल काफी कठिन रहा।

मलायका ने अपनी पोस्ट में लिखा, साल 2024, मैं तुमसे नफरत नहीं करती लेकिन तुम बहुत मुश्किल रहे। बहुत-सी चुनौतियां, बहुत सारे बदलाव और बहुत सारी सीख। तुमने मुझे दिखाया कि जीवन कैसे बदलता है। पलक झपकते ही जीवन में कितने बदलाव आ जाते हैं। मुझे लगता है मुझे खुद पर और भरोसा करना चाहिए। इस साल ने मुझे बताया कि मेरी मानसिक, शारीरिक और इमोशनल हैल्थ मेरे लिए कितनी जरूरी है।

उसने आगे लिखा, इस दौरान और भी बहुत सारी चीजें हैं, जिन्हें मुझे समझना होगा लेकिन मुझे लगता है, समय के साथ सभी चीजें और समझ में आने लगेंगी।

मलायका अरोड़ा उतार-चढ़ाव भरा रहा साल

# विराट-अनुष्का वृंदावन पहुंचे, प्रेमानंद महाराज से की भक्ति मार्ग पर चलने की बात




वृंदावन, 10 जनवरी (एजेंसियां)। भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली पत्नी अनुष्का शर्मा और अपने दोनों बच्चों के साथ प्रेमानंद महाराज के आश्रम पहुंचे हैं। ऑस्ट्रेलिया दौरे से वापस आने के बाद कोहली और अनुष्का वृंदावन में प्रेमानंद गोविंद शरण जी महाराज के आश्रम पहुंचे और उनका आशीर्वाद लिया। मालूम हो कि कोहली पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म से गुजर रहे हैं और ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भी वह रन बनाने के लिए जूझ रहे थे।

**सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो**

कोहली और अनुष्का का प्रेमानंद महाराज के आश्रम पहुंचने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और एक घंटे में ही लाखों लोग इस वीडियो को लाइक कर चुके हैं। प्रेमानंद महाराज के आधिकार इंस्टाग्राम हैंडल पर वीडियो पोस्ट किया गया है जिसमें कोहली और अनुष्का अपने दोनों बच्चे वामिका और अकाय के साथ प्रेमानंद महाराज के दर्शन करने पहुंचे हैं। इस दौरान अनुष्का प्रेमानंद महाराज से बात कर रही हैं।

**बच्चों के साथ किए प्रेमानंद महाराज के दर्शन**

कोहली और अनुष्का इससे पहले भी प्रेमानंद महाराज के आश्रम पहुंच चुके हैं और इस बार वे अपने बच्चों के साथ वृंदावन पहुंचे हैं। वीडियो में दिख रहा है कि कोहली और अनुष्का जैसे ही प्रेमानंद महाराज के सामने पहुंचे और सिर झुकाकर प्रणाम किया। कोहली जैसे ही प्रेमानंद महाराज के सामने पहुंचे तो उन्होंने इस भारतीय बल्लेबाज से पूछा, मन प्रसन्न है? इस पर कोहली ने सिर हिलाकर हां कहा और वह मुस्कुराते नजर आए।

**अनुष्का-प्रेमानंद महाराज के बीच क्या हुआ संवाद?**

अनुष्का ने इस दौरान प्रेमानंद महाराज से कहा कि जब वे पिछली बार यहां आई थीं तो उनसे कुछ सवाल करना चाहती थीं, लेकिन वहां मौजूद सभी ने कुछ ना कुछ वैसा ही सवाल कर लिया था जो वह पूछना चाहती थीं। अनुष्का ने प्रेमानंद महाराज से कहा, 'आप बस मुझे प्रेम भक्ति दे दो।' इस पर प्रेमानंद महाराज ने कहा, 'बहुत बहादुर हैं क्योंकि संसार का यह सम्मान प्राप्त होने पर भक्ति की तरफ मुढ़ पाना कठिन होता है। हमें लगता है कि विशेष प्रभाव इन पर (कोहली पर) भक्ति का पड़ेगा।' इस पर अनुष्का ने कहा, 'भक्ति के ऊपर कुछ नहीं है।' फिर प्रेमानंद महाराज ने हंसकर कहा, हां, भक्ति के ऊपर कुछ नहीं है। भगवान के भरोसा पर रहो, नाम जपो और खूब प्रेम से और खूब आनंद से रहो।

**बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में नहीं चला था बल्ला**

कोहली हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ संपन्न हुई पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर सके थे।

उन्होंने पर्थ टेस्ट की दूसरी पारी में शतक जड़ा था, लेकिन इसके बाद उनकी लय गड़बड़ा गई थी। कोहली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान ऑफ स्टंप के बाहर जाती गेंदों पर लगातार परेशान हुए और कुल आठ बार ऐसी गेंदों पर आउट हुए। उन्होंने पांच मैचों में 23.75 के औसत से 190 रन बनाए। कोहली के टेस्ट में भविष्य को लेकर भी चर्चा शुरू हो गई है।

# पहले दौर में भारतीय मूल के निशेष से भिड़ेंगे जोकोविच

## 11वें खिताब के लिए जोर लगाएंगे नोवाक



मेलबर्न, 10 जनवरी (एजेंसियां)। शीर्ष वरीय इटली के यानिक सिनर और सर्बिया के नोवाक जोकोविच इस बार वर्ष के पहले ग्रैंडस्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल तक आपस में नहीं टकराएंगे। सिनर और जोकोविच बीते वर्ष ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में आपस में खेले थे, जहां सिनर ने जीत हासिल कर फाइनल में जगह बनाई थी। जोकोविच 12 जनवरी से शुरू हो रहे ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपने 11वें खिताब की राह में पहले दौर में भारतीय मूल के अमेरिकी खिलाड़ी निशेष बासवारेड्डी से खेलेंगे।

सिनर ने रूस के डेनियल मेदवेदेव को दो सेट से पिछड़ने के बाद 3-6, 3-6, 6-4, 6-4, 6-3 से हराकर खिताब जीता था। सिनर इस बार पहले दौर में चिली के निकोलस जैरी से भिड़ेंगे। वहीं, महिलाओं में शीर्ष वरीय बेलारूस की आर्यन सबालेंका का पहले दौर में सामना 2017 की यूएस ओपन चैंपियन अमेरिका की स्लोएन स्टीफंस से होगा।

सिनर के हाफ में चौथी वरीय अमेरिकी टेलर फ्रिट्ज, 21वीं वरीय बेन शेल्टन और पांचवीं वरीय गत उपविजेता मेदवेदेव हैं। वहीं, सातवीं वरीय जोकोविच का क्वार्टर फाइनल में सामना स्पेन के तीसरी वरीय कार्लोस अल्कारेज से हो सकता है। जोकोविच ने पेरिस ओलंपिक के फाइनल में अल्कारेज को हराकर स्वर्ण जीता था। इन दोनों में से कोई भी सेमीफाइनल में पहुंचता है तो उसकी संभावित भिड़ंत दूसरी वरीय जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगी।

**हबीब ग्रैंडस्लैम खेलने वाले होंगे पहले लेबनानी**

लगातार दो की चैंपियन सबालेंका को कठिन ड्रॉ मिला है। उनके हाफ में मीरा एंड्रीवा और गत उपविजेता चीन की झेंग किनवेन हैं। सबालेंका और तीसरी वरीय कोको गॉफ सेमीफाइनल में टकरा सकती हैं। वहीं, हादी हबीब ग्रैंडस्लैम में खेलने वाले पहले लेबनानी खिलाड़ी बनेंगे। उन्होंने अंतिम क्वालिफाइंग दौर में फ्रांस के क्लीमेंट सिदेख को 6-4, 3-6, 7-6 से हराया। अमेरिका में जन्में हबीब पेरिस ओलंपिक में भी खेले थे।

**मिकेल्सन से भिड़ेंगे नागल**

एकल मुकाबलों में भारतीय चुनौती विश्व नंबर 96 सुमित नागल के हाथों में रहेगी। वह पहले दौर में विश्व नंबर 26 चेक रिपब्लिक के थासम मचाक से खेलेंगे। बीते वर्ष नागल ने इसी ग्रैंडस्लैम के पहले दौर में विश्व नंबर 27 कजाखस्तान के अलेक्जेंडर बुबलिच को हराकर उलटफेर किया था, लेकिन अगले दौर में वह चीन के जुनचेंग शेंग से हार गए थे। इस सप्ताह नागल को ऑकलैंड क्लासिक के पहले दौर में अलेक्स मिकेल्सन के हाथों 7-6, 4-6, 2-6 से हार मिली।

# चक्रवर्ती के पास इंग्लैंड के खिलाफ वनडे और चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत की टीम में जगह बनाने का मौका



नई दिल्ली, 10 जनवरी (एजेंसियां)। कलाई के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती इंग्लैंड के खिलाफ वनडे और चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत की टीम में जगह बनाने के लिए एक बाहरी मौका बनकर उभरे हैं। सूत्रों ने आईएएनएस को यह जानकारी दी। भारत 22 जनवरी को कोलकाता में इंग्लैंड के खिलाफ पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय और तीन वनडे मैचों की श्रृंखला के जरिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करेगा। इसके बाद वह चैंपियंस ट्रॉफी अभियान के लिए दुबई जाएगा। टूर्नामेंट के बाकी आधे मैचों की मेजबानी पाकिस्तान करेगा।

अजीत अगरकर की अध्यक्षता वाली सीनियर पुरुष चयन समिति शनिवार को बैठक करेगी, जिसमें पहले बताए गए कार्यों के लिए टीमों का चयन किया जाएगा, खासकर चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अंतिम टीम की घोषणा करने की आखिरी तिथि रविवार है। सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि चक्रवर्ती के लिए भारत की ओर से वनडे मैचों में चयन की संभावना, टी20 टीम में जगह पक्की होने के अलावा, ऐसे समय में है जब उन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी में 18 विकेट चटकाए हैं और वे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं, जिसमें लगातार पांच विकेट शामिल हैं। बांग्लादेश और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज में भारत की जीत में शानदार प्रदर्शन करने वाले चक्रवर्ती ने विजय हजारे ट्रॉफी के प्री क्वार्टर फाइनल मैच में तमिलनाडु के लिए 52 रन देकर 5 विकेट चटकाए, हालांकि इससे उन्हें वडोदरा के कोटांबी स्टेडियम में राजस्थान पर जीत नहीं मिली। लेकिन कुलदीप यादव के हर्निया सर्जरी से उबरने और गेंदबाजी में वापसी के कारण अभी भी प्रतिस्पर्धी मैचों में वापसी नहीं हुई है, क्योंकि वे अभी भी बीसीसीआई के बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में खेल रहे हैं, ऐसे में वरुण के पास इंग्लैंड सीरीज और चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत की वनडे टीम में जगह बनाने का मौका है, क्योंकि चयनकर्ता स्पिन विभाग के बारे में विचार-विमर्श करने वाले हैं। सूत्रों ने आईएएनएस को यह भी बताया कि केएल राहुल को इंग्लैंड के खिलाफ तीन वनडे मैचों से आराम दिया जाएगा, क्योंकि चैंपियंस ट्रॉफी के लिए उन्हें तरोताजा रखने का फैसला किया गया है। राहुल ने ऑस्ट्रेलिया में पांच टेस्ट मैच खेले, जहां उन्होंने पर्थ और ब्रिसबेन में अपनी महत्वपूर्ण ओपनिंग पारियों से प्रभावित किया। राहुल को आराम दिए जाने का मतलब यह भी है कि भारत 6-12 फरवरी तक नागपुर, कटक और अहमदाबाद में खेले जाने वाले इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू वनडे मैचों में उनके लिए बैक-अप खिलाड़ी चुनने जा रहा है। पिछले साल श्रीलंका के खिलाफ वनडे में, जिसे भारत ने 2-0 से गंवा दिया था, राहुल और ऋषभ पंत कीपर-बल्लेबाज थे।

# रिंकू सिंह ने किया ऐसा गड्ढा, 13 महीने में भी नहीं भर पाई सरकार




नई दिल्ली, 10 जनवरी (एजेंसियां)। रिंकू सिंह के छक्के से टूटे सेंट जॉर्ज पार्क के प्रेस बॉक्स का शीशा अब तक नहीं बदल पाया है। यह घटना एक साल से भी ज्यादा पुरानी है। दिसंबर 2023 में भारत और साउथ अफ्रीका के बीच हुए टी20 मैच में रिंकू ने एडेन मार्करम की गेंद पर छक्का जड़ा था। यह छक्का इतना जोरदार था कि ग्रीम पोलक पवेलियन के पास लगे शीशे के पैनल में बड़ी दरार आ गई। स्टेडियम के बजट की कमी के कारण 13 महीने बाद भी यह शीशा नहीं बदला गया है।

**ब्रेविस ने भी वहीं मारा छक्का**

एसए20 के तीसरे सीजन के शुरू होने के साथ ही यह टूटा शीशा खतरे का सबब बना हुआ है। एमआई केप टाउन के बल्लेबाज डिवाल्ड ब्रेविस का छक्का भी लगभग उसी जगह लगा था।

स्टेडियम के मेंटेनेंस का काम देखने वाले टेरेंस ने बताया कि स्टेडियम की छत और अन्य जरूरी मरम्मत को प्राथमिकता दी गई है। शीशा बदलने के लिए क्रेन और भारी मशीनरी की जरूरत पड़ेगी जो मैच के दौरान मुमकिन नहीं है।

**शीशा सुरक्षा के लिए खतरा नहीं**

टेरेंस ने यह भी बताया कि टूटा शीशा सुरक्षा के लिए खतरा नहीं है इसलिए इसे तुरंत बदलना जरूरी नहीं है। उन्होंने कहा, 'सबसे पहले ऊंचाई देखिए। यह बहुत ज्यादा है और इसे ठीक करना आसान नहीं है क्योंकि इसके लिए क्रेन और सभी प्रकार की भारी मशीनरी की आवश्यकता होगी। आप उन सभी चीजों को मैदान में नहीं ला सकते जब मैच लगातार हो रहे हों। हमारे यहां नीचे समय-समय पर खिड़कियां टूटी हैं। जिसे हम झटपट ठीक कर देते हैं। इसलिए हमेशा एक प्राथमिकता तय होती है।' टेरेंस ने बताया कि बजट की समस्या है। उन्होंने कहा- बजट की कमी के कारण हमें जो मिला है उसमें ही काम करना होगा। अगस्त में आए तूफान की वजह से एक स्टैंड की पूरी छत उड़ गई।

बीमाकर्ता ने इसके पैसे देने से मना कर दिया। हमें लगभग 18 लाख का भुगतान करना पड़ा। यह काफी बड़ा हिस्सा था। हमने छत ठीक करवाई है। अगर आप उड़े हुए उस छत को देखें तो हमने उसे ढंक दिया है। वह एक नई छत है।'

# 'मुझसे लड़ो या माफी मांगो' 21 साल के ग्रैंड मास्टर ने 5 बार के विश्व और 5 बार के अमेरिकी चैंपियन को चुनौती दी



नई दिल्ली, 10 जनवरी (एजेंसियां)। अमेरिकी ग्रैंडमास्टर हैंस नीमन ने गुरुवार 9 जनवरी 2025 को दुनिया के शीर्ष 2 खिलाड़ियों मैग्नस कार्लसन और हिकारू नाकामुरा को ओवर-द-बोर्ड ब्लिट्ज शतरंज मैच के लिए चुनौती दी। नीमन ने कहा कि वह दोनों खिलाड़ियों के खिलाफ खेलने के लिए 1 मिलियन डॉलर (लगभग 8,58,79,517 भारतीय रुपये) तक दांव पर लगाने को तैयार हैं, लेकिन उन्होंने मैग्नस कार्लसन और हिकारू नाकामुरा से उन पर लगाये गए उन झूठे आरोपों के लिए औपचारिक रूप से माफी मांगनी की मांग की है, जिसमें 5 के शतरंज विश्व चैंपियन ने कहा था कि नीमन ने धोखाधड़ी की है। कैलिफोर्निया के सैन फ्रांसिस्सको में 20 जून 2003 को जन्में हंस नीमन ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट किया, 'Chess.com पर नंबर 1 ब्लिट्ज खिलाड़ी के रूप में, मैं नंबर 2 और नंबर 3 खिलाड़ियों को ओटीबी (ओवर-द-बोर्ड) ब्लिट्ज मैच के लिए चुनौती देता हूं ताकि यह तय किया जा सके कि दुनिया का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी कौन है। मैं 1 से 1 मिलियन डॉलर तक दांव पर लगाने को तैयार हूं। अगर वे चुनौती से बहुत डरते हैं, तो मैं उनसे सभी झूठे आरोपों को वापस लेने और औपचारिक माफी मांगने की अपेक्षा करता हूं।' मैग्नस कार्लसन ने हाल ही में फिडे विश्व रैपिड एंड ब्लिट्ज चैंपियनशिप में हंस नीमन को हराया था। उसके बाद कैमरे की ओर 'वाट्स द फ्यूस' का इशारा किया और फिर अपने मोहरे बोर्ड पर पटक दिये थे। मैग्नस कार्लसन और इयान नेपोमनियाचची ने वर्ल्ड ब्लिट्ज चैंपियनशिप का खिताब साझा करने पर सहमति जताई तब हंस नीमन उनके इस कदम की आलोचना करने वालों में सबसे मुखर आवाजों में से एक थे। साल 2022 में हंस नीमन ने सेंट लुईस में सिंकफील्ड कप में मैग्नस कार्लसन को हराकर शतरंज की दुनिया में तहलका मचा दिया था। हंस नीमन की जीत से मैग्नस कार्लसन का अपराजित रहने का क्रम टूट गया था। हंस नीमन से हारने पर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए मैग्नस कार्लसन टूर्नामेंट से हट गये थे। इसके बाद हंस नीमन ने साल 2013 से 2023 के बीच 5 बार विश्व चैंपियन रहे मैग्नस कार्लसन और ऑनलाइन शतरंज संगठन Chess.com पर मुकदमा दायर किया था। हंस नीमन ने बदनामी और मानहानि के लिए 100 मिलियन डॉलर के हर्जाने की मांग की थी।

# तेंदुलकर, गावस्कर समेत कई भारतीय कप्तान वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं वर्षगांठ मनाने के कार्यक्रम में शामिल होंगे



मुंबई, 10 जनवरी (एजेंसियां)। मुंबई के दिग्गज क्रिकेटर और भारतीय टीम के पूर्व कप्तान 19 जनवरी को प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं वर्षगांठ मनाने के लिए मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) के कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम 12 जनवरी को शुरू होंगे और 19 जनवरी को एक भव्य मुख्य कार्यक्रम होगा, जिसमें प्रशंसकों के लिए एक रोमांचक शाम होगी।

सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर, रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, रवि शास्त्री, अजिंक्य रहाणे, दिलीप वेंगसरकर और डायना एडुल्जी समेत मुंबई के दिग्गज और पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान वानखेड़े स्टेडियम के ऐतिहासिक महत्व को मनाने के लिए एकजुट होंगे। यह उत्सव खेल की विरासत में स्टेडियम की महत्वपूर्ण भूमिका का सम्मान करने का वादा करता है। मुख्य कार्यक्रम में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट दोनों से मुंबई के दिग्गज पुरुष और महिला खिलाड़ी भी शामिल होंगे।

उपस्थित लोग प्रसिद्ध कलाकारों अवधूत गुप्ते और अजय-अतुल के प्रदर्शन और लुभावने लेजर शो का आनंद ले सकते हैं।

इस अवसर पर बोलते हुए, एमसीए अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने कहा, जैसा कि हम प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं वर्षगांठ मना रहे हैं, मैं सभी क्रिकेट प्रशंसकों को इस महत्वपूर्ण अवसर का हिस्सा बनने के लिए हार्दिक आमंत्रित करता हूं। हमारे दिग्गज नायक इस समारोह में हमारे साथ शामिल होंगे, और साथ मिलकर हम वानखेड़े स्टेडियम की समृद्ध विरासत को श्रद्धांजलि देंगे जो मुंबई का गौरव है। आइए इस उत्सव को वास्तव में अविस्मरणीय बनाएं। समारोह के एक भाग के रूप में, एमसीए के पदाधिकारी और शीर्ष परिषद के सदस्य 19 जनवरी को एक कॉफी टेबल बुक जारी करेंगे। वानखेड़े स्टेडियम की प्रतिष्ठित विरासत को सम्मानित करने के लिए एक स्मारक डाक टिकट भी जारी किया जाएगा। उत्सव सप्ताह के दौरान, एमसीए 12 जनवरी को एमसीए अधिकारियों और महावाणिज्यदूत नौकरशाहों के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन करेगा।

मुंबई क्रिकेट के गुमनाम नायकों के योगदान और प्रतिबद्धता का जश्न मनाते हुए, एमसीए 15 जनवरी को एमसीए के क्लबों और मैदानों के ग्राउंड्समैन को सम्मानित करेगा और उनके लिए पॉली उमरीगर स्वास्थ्य शिविर और विशेष लंच का आयोजन करेगा, इसके बाद 1974 में वानखेड़े स्टेडियम में पहला प्रथम श्रेणी मैच खेलने वाली मुंबई टीम के सदस्यों को सम्मानित किया जाएगा।

# दक्षिण अफ्रीका के खेल मंत्री ने अफगानिस्तान का बहिष्कार करने का कहा, किस कारण उठ रही मांग




जोहानिसबर्ग, 10 जनवरी (एजेंसियां)। चैंपियंस ट्रॉफी से पहले अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के लिए मुश्किलें खत्म होने का नाम नहीं ले रही हैं। पहले इंग्लैंड के राजनेताओं ने चैंपियंस ट्रॉफी में अफगानिस्तान के साथ मैच नहीं खेलने की मांग की थी और अब दक्षिण अफ्रीका के खेल मंत्री गेटोन मैकेंजी ने इस टूर्नामेंट में अफगानिस्तान का बहिष्कार करने की अपील कर दी है। चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन हाइब्रिड मॉडल के तहत 19 फरवरी से पाकिस्तान और दुबई में होना है।

**एक ही ग्रुप में शामिल है दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान**

इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका चैंपियंस ट्रॉफी में अफगानिस्तान के ही ग्रुप में शामिल हैं। दक्षिण अफ्रीका के खेल मंत्री से पहले ब्रिटेन के 160 से अधिक राजनेताओं ने इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) से अगले महीने अफगानिस्तान के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट मैच का बहिष्कार करने का अनुरोध किया था। तालिबान की 2021 में सत्ता में वापसी के बाद से खेल में महिलाओं की भागीदारी को प्रभावी रूप से गैरकानूनी घोषित कर दिया गया। यह फैसला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के नियमों का उल्लंघन भी है, लेकिन अफगानिस्तान को आईसीसी की प्रतियोगिताओं में भाग लेने की अनुमति है। दक्षिण अफ्रीका को चैंपियंस ट्रॉफी के ग्रुप बी मुकाबले में 21 फरवरी से कराची में अफगानिस्तान से खेलना है। हालांकि, मैकेंजी ने दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट से अपील की है कि वह इस टीम के खिलाफ खेलने के फैसले पर पुनःविचार करे जिससे महिलाओं के अधिकार के प्रति एक मजबूत संदेश जा सके। मैकेंजी ने कहा, क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका, अन्य देशों के संघ और आईसीसी को इस बारे में विचार करना चाहिए कि वे खेलों में महिलाओं के अधिकार के प्रति क्या संदेश देना चाहते हैं। खेल मंत्री के रूप में मेरे लिए यह अंतिम निर्णय लेना उचित नहीं है कि दक्षिण अफ्रीका को अफगानिस्तान के खिलाफ खेलना चाहिए या नहीं। यदि यह मेरा निर्णय होता तो निश्चित रूप से ऐसा नहीं होता।



# 'यहां मिशन लेकर आएं महत्वाकांक्षा नहीं'

## पॉडकास्ट में पीएम ने राजनीति में आने वाले युवाओं को दी सीख




नई दिल्ली,10 जनवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजनीति में युवाओं की भागीदारी पर जोर दिया है। उन्होंने एक पॉडकास्ट इंटरव्यू में कहा कि ज्यादा से ज्यादा युवाओं को राजनीति में शामिल होना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि राजनीति में अपना एक मिशन लेकर आना चाहिये ना कि महात्वाकांक्षा के साथ। बता दें कि ये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पहला पॉडकास्ट इंटरव्यू था, जिसे जोरोधा के सह-संस्थापक निखिल कामथ ने लिया है। उन्होंने गुरुवार को इस पॉडकास्ट का ट्रेलर लांच किया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने पहले पॉडकास्ट इंटरव्यू में बतौर पीएम अपने कार्यकाल, दुनिया के वर्तमान हालात और अपने व्यक्तिगत द्रष्टिकोण के साथ ही भारत के रुख और युवाओं की राजनीति में भागीदारी पर खुलकर बात की। इस पॉडकास्ट में पीएम मोदी ने कहा कि ये मेरा पहला पॉडकास्ट है, पता नहीं जनता को ये पसंद आएगा या नहीं।

वहीं, उनसे जब पूछा गया कि आज के समय में अगर कोई युवा राजनीति में आना चाहे तो उसमें क्या गुण होने चाहिए। इस पर पीएम मोदी ने कहा कि राजनीति में निरंतर अच्छे लोग आते रहने चाहिये। युवाओं को राजनीति में मिशन लेकर आना चाहिए एंबिशन लेकर नहीं। आगे उन्होंने कहा कि जब मैं मुख्यमंत्री बना तो मेरा एक भाषण था, जिसमें मैंने कहा था कि गलतियां होती हैं, ऐसा नहीं है कि गलतियां नहीं होती। सबसे होती हैं, मुझसे भी हुईं है। मैं कोई देवता नहीं हूं। आगे उनसे जब पूछा गया कि आज लग रहा है कि पूरी दुनिया युद्ध से घिरी है तो प्रधानमंत्री ने कहा कि युद्ध की इस स्थिति में मैं हमेशा से कहता रहा हूं कि हम तटस्थ नहीं है, बल्कि शांति का पक्षधर है। आगे उन्होंने अपने कार्यकाल से जुड़े सवालों पर भी बात की। पीएम मोदी ने बताया कि पहले कार्यकाल में मुझे जनता समझने की कोशिश कर रही थी और मैं भी दिल्ली को समझने की कोशिश कर रहा था। पीएम मोदी ने पॉडकास्ट इंटरव्यू को एक्स पर साझा करते हुए लिखा कि मुझे आशा है कि आप सभी इसका उतना ही आनंद लेंगे जितना हमें आपके लिए इसे बनाने में आया।

## इनग्राम माइक्रो ने संजीब साहू को वैश्विक प्लेटफॉर्म का अध्यक्ष नियुक्त किया, सीईओ ने बताया कारण



नई दिल्ली,10 जनवरी (एजेंसियां)। वैश्विक प्रौद्योगिकी पारिस्थितिकी तंत्र के हिसाब से खुद को ढालने की कवायद के तहत अग्रणी बिजनेस-टू-बिजनेस प्लेटफॉर्म इनग्राम माइक्रो होल्डिंग कॉरपोरेशन ने डिजिटल क्षेत्र के लीडर संजीब साहू को प्रमोट कर ग्रुप का अध्यक्ष बनाया है। साहू कंपनी के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाएंगे। साहू ग्रुप के डिजिटल ट्विन एक्सवैंटेज के निरंतर विकास का काम भी जारी रखेंगे। यह एक पेटेंट-लंबित बी2बी प्रौद्योगिकी प्लेटफॉर्म है। इसे इनग्राम माइक्रो के साथ काम करना आसान बनाने और अधिक मूल्यवान बनाने के लिए डिजाइन किया गया है।इनग्राम माइक्रो के सीईओ पॉल बे ने कहा, ''वैश्विक प्रौद्योगिकी उद्योग में अपने दशकों के अनुभव के कारण मुझे हमारे ग्लोबल प्लेटफॉर्म ग्रुप के अध्यक्ष के रूप में संजीब की नियुक्ति की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। एक सिद्ध व्यवसायिक रणनीतिकार और डिजिटल इनोवटर, संजीब का विस्तारित नेतृत्व और समर्पित टीम एक प्लेटफॉर्म कंपनी बनने के हमारे दृष्टिकोण को गति प्रदान करेगी।

इससे सिलिकॉन वैली में बी2बी ग्राहक अनुभव को फिर से स्थापित किया जा सकेगा।कोलकाता के रहने वाले साहू ने सिलिकॉन वैली में लगातार अपनी छाप छोड़ी है। हार्वर्ड बिजनेस स्कूल के पूर्व छात्र संजीब साहू ने प्रौद्योगिकी और व्यवसाय की दुनिया में अपने योगदान के कारण कई सम्मान हासिल किए हैं। इनमें में इंडिया 2030 लीडरशिप कॉन्क्लेव में इंडस्ट्री के ट्रेंडसेटर, भारत सम्मान अवार्ड, एशिया वन पर्सन ऑफ द ईयर और इकोनॉमिक टाइम्स की ओर से दिया गया टेक्नोलॉजी ग्लोबल आइकन सम्मान शामिल हैं।

## संडे को भी काम करने का ज्ञान देने वाले एलएंडटी चेयरमैन को मिलती है 51 करोड़ की सैलरी, कर्मचारियों से 535 गुना ज्यादा

नई दिल्ली,10 जनवरी (एजेंसियां)। बीते गुरुवार को एलएंडटी चेयरमैन की एक वीडियो क्लिप खूब वायरल हो रही है, जिसमें उन्होंने अपने कर्मचारियों को हफ्ते में 90 घंटे काम करने की सलाह दी थी। इस बयान के बाद से ही मीडिया और सोशल मीडिया पर उनके बयान पर काफी चर्चाएं हो रही हैं। लोग अपनी-अपनी राय वर्क लाइफ बैलेंस और एसएन सुब्रमण्यन के बयान पर दे रहे हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि 90 घंटे काम करने की वकालत करने वाले एलएंडटी चेयरमैन की सैलरी 51 करोड़ रुपये सालाना है, जो कि उनके बाकी कर्मचारियों से करीब 535 गुना ज्यादा है।

### सोशल मीडिया पर बयान वायरल

जब से उनकी क्लिप सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म रेडिट पर वायरल हुई। उसके बाद से ही सेलेब्रिटी और आम जनता ने उनके बयान की निंदा करनी शुरू कर दी। कई तरह की प्रतिक्रियाओं की से सोशल मीडिया भर गया। इन्हीं सब के बीच उनको मिलने वाली सैलरी की भी चर्चा होने लगी। न्यू इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, उनकी सालाना सैलरी 2023-24 के लिए 51 करोड़ रुपये थी , जिसमें 3.6 करोड़ रुपये बेस सैलरी, 1.67 करोड़ प्रीरिक्वेस्टिव वर्थ, 35.28 करोड़ का कमीशन और 10.5 करोड़ का रिटायरमेंट प्रॉफिट शामिल है। एचआर



कथा के अनुसार, उनका वेतन एलएंडटी कर्मचारियों के औसत वेतन से 534.57 गुना अधिक है, जो वित्त वर्ष 23-24 में लगभग 9.55 लाख रुपये सालाना का था।

### कंपनी ने दी सफाई

एलएंडटी के चेयरमैन के बयान के बाद कंपनी के प्रवक्ता ने सफाई दी है। 9 जनवरी को कंपनी की ओर से कहा गया कि उनके चेयरमैन की टिप्पणी भारत के लिए महत्वाकांक्षा को दर्शाती है। उनके कहने का मतलब यही था कि यदि हम असाधारण काम करेंगे। तभी हमें शानदार और यूनिट रिजल्ट देखने को मिलेंगे।

### भड़कीं दीपिका पादुकोण

सुब्रमण्यन का ये बयान काफी लोगों को पसंद नहीं आ रहा है, जिस पर उनकी आलोचना भी खूब हो रही है। इसी बीच बॉलीबुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने पत्रकार फैज डिसूजा का पोस्ट अपनी इंस्टा स्टोरी पर शेयर करते हुए लिखा है कि ऐसे सीनियर व्यक्ति से इस तरह के बयान बयान चौंकाने वाले हैं मेंटल हेल्थ भी मायने रखती है।

## एफवाई 25 में पूंजी बाजार से जुटाई गई राशि 21% बढ़कर 14.27 लाख करोड़ रुपये होगी, सेबी प्रमुख ने जताया अनुमान



नई दिल्ली,10 जनवरी (एजेंसियां)। इक्विटी और ऋण साधनों सहित पूंजी बाजारों से कुल धन उगाही वित्त वर्ष 2025 में लगभग 21 प्रतिशत बढ़कर 14.27 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है, वित्त वर्ष 2024 में यह राशि 11.8 लाख करोड़ रुपये थी। सेबी प्रमुख माधवी पुरी बुच ने शुक्रवार को यह बात कही।

बुच ने कहा कि चालू वित्त वर्ष के पिछले नौ महीनों में संस्थाओं ने इक्विटी से 3.3 लाख करोड़ रुपये और ऋण बाजारों से 7.3 लाख करोड़ रुपये जुटाए हैं, जिससे कुल जुटाई गई राशि 10.7 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। बुच ने मुंबई में एनआईएसएम की ओर से आयोजित एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, यदि हम अगली तिमाही के लिए अनुमान लगाएं तो हम पूंजी, इक्विटी और ऋण दोनों के संदर्भ में वर्ष के दौरान संभवतः 14 लाख करोड़ रुपये से अधिक जुटाएंगे। बुच द्वारा प्रस्तुत प्रस्तुति में वित्त वर्ष 2025 का अनुमान 14.27 लाख करोड़ रुपये बताया गया।

बुच ने कहा कि रियल एस्टेट निवेश ट्रस्टों, बुनियादी ढांचा निवेश ट्रस्टों और म्युनिसिपल बांडों द्वारा जुटाई गई धनराशि का वित्त वर्ष 25 के पहले नौ महीनों में कुल पूंजी जुटाने में बहुत छोटा योगदान है, जो लगभग 10,000 करोड़ रुपये है, लेकिन उन्हें लगता है कि अगले दशक में यह गतिविधि बढ़कर इक्विटी और ऋण बाजारों से जुटाई गई धनराशि से भी अधिक हो जाएगी। बुच ने कहा कि पूंजी बाजार नियामक निर्गमों के निपटान में लगने वाले समय को तेज करने की दिशा में काम कर रहा है। उन्होंने लघु एवं मध्यम उद्यमों (एसएमई) के बोर्ड प्रस्तावों के निपटान में लगने वाले समय को कम करने की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा कि सेबी ऐसे एसएमई निर्गमों के लिए 3 महीने तक का समय ले रहा है, जबकि बैंक 15 मिनट में सैद्धांतिक मंजूरी दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि निर्गमों को आगे बढ़ाने के लिए वह अधिक तकनीकी उपकरणों का उपयोग करना चाहेंगे। बुच ने कहा कि आईपीओ पर काफी ध्यान दिया जा रहा है और सेबी के पास इस संबंध में नए आवेदनों की बाढ़ आ गई है, लेकिन उन्होंने कहा कि तरजीही निर्गम, संस्थागत प्लेसमेंट और राइट्स इश्यू सहित अन्य रास्ते भी महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि नियामक ने अधिकार निर्गमों में तेजी लाने के लिए एक प्रणाली बनाई है और उम्मीद जताई कि उद्योग भी इसे अपनाएगा। सेबी अध्यक्ष ने कहा कि नियामक म्यूचुअल फंडों के नए प्रस्तावों को काफी तेजी से मंजूरी दे रहा है। उन्होंने कहा कि 250 रुपये की न्यूनतम राशि के साथ व्यवस्थित निवेश योजनाएं (एसआईपी) जल्द ही शुरू की जाएंगी। उन्होंने पिछले कुछ वर्षों में घरेलू संस्थागत निवेशकों की ओर से जुटाए गए संसाधन की सराहना की और कहा कि इस धन से अस्थिरता के समय मदद मिली है, जब विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक बाहर निकल रहे हैं। बुच ने कहा कि सेबी को विभिन्न पहलुओं पर बहुत तेजी से आगे बढ़ने के लिए कुछ क्षेत्रों से आलोचना का सामना करना पड़ता है, लेकिन उन्होंने कहा कि यदि हमें विकास के मोर्चे पर अपनी आकांक्षाओं को पूरा करना है तो यह गति जरूरी है।

## गोल्ड 290 महंगा, 77,908 प्रति 10 ग्राम : चांदी की कीमत में 169 की बढ़ोतरी, 89,969 प्रति किलोग्राम पहुंची

नई दिल्ली,10 जनवरी (एजेंसियां)। सोने की कीमतों में सोमवार (10 जनवरी) को तेजी देखने को मिल रही है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 290 रुपए बढ़कर 77,908 रुपए पर आ गया है। गुरुवार को इसके दाम 77,618 रुपए प्रति दस ग्राम थे। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत 169 रुपए बढ़कर 89,969 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले गुरुवार को चांदी की कीमत 89,800 रुपए प्रति किलो थी। सोने ने पिछले साल 30 अक्टूबर को 79,681 प्रति 10 ग्राम का ऑल टाइम हाई बनाया था। वहीं, चांदी 23 अक्टूबर 2024 को 99,151 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई थी।

### इस साल सोने में अब तक 1,325 रुपए से ज्यादा की तेजी

आईबीजेए के अनुसार, इस साल अब तक सोने के दाम 1,325 रुपए बढ़ चुके हैं। वहीं, चांदी की कीमत 3,914 रुपए बढ़ चुकी है। 1 जनवरी को सोना 76,583 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था, जो अब 77,908 रुपए प्रति 10 ग्राम पहुंच गया है। वहीं एक किलो चांदी की कीमत 86,055 रुपए प्रति किलोग्राम से बढ़कर 89,969 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है।

### महानगरों सोने की कीमत

**दिल्ली :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 73,000 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 79,620 रुपए है।

**मुंबई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 72,850 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने



की कीमत 79,470 रुपए है।

**कोलकाता :** 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 72,850 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 79,470 रुपए है।

**चेन्नई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 72,850 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 79,470 रुपए है।

**भोपाल :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 72,900 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 79,520 रुपए है।

**हैदराबाद :** सोने(गोल्ड) का रेट 24 कैरेट के लिए 79,470 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट के लिए 72,850 रुपये है।

### 2024 में गोल्ड ने 20% और सिल्वर ने 17% का रिटर्न दिया

बीते साल सोने का भाव 20.22% बढ़ा। वहीं, चांदी की कीमत में 17.19% की बढ़ोतरी हुई। 1 जनवरी 2024 को सोना 76,583 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था, जो 31 दिसंबर 2024 को 76,948 रुपए प्रति 10 ग्राम पहुंच गया। वहीं इस दौरान, एक किलो चांदी की कीमत 73,395 रुपए प्रति किलोग्राम से बढ़कर 86,017 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई।

## 16 जनवरी को रिलायंस के तिमाही नतीजे : शेयर 6 महीने में 21% गिरा



मुंबई,10 जनवरी (एजेंसियां)। रिलायंस इंडस्ट्रीज अगले हफ्ते गुरुवार, 16 जनवरी को अपने तीसरी तिमाही के नतीजों की घोषणा करेगी। कंपनी ने गुरुवार को एक्सचेंज फाइलिंग में इसकी जानकारी दी। रिलायंस ने बताया कि 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त तिमाही और नौ महीनों के लिए रिजल्ट पर विश्लेषकों और मीडिया के सामने प्रजेंटेशन मीटिंग के बाद उसी दिन होगा।आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज के अनुसार, क्यू 3 वित्तीयवर्ष25 में रिलायंस के ओटीसी सेगमेंट की आय में तिमाही दर तिमाही आधार पर 9.4% की तेज बढ़ोतरी दिख सकती है।

### जुलाई-सितंबर तिमाही में 16,563 करोड़ का मुनाफा हुआ था

रिलायंस इंडस्ट्रीज ने 14 अक्टूबर को वित्त वर्ष 2024-25 के दूसरी तिमाही के नतीजे जारी किए थे। इसमें कंपनी को 16,563 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ था। सालाना आधार पर इसमें 4.77% की कमी आई है। एक साल पहले की इसी तिमाही में कंपनी का कॉन्सोलिडेटेड नेट प्रॉफिट 17,394 करोड़ रुपए रहा था।वहीं, जुलाई-सितंबर तिमाही में कंपनी की आय (रेवेन्यू) 2,35,481 करोड़ रुपए रही। एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी ने 2,34,956 करोड़ रुपए का रेवेन्यू जनरेट किया था। सालाना आधार पर इसमें 0.22% की मामूली बढ़ोतरी हुई है। वस्तुओं और सेवाओं को बेचने से मिली राशि को रेवेन्यू या राजस्व कहा जाता है।रिलायंस

इंडस्ट्रीज अगले हफ्ते गुरुवार, 16 जनवरी को अपने तीसरी तिमाही के नतीजों की घोषणा करेगी। कंपनी ने गुरुवार को एक्सचेंज फाइलिंग में इसकी जानकारी दी।
रिलायंस ने बताया कि 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त तिमाही और नौ महीनों के लिए रिजल्ट पर विश्लेषकों और मीडिया के सामने प्रजेंटेशन मीटिंग के बाद उसी दिन होगा। आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज के अनुसार, क्यू 3 वित्तीयवर्ष25 में रिलायंस के ओटीसी सेगमेंट की आय में तिमाही दर तिमाही आधार पर 9.4% की तेज बढ़ोतरी दिख सकती है।

## उतार-चढ़ाव के बाद टूटा बाजार; सेंसेक्स 241 अंक गिरा, निफ्टी 23450 के नीचे

नई दिल्ली,10 जनवरी (एजेंसियां)। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन भी घरेलू शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। शुक्रवार को सेंसेक्स 241.30 (0.31%) अंक टूटकर 77,378.91 पर बंद हुआ। दूसरी ओर, निफ्टी 87.71 (0.37%) फिसलकर 23,438.80 पर पहुंच गया। इस दौरान, एनटीपीसी और एसबीआई के शेयर चार प्रतिशत तक टूट गए। हालांकि निफ्टी आईटी इंडेक्स में मजबूती दिखी और यह 3.44% की बढ़त के साथ बंद हुआ।वैश्विक शेयर बाजारों में कमजोरी के रुख के साथ प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में शुक्रवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट दर्ज की गई। आर्थिक वृद्धि और तिमाही आय की चिंता के कारण निवेशकों की जोखिम उठाने की क्षमता में कमी दिखी। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और डॉलर सूचकांक में मजबूती से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई बेंचमार्क सेंसेक्स 241.30 अंक या 0.31 फीसदी की गिरावट के साथ 77,378.91 पर बंद हुआ। दिन के कारोबार के दौरान बेंचमार्क 77,919.70 के इंट्राडे हाई और 77,099.55 के लो के बीच 820.15 अंक के उतार-चढ़ाव के साथ बंद हुआ।बीएसई पर 3,167 शेयरों में गिरावट आई, 827 में तेजी आई और 84 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। एनएसई निफ्टी 95 अंक या 0.40 प्रतिशत गिरकर 23,431.50 पर आ गया। साप्ताहिक मोर्चे पर बीएसई बेंचमार्क 1,844.2 अंक या 2.32 प्रतिशत गिरा, और निफ्टी 573.25 अंक या 2.38 प्रतिशत गिरा।आपूर्ति संबंधी चिंताओं के कारण कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और डॉलर सूचकांक में मजबूती के कारण घरेलू बाजार की धारणा सुस्त रही। तीसरी तिमाही के सकारात्मक शुरुआती नतीजों के बाद आईटी क्षेत्र के लचीलेपन के बावजूद, ट्रम्प की नीतियों और उच्च मूल्यांकन के कारण अनिश्चितताओं के कारण व्यापक सूचकांकों में गिरावट आई। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, निकट भविष्य में समेकन जारी रह सकता है, निवेशक आगे के मार्गदर्शन के लिए आज अमेरिका के गैर-कृषि पेरोल आंकड़ों पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। 30 शेयरों वाले प्रमुख शेयरों में इंडसइंड बैंक, एनटीपीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट, सन फार्मा, एक्सिस बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, टाटा स्टील, पावर ग्रिड, अदाणी पोर्ट्स और कोटक महिंद्रा बैंक प्रमुख रूप से पिछड़ गए। आईटी सेवा कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज ने दिसंबर तिमाही में शुद्ध लाभ 11.95 प्रतिशत बढ़कर 12,380 करोड़ रुपये होने की सूचना दी, जिसके बाद कंपनी में लगभग 6 प्रतिशत की उछाल आई। टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, इंफोसिस और बजाज फिनसर्व अन्य बड़े लाभ वाले शेयर रहे।बाजार के जानकारों के अनुसार, बाजार में गिरावट का सिलसिला जारी रहा, क्योंकि डॉलर के मजबूत होने के कारण रुपया नए निचले स्तर पर पहुंच गया, जिससे निवेशकों की धारणा और भी कमजोर हो गई। आर्थिक वृद्धि में सुस्ती की चिंताओं और तिमाही आय में मंदी की आशंकाओं के बीच निवेशकों ने बैंकिंग और मिड तथा स्मॉल-कैप शेयरों पर अपना दांव घटा दिया। मेहता इक्विटीज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (अनुसंधान) प्रशांत तापसे ने कहा, भारतीय बाजारों का महंगा मूल्यांकन अभी भी चिंता का विषय है, इसलिए निवेशक ज्यादातर शेयर-विशिष्ट गतिविधियों का सहारा लेंगे।बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक में 2.40 प्रतिशत तथा मिडकैप सूचकांक में 2.13 प्रतिशत की गिरावट आई। बीएसई के क्षेत्रीय सूचकांकों में बिजली (3.07 प्रतिशत), उपयोगिता (2.86 प्रतिशत), रियल्टी (2.64 प्रतिशत), उद्योग (2.08 प्रतिशत), कमोडिटी (2.05 प्रतिशत) और उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुएं (1.98 प्रतिशत) में गिरावट आई। बीएसई फोकस्ड आईटी में 3.17 फीसदी की तेजी आई, आईटी (2.65 फीसदी) और टेक (2.24 फीसदी) में सबसे ज्यादा तेजी रही। एशियाई बाजारों में सियोल, टोक्यो, शंघाई और हांगकांग में गिरावट रही।

यूरोपीय बाज़ारों में गिरावट देखी गई। गुरुवार को अमेरिकी बाज़ार बंद रहे। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने गुरुवार को 7,170.87 करोड़ रुपये मूल्य की इक्विटी बेची। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 2.02 प्रतिशत बढ़कर 78.47 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। पिछले सत्र में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 528.28 अंक या 0.68 प्रतिशत गिरकर 78,000 के स्तर से नीचे 77,620.21 अंक पर आ गया था। निफ्टी 162.45 अंक या 0.69 प्रतिशत गिरकर 23,526.50 अंक पर आ गया था।

## दैनिक पंचांग

### ग्रह गोचर




| ग्रह स्थिति | | | लग्नारंभ समय | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सूर्य- | धनु | मे | धनु---- | 05-00 | बजे |
| चंद्र- | वृष | मे | मकर... | 07-05 | बजे |
| मंगल | कर्क | मे | कुंभ - | 08-56 | बजे |
| बुध- | धनु | मे | मीन- | 10-33 | बजे |
| गुरु- | वृष | मे | मेष--- | 12-09 | बजे |
| शुक्र- | कुंभ | मे | वृष--- | 13-54 | बजे |
| शनि- | कुंभ | मे | मिथुन | 15-56 | बजे |
| राहु- | मीन | मे | कर्क... | 18-07 | बजे |
| केतु- | कन्या | मे | सिंह--- | 20-19 | बजे |
| | | | कन्या--- | 22-26 | बजे |
| | | | तुला---- | 00-32 | बजे |
| | | | वृश्चिक... | 02-41 | बजे |

श्री कालयुक्त संवत्सर-विक्रम संवत-2081
शक संवत- 1946 सूर्य - उत्तरायणे - ऋतु - शिशिर
महावीर निर्वाण संवत -2051,हिजरी सन् -1444
कलियुग अवधि-432000 सूर्योदय -06-52 सूर्यास्त. -17-55
भोग्य कलि वर्ष-426875
कलियुग संवत् -5125 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949125
सृष्टि ग्रहारंभ संवत-1955885125
दिशाशूल - पूर्व - अदरक खाकर घर से निकले
तिथि- द्वादशी . 08-21 तक उपरान्त (त्रयोदशी क्षय)
मास - पौष शुक्ल , शनिवार 11 January
नक्षत्र - रोहिणी 12-29 तक उपरान्त मृगशिरा
योग - शुक्ल 11-48 तक उप ब्रह्म
करण- बालव 08-21 तक उप कौलव
विशेष:- शनि प्रदोष व्रत
व्रत -त्योहार - सर्वार्थअमृत सिद्धि योग 07-31 से

विशेष:- राशिफल गृहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश क लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 09:37 से 11:01 तक**

**पं महेशचन्द्र शर्मा मो.9247132654,8309517693**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काल. | 06:52 - 08:14 | अशुभ | लाभ. | 17:55 - 19:35 | शुभ |
| शुभ. | 08:14 - 09:37 | शुभ | उत्पात | 19:35 - 21:11 | अशुभ |
| रोग | 09:37 - 11:01 | अशुभ | शुभ | 21:11 - 22:48 | शुभ |
| उत्पात | 11:01 - 12:24 | अशुभ | अमृत. | 22:48 - 00:24 | शुभ |
| चंचल. | 12:24 - 13:48 | शुभ | चंचल | 00:24 - 02:01 | शुभ |
| लाभ | 13:48 - 15:11 | शुभ | रोग. | 02:01 - 03:37 | अशुभ |
| अमृत. | 15:11 - 16:35 | शुभ | काल | 03:37 - 05:14 | अशुभ |
| काल | .16:35 - 17:55 | अशुभ | लाभ | 05:14 - 06:52 | शुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,
अनुभव सबसे बड़ा अध्यापक है और अभी आपको इसी से सीखना है । भूतकाल से ली हुई सीख की उपेक्षा ना करें ताकि भविष्य की परेशानियों से बच सकें । जरुरतमंदों ,चाहे बच्चे हों या बूढ़े,उनकी मदद करें । ऐसे करने से ही आप सही रास्ते पर चल पायेंगे चाहे आपको अभी इस पर चलने में कोई भी परेशानी आ रही हो ।

**वृष** ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,
आपके सामने नए अवसर प्रस्तुत होने वाले हैं । आप आज तक अपनी जिस प्रतिभा को केवल हॉबी मानते आये थे,उससे अपनी आजीविका कमा सकते हैं । जीवन के हर क्षेत्र में नए बदलाव होंगे जो आपके जीवन को पूरी तरह बदलकर रख देंगे । आप अपने जीवन से संतुष्ट अनुभव करेंगे ।

**मिथुन** का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,
दिन आपके लिए अच्छा रहेगा ,लेकिन ऐसा हो सकता है कि आप छोटी सी बात के बारे में सोच-सोचकर परेशान हों । ऐसा सोचना प्राक्रतिक है ,लेकिन इससे आपकी घर और कार्यस्थल की शांति और कार्य की गति प्रभावित होगी ।यह समय बड़े लक्ष्यों को सोचकर छोटी-मोटी बातों को नजरंदाज कर देने का है ।

**कर्क** ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,
नकारात्मकता से भरे छली लोगों से दूर रहें । ये आपको भी नकारात्मक बनाकर असफल कर देने की कोशिश में हैं जबकि आप अपनी मंजिल के बहुत करीब हो । शांति के लिए आज अपना अधिकतर समय परिवार के साथ घर पर बिताएं और सारा बाकी काम पूरा कर लें । कुछ मीठी यादें सहेजने के लिए अपने कमरे में उनका फोटो लगा दें ।

**सिंह** मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,
आज का दिन सृजनात्मक प्रवृति के लोगों के लिए बहुत अच्छा साबित होगा । आपके हुनर और कार्यों दोनों की ही प्रशंसा होगी । अपने कार्य के लिए धन प्राप्ति भी संभव है । अगर आप विद्यार्थी हैं तो आपके लिए समय अच्छा है और परीक्षा से डरने के स्थान पर उसका सामना करना बेहतर होगा ।

**कन्या** टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
दिन शांत रहेगा । पिछले सप्ताह के व्यस्त कार्यक्रम से थोड़ी राहत मिलेगी,जो अच्छी लगेगी । आपके वरिष्ठ अधिकारी आप पर नजर रखे हुए हैं ,इसीलिए अधिक मेहनत करें । कुछ अनापेक्षित निजी मुद्दे आपके सामने आ सकते हैं ,उनसे आपको आश्चर्य तो जरुर होगा,लेकिन आप संतोषजनक तरीके से उन्हें सँभालने में कामयाब होंगे ।

**तुला** रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,
आप बहुत दिनों से आज के दिन के लिए बचत करते आ रहे हैं । आज कोई ऐसी ख़ुशी की खबर मिलेगी जो आपके होठो पर मुस्कान और आँखों में आंसू ले आएगी । आज आप पुरे दिन दोस्तों और सम्बन्धियों से घिरे रहेंगे। समय मजे में बीतेगा लेकिन अपने स्व। स्थ्य का ध्यान जरूर रखें ।

**वृश्चिक** तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,
आप आज अनजाने तथ्यों के साथ सहज महसूस नही करेंगे । इसलिए आप प्रयोग ना करते हुए जानी –पहचानी राहों पर ही आगे बढने की कोशिश करेंगे । आपके सामने नए अवसर आयेंगे ,लेकिन आप उनमे से भी उसी को चुनेंगे जिससे आप भली-भांति परिचित हैं । इस समय का उपयोग अपना पिछला बचा हुआ काम निपटाने के लिए करें ।

**धनु** ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे
आज दुविधा और उलझन की स्थिति बनी रहेगी । लेकिन यह बस उपरी आवरण है ,जैसे ही स्थिति साफ़ होगी ,आप वास्तविकता को देख पाएंगे । शुरुआत में सब कुछ उलझा हुआ सा लगेगा ,लेकिन समय के साथ साथ सब ठीक होगा,अपना समय लें और चलते रहें । आपको सफलता मिलेगी । परिवर्तन तो जरुर होंगे लेकिन आपके भविष्य के लिए शुभ साबित होंगें ।

**मकर** भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी
आज अप्रत्याशित रूप से काफी खर्च हो सकता है । आप कोई ऐसी चीज खरीद सकते हैं जिसकी आपको जरुरत नही है लेकिन आपको अच्छी लगती है,इससे आपकी वित्तीय स्थिति काफी प्रभावित भी होगी। अपनी इस खर्च करने की प्रवृति पर नियंत्रण रखें तो दिन शांति से गुजर जाएगा । आपको आज कुछ नयी वित्तीय योजनायें भी पता चलेंगी ।

**कुंभ** गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,
आज अपमनी दार्शनिकताओं तथा विचारों को किसी के साथ बाँट लेने का मौका देखें ,आपकी मुलाकात एक बेहतरीन व्यक्ति से हो सकती है । इससे एक ख़ूबसूरत दोस्ती या अच्छी साझेदारी भी जन्म ले सकती है । थोड़े से ध्यान से देखने से,आप अपने आसपास से बहुत सारी चीजें सीख पायेंगेऔर यह ज्ञान आपके लिए लाभकारी सिद्ध होगा । आप किसी ऐसे व्यक्ति से भी मिल पायेंगे जिसके विचार आपसे मिलते हों ।

**मीन** दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची
आज का दिन मौज मस्ती के नाम रहेगा । आज सगे सम्बन्धियों से मुलाकात हो सकती है ,फोन या मेल के द्वारा भी संपर्क हो सकता है ।वर्त्तमान समय अपने सामाजिक कौशलों को निखारने तथा आने वाली पार्टियों के लिए खुद को तैयार करने का बिलकुल सही समय है । दिन के आगे बढ़ने के साथ साथ वित्तीय परेशानियां अपने आप दूर होती जायेंगी ।

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र**

# पत्रकार मुकेश चंद्रकार की हत्या से पहले सुरेश ने बैंक खाते से बडी राशि निकाली थी

## चौंकाने वाली है एसआईटी की रिपोर्ट



रायपुर, 10 जनवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बीजापुर में पत्रकार मुकेश चंद्रकार की हत्या मामले में मास्टमाइंड सुरेश चंद्रकार के बारे में एसआईटी ने बड़ा खुलासा किया है। हत्या से कुछ दिन पहले सुरेश चंद्रकार ने अपने बैंक खाते से बड़ी राशि निकाली थी। यह जानकारी मामले की जांच कर रही एसआईटी ने गुरुवार को दी। यह पहली बार है, जब एसआईटी ने इस मामले में संभावित धन के पहलू की ओर इशारा किया है।

एसआईटी के अनुसार ठेकेदार सुरेश ने अपने भाइयों रितेश और दिनेश के साथ मिलकर अपने रिश्तेदार मुकेश की हत्या की योजना 1 जनवरी पहले बनाई थी। सुरेश, रितेश, दिनेश और एक अन्य संदिग्ध, सुरेश के सुपरवाइजर महेंद्र रामटेके को 4 और 5 जनवरी को हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। यह गिरफ्तारी मुकेश का शव छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के एक सेप्टिक टैंक में मिलने के कुछ दिन बाद हुई। पुलिस का दावा है कि मुकेश की हत्या सुरेश द्वारा किए गए कुछ सड़क निर्माण परियोजनाओं में कथित भ्रष्टाचार पर की गई एक खबर के कारण हुई थी। सुरेश कथित तौर पर 150 करोड़ रुपए की तीन सरकारी परियोजनाएं कर रहा था, जिसमें अभी भी निर्माणाधीन नेलेसनार-गंगालूर सड़क के एक हिस्से पर काम भी शामिल है।

वहीं, जब एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी से पूछा गया कि सुरेश के बैंक खाते से कितनी राशि निकाली गई थी, तो उन्होंने कहा कि यह जांच का विषय है। उन्होंने एक अंग्रेजी अखबार से बात करते हुए कहा कि राशि का खुलासा करने पर जांच बाधित होगी। एसआईटी चीफ मयंक गुर्जर के अनुसार, सुरेश ने स्वीकार किया है कि मुकेश की रिपोर्ट ने उसे परेशान कर दिया था।

इसके साथ ही एसआईटी ने कहा कि 2 जनवरी को मुकेश के लापता होने की सूचना मिलने के बाद, पुलिस टीम ने पत्रकार के अंतिम ज्ञात स्थान को उसके जीमेल अकाउंट के माध्यम से ट्रैक किया। यह कथित तौर पर छत्तनपारा, बीजापुर में था, जहां सुरेश की आधा एकड़ जमीन पर 17 कमरों की एक संपत्ति बनी हुई थी। जब वह अपनी छत्तनपारा संपत्ति पर पहुंचा, तो सुरेश को कथित तौर पर एक पुलिस टीम को आसपास दिखाने के लिए कहा गया।

पुलिस के अनुसार, जब उन्हें वहां मुकेश नहीं मिला, तो टीम ने उसके कॉल रिकॉर्ड का पता लगाना शुरू किया। इस दौरान पाया कि रितेश को कई कॉल किए गए थे। जांचकर्ताओं ने इलाके में लगे सीसीटीवी की भी जांच शुरू की और रितेश को घर से गाड़ी चलाकर जाते हुए पाया। इस बीच, एक अन्य टीम ने दिनेश का बीजापुर जिला अस्पताल में पता लगाया। पूछताछ के दौरान, पुलिस को कथित तौर पर पता चला कि रितेश और रामटेके ने मुकेश को लोहे की रॉड से मार डाला था और उसके शरीर को पास के एक सेप्टिक टैंक में फेंक दिया था। बीजापुर पुलिस ने बताया कि इससे पुलिस को अन्य लोगों का पता लगाने में मदद मिली। लोहे की रॉड कथित तौर पर बीजापुर में नेलसनार नदी के पास एक जंगल में मिली थी।

# बीजापुर आईईडी ब्लास्ट, 3 दिन बाद मिले ड्राइवर के टुकड़े

जगदलपुर, 10 जनवरी (एजेंसियां)। बीजापुर आईईडी ब्लास्ट के तीन दिन बाद अब ड्राइवर तुलेश्वर राणा के शव के कई टुकड़े में मिले हैं। पहले दिन हथेली और अब बाकी अंग मिले हैं। इसके चलते दो बार तुलेश्वर का अंतिम संस्कार करना पड़ा। परिवार वाले उसका चेहरा तक नहीं देख पाए। दरअसल, 6 जनवरी को बीजापुर में कुटरू-बेदरे मार्ग पर नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट किया था जिसमें 8 जवान शहीद हो गए थे। वहीं ड्राइवर तुलेश्वर राणा की भी मौत हो गई थी। बता दें कि, तुलेश्वर बस्तर जिले के तोकापाल ब्लॉक के बड़े आरापुर का रहने वाला था। पिता किसान हैं, मां को लकवा है। बड़ा भाई भी पिता के साथ खेती-किसानी का काम करता है। तुलेश्वर पर परिवार की जिम्मेदारी थी और वह वाहन चालक की नौकरी करता था।

# नक्सलियों ने बनाई थी सुरक्षाबलों को उड़ाने की प्लानिंग

## बीयर की बोतलों में छिपाकर रखा था विस्फोटक




रायपुर, 10 जनवरी (एजेंसियां)। बीजापुर में सुरक्षाबलों ने दो आईईडी डिफ्यूज किए हैं। ये आईईडी नक्सलियों द्वारा लगाया गया था। बताया जा रहा है कि गुरुवार 9 जनवरी को सीआरपीएफ और स्थानीय पुलिस की टीम बारूदी सुरंग को हटाने की ड्यूटी पर थी। टीम ने आवापल्ली थाना क्षेत्र में मुरदंडा कच्ची सड़क से ये आईईडी बरामद किया। आईईडी बीयर की बोतलों में रखे गए थे और कच्चे रास्ते के नीचे छिपाए गए थे। समय रहते इन्हें नष्ट कर दिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

दरअसल, गुरुवार को बीजापुर जिले में सीआरपीएफ की 229 वीं बटालियन और स्थानीय पुलिस की एक संयुक्त टीम बारूदी सुरंग हटाने के काम में लगी थी। आवापल्ली थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुरदंडा कच्ची सड़क पर टीम को दो आईईडी मिले। नक्सलियों ने ये आईईडी आम लोगों और सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने के लिए लगाए थे। सीआरपीएफ के बम निरोधक दस्ते ने बड़ी ही सावधानी से इन आईईडी को निष्क्रिय किया। ये आईईडी बीयर की बोतलों में भरे हुए थे और कच्चे रास्ते के नीचे छिपाए गए थे, जिससे इन्हें देख पाना मुश्किल था। सुरक्षाबलों की सतर्कता से इलाके में रहने वाले लोगों की जान बच गई।

बता दें कि 6 जनवरी को बीजापुर के अंबेली गांव के पास सुरक्षाकर्मियों को ले जा रहे एक वाहन को नक्सलियों ने आईडी ब्लास्ट से उड़ा दिया था। इसमें कुल 8 जवानों की मौत हो गई थी। इसमें एक ड्राइवर भी शामिल था। हादसे में मारे गए 8 जवानों में से 5 पूर्व में नक्सली रह चुके हैं। ब्लास्ट इतना जोरदार हुआ था कि गाड़ी के पुर्जे और जवानों के कपड़े पेड़ पर लटके मिले थे। मौके पर लगभग 20 फीट गहरा गड्ढा हो गया था।

# अलकायदा कनेक्शन? झारखंड से संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार

## दिल्ली स्पेशल सेल की कार्रवाई



रांची, 10 जनवरी (एजेंसियां)। स्पेशल सेल दिल्ली और झारखंड एटीएस की टीम की ओर से लगातार अलकायदा इंडियन सबकॉन्टिनेंट मॉड्यूल के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी के तहत फरार अभियुक्त शाहबाज अंसारी को गिरफ्तार किया गया है। इसके गिरफ्तारी रांची के चान्हो थाना क्षेत्र से की गई है।

झारखंड एटीएस और दिल्ली पुलिस की ओर से संयुक्त कार्रवाई में ये सफलता मिली है। स्पेशल सेल दिल्ली और एटीएस झारखंड टीम की टीम चान्हो निवासी खलील अंसारी के पुत्र शाहबाज अंसारी को गिरफ्तार कर लिया। दिल्ली स्पेशल सेल ने कांड संख्या 301/24 के अभियुक्त शाहबाज अंसारी को झारखंड पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार किया। अब संदिग्ध को पुलिस रिमांड पर लेकर स्पेशल सेल की टीम दिल्ली ले जाने की तैयारी की रही है।

इससे पहले भी झारखंड एटीएस ने राज्य की राजधानी रांची, हजारीबाग समेत लोहरदगा में एक दर्जन से ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी की थी और चार संदिग्ध को गिरफ्तार किया था। इसके साथ ही इस मॉड्यूल के सरगना डॉ इश्तियाक अहमद को रांची के बरियातू से अरेस्ट किया था। वही फैजान उर्फ मुन्ना को हजारीबाग से जबकि मो रिजवान और मुफ्ती रहमतुल्लाह को रांची के चान्हो से गिरफ्तार कर दिल्ली के स्पेशल टीम अपने साथ ले गई थी।

# झारखंड के मुख्यमंत्री ने कोयला मंत्री से 1.36 लाख करोड़ रुपये के बकाया भुगतान की मांग की



रांची, 10 जनवरी (एजेंसियां)। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने झारखंड का बकाया 1.36 लाख करोड़ रुपये के भुगतान की मांग रखी। मुख्यमंत्री ने बंद पड़ी खदानों की जमीन राज्य सरकार को लौटने की बात भी रखी। जवाब में केंद्रीय मंत्री ने इस मुद्दे के समाधान और बकाये के भुगतान का भरोसा दिलाया।

इस बैठक में खनिज रॉयल्टी को लेकर राज्य सरकार ने विषयवार- क्षेत्रवार अलग-अलग परियोजनावार बकाया राशि का आकलन, जो जिला स्तर पर खनन कंपनियां के साथ तैयार किया गया है, केंद्रीय कोयला मंत्री के समक्ष उसे रखा गया तथा उस बकाये और गणना का आधार उपलब्ध कराया गया। जिस पर केंद्रीय कोयला मंत्री ने आदेश दिया कि केंद्र सरकार के अधिकारी राज्य सरकार के साथ मिलकर इसकी प्रमाणिकता का आकलन करें। केंद्रीय कोयला मंत्री ने मुख्यमंत्री को बकाया के भुगतान का भरोसा दिलाया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोल खनन परियोजनाओं को लेकर जमीन का जो अधिग्रहण होता है। जो रैयत विस्थापित होते हैं, उन्हें सिर्फ मुआवजा और नौकरी देने की व्यवस्था से हमें आगे बढ़ाने की जरूरत है। विस्थापित रैयतों को को खनन परियोजनाओं में स्टेक होल्डर बनाकर हमें आगे बढ़ने की जरूरत है। इससे उनका हम विश्वास भी जीतेंगे और सीएसआर से जुड़ी गतिविधियों तथा डीएमएफटी फंड का बेहतर तरीके से इस्तेमाल कर सकेंगे। मुख्यमंत्री ने खनन परियोजनाओं में कार्य को लेकर जो टेंडर जारी किए जाते हैं। उसमें छोटे-मोटे कार्यों का टेंडर विस्थापितों को मिलना चाहिए। इस दिशा में कोल मंत्रालय दिशा निर्देश जारी करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड जैसे राज्य में जमीन से लोगों का भावनात्मक लगाव होता है। ऐसे में जब खनन परियोजनाओं को लेकर जमीन अधिग्रहण होता है तो लोगों को काफी तकलीफें होती है। वे अपनी जमीन से अलग होना नहीं चाहते हैं। विस्थापितों को सिर्फ मुआवजा तथा नौकरी देकर सारी खुशियां नहीं दे सकते हैं। ऐसे में जमीन अधिग्रहण से जो रैयत विस्थापित होते हैं उनकी कोल खनन परियोजनाओं में इस तरह भागीदारी सुनिश्चित किया जाना चाहिए, ताकि वे अपना पूरा सहयोग सरकार और कोयला कंपनियों को दे सकें।

# एक परिवार की तीन लाशें

## घर में जिंदा जली महिला और डेढ़ साल की बेटी, पति की लाश पेड़ पर लटकी मिली

रायगढ़, 10 जनवरी (एजेंसियां)। रायगढ़ के एक घर में महिला और उसकी डेढ़ साल की बेटी जिंदा जल गई। वहीं घर से कुछ दूर पेड़ पर महिला के पति की लाश भी लटकी मिली है। गुरुवार देर रात कमतरा गांव में ये घटना हुई है। मामला घरघोड़ा थाना इलाके की है। जानकारी के मुताबिक, मृतकों की पहचान सुरेश कुमार गुप्ता, पत्नी चांदनी गुप्ता और बेटी आकांक्षा गुप्ता के रूप में हुई है। घटना के कारणों का अभी खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस भी मौके पर पहुंच कर पर जांच और पूछताछ कर रही है। घटना रात करीब साढ़े 10 बजे की है। सुरेश गुप्ता घर में ही बीड़ी-सिगरेट की दुकान चलाता था साथ ही पेट्रोल भी बेचता था। एसडीओपी धर्मजयगढ़ सिद्धांत तिवारी ने बताया कि, 3 डेडबॉडी मिलने की सूचना पर पुलिस पहुंची है लोगों से पूछताछ कर रही है। आशंका है जताई जा रही है कि, खाना मांगने की बात पर सुरेश का पत्नी से विवाद हुआ होगा और सुरेश ने घर में आग लगाने के बाद खुद बाहर जाकर फांसी लगा ली।

# स्टील प्लांट की निर्माणाधीन चिमनी गिरने से 30 से अधिक लोग मलबे में दबे

## कुछ लोगों के मौत की खबर, रेस्क्यू जारी




मुंगेली, 10 जनवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के मुंगेली जिले में गुरुवार की शाम बड़ा हादसा हो गया है। यहां के स्टील प्लांट की निर्माणाधीन चिमनी गिर गई है। निर्माणाधीन चिमनी गिरने से 30 से अधिक लोग मलबे में दबे हुए हैं। वहीं, हादसे में कुछ लोगों के मौत की जानकारी मिल रही है। चिमनी के मलबे से एक घायल को निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार सरगांव थाना क्षेत्र के रामबोड़ इलाके में स्थित कुसुम फैक्ट्री में एक्सटेंशन वर्क हो रहा था। मजदूर अपना कार्य कर रहे थे कि तभी अचानक से प्लांट की चिमनी गिर गई। चिमनी गिरते ही वहां काम कर रहे 30 के करीब मजदूर इसकी चपेट में आ गए।

फैक्ट्री की चिमनी मजदूरों के ऊपर पर गिरते ही चीख पुकार मच गई। काम कर रहे कई मजदूर दब गए। करीब 30 से अधिक मजदूर दब गए हैं जिनको बचाने के लिए घटनास्थल पर रेस्क्यू शुरू कर दिया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। मलबे में दबे मजदूरों को बाहर निकाला जा रहा है। अभी तक कुछ मजदूरों के मौत की खबर सामने आ रही है। घटना की जानकारी मिलते ही कलेक्टर राहुल देव भी मौके पर पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा कि मजदूरों का रेस्क्यू मिशन जारी है।

कुसुम प्लांट में हुए हादसे में एसडीआरएफ का रेस्क्यू मिशन जारी है। पुलिस प्रशासन ने बताया कि दो मजदूरों को निकालकर हॉस्पिटल पहुंचाया गया है। ये दोनों कमर से नीचे तक गरम राख में झुलस गए हैं। इनका इलाज अपोलो बिलासपुर में किया जा रहा है। इसके साथ ही तीन मजदूर मिसिंग है संभवतः वो राख से भरे गिरे हुए कंटेनर में दबे हो सकते हैं। अब तक फिलहाल कोई भी मौत की पुष्टि आधिकारिक तौर पर नहीं की गई है। हालांकि आधा दर्जन से अधिक मजदूरों के मौत की आशंका है। अभी बचाव कार्य जारी है। जिस जगह हादसा हुआ है। वहां करीब 10 कंटेनर के करीब मलबा भरा हुआ है। इसके साथ ही एक ट्रेलर भी दबा हुआ है।

लोहा गलाने के दौरान प्लांट की चिमनी से जो राखड़ आता है वो इस कंटेनर में जमा होता है। गरम-गरम राखड़ जिस कंटेनर में इकट्ठा होता है उसकी कैपेसिटी 150 टन है, जिसमें लगभग 80 टन मलबा गरम राख भरी हुईं है। इस कंटेनर को काटने का प्रयास किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि ये कंटेनर प्लांट में नया स्थापित किया गया था। लगभग 15 से 20 दिन ही हुए हैं।

प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि एक कंटेनर के समीप ही खड़ा हुआ था जो कि कंटेनर की चपेट में आ कर दब गया पास ही मज़दूर कंटेनर के समीप बैठे हुए थे जो दबे है या नहीं दबे ये स्थिति अभी तक साफ नहीं हो पाई है। कोई आधिकारिक पुष्टि भी संख्यात्मक रूप में अब तक फिलहाल नहीं हुई है। प्लांट में रोज करीब 400 के आसपास मजदूर कार्य करने आते हैं। काम करने वाले मजदूरों के परिवार के लोग हो हल्ला कर दबे हुए मजदूर को जल्दी निकालने की मांग कर रहे हैं।

छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने भी इस हादसे पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि मुंगेली जिले के रामबोड़ गांव स्थित स्मेल्टर्स प्लांट में औद्योगिक दुर्घटना का दुःखद समाचार प्राप्त हुआ है। घटना की जानकारी मिलते ही उच्चाधिकारियों को राहत और बचाव कार्य हेतु आवश्यक निर्देश दिए हैं।

# गैस सिलेंडर लोडेड ट्रक में लगी आग

पाकुड़, 10 जनवरी (एजेंसियां)। झारखंड में गुरुवार की रात दुमका-साहेबगंज हाईवे पर हाइवा और रसोई गैस सिलेंडर लदे ट्रक की टक्कर हो गई। हादसे में ट्रक में आग लग गई और ड्राइवर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। हालांकि स्थानीय लोगों की मदद से आग पर फौरन काबू पा लिया गया वरना बड़ी घटना हो सकती थी। हादसा पाकुड़ और दुमका के बॉर्डर पर हुआ। इधर, घटना के बाद हाइवा का ड्राइवर मौके से भाग निकला। दुमका के गोपीकंदर थाना क्षेत्र स्थित कुश्चियरा गांव के पास एलपीजी गैस सिलेंडर से भरे ट्रक और एक हाइवा की आमने-सामने टक्कर हुई थी। ट्रक साहिबगंज से गैस सिलेंडर लोड कर दुमका की ओर जा रहा था। वहीं, हाईवा बीजीआर कोल कंपनी के दुमका अनलोडिंग साइडिंग से कोयला उतारकर अमड़ापाड़ा की ओर जा रहा था।

# नशे का कारोबारी गिरफ्तार

## 23 लीटर अवैध शराब और प्रतिबंधित दवाइयां बरामद, पहले भी जा चुका है जेल

जमशेदपुर, 10 जनवरी (एजेंसियां)। जमशेदपुर के सोनारी थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई में नशे के कारोबारी गौतम बोरकर उर्फ मोनी को गिरफ्तार किया है। एसएसपी की गुप्त सूचना पर डीएसपी हेडक्वार्टर-2 निरंजन तिवारी के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में आरोपी के पास से 23 लीटर देसी महुआ शराब और प्रतिबंधित नशीली दवाइयां बरामद की गईं। पुलिस के अनुसार, मोनी लंबे समय से अवैध शराब और नशीली दवाओं का कारोबार कर रहा था। उसकी गिरफ्तारी के बाद की गई छापेमारी में दो मोबाइल फोन भी बरामद किए गए, जो उसके व्यापक नेटवर्क की पुष्टि करते हैं। पहले भी अवैध शराब की खरीद-बिक्री के मामले में जेल जा चुके मोनी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# आउटसोर्सिंग पर वर्चस्व को लेकर हिंसक झड़प

## बाघमारा में गोली–बम चले, गिरिडीह सांसद का कार्यालय फूंका, 2 को गोली लगी



धनबाद, 10 जनवरी (एजेंसियां)। झारखंड में धनबाद जिले के बाघमारा क्षेत्र शुक्रवार सुबह-सुबह तनाव का माहौल है। इससे पहले गुरुवार को पूरा इलाका बम के धमाकों और गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंज उठा था।

दरअसल, बीसीसीएल के गोबिंदपुर एरिया में आउटसोर्सिंग कंपनी हिल टॉप राइज और स्थानीय रैयतों के बीच हिंसक झड़प के कारण पूरे इलाके में भय और दहशत का माहौल देखा जा रहा है। एक दिन पहले इलाके में दोनों ओर से कई राउंड फायरिंग की गई और दर्जनों बम के धमाके किए गए। यहां खुले आम हथियार चमकाए गए। इस झड़प में दो व्यक्ति को गोली लगने के बाद स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी मिली है कि बाघमारा के धर्माबाद ओपी अंतर्गत बाबूडीह क्षेत्र में प्रस्तावित हिल टॉप राइज आउटसोर्सिंग कंपनी के कर्मचारी गुरुवार को अपना काम शुरू करने के लिए वहां पहुंचे थे। जिसके विरोध में स्थानीय रैयत ग्रामीण आ गए और रैयत पहले मुआवजे देने की मांग की फिर आउटसोर्सिंग कंपनी को काम शुरू करने को कहा। इसी को लेकर रैयत और आउटसोर्सिंग कंपनी के गुर्गों में यह भिड़त हो गई। जिसके बाद देखते ही देखते यह भिड़ंत खूनी संघर्ष में बदल गया।

फिर दोनों ओर से गोली और बम चलने लगे। इसकी सूचना के बाद कई थानों की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई है और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास शुरू किया। इस बाघमारा के एसडीपीओ पुरुषोत्तम कुमार सिंह पर पत्थर से हमला किया गया। उन्हें गंभीर चोट आई है। इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मधुबन थाना क्षेत्र के बाबूडीह जंगल में संचालित होने वाली हिलटॉप आउटसोर्सिंग पर वर्चस्व को लेकर हिंसक झड़प में दोनों ओर से पथराव के साथ ही दो दर्जन से अधिक बम और 100 राउंड से अधिक गोलियां चली। इदस दौरान उपद्रवियों ने गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी का कार्यालय फूंक दिया। साथ ही 18 बाइक को आग के हवाले कर दिया। बताया गया है कि एसडीपीओ दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने उपद्रवियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की। खरखरी तालाब के पास मार्केट में पुलिस छापेमारी करने पहुंची। कुछ नहीं मिलने पर पुलिस वापस लौटने की तैयारी में थी। इस दौरान जेएमएम नेता कारू यादव अपने समर्थकों के साथ पहुंच गए और पुलिस से उलझ गए। पुलिस ने कारू यादव और उनके कुछ समर्थकों को पकड़ कर गाड़ी में बिठाना चाहा, तो इस दौरान कारू यादव के समर्थकों ने मार्केट की छत से पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया।

मौके का फायदा उठा कारू यादव अपने समर्थकों के साथ फरार हो गया। पुलिस को वहां से कई जिंदा बम भी मिले हैं।

# भूपेश बघेल की एक गलती से विधानसभा चुनाव हार गई कांग्रेस

## पूर्व डेप्युटी सीएम टीएस सिंहदेव ने किया बड़ा खुलासा



अंबिकापुर, 10 जनवरी (एजेंसियां)। पूर्व डेप्युटी सीएम टीएस सिंहदेव के एक और बयान से सियासत का पारा चढ़ने लगा है। उनका यह बयान टीएस सिंहदेव और भूपेश बघेल की खींचतान को एक बार फिर सामने लेकर आया है। टीएस सिंहदेव ने कहा कि पूर्ववर्ती भूपेश सरकार के कार्यकाल में नगर निगम अंबिकापुर को कम पैसे मिले। इससे शहर की सड़कों के काम नहीं हुए। यही सभी वजहें विधानसभा चुनाव में हार का कारण बना। कांग्रेस नगर निगम क्षेत्र से पिछड़ गई।

टीएस सिंहदेव इतने में ही नहीं रुके। उन्होंने, अंबिकापुर महापौर को लेकर भी बयान दिया। टीएस सिंहदेव ने कहा कि महापौर का पहला कार्यकाल अच्छा था। इसलिए दूसरे कार्यकाल में जीत मिली जबकि मेयर के पहले कार्यकाल के दौरान प्रदेश में भाजपा की सरकार थी। पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने अंबिकापुर नगर निगम के महापौर डॉ अजय तिर्की के दूसरे कार्यकाल को 10 में से 6.5 अंक दिया है जबकि उन्होंने महापौर के पहले कार्यकाल को 7 नंबर देते हैं।

**फंड नहीं दिला पाने को माना अपनी गलती**

टीएस सिंहदेव ने यह तक कह डाला कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के दौरान फंड नहीं मिलने से अंबिकापुर नगर निगम में विकास कार्य नहीं हुआ। जिस वजह से मुझे हार का सामना करना पड़ा। निगम की जनता ने मुझसे हिसाब किताब बराबर कर लिया है। ऐसे में टीएस सिंह देव ने अपने ही पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर नगरीय निकाय चुनाव से ठीक पहले सवाल खड़ा कर बीजेपी को एक बड़ा मुद्दा दे दिया है। आपको बता दें कि कांग्रेस सरकार के दौरान डेप्युटी सीएम रहे टीएस सिंहदेव को विधानसभा चुनाव में अपने प्रतिद्वंदी से मामूली अंतर से हार का मुंह देखना पड़ा था। उनके प्रतिद्वंदी राजेश अग्रवाल ने 94 वोटों के अंतर से हराया था। दोनों के बीच वोटों का अंतर अंबिकापुर में सबसे ज्यादा रहा था। यहां अपनी हार की वजह टीएस सिंहदेव ने नगर निगम की नाकामी को माना। वहीं, भूपेश बघेल और टीएस सिंहदेव के बीच चलती खींचतान को अंबिकापुर नगर निगम को विकास कार्यों के फंड नहीं मिलना माना।

# ओडिशा के पूर्व मंत्री के बेटे समेत 35 हिरासत में

## अविश्वास प्रस्ताव से पहले छत्तीसगढ़ पुलिस ने पकड़ा, नवीन पटनायक ने सीएम साय को लिखा लेटर

महासमुंद, 10 जनवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में ओडिशा के पूर्व मंत्री के बेटे सहित समर्थकों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। करीब 35 लोगों को गुरुवार रात अलग-अलग थानों में पूछताछ के लिए बैठाया गया। इनमें महिलाएं भी शामिल हैं। ये सभी बीजू जनता दल (बीजेडी) के समर्थक है।

यह घटना शुक्रवार को किरमीरा ब्लॉक अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव से ठीक पहले हुई। जानकारी के मुताबिक पूर्व मंत्री के बेटे समर्थक सरपंच और पंचायत समिति के सदस्यों के साथ महासमुंद टूर पर थे। पूर्व मंत्री के बेटे ने दावा किया कि पुलिस ने जानबूझकर उनपर कार्रवाई की है। वहीं ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने सीएम साय को लेटर भी लिखा है।

ओडिशा के पूर्व मंत्री नबा दास के बेटे विशाल दास सहित करीब 17-18 लोगों को सरायपाली पुलिस ने थाने में पूछताछ के लिए रखा है। इस बीच पूर्व मंत्री के बेटे ने थाने से 51 सेकेंड का एक वीडियो जारी किया है।

पूर्व मंत्री नबा दास के बेटे विशाल दास ने कहा कि, उनकी जान को खतरा है। थाने में हमारे सरपंचों को अवैध रूप से डिटेन किया गया है। मुझे भी रात 2 बजे से बैठाया गया है। छत्तीसगढ़ और ओडिशा की भाजपा सरकार से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप न करने की अपील करता हूं। यह डेमोक्रेसी की हत्या है। लोग हमें वोट देते हैं। आप हमारी मदद करें, और ओडिशा वासियों की भी मदद करें। गुरुवार रात 2 बजे ओडिशा के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री नबा दास के बेटे विशाल दास सहित उनके 30-35 समर्थक और सरपंचों को सरायपाली, सांकरा और भंवरपुर थाने में बैठाया गया है। इनमें महिलाएं भी शामिल हैं।

# कैलिफोर्निया की आग 40 हजार एकड़ में फैली

## 10 हजार इमारतें तबाह, 30 हजार घरों को नुकसान, 10 मौतें, 29 हजार एकड़ का इलाका खाक

लॉस एंजिलिस, 10 जनवरी (एजेंसियां)। अमेरिकी राज्य कैलिफोर्निया में लॉस एंजिलिस के चारों तरफ लगी आग से हुई मौतों का आंकड़ा शुक्रवार को बढ़कर 10 हो गया। यह कैलिफोर्निया में अब तक की सबसे बड़ी आग है।

पिछले 4 दिन से लगी आग लगभग 40 हजार एकड़ में फैली हुई है। 29 हजार एकड़ का इलाका पूरी तरह जल चुका है। आग से करीब 10 हजार इमारतें तबाह हो चुकी हैं, जबकि 30 हजार घरों को नुकसान पहुंचा है।

करीब 50 हजार लोगों को तुरंत घर खाली करने को कहा गया है। करीब 3 लाख लोगों को सुरक्षित जगह जाने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने शनिवार तक आग के और फैलने की चेतावनी दी है।

लॉस एंजिलिस काउंटी के शेरिफ (जिला सीईओ के समान) रॉबर्ट लूना ने कहा कि आग देखकर ऐसा लग रहा है जैसे इन इलाकों में परमाणु बम गिराया गया हो।

आग की वजह से लॉस एंजिलिस (एलए) के ब्रेंटवुड इलाके में बने उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के घर को भी खाली करने के निर्देश दिए गए हैं। एलए अमेरिका का सबसे ज्यादा आबादी



वाला काउंटी है। यहां 1 करोड़ से ज्यादा लोग रहते हैं।

कैलिफोर्निया में हेलिकॉप्टरों और विमानों से आग पर काबू पाने की कोशिश की जा रही है। लेकिन तेज हवाओं और उनके दिशा बदलने की वजह से आग अलग-अलग जगहों पर फैल रही है। लगभग 7500 फायर फाइटर्स को आग बुझाने के काम पर लगाया गया है।

रेस्क्यू टीम ने हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जा रही है। स्कूलों, सामुदायिक केंद्रों और अन्य सुरक्षित जगहों को इमरजेंसी शेल्टर बना दिया गया है। हालात ऐसे हैं कि कई जगहों पर फायर हाइड्रेंट्स यानी आग बुझाने वाले यंत्र सूखे पड़े हैं। उनका पानी खत्म हो गया है।

बीबीसी के मुताबिक कैलिफोर्निया की आग जिस तरह फैल रही है, उसमें बीच हॉलीवुड हिल्स पर अमेरिकी फिल्म इंडस्ट्री की पहचान 'हॉलीवुड बोर्ड' के जलने का खतरा मंडरा रहा है। दरअसल एलए में हॉलीवुड नाम की एक जगह है, इसी पर अमेरिकी फिल्म इंडस्ट्री का नाम हॉलीवुड पड़ा है।

आग से एलए शहर के पॉश इलाके पैलिसेड्स में कई हॉलीवुड स्टार्स के बंगले भी जल चुके हैं। पेरिस हिल्टन, स्टीवन स्पिलबर्ग, मैंडी मूर, एश्टन कुचर समेत कई हॉलीवुड स्टार्स के घर जलकर खाक हो गए हैं। पेरिस हिल्टन का घर 72 करोड़ रुपए में बना था। कई सेलिब्रिटीज को घर छोड़कर भी जाना पड़ा है।

राष्ट्रपति जो बाइडेन ने आग की वजह से अपना इटली का दौरा रद्द कर दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि हम कैलिफोर्निया में लगी आग को रोकने और पुनर्निर्माण में मदद करने के लिए हम कुछ भी करने को तैयार हैं।

इसके लिए चाहे कितना भी वक्त लगे। हम जानते हैं कि इसके लिए हमें बहुत लंबा रास्ता तय करना होगा। फेडरल सरकार तब तक यहां रहेगी जब तक आपको हमारी जरूरत होगी।

कैलिफोर्निया का लॉस एंजिलिस शहर पहाड़ों के बीच बसा है। यहां चीड़ के जंगल हैं। मंगलवार को चीड़ के सूखें पेड़ जलने से आग शुरू हुई। अगले कुछ घंटे में आग ने लॉस एंजिल्स के बड़े इलाके को अपनी चपेट में ले लिया। शहर की हवा जहरीली हो गई है। यहां एक्यूआई 350 पार हो गया है। जंगलों में आग भड़कने के बाद करीब 160 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली 'सांता सना' हवाओं ने आग को तेजी से भड़का दिया। आमतौर पर पतझड़ के मौसम में चलने वाली ये हवाएं काफी गर्म होती हैं। ये दक्षिण कैलिफोर्निया को सबसे ज्यादा प्रभावित करती हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक अभी भी हवाओं की रफ्तार काफी तेज बनी हुई है, इस वजह से आग लगातार फैलती जा रही है। कैलिफोर्निया में कई सालों से सूखे के हालात हैं। इलाके में नमी की कमी है। इसके अलावा यह राज्य अमेरिका के दूसरे इलाकों की तुलना में काफी गर्म है। यही वजह है कि यहां पर गर्मी के मौसम में अक्सर जंगलों में आग लग जाती है। यह सिलसिला बारिश का मौसम आने तक जारी रहता है।

हालांकि, बीते कुछ सालों से हर मौसम में आग लगने की घटनाएं बढ़ी हैं। पिछले 50 सालों में कैलिफोर्निया के जंगलों में 78 से ज्यादा बार आग लग चुकी है।

# इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट पर प्रतिबंध की तैयारी में अमेरिका

## संसद के निचले सदन में बिल पास, इजराइली पीएम के खिलाफ अरेस्ट वारंट का विरोध

वाशिंगटन, 10 जनवरी (एजेंसियां)। अमेरिकी संसद के निचले सदन हाउस ऑफ रेप्रेजेंटेटिव ने गुरुवार को इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट (आईसीसी) पर प्रतिबंध लगाने से जुड़ा बिल पास कर दिया है। अमेरिका ने ये कदम इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और पूर्व रक्षा मंत्री योव गैलेंट के खिलाफ आईसीसी की तरफ से जारी किए गए अरेस्ट वारंट के बाद उठाया है।

बिल पर वोटिंग के दौरान 243 सांसदों ने इसके पक्ष में वोट किया, वहीं 140 सांसदों ने इसके विरोध में वोट किया। समर्थन करने वालों में रिपब्लिकन पार्टी के 198 और डेमोक्रेटिक पार्टी के 45 सांसद थे। किसी भी रिपब्लिकन सांसद ने बिल का विरोध नहीं किया।

नेतन्याहू और गैलेंट के खिलाफ गाजा में युद्ध अपराध, मानवाधिकार उल्लंघन और नरसंहार के लिए आईसीसी ने अरेस्ट वारंट जारी किया है। अमेरिका पहले भी आईसीसी पर



प्रतिबंध लगा चुका है। इससे पहले डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान 2020 में आईसीसी पर प्रतिबंध लगाए थे।

दरअसल, आईसीसी ने अफगानिस्तान में अमेरिका और फिलिस्तीन में इजराइल की आपराधिक गतिविधियों की जांच शुरू कर दी थी। इसके खिलाफ ट्रम्प प्रशासन ने आईसीसी पर प्रतिबंध लगाए थे। हालांकि बाद में जो बाइडेन ने राष्ट्रपति बनने के बाद इन प्रतिबंधों को हटा दिया था। गुरुवार को हाउस से बिल पास होने के बाद विदेश मामलों की समिति के रिपब्लिकन अध्यक्ष ब्रायन मास्ट ने कहा कि एक कंगारू कोर्ट हमारे सहयोगी इजराइल के पीएम को गिरफ्तारी करना चाहती है, इसलिए अमेरिका ये कानून पारित कर रहा है।

आईसीसी ने पिछले साल 21 नवंबर को नेतन्याहू के खिलाफ वारंट जारी किया था। हालांकि उसके पास गिरफ्तारी करने की शक्तियां नहीं हैं। इसके लिए, वह अपने सदस्य देशों पर निर्भर है। वह सिर्फ उन देशों में अपने अधिकार का इस्तेमाल कर सकता है, जिन्होंने इस कोर्ट की स्थापना करने वाले समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

1 जुलाई 2002 को इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट यानी आईसीसी की शुरुआत हुई थी। ये संस्था दुनियाभर में होने वाले वॉर क्राइम, नरसंहार और मानवता के खिलाफ अपराधों की जांच करती है। ये संस्था 1998 के रोम समझौते पर तैयार किए गए नियमों के आधार पर कार्रवाई करती है। इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट का मुख्यालय द हेग में है। ब्रिटेन, कनाडा, जापान समेत 123 देश रोम समझौते के तहत इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट के सदस्य हैं।

# सेना प्रमुख जोसेफ औन बने लेबनान के नए राष्ट्रपति

## लंबे समय से जारी राजनीतिक गतिरोध का होगा अंत

बेरूत, 10 जनवरी (एजेंसियां)। लेबनान की संसद ने गुरुवार को सेना प्रमुख जोसेफ औन को देश का नया राष्ट्रपति नियुक्त किया। इसी के साथ लंबे समय से जारी राजनीतिक गतिरोध और राष्ट्रपति पद की रिक्तता का भी अंत हुआ। दो दौर की वोटिंग के बाद औन को राष्ट्रपति चुना गया। अमेरिका और सऊदी अरब द्वारा समर्थन जुटाने के बाद और दो दौर की वोटिंग के बाद औन को राष्ट्रपति चुन लिया गया। दोनों ही देशों के औन के साथ अच्छे संबंध अच्छे हैं। राष्ट्रपति बनने के बाद उन्होंने सेना प्रमुख पद से इस्तीफा दे दिया और नागरिक पोशाक में शपथ लेने के लिए संसद भवन पहुंचे। औन ने देश में जारी आर्थिक और राजनीतिक संकटों को दूर करने की कसम खाते हुए लेबनान के लिए एक नए युग की शुरुआत की घोषणा की। उन्होंने राज्य के अधिकार के तहत हथियारों पर एकाधिकार करने की एक दुर्लभ



प्रतिज्ञा भी की, जिससे ईरान समर्थित आतंकवादी समूह हिजबुल्लाह को निरस्त्र करने के उनके इरादे का संकेत मिला, जिसका लेबनान में महत्वपूर्ण सैन्य प्रभाव है। गौरतलब है कि हिज्बुल्ला पश्चिम एशिया का सबसे बड़ा हथियारबंद समूह था और इसका कई देशों में अच्छा-खासा प्रभाव था। हालांकि, इजरायल से हालिया संघर्ष के चलते हिज्बुल्ला को भारी नुकसान हुआ है। इसके साथ ही सीरिया में संगठन के सहयोगी बशर अल-असद के भागने के बाद से लेबनान में इस संगठन से ताकत छीने जाने की बात जारी है। लेबनानी सेना सीधे तौर पर इजरायल के साथ युद्ध में शामिल नहीं है। उन्होंने युद्धविराम की शर्तों को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। औन ने कहा, लेबनानी राज्य। मैं दोहराता हूं, लेबनानी राज्य। अब इजरायल के कब्जे से छुटकारा पा लेगा। मेरे युग में लेबनान को इजरायल के कब्जे से छुटकारा पाने के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने में सक्षम बनाने के लिए हमारी रक्षात्मक रणनीति की चर्चा शामिल होगी।

# पाकिस्तान में 10 साल की तानाशाही थोपने की योजना

### इमरान खान बोले- गलत काम करने पर मिल रहा पुरस्कार

लाहौर, 10 जनवरी (एजेंसियां)। पाकिस्तान के जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा है कि जब तक मौजूदा 'फासीवादी व्यवस्था' कायम है, तब तक आर्थिक प्रगति कभी नहीं हो सकती है और चेतावनी दी है कि पाकिस्तान में '10 साल की तानाशाही' थोपने की योजना है। उन्होंने एक्स पर एक ट्वीट में कहा, 'पाकिस्तान में दस साल की तानाशाही थोपने की योजना है, जिसमें से दो साल पहले ही बीत चुके हैं। जो जज या पुलिस अधिकारी उत्पीड़न में शामिल होते हैं, उन्हें यहां पदोन्नति से पुरस्कृत किया जाता है।' उन्होंने कहा, 'मेरे खिलाफ गैरकानूनी फैसला देने वाले जज हुमायूं दिलावर को पदोन्नत कर दिया गया, जबकि रावलपिंडी और सरगोधा के जजों को बर्खास्त कर दिया गया।

# यूक्रेन पर हमला करना रूस पर पड़ा भारी

## जापान ने लगाए नए प्रतिबंध

टोक्यो, 10 जनवरी (एजेंसियां)। रूस-यूक्रेन युद्ध को करीब तीन साल होने जा रहे हैं। दोनों ही देश हथियार डालने को तैयार नहीं है। इस बीच, जापान ने कीव पर हमले के जवाब में मॉस्को पर नए प्रतिबंध लगाने का फैसला लिया है। इसमें दर्जनों व्यक्तियों और समूहों की संपत्तियां फ्रीज करना तथा रूस और कई अन्य देशों के दर्जनों संगठनों को निर्यात पर प्रतिबंध लगाना शामिल है, जिन्होंने कथित तौर पर प्रतिबंधों से बचने में उसकी मदद की है।

जापान के मुख्य कैबिनेट सचिव योशीमासा हयाशी ने कहा कि यह कदम जापान द्वारा जी7 देशों के साथ मिलकर रूस के खिलाफ कड़े प्रतिबंधों को लागू करने की कोशिश का हिस्सा है। जापान ने पहले भी रूस पर कई प्रतिबंध लगाए हैं और यह नया कदम प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा द्वारा दिसंबर में जी7 सम्मेलन में



जापान की नीति की पुष्टि के एक महीने बाद उठाया गया है।

उन्होंने कहा, 'यह वैश्विक शांति प्राप्त करने और रूसी आक्रमण के कारण यूक्रेन के आसपास की समस्याओं को हल करने की दिशा में अंतरराष्ट्रीय प्रयास के हिस्से के रूप में जापान का योगदान है।' जापान के विदेश, व्यापार और वित्त मंत्रालयों के संयुक्त बयान में कहा गया कि रूस के 11 व्यक्तियों, 29 संगठनों और तीन बैंकों के अलावा एक उत्तर कोरियाई और एक जॉर्जियाई बैंक, जो रूस को प्रतिबंधों से बचने में मदद कर रहे थे, को भी संपत्ति फ्रीज सूची में जोड़ा गया है। वहीं, कैबिनेट ने प्रौद्योगिकी और मशीनरी निर्माताओं सहित 22 रूसी सैन्य-संबंधित संगठनों पर कुल निर्यात प्रतिबंध लगाने को मंजूरी दी। इसके अलावा, 335 वस्तुओं की सूची तैयार की गई है, जिनका निर्यात 23 जनवरी से रूस में नहीं किया जाएगा। इनमें निर्माण वाहन इंजन, मोटरसाइकिल, संचार उपकरण, यांत्रिक उपकरण और वाल्व शामिल हैं। जापान सरकार ने उन 31 गैर-रूसी समूहों पर भी निर्यात प्रतिबंध लगाने का फैसला लिया है, जिनका आरोप है कि उन्होंने रूस को प्रतिबंधित वस्तुओं को चोरी-छिपे भेजने और प्रतिबंधों से बचने में मदद की। इनमें 11 समूह हांगकांग, सात मुख्यभूमि चीन, आठ तुर्की, दो किर्गिस्तान और एक-एक थाईलैंड, यूएई और कजाखस्तान में स्थित हैं। हयाशी ने कहा कि जापान ने रूस पर प्रतिबंध लगाने और यूक्रेन का समर्थन करने में जी7 देशों के साथ मिलकर काम किया है, खासकर एशिया में युद्ध के बढ़ते प्रभाव को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच, जहां चीन ने ताइवान पर अपने नियंत्रण को लागू करने के लिए बल का उपयोग करने की धमकी दी है।

# कनाडा के पीएम पद की रेस में चंद्रा आर्या

## भारतीय मूल के सांसद ने दावेदारी पेश की, ट्रूडो और खालिस्तानी आतंक के विरोधी

टोरंटो, 10 जनवरी (एजेंसियां)। कनाडा में जस्टिन ट्रूडो के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफे के बाद लिबरल पार्टी के हिंदू नेता चंद्रा आर्या ने पीएम पद के लिए दावेदारी पेश की है। चंद्रा आर्या भारतीय मूल के कनाडाई सांसद हैं। जस्टिन ट्रूडो के इस्तीफे के बाद से लिबरल पार्टी में नया लीडर चुनने का काम शुरू हो गया है।

कनाडाई सांसद चंद्रा आर्या ने गुरुवार को X पर वीडियो पोस्ट कर अपनी उम्मीदवारी का ऐलान किया। चंद्रा पहले जस्टिन ट्रूडो के करीबी माने जाते थे, लेकिन खालिस्तानी आतंकवाद और चरमपंथ को लेकर ट्रूडो के रुख के बाद आर्या उनके धुर विरोधी बन गए।

दरअसल, 6 जनवरी को प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने पार्टी नेताओं की तरफ से लगातार बढ़ते दबाव के बाद पार्टी लीडर और



पीएम दोनों पद से इस्तीफा दे दिया था। वे सितंबर 2021 में तीसरी बार पीएम बने थे। उनकी सरकार का कार्यकाल अक्टूबर 2025 तक था।

आर्या ने कहा, 'बहुत से कनाडाई विशेष रूप से युवा पीढ़ी समस्याओं का सामना कर रही है। कामकाजी मिडिल क्लास आज संघर्ष कर रही है। बहुत से परिवार गरीब होते जा रहे हैं। कनाडा को ऐसा नेतृत्व चाहिए जो बड़े फैसले लेने से नहीं डरता। ऐसे फैसले जो हमारी अर्थव्यवस्था को मजबूत करें, आशा को बहाल करें, सभी कनाडाई लोगों के लिए समान अवसर पैदा करें। विवेक और व्यावहारिकता को अपने मार्गदर्शक सिद्धांतों के रूप में अपनाते हुए, मैं इस जिम्मेदारी को लेने और कनाडा के अगले प्रधानमंत्री के रूप में नेतृत्व करने के लिए आगे बढ़ रहा हूं।'

उन्होंने कहा- मैंने हमेशा कनाडावासियों के लिए सबसे अच्छा काम करने के लिए कड़ी मेहनत की है। हमारे बच्चों की खातिर हमें ऐसे साहसिक निर्णय लेने चाहिए जो जरूरी हैं। अगर मुझे लिबरल पार्टी का अगला नेता चुना जाता है, तो मैं इसके लिए अपना ज्ञान और विशेषज्ञता पेश करूंगा। चंद्रा आर्या ने कनाडावासियों से कहा, इस यात्रा में मेरे साथ शामिल हों। आइए हम मिलकर भविष्य का पुनर्निर्माण करें। इसे पुनर्जीवित करें और सुरक्षित करें। सभी कनाडाई लोगों के लिए, आने वाली पीढ़ियों के लिए ऐसा करना जरूरी है।' चंद्रा आर्या मूल रूप से कर्नाटक के तुमकुरु के सिरा तालुक के निवासी हैं। वे 2006 में कनाडा जाकर बस गए थे। आर्या ने धारवाड़ के कौसली इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज से एमबीए किया है। 2015 में उन्होंने पहली बार फेडरल इलेक्शन लड़ा था और चुनाव जीतकर संसद पहुंचे थे। 2019 में वह दूसरी बार सांसद बने। आर्या अक्सर खालिस्तानी और चरमपंथी गतिविधियों की आलोचना करते रहे हैं। जस्टिन ट्रूडो के इस्तीफे के बाद भारतीय मूल के सांसद अनीता आनंद का नाम प्रधानमंत्री पद के लिए प्रमुखता से लिया जा रहा है।

# विदाई से पहले राष्ट्रपति बाइडन गिनाएंगे अपनी विदेश नीति की उपलब्धियां

वॉशिंगटन, 10 जनवरी (एजेंसियां)। राष्ट्रपति जो बाइडन सोमवार को एक महत्वपूर्ण भाषण देने वाले हैं। इस दौरान वह अपने प्रशासन की विदेश नीति की उपलब्धियों का जिक्र करेंगे। व्हाइट हाउस के मुताबिक, बाइडन अपने संबोधन में नाटो के विस्तार, यूक्रेन को रूस से लड़ने में मदद के लिए सहयोगियों को एकजुट करने और जापान और दक्षिण कोरिया के बीच सुरक्षा एवं आर्थिक सहयोग बढ़ाने के प्रयासों के बारे में बात करेंगे। एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि निवर्तमान राष्ट्रपति विदेश विभाग में अपने संबोधन में नाटो का विस्तार करने के अपने प्रशासन के प्रयासों को सामने रखेंगे, यूक्रेन को रूस से लड़ने के लिए सैन्य सहायता प्रदान करने के लिए दर्जनों सहयोगियों को लामबंद करेंगे।

# पाकिस्तान के पंजाब में तीन हिंदू अगवा

## डकैत बोले- साथियों को रिहा करो नहीं तो जान से मार देंगे, खैबर-पख्तूनख्वां में भी 16 मजदूर अगवा

लाहौर, 10 जनवरी (एजेंसियां)। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में तीन हिंदू युवकों को अगवा कर लिया गया है। अगवा करने वाले अपराधियों ने पुलिस से उनके साथियों को रिहा करने की मांग की है। साथ ही ऐसा न करने पर अगवा किए गए हिंदुओं को जान से मारने की धमकी दी है। पंजाब पुलिस ने गुरुवार को बताया कि घटना बुधवार को रहिम यार खान जिले के भोंग इलाके में हुई है। यह इलाका पंजाब की राजधानी लाहौर से 400 किमी दूर है। अगवा किए गए हिंदू युवकों के नाम शमन, शमीर और साजन हैं। तीनों युवक भोंग के बेसिक हेल्थ यूनिट के पास मौजूद थे। तभी 5 डकैतों ने उन्हें बंदूक की नोक पर अगवा कर लिया और अपने साथ ले गए। अगवा करने वाले डकैतों के सरगना अशिक कोराई ने बाद में एक वीडियो भी रिलीज किया। इस वीडियो में उसने अहमदपुर



लामा पुलिस स्टेशन के इंचार्ज राणा रमजान के चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उसके परिवार के 10 सदस्यों को रिहा करने के लिए कहा। ऐसा न करने पर उसने पुलिस पर हमला करने और हिंदू युवकों की हत्या करने की धमकी दी। डकैतों की तरफ से जारी हुए वीडियो में तीनों युवक जंजीरों में बंधे दिखाई दिए। तीन युवक अधिकारियों से अपनी रिहाई के लिए गुहार लगा रहे थे।

पाकिस्तान के ही खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में गुरुवार को अज्ञात लोगों ने यूरेनियम और प्लूटोनियम की खदानों में काम करने वाले 16 मजदूरों को अगवा कर लिया। ये सभी मजदूर एक एटॉमिक एनर्जी माइन साइट पर जा रहे थे। इस दौरान उन्हें वाहन से अगवा कर लिया। अगवा करने के बाद अपहरणकर्ताओं ने वाहन को आग लगा दी और मजदूरों को अज्ञात जगह ले गए। अभी तक किसी भी संगठन ने मजदूरों के अपहरण की जिम्मेदारी नहीं ली है। हालांकि पुलिस के मुताबिक 16 में से 8 मजदूर रिहा हो गए हैं। इस इलाके में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के आतंकियों की मौजूदगी है। इस तरह के मामलों में पहले इसके आतंकियों का नाम सामने आ चुका है।

# कनाडाई मीडिया का दावा-निज्जर हत्याकांड में कोई जमानत नहीं

## सभी आरोपी हिरासत में, 12 फरवरी को कोर्ट में पेशी, भारतीय मीडिया रिपोर्ट गलत

जालंधर, 10 जनवरी (एजेंसियां)। आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की कनाडा में 2023 में हत्या के मामले में गिरफ्तार चार भारतीय आरोपियों को जमानत मिलने की बात गलत निकली है। कनाडा की सबसे बड़ी न्यूज एजेंसी सीबीसी न्यूज ने दावा किया है कि भारतीय मीडिया संस्थानों द्वारा प्रकाशित की गई सभी खबरें गलत हैं। सभी आरोपी को जमानत नहीं दी गई है। मामले की अगली सुनवाई के लिए 11 फरवरी की डेट दी गई है।

सीबीसी न्यूज द्वारा दावा किया गया है कि गुरुवार को भारत के कई मीडिया संस्थानों द्वारा दावा किया गया कि जून 2023 में सिख कनाडाई हरदीप सिंह निज्जर की



हत्या के आरोपी चार भारतीय नागरिकों को उनके खिलाफ मामला खत्म होने के बाद हिरासत से रिहा कर दिया गया है। खबर में सीबीसी ने कई भारतीय न्यूज एजेंसियों का नाम लेकर इसका दावा किया। आगे कहा गया कि ये खबरें झूठी हैं। निज्जर के किसी भी आरोपी को हिरासत से नहीं छोड़ा गया है। बीसी अभियोजन सेवा की एन सेमोर के हवाले से सीबीसी न्यूज ने दावा किया है कि यह सच नहीं है कि चारों आरोपियों को जमानत पर रिहा कर दिया गया है। चारों आरोपियों को हिरासत में हैं और वे अभी भी हिरासत में ही रहेंगे। अगली अदालती पेशी 11 फरवरी को एक प्रीट्रायल कॉन्फ्रेंस है और वे 12 फरवरी को भी अदालत में पेश होंगे। सीबीसी न्यूज द्वारा प्रकाशित की गई खबर में भारत सरकार की पीएम मोदी का नाम लेकर आलोचना दी गई। साथ ही भारतीय मीडिया संस्थानों की भी आलोचना की गई। सीबीसी न्यूज ने लिखा- नरेंद्र मोदी सरकार के आलोचकों ने पत्रकारिता के मानकों और प्रेस की स्वतंत्रता को क्षति पहुंचाई।

सीबीसी ने आगे लिखा- देश ने एक आक्रामक पक्षपातपूर्ण गोदी मीडिया के उदय को देखा है। सीबीसी ने आगे लिखा- निज्जर आरोपी के केस में झूठे दावों को उठाने वाले कुछ आउटलेट्स गोदी मीडिया प्रोफ़ाइल में फिट बैठते हैं, लेकिन अन्य नहीं।

# सीरिया ने उइगर लड़ाकों को ब्रिगेडियर जनरल और कर्नल बनाया

## चीन ने चिंता जाहिर की, कहा- ये उइगर आतंकी संगठन के सदस्य

दमिश्क, 10 जनवरी (एजेंसियां)। सीरिया में सेना के उच्च पदों जैसे ब्रिगेडियर जनरल और कर्नल पर उइगर लड़ाकों को नियुक्त करने को लेकर चीन ने चिंता जाहिर की है। ये लड़ाके चीन के उइगर मुस्लिम बाहुल्य प्रांत शिनजियांग के अलगाववादी संगठन 'तुर्किस्तान इस्लामिक पार्टी' (टीआईपी) से जुड़े हुए हैं।


कांग ने सीरिया से आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई करने और उन्हें अपने इलाके का इस्तेमाल कर दूसरे देशों की सुरक्षा को खतरे में डालने से रोकने के लिए कहा। पिछले महीने रॉयटर्स ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया था कि सीरिया में सेना के टॉप 50 पदों पर नई नियुक्तियां की गई हैं। इनमें से 6 पद विदेशियों को दिए गए हैं। इनमें टीआईपी से जुड़े 3



उइगर लड़ाके भी शामिल हैं।

इनमें से दाऊद खुदाबर्दी उर्फ जाहिद को ब्रिगेडियर जनरल और दो अन्य लड़ाकों मावलन तरसून अब्दुस्समद और अब्दुलसलाम यासीन अहमद को कर्नल पद दिया गया है। पूर्व सीरियाई राष्ट्रपति बशर अल असद के तख्तापलट के बाद हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) के नेता अल जुलानी ने सीरिया के सत्ता संभाली है। सत्ता संभालने के बाद अल जुलानी ने सीरिया के सभी विद्रोही समूहों के लड़ाकों को सरेंडर करने और सेना में शामिल होने के लिए कहा था।

ईस्ट तुर्किस्तान इस्लामिक मूवमेंट (ईटीआईएम) या तुर्किस्तान इस्लामिक पार्टी (टीआईपी) चीन के उइगर प्रांत का एक अलगाववादी संगठन है। ये संगठन शिनजियांग प्रांत में पूर्वी तुर्किस्तान नाम से अलग इस्लामिक देश स्थापित करना चाहता है। शिनजियांग चीन का उइगर मुस्लिम बाहुल्य प्रांत है। ईटीआईएम की स्थापना 1997 में हसन महसूम ने पाकिस्तान में की थी। हसन महसूम सोवियत संघ के खिलाफ तैयार हुए अफगानी मुजाहिदीन से प्रभावित था। इस संगठन पर चीन और शिनजियांग में हत्याओं, बम विस्फोट और आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने का आरोप है।



# सीएम बोले- हमारे काम विरोधी पचा नहीं पा रहे

## कांग्रेस सरकार ने 3 वर्ष में जो किया, वह 1 साल में कर दिखाया, एक भी पेपरलीक नहीं हुआ



जोधपुर, 10 जनवरी (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि कुछ लोग कहते हैं कि उनकी सरकार ने 1 साल में कोई काम नहीं किया। उन्हें मैं कहना चाहूंगा कि पूर्व की सरकार ने जो काम 3 साल में किया। वह हमारी सरकार ने 1 साल में ही कर दिखाया है। प्रदेश में 1 साल के अंदर कोई भी भर्ती का पेपर लीक नहीं हुआ। सीएम गुरुवार को जोधपुर में हस्तशिल्प मेले के उद्घाटन पर बोल रहे थे। सीएम ने कहा- 3 साल में पूर्व की सरकार ने युवाओं को जितने रोजगार नहीं दिए उतने 1 साल में हमारी सरकार ने देने का काम किया है। उन्होंने राइजिंग राजस्थान के एमओयू को लेकर भी पूर्व सीएम अशोक गहलोत के बयान पर पलटवार किया। गहलोत का नाम लिए बिना कहा कि राइजिंग राजस्थान में जिस भी बिजनेसमैन से एमओयू किया है, उसे अगली बार मौका नहीं देंगे। इसकी 3 चरणों में मॉनिटरिंग की जा रही है, जिसमें 1 से लेकर 100 करोड़ तक के एमओयू की मॉनिटरिंग कलेक्टर, 100 से 1 हजार करोड़ तक की मुख्य सचिव और 1 हजार करोड़ से अधिक के एमओयू की मैं खुद मॉनिटरिंग करूंगा। उन्होंने कहा कि ये एमओयू जमीन पर उतरकर रहेंगे। उद्योगों में स्किल के लिए प्राइवेट और सरकारी तौर पर भी बढ़ावा देने के काम किए जा रहे हैं।

**एक भी बांध ऐसा नहीं है, जो भरा नहीं हो**

सीएम ने कहा- हमारी सरकार ने जब सत्ता संभाली थी तो हमने सोचा था कि हमारा राजस्थान और हमारे राजस्थान के शिल्पकर्मी, किसान, युवा, महिला, मजदूर उनको किस तरह से रोजगार मिल सकता है। हमारे राजस्थान को बढ़ाने के लिए क्या आवश्यक काम है, इस पर हमने विचार किया। आज आपने देखा होगा कि हमारी सरकार को 1 साल हुआ है, लेकिन हमने बिजली, पानी को लेकर भी जरूरी कदम उठाए।

राजस्थान को पानी की आवश्यकता है। पानी के क्षेत्र में हमारी सरकार ने काम किया है। चाहे वह ईआरसीपी की योजना हो या यमुना जल, देवास स्कीम हो, चाहे वह नर्मदा या इंदिरा गांधी नहर योजना हो। गर्मियों में वाटर ट्रेन भी चलानी पड़ती थी, लेकिन जिसके मन में दृढ़ इच्छा होती है, उसकी ईश्वर भी मदद करता है । इसलिए मुझे इस बात की खुशी है कि हमारी सरकार तो काम कर ही रही है, हमारा बंशी वाला भी साथ दे रहा है,अबकी बार एक भी बांध ऐसा नहीं है, जो भरा नहीं हो।

सीएम ने हस्तशिल्प मेले के दौरान पाक विस्थापित परिवार के लोगों को पट्टे भी दिए। उन्होंने कहा- हमारी सरकार ने उन लोगों को भी पट्टे देने का काम किया, जिनके पास कोई जमीन नहीं थी।

ऐसे 23 हजार से अधिक घुमंतू परिवार लाभान्वित है। सीएम ने कहा- आज इस मेले में 700 से ज्यादा हस्तशिल्पी आए हैं। जिन्होंने अपनी स्टॉल लगाई। ये स्थानीय उद्यमियों की उद्यमशीलता और हस्तशिल्पियों की शिल्पकारिता को दर्शाता है।

# छेड़छाड़ करने पर युवक को जूतों से पीटा

भरतपुर, 10 जनवरी (एजेंसियां)। भरतपुर में एक राह चलती युवती से छेड़छाड़ करना साइकिल सवार मनचले को भारी पड़ गया। युवती ने युवक का पीछा किया, फिर सरेराह उसे पकड़कर जूते मारे। जिसके बाद युवक ने सभी के सामने युवती से माफी मांगी। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें पीड़िता आरोपी युवक की जूतों से पिटाई करती दिखाई दे रही है। नंदिनी शर्मा(परिवर्तित नाम) निवासी गोपालगढ़ ने बताया- वह एक निजी कंपनी में नौकरी करती हैं। 8 जनवरी की सुबह करीब 9 बजे पैदल अपनी ड्यूटी पर जा रही थी। तभी केतन गेट के पास साइकिल पर एक लड़का आया और उस पर फब्तियां कसते हुए निकल गया। तब नंदिनी(21) वहां रुकी, लेकिन युवक साइकिल से वहां से जा चुका था। इसके बाद नंदिनी ने रास्ते में एक बाइक सवार को रोका और उससे पूरी बात बताई। नंदिनी ने बाइक सवार से कहा कि मुझे साइकिल पर जा रहे लड़के का पीछा करना है।

# इंटरनेशनल कैमल फेस्टिवल शुरू

## साफा बांधने का वर्ल्ड रिकार्ड बना, सजे-धजे ऊंटों के साथ निकली हेरिटेज वॉक



बीकानेर, 10 जनवरी (एजेंसियां)। बीकानेर में तीन दिवसीय इंटरनेशनल कैमल फेस्टिवल में पहले दिन हेरिटेज वॉक निकाली गई। हेरिटेज वॉक शुक्रवार सुबह 8 बजे लक्ष्मीनाथ मंदिर से निकलनी थी लेकिन करीब तीन घंटे देरी से यात्रा शुरू हुई। शहर के भीतरी क्षेत्र से निकलते हुए लोक वाद्यों की गूंज रही। नगाड़ा, मश्क, चंग और बांसुरी वादन और भजन गायन की प्रस्तुतियां दी गई। देश-विदेशी सैलानियों भी हेरिटेज वॉक में शामिल हुए। हेरिटेज वॉक से पहले पगड़ी बांधने की प्रतियोगता हुई, जिसमें वर्ल्ड रिकॉर्ड बना। लोक कलाकार पवन व्यास दो हजार पच्चीस फीट लंबी पगड़ी बांधकर वर्ल्ड रिकार्ड बनाया। जिला प्रशासन और पर्यटन विभाग के संयुक्त आयोजन में हेरिटेज वॉक का काफिला लक्ष्मीनाथ मंदिर से निकला। यहां से आगे बढ़ते हुए लाख की चूड़ी बनाने की कला को दर्शाया जाएगा। सब्जी बाजार की ऐतिहासिक चौकी पर शहर की ऐतिहासिक रम्मत का प्रदर्शन किया गया। यहां भुजिया, घेवर और जलेबी बनाने का लाइव प्रदर्शन किया गया। वॉक में शामिल लोगों ने इनका स्वाद चखा। इस दौरान जूती बनाने की कला का प्रदर्शन किया गया। मरूनायक चौक में ब्लॉक और स्क्रीन प्रिंटिंग का प्रदर्शन हुआ। मोहता चौक के बड़े पाटे पर पारम्परिक भोजन बनाने का प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों को कचौड़ी खिलाई गई। भपंग वादन का प्रदर्शन हुआ। मोहता चौक में ही बीकानेर की प्रसिद्ध रबड़ी बनाई गई, जिसका स्वाद भी लोगों ने चखा। यहीं लोक कलाकारों की ओर से गणगौर के गीतों की प्रस्तुति दी गई। कठपुतली के खेल के माध्यम से विभिन्न संदेश दिए गए। हेरिटेज वॉक के शुरू होने से पहले पगड़ी बांधने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान वर्ल्ड रिकॉर्ड बना।

# टीना डाबी ने रद्द की रोहिड़ी म्यूजिक फेस्टिवल की परमिशन

## कहा- यह इलाका प्रतिबंधित, विधायक रविंद्र भाटी बोले- मेरे विरोधियों की साजिश



बाड़मेर, 10 जनवरी (एजेंसियां)। बाड़मेर कलेक्टर टीना डाबी ने 12 जनवरी को होने वाले रोहिड़ी म्यूजिक फेस्टिवल प्रोग्राम की परमिशन को रद्द कर दिया है। इसके बाद विवाद शुरू हो गया है। शिव से निर्दलीय विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने राजनीतिक विरोधियों पर षड्यंत्र रचकर प्रोग्राम को निरस्त करवाने का आरोप लगाया है। उधर, उनके समर्थक सोशल मीडिया X पर हैश टैग थार घातक भाजपा ट्रेंड करवा रहे हैं। विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने कहा- प्रशासन से इजाजत मिलने के बाद हमने इस कार्यक्रम की तैयारियां शुरू की, लेकिन मेरे राजनीतिक विरोधियों ने षड्यंत्र रचकर इसे निरस्त करवा दिया। ये बाड़मेर-जैसलमेर, बालोतरा की जनता के साथ धोखा है। मामले में कलेक्टर टीना डाबी का कहना है- भारत-पाक बॉर्डर नजदीक होने के चलते सुरक्षा लिहाज से परमिशन रद्द की गई है। यह इलाका प्रतिबंधित है। यहां पर आने-जाने के लिए बाहरी व्यक्ति को परमिशन लेनी पड़ती है। इस प्रोग्राम में कौन-कौन, कहां-कहां से आएंगे, इसको लेकर कोई लिस्ट नहीं दी गई है।

**देशभर के कई कलाकारों को किया आमंत्रित**

शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने 11 नवंबर को कलेक्टर को लेटर लिखकर रोहिड़ी के धोरों पर 12 जनवरी को विशाल सांस्कृतिक कार्यक्रम 'द रोहिड़ी फेस्ट' की अनुमति मांगी थी। 31 दिसंबर 2024 को गडरारोड एसडीएम हनुमानराम ने एक आदेश जारी कर इसकी अनुमति दी थी। इसके बाद कार्यक्रम की तैयारियां शुरू हो गई थी। रोहिड़ी के धोरों पर देशभर के कई प्रसिद्ध कलाकारों को आमंत्रित किया था। इसमें अलग-अलग राज्यों से भी कई लोग शरीक होने वाले थे। रायसिंह, गिरधरसिंह, रेवंत सिंह और अन्य ग्रामीणों ने 7 जनवरी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि रोहिड़ी गांव (गडरारोड) में 12 जनवरी को सांस्कृतिक प्रोग्राम द रोहिड़ी फेस्टिवल हो रहा है। यह प्रोग्राम भारत-पाकिस्तान सीमा के पास होने से इसमें संदिग्ध एक्टिविटी होने की संभावना है। ग्रामीणों ने राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से इस प्रोग्राम को निरस्त करने की मांग की थी। गडरारोड एसडीएम की ओर से 31 दिसंबर को सांस्कृतिक प्रोग्राम रोहिड़ी फेस्टिवल आयोजन की अनुमति प्रदान की गई थी, लेकिन इस प्रोग्राम में शामिल होने वाले बाहरी व्यक्तियों की न ही सूची प्रस्तुत की गई और न ही उनका सत्यापन करवाकर अनुमति ली गई है। 31 दिसंबर 2024 प्रतिबंधित इलाके में स्थित गांव रोहिड़ी में 12 जनवरी 2025 को सांस्कृतिक प्रोग्राम आयोजन को दी गई अनुमति निरस्त की गई है।

# 15 जिलों में बारिश-ओले गिरने का अलर्ट

## तापमान 5 डिग्री से नीचे, कोहरे के कारण ट्रकों में भीषण टक्कर, 4 घायल



जयपुर, 10 जनवरी (एजेंसियां)। राजस्थान में देर शाम से बीकानेर संभाग के जिलों में एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। इस सिस्टम के असर से बीकानेर, गंगानगर, हनुमानगढ़ के एरिया में बादल छा सकते हैं। 11 जनवरी को इस सिस्टम का असर जयपुर, बीकानेर, अजमेर और भरतपुर संभाग के जिलों में रहेगा। मौसम विभाग ने करीब 15 जिलों में बारिश और कहीं-कहीं ओले गिरने की चेतावनी जारी की है। वहीं, शुक्रवार सुबह भी चूरू, भीलवाड़ा सहित कई जिलों में घना कोहरा रहा। यहां हुए दो अलग-अलग ट्रक हादसों में 4 लोग घायल हो गए। इससे पहले गुरुवार को प्रदेश के सभी शहरों में आसमान साफ रहा, लेकिन रात में ठंड रही। गुरुवार को दिन में सबसे ज्यादा तापमान 29.2 बाड़मेर जिले में दर्ज हुआ। वहीं, सीकर सहित 10 शहरों में रात का तापमान 5 डिग्री से भी नीचे रिकॉर्ड हुआ।

भीलवाड़ा में कोहरे और कम विजिबिलिटी के चलते एक ट्रक आगे चल रहे ट्रक में घुस गया। हादसे में ट्रक ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं, चूरू के सादुलपुर थाना क्षेत्र में एनएच-52 बाईपास पर घने कोहरे के चलते 2 ट्रकों की आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में दोनों ट्रकों के ड्राइवर और एक खलासी घायल हो गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों ट्रकों के केबिन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। इस एक्सीडेंट में तीन लोग घायल हुए हैं।

**सीकर में 11 जनवरी को बारिश के साथ ओलावृष्टि की आशंका**

सीकर में आज सुबह तापमान में 0.5 डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। सीकर के कृषि अनुसंधान केंद्र फतेहपुर में आज न्यूनतम तापमान 2.5 डिग्री दर्ज किया गया है। इस तापमान में सुबह फसलों पर ओस की बूंदें जमी हुई देखने को मिली। हालांकि सुबह से मौसम साफ है। सीकर में आज बादल छा सकते हैं। वहीं 11 जनवरी को बारिश के साथ ओलावृष्टि की आशंका है। इसके बाद 12 और 13 जनवरी को कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इससे पहले कल न्यूनतम तापमान में गिरावट होने से कई शहरों में सुबह तेज सर्दी रही। सीकर, चूरू, नागौर, बारां, हनुमानगढ़, जालौर, सिरोही समेत 10 शहरों में कल न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। फलौदी, जैसलमेर में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज हुआ। जबकि शेष सभी जिलों में न्यूनतम तापमान सिंगल डिजिट यानी 10 डिग्री से नीचे दर्ज हुआ।

# सरपंच, 3 वीडीओ और जेटीए के खिलाफ केस

## फर्जी दस्तावेज और वाउचर बनाकर वित्तीय अनियमितता




बांसवाडा, 10 जनवरी (एजेंसियां)। वित्तीय अनियमितता को लेकर गढ़ी थाने में मामला दर्ज किया गया है। स्वीकृत जगह सड़क नहीं बनाकर फर्जी दस्तावेज, वाउचर तैयार करने और सोलर लाइट खरीदी में निजी फर्म को ज्यादा भुगतान दिलाने के मामले में 8 लाख 42 हजार 758 रुपए की वित्तीय अनियमितता और गबन के आरोप में गढ़ी पुलिस ने तत्कालीन सरपंच, 3 ग्राम विकास अधिकारी (वीडीओ) और जेटीए के खिलाफ गुरुवार शाम को केस दर्ज किया है। मामला वर्ष 2014 में ग्राम पंचायत गोपीनाथ का गढ़ा में चार सालों में कराए विकास कार्यों से जुड़ा हुआ है। गढ़ी पंचायत समिति के विकास अधिकारी बहादुर सिंह ताबियार ने प्रकरण दर्ज कराया है। तत्कालीन सरपंच मणिलाल चरपोटा को 3,06,610 रुपए, तत्कालीन वीडीओ राजेश कुमार डोडियार को 2,78,481 रुपए, दिवंगत अरविन्द भट्ट को 21,347 रुपए, दीपक पंड्या को 6,783 रुपए और कनिष्ठ तकनीकी सहायक प्रवीण दोसी को 2,29,537 रुपए गबन करने के लिए व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार माना है। रोकड़ बही 2 नवंबर, 2012 से 2 सितंबर, 2013 तक वीडीओ राजेश डोडियार, मणिलाल चरपोटा और राजेश डोडियार ने तैयार की। जांच में सामने आया कि सीसी सड़क के लिए कुल खर्च 547505 में से 527155 रुपए का भुगतान वीडीओ राजेश डोडियार ने और 20350 रुपए का भुगतान वीडीओ दीपक पंड्या ने किया। नाथू कुंवर के घर से नटवर पंचाल के घर तक सीसी सड़क बनाने में वीडीओ दीपक ने 20350 रुपए और टीडीओ राजेश डोडियार ने 73595 रुपए का भुगतान किया। जबकि नाथू कुंवर के घर से नटवर पंचाल के घर तक सीसी सड़क निर्माण करवाया ही नहीं गया। इस पर तत्कालीन सरपंच मणिलाल चरपोटा, वीडीओ राजेश डोडियार, दीपक पंड्या और कनिष्ठ तकनीकी सहायक प्रवीण दोसी को जिम्मेदार माना गया। लक्ष्मी ट्रेडर्स तलवाड़ा व न्यू लक्ष्मी ट्रेडर्स तलवाड़ा से बिना सामग्री खरीदने 25 हजार और 40 हजार रुपए का भुगतान किया। इस सड़क का तकनीकी सहायक प्रवीण दोसी ने मैजरमेंट भी कर दिया। एक अन्य सीसी सड़क ठाकुरद्वारा मंदिर से नीम चौराहा तक मेजरमेंट तकनीकी अधिकारी (सहायक अभियंता) से कराने के बजाय कनिष्ठ तकनीकी सहायक प्रवीण दोसी ने किया। प्रवीण ने 1,86,091 रुपए का ज्यादा मेजरमेंट किया।

# 50 साल के मजदूर पर पॉक्सो का मामला दर्ज

## चॉकलेट का लालच देकर 6 साल की मासूम से की ज्यादती

जैसलमेर, 10 जनवरी (एजेंसियां)। जैसलमेर में 6 साल की मासूम के साथ ज्यादती करने के आरोपी व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया। 50 साल के आरोपी पर महिला थाने में पॉक्सो (प्रोटेक्शन ऑफ़ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफ़ेंस एक्ट) के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। साथ ही 6 साल की मासूम का मेडिकल भी मेडिकल बोर्ड से करवाया। महिला थाना प्रभारी गीता विश्नोई ने बताया- गुरुवार को हुई इस घटना के तुरंत बाद आरोपी को पकड़ा गया था। परिजनों द्वारा शिकायत देने के बाद आरोपी मजदूर पर पॉक्सो एक्ट में बीएनएस के तहत अलग अलग धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया। मामले की जांच जारी है। फिलहाल पीड़ित मासूम का मेडिकल आदि करवाकर आरोपी से लगातार पूछताछ जारी है। गौरतलब है कि जैसलमेर शहर में गुरुवार को हुई एक घटना ने मानवता को शर्मसार कर दिया। शहर में 50 साल के एक बुजुर्ग मजदूर ने 6 साल की बच्ची के होंठो और प्राइवेट पार्ट को काट लिया। बच्ची के चिल्लाने पर बुजुर्ग फरार हो गया। लोगों ने उसे ढूंढकर उसकी पिटाई कर पुलिस को सौंप दिया। घटना की जानकारी मिलने पर महिला थाना पुलिस 6 साल की बच्ची का जवाहिर हॉस्पिटल में मेडिकल बोर्ड से मेडिकल करवाया। वहीं पुलिस ने रेप का प्रयास करने वाले बुजुर्ग को गिरफ्तार कर पॉक्सो के तहत मामला दर्ज किया। दरअसल, जैसलमेर शहर स्थित एक मोहल्ले में मकान का काम चल रहा है। उस मकान पर एक 50 साल का मजदूर मजदूरी कर रहा था। उसने पड़ोस ही खेल रही एक 6 साल की मासूम बच्ची को चॉकलेट का लालच दिया और निर्माणाधीन मकान की छत पर ले गया। वहां उसने बच्ची के होंठो और प्राइवेट पार्ट पर काटा। बच्ची जोर से चिल्लाई। बच्ची के चिल्लाने पर मजदूर मौके से भाग गया।

# डेढ़ किलो गोल्ड और 22.49 लाख नकदी पकड़ी

## उदयपुर से बस में आए 3 व्यक्ति, बॉर्डर पर उतरकर पैदल जा रहे थे गुजरात



डूंगरपुर, 10 जनवरी (एजेंसियां)। राजस्थान-गुजरात बॉर्डर पर पुलिस ने डेढ़ किलो गोल्ड और साढ़े 22 लाख कैश के साथ 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। तीनों बॉर्डर से पहले एक निजी बस से उतरे और पैदल बॉर्डर क्रॉस कर रहे थे। फिलहाल पुलिस युवकों से गोल्ड और कैश को लेकर पूछताछ कर रही है। मामला डूंगरपुर जिले के रतनपुर बॉर्डर का है। बिछीवाड़ा थानाधिकारी कैलाश सोनी ने बताया कि गुरुवार रात को मुखबिर से सूचना मिली कि एक ट्रैवल्स बस के जरिए 3 युवक अवैध रूप से गोल्ड और कैश ले जा रहे हैं। इस पर पुलिस ने रतनपुर बॉर्डर पर नाकाबंदी की। इस दौरान एक ट्रैवल्स बस से 3 युवक उतरकर पैदल जाने लगे। युवकों के पास एक थैला था। पुलिस ने तीनों युवकों की हरकतें संदिग्ध लगने पर रुकवाकर पूछताछ की। इस पर वे घबरा गए। पुलिस ने उनकी तलाशी ली। इस दौरान भारी मात्रा में गोल्ड और ज्वेलरी के साथ कैश मिला।

थानाधिकारी ने बताया कि तीनों गोल्ड और कैश के बारे में कोई सही सवाब नहीं दे पाए। इस पर पुलिस ने गोल्ड और कैश जब्त कर गिनती करवाई। करीब 1 किलो 478 ग्राम गोल्ड और ज्वेलरी मिली है। जिसकी कीमत करीब 1 करोड़ 30 लाख रुपए बताई जा रही है।

वहीं 22 लाख 49 हजार 817 रुपए का कैश भी मिला है। थानाधिकारी कैलाश सोनी ने बताया- बॉर्डर पर 3 युवकों से मिले गोल्ड और ज्वेलरी के साथ कैश को किसी ज्वेलर्स कारोबारी से जोड़कर देखा जा रहा है। पुलिस ने ज्वेलरी और कैश को लेकर डॉक्युमेंट मांगे, लेकिन तीनों के पास कोई डॉक्युमेंट नहीं मिले। पूरे मामले की जांच के बाद ही आगे का पता लग सकेगा।

थानाधिकारी ने बताया कि पुलिस ने सिरोही निवासी चंदूलाल पुत्र जैसा सैन, तेजराम पुत्र बाबाजी देवासी और अशोक पुत्र होबाराम मेघवाल को गिरफ्तार कर लिया है। उनसे कैश और गोल्ड के बारे में पूछताछ की जा रही है। तीनों उदयपुर से बस से आए थे और बॉर्डर से पहले उतरकर पैदल गुजरात के लिए जा रहे थे।

# एक देशी पिस्तौल 17 जिंदा कारतूस के साथ 2 गिरफ्तार

## महेंद्रा टीयूवी वाहन में हथियार लेकर घूम रहे थे, दोनों से पूछताछ जारी

बाड़मेर, 10 जनवरी (एजेंसियां)। बाड़मेर जिले की आरजीटी पुलिस ने अवैध हथियारों के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से एक देशी पिस्तौल, 17 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। एक महिंद्रा टीयूवी को जब्त किया है। फिलहाल पुलिस दोनों आरोपियों से हथियारों की खरीद-फरोख्त को लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि रावली नाडी रोड आदर्श नगर में एक वाहन में सवार बदमाश हथियार लेकर घूम रहे हैं।

इस पर आरजीटी थाना पुलिस ने आदर्श नगर गांव में दबिश दी गई। तो संदिग्ध वाहन महिंद्रा टीयूवी को रुकवाया गया। उसमें सवार दो युवकों से पूछताछ की गई। साथ ही गाड़ी की तलाशी लेने पर उनके पास से अवैध हथियार मिले। गाड़ी सवार धनराज पुत्र हनुमानाराम निवासी विरेंद्र नगर बायतु के कब्जे से 1 पिस्तौल 10 जिंदा कारतूस और हनुवंत पुत्र खेताराम निवासी बायतु भीमजी बालोतरा के पास 7 जिंदा कारतूस मिले। इस पर पुलिस ने दोनों को डिटेन कर लिया।

आरजीटी थानाधिकारी आदेश कुमार ने बताया- धनराम और हनुवंत के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत आरजीटी थाने में मामला दर्ज किया गया। दोनों को गिरफ्तार कर अवैध हथियार कहां से लेकर आया और इसका क्या उपयोग करने वाला था। इसको लेकर गहनता से पूछताछ की जा रही है। आरोपी धनराज के खिलाफ बायतु थाने में आर्म्स एक्ट और मारपीट के 2 मामले दर्ज है।

# डोटासरा ने कहा- सड़कों की क्या दुर्दशा हो रही

## सरकार व विभाग सो रहे, 15 दिन में तीसरी बार टूटा डैम

सीकर, 10 जनवरी (एजेंसियां)। सीकर में सालासर रोड पर बना गंदे पानी का डैम लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। डैम की दीवार बार-बार टूट जाती है जिससे गंदा पानी सड़क पर आ जाता है। जिसके कारण यहां से गुजरने वाले राहगीरों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है और दुर्गंध भी फैल जाती है। गुरुवार को डैम फिर से टूट गया जिससे सड़क पर पानी भर गया। पिछले 15 दिनों में तीसरी बार डैम टूट चुका है। डैम टूटने को लेकर पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा ने (X) प्लेटफार्म पर वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा, पिछले कई महीनों से सीकर नानी सर्किल से बढाढर एनएच हाइवे पर कई किलोमीटर तक पानी भरा है, लेकिन सरकार में कोई सुध लेने वाला नहीं है। हाइवे के दोनों ओर सड़क पर जमे पानी से दुर्घटना की संभावना बनी हुई है लेकिन प्रशासन, पीडब्ल्यूडी, वन विभाग सब सो रहे हैं और जनता भुगत रही है। सरकार को अतिशीघ्र इसका संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई करनी चाहिए। शहर के सीवरेज का गंदा पानी इकट्ठा करने के लिए नानी के पास सुंदरनगर में दो कच्चे डैम बने हुए हैं जो पानी से भरे हुए हैं। इनका पानी नानी बीड़ के डैम में छोड़ा जाता है। शहरी ड्रेनेज सिस्टम बिगड़ने से बीड़ में पानी जमा होता है। यहां ज्यादा पानी आते ही कार्मिक कच्चे बांध के लिए पानी छोड़ते हैं जो दबाव नहीं झेल पाता। इससे डैम की दीवार बार-बार टूट रही है। अधिकारी इसके स्थाई समाधान का काम नहीं कर रहे।

# जम्मू-कश्मीर में राजस्थान के जवान ने दम तोड़ा

## डोडा में बर्फवारी के दौरान हालत हुई थी खराब, 8 किमी लंबी तिरंगा यात्रा निकली

खेतड़ी, 10 जनवरी (एजेंसियां)। जम्मू कश्मीर के डोडा में तैनात राजस्थान के एक जवान का तबीयत बिगड़ने के बाद निधन हो गया। जवान ईश्वर सिंह गुर्जर भारतीय सेना के 6 पैरा कमांडो थे। डोडा में बर्फवारी के दौरान उनकी हालत खराब हुई थी। साथी जवान ईश्वर सिंह को आर्मी अस्पताल ले गए। उन्हें भर्ती कर लिया गया। बुधवार 8 जनवरी को उनका इलाज के दौरान निधन हो गया। ईश्वर सिंह की पार्थिव देह गुरुवार देर रात सिंघाना थाने पहुंची। इसके बाद सुबह 10 बजे थाने से उनके पैतृक गांव डूमोली कलां तक 8 किलोमीटर तिरंगा यात्रा निकाली गई। जहां सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान जयपुर से आई राज रिफ यूनिट के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। जब पार्थिव देह घर पहुंची तो ईश्वर की पत्नी किरण देवी पति से लिपटकर रोने लगीं। इस दौरान बेटे आकाश ने पिता को सैल्यूट किया। आकाश ने पिता को मुखाग्नि दी। जानकारी के अनुसार- ईश्वर सिंह गुर्जर झुंझुनूं जिले के सिंघाना थाना क्षेत्र के गांव डूमोली कलां के रहने वाले थे।

# 1,200 करोड़ रुपये के बिल लंबित

## आरोग्यश्री, ईएचएस, जेएचएस सेवाएं ठप

हैदराबाद, 10 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना राज्य के मध्यम आकार के निजी अस्पतालों में आरोग्यश्री स्वास्थ्य सेवाएं, कर्मचारी स्वास्थ्य योजना (ईएचएस) और पत्रकार स्वास्थ्य योजना (जेएचएस) को शुक्रवार को निलंबित कर दिया गया क्योंकि लंबित चिकित्सा बिल 1,200 करोड़ रुपये तक पहुंच गया था।

तेलंगाना आरोग्यश्री नेटवर्क हॉस्पिटल्स एसोसिएशन (टीएएनएचए) के सदस्यों, जिनमें 100 से 400 बिस्तरों वाले अस्पताल शामिल हैं और जो विभिन्न जिलों में आरोग्यश्री रोगियों को सेवा प्रदान करते हैं, ने राज्य के स्वास्थ्य मंत्री दामोदर राजा नरसिम्हा से हस्तक्षेप करने और लंबित चिकित्सा बिलों का भुगतान करने की अपील की।

टीएएनएचए के अध्यक्ष डॉ.वी. राकेश कहते हैं कि आरोग्यश्री के अधिकांश काम करने के बावजूद, टीएएनएचए अस्पताल नीति निर्माताओं की प्राथमिकता में नहीं हैं।

जिलों के सभी अस्पताल इन समस्याओं का सामना कर रहे हैं। यह विडंबना है कि आरोग्यश्री की शुरुआत कांग्रेस सरकार के तहत हुई थी, लेकिन वही पार्टी हमारी चिंताओं को दूर नहीं कर रही है।

तेलंगाना के सभी टीएएनएचए अस्पतालों से आरोग्यश्री, ईएचएस और जेएचएस रोगियों के लिए औसत मासिक चिकित्सा बिल 100 करोड़ रुपये के करीब है, जो सालाना 1200 से 1300 करोड़ रुपये के बराबर है। राज्य सरकार द्वारा चिकित्सा बिलों के भुगतान में अत्यधिक देरी के कारण टीएएनएचए को आरोग्यश्री, ईएचएस और जेएचएस सेवाएं वापस लेनी पड़ी हैं।

गुरुवार को आरोग्यश्री के सीईओ शिव शंकर और नेटवर्क अस्पतालों के बीच हुई बैठक में राज्य सरकार द्वारा टीएएनएचए सदस्यों को एक महीने के मेडिकल बिलों को कवर करने वाली 100 करोड़ रुपये की टोकन राशि की पेशकश की गई। हालांकि, टीएएनएचए के सदस्यों ने इसे अस्वीकार कर दिया।

टीएएनएचए के सदस्यों ने कहा कि जब भी मेडिकल बिल जारी करने में अत्यधिक देरी होती है, तो 100 करोड़ रुपये की टोकन राशि जारी करना और निजी अस्पतालों से अपेक्षा करना एक आदत बन गई है।

हालांकि, यह हमारे लिए आश्वस्त करने वाला नहीं है। राज्य सरकार को मेडिकल बिलों के भुगतान में लगातार देरी के मुद्दे को स्थायी रूप से हल करने पर विचार करना चाहिए। तथापि, आरोग्यश्री, ईएचएस और जेएचएस के अंतर्गत स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएं हैदराबाद के विशेष अस्पतालों, एनआईएमएस और सरकारी अस्पतालों में निर्बाध रूप से जारी हैं।

## वैकुंठ एकादशी : मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़



वैकुंठ एकादशी पर बालाजी एवं नरसिंहा स्वामी मंदिर बेगमपेट में माइनारिटी कमीशन तेलंगाना के पूर्व सलाहकार गौतम जैन, उनके साथ कांग्रेस नेता पी. राजेंद्र यादव, गजानन चौधरी, रघुनंदन गोष, एम नरसिंग राव, दर्शन जैन आदि ने पूजा अर्चना की।

हैदराबाद, 10 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। शुक्रवार की सुबह से ही हैदराबाद के मंदिरों में वैकुंठ एकादशी के शुभ अवसर पर आशीर्वाद लेने और धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेने के लिए भक्तों की भारी भीड़ देखी गई। मंदिरों, मुख्यतः वैष्णव मंदिरों में, वैकुंठ एकादशी के अवसर पर विशेष प्रार्थनाएं, प्रवचन और धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। भक्तों ने उपवास रखा और प्रार्थना एवं आशीर्वाद लेने के लिए निकटतम मंदिर की ओर प्रस्थान किया। हिमायतनगर और जुबली हिल्स स्थित टीटीडी श्री वेंकटेश्वर मंदिर, सिकंदराबाद, अबिड्स स्थित इस्कॉन मंदिर, जुबली हिल्स स्थित हरे कृष्ण स्वर्ण मंदिर, बिड़ला मंदिर, चिलकुर बालाजी मंदिर में शुक्रवार को भक्ति कार्यक्रमों, अनुष्ठानों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े।

मंदिर प्रबंधन ने आध्यात्मिक प्रवचन देने तथा वैकुंठ एकादशी के महत्व पर चर्चा करने के लिए धार्मिक वक्ताओं को भी बुलाया था। हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार, इस दिन भगवान विष्णु के स्वर्गीय निवास वैकुंठ के द्वार खोले जाते हैं।

# मुख्यमंत्री रेवंत ने आदिवासियों को सौगातों की बरसात की

## आदिवासी समूहों और नेताओं के साथ विशेष बैठक आयोजित



हैदराबाद, 10 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने तेलंगाना में आदिवासियों को सौगातों की बरसात की है। उन्होंने घोषणा की कि आदिवासी नेता कोमरम भीम की जयंती और पुण्यतिथि आधिकारिक तौर पर मनाई जाएगी और मुख्य सचिव शांति कुमारी को इस संबंध में तुरंत आदेश जारी करने का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को सचिवालय में आदिवासी समूहों और नेताओं के साथ विशेष बैठक की। बैठक के दौरान आदिवासी नेताओं ने अपने क्षेत्रों में परिवहन, कृषि, पेयजल आपूर्ति, उनके खिलाफ दर्ज और दर्ज किए जा रहे मामलों, शिक्षा, रोजगार और वित्तीय मुद्दों से जुड़ी अपनी समस्याओं के बारे में बताया। इस अवसर पर रेवंत रेड्डी ने प्रत्येक समस्या को ध्यान से सुना और उनके द्वारा उठाई गई कई समस्याओं का तुरंत समाधान किया। उन्होंने अधिकारियों को कुछ अन्य समस्याओं के समाधान के लिए व्यापक अध्ययन करने और एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि आदिवासी छात्रों की शिक्षा, रोजगार और आर्थिक विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके तहत रेवंत रेड्डी ने अधिकारियों को आदिवासी छात्रों के लिए एक विशेष अध्ययन मंडल स्थापित करने का निर्देश दिया। उन्होंने घोषणा की कि छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करने वाले सभी आदिवासी छात्रों को छात्रवृत्ति दी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने आदिवासी नेताओं को आवेदनों का विवरण तुरंत मंत्री सीतक्का को प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। अधिकारियों को गोंडी भाषा में छात्रों को प्राथमिक शिक्षा देने के लिए आवश्यक योजना का अध्ययन करने और एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का भी आदेश दिया गया। रेवंत रेड्डी ने कहा कि विधायक कोटे के तहत आवंटित घरों के बावजूद मुख्यमंत्री कोटे के तहत आदिवासियों को अलग से घर आवंटित किए जाएंगे। उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि ये घर जनसंख्या के आधार पर आवंटित किए जाएं। उन्होंने कहा कि गैर-एजेंसी क्षेत्रों में आदिवासियों को घर आवंटित किए जाएंगे। आदिवासी किसानों को सौर मोटर मुफ्त (100 प्रतिशत सब्सिडी) प्रदान की जाएगी।

इसी तरह, अधिकारियों को इंदिरा जलप्रभा के तहत मुफ्त बोरहोल के मुद्दे का अध्ययन करना चाहिए और एक रिपोर्ट प्रस्तुत करनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को केसलापुर जतारा के लिए धन स्वीकृत करने का भी निर्देश दिया। बैठक में पंचायत राज मंत्री सीतक्का, खानपुर विधायक वेदमा बोज्जू, पूर्व सांसद सोयम बापूराव, पूर्व विधायक अतराम सक्कू, प्रोफेसर गुम्मादी अनुराधा और आदिवासी संगठनों के नेताओं ने भाग लिया।

# किसानों को रबी के दौरान पानी मिलना चाहिए : उत्तम

हैदराबाद, 10 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। सिंचाई एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी ने इस बात पर जोर दिया कि सिंचाई व्यवस्था के अंतिम छोर पर स्थित किसानों को यासंगी (रबी) 2024-25 सीजन के दौरान पर्याप्त पानी मिलना चाहिए। शुक्रवार को जल सौधा में श्रीराम सागर परियोजना (एसआरएसपी) के तहत जल विनियमन पर एक प्रस्तुति के बाद समीक्षा बैठक में बोलते हुए मंत्री ने अधिकारियों को पानी के समान वितरण को सुनिश्चित करने के लिए सख्त टेल-टू-हेड विनियमन लागू करने का निर्देश दिया।

1964 में शुरू की गई श्रीराम सागर परियोजना निजामाबाद जिले में पोचमपाड के पास गोदावरी नदी पर निर्मित एक बहुउद्देशीय परियोजना है। यह कुल 9.68 लाख एकड़ भूमि की सिंचाई करती है, जिससे निजामाबाद, जगतियाल, करीमनगर, पेद्दापल्ली और वारंगल जैसे जिले लाभान्वित होते हैं। इसमें से 540,171 एकड़ लोअर मनैर डैम (एलएमडी) के ऊपर है, जो जोन I के तहत जगित्याल, कोराटला और बालकोंडा जैसे निर्वाचन क्षेत्रों और जोन II के तहत चोपडांडी, करीमनगर और धर्मपुरी को कवर करता है। एलएमडी से नीचे, परियोजना 361,078 एकड़ में फैली है, जिसमें जोन I में मनकोंदूर, हुजुराबाद और परकल जैसे निर्वाचन क्षेत्र शामिल हैं और जोन II में वर्धन्नापेट, पालकुर्ती और मधिरा तक फैला हुआ है।

अधिकारियों ने बताया कि कुशल उपयोग सुनिश्चित करने के लिए एक चालू और बंद जल विनियमन प्रणाली का पालन किया जाएगा। एलएमडी से ऊपर, जोन I के लिए 7-दिन चालू और 7-दिन बंद शेड्यूल पर और जोन II के लिए 8-दिन चालू और 7-दिन बंद शेड्यूल पर पानी की आपूर्ति की जाएगी एलएमडी से नीचे, जोन I के लिए 9 जनवरी से और जोन II के लिए 1 जनवरी से जल वितरण शुरू हुआ, और दोनों जोन के लिए आपूर्ति 31 मार्च को समाप्त होगी। ये कार्यक्रम सिंचाई की जरूरतों को पानी की उपलब्धता के साथ संतुलित करने के लिए तैयार किए गए हैं। अधिकारियों ने यह भी बताया कि यासंगी 2024-25 के लिए परिचालन योजना में स्टेज-I और स्टेज-II दोनों के लिए संयुक्त रूप से एलएमडी से ऊपर 77.76 टीएमसी और एलएमडी से नीचे 49.89 टीएमसी पानी की कुल आवश्यकता शामिल है।

एलएमडी से नीचे, स्टेज-I में किमी 146 और किमी 284 के बीच अयाकट क्षेत्र शामिल हैं, जिसके लिए 23.28 टीएमसी की आवश्यकता होती है, जबकि स्टेज-II किमी 284 से किमी 346 तक फैला है, जिसके लिए 26.61 टीएमसी की आवश्यकता होती है। एलएमडी से नीचे कुल अयाकट 9.04 लाख एकड़ है।

## प्रवीण कुमार ने सीएम रेवंत से सवाल किया

हैदराबाद, 10 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। वरिष्ठ बीआरएस नेता आरएस प्रवीण कुमार ने आज मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी से सीधे सवाल किया और उनसे पूछा कि क्या इलेक्ट्रिक वाहनों के बारे में बात करना सही था और केटीआर द्वारा उसी बात के बारे में बात करना गलत था। रेवंत रेड्डी हाई-टेक सिटी में सीआईआई ग्रीन बिजनेस सेंटर में सीआईआई नेशनल काउंसिल की बैठक का उद्घाटन करने के बाद इलेक्ट्रिक वाहनों के बारे में बोल रहे थे। प्रवीण कुमार ने रेवंत की टिप्पणियों पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की कि भविष्य का शहर अन्य देशों के शहरों के साथ प्रतिस्पर्धा करेगा और इसका उद्देश्य हैदराबाद को प्रदूषण मुक्त बनाना है।

## रक्तदान कल

हैदराबाद, 10 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। जगद्गुरु नरेंद्राचार्य महाराज संस्थान द्वारा रक्तदान महायज्ञ का आयोजन रविवार 12 जनवरी को किया जा रहा है।

जगद्गुरु रामानंदाचार्य, स्वामी नरेंद्राचार्यजी महाराज, जगद्गुरु रामानंदाचार्य दक्षिण पीठ, नाणीजधाम के उत्तराधिकारी कानिफनाथ महाराज की देखरेख में रक्तदान का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि रविवार को, पिल्लर नंबर 143, रामबाग राम मंदिर, अत्तापुर, पर रक्तदान किया जा रहा है।

## गोदा रंगनाथजी का विवाह महोत्सव आज

हैदराबाद, 10 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। महाराज गंज स्थित रघुनाथ मंदिर में गोदा रंगनाथजी का धनुर्मास महोत्सव के अंतर्गत प्रातः 6.30 बजे प्रभात फेरी (बारात) रघुनाथजी मंदिर से निकलकर महाराज गंज, सिद्धिअम्बर बाजार, किशन गंज होते हुए पुनः मंदिर पहुंचेगी। तत्पश्चात श्रृंगार आरती के बाद सूर्यप्रकाश द्वारा कुंकुम तुलसी अर्चना, आरती मंगलानुशासन, भजन कीर्तन किया जायेगा।

## हाईकोर्ट ने हरीश राव को गिरफ्तार न करने के आदेश की अवधि बढ़ाई

हैदराबाद, 10 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना हाईकोर्ट ने सनसनीखेज फोन टैपिंग मामले में पूर्व मंत्री हरीश राव को गिरफ्तार न करने के अंतरिम आदेश की अवधि आज बढ़ा दी।

हाईकोर्ट ने रियल एस्टेट कारोबारी गडागनी चक्रधर गौड़ की शिकायत के आधार पर दर्ज मामले के खिलाफ हरीश राव द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए ये आदेश पारित किए। हाईकोर्ट ने चक्रधर गौड़ को मामले में जवाब दाखिल करने के लिए नोटिस जारी किए हैं। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 28 जनवरी को तय की है। तब तक कोर्ट ने हरीश राव को गिरफ्तार न करने के आदेश की अवधि बढ़ा दी है। सिद्दीपेट के रियल एस्टेट कारोबारी और कांग्रेस नेता गडागनी चक्रधर गौड़ ने 1 दिसंबर, 2023 को पंजागुट्टा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी कि हरीश राव ने मंत्री रहते हुए उनका फोन टैप किया था और उन्हें धमकाया था। हरीश राव के खिलाफ धारा 120(बी), 386, 409, 506आर/डब्लू, 34 आईपीसी और आईटी एक्ट की 66 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

हरीश राव ने उसके बाद अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द करने और उसे गिरफ्तार न करने का निर्देश देने के लिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। इससे पहले हाईकोर्ट ने हरीश राव की याचिका पर सुनवाई की थी।

# बीआईएस द्वारा उद्योग बैठक का आयोजन




हैदराबाद, 10 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने अपने 78वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में बैठक का आयोजन किया। यह कार्यक्रम में तेलंगाना के विभिन्न उद्योगों के प्रमुख हितधारकों ने भाग लिया, जिनमें बीआईएस के लाइसेंस प्राप्त और गैर-लाइसेंस प्राप्त दोनों उद्योग शामिल थे।

डॉ.जी. मालसुर, निदेशक, उद्योग आयुक्त कार्यालय, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे, जबकि राजकुमार ओठेकर, अतिरिक्त निदेशक, उद्योग विभाग, श्याम सुंदर जाजू, उपनिदेशक, श्रम विभाग और अन्य विशिष्ट अतिथि भी उपस्थित थे। यह कार्यक्रम उद्योग मानकों, लाइसेंसिंग और गुणवत्ता आश्वासन के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करने का एक प्रमुख मंच बना।

उद्घाटन भाषण में, पीवी श्रीकांत, बीआईएस हैदराबाद के निदेशक और प्रमुख ने भारतीय मानक और गुणवत्ता संवर्धन में बीआईएस के 78 वर्षों के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने आईएसआई चिह्न और बीआईएस के अन्य चिह्नों के महत्व पर विस्तार से चर्चा की और उद्योगों से अपील की कि वे बीआईएस लाइसेंसिंग की ओर कदम बढ़ाएं, ताकि वे उपभोक्ताओं का विश्वास जीत सकें और उच्च गुणवत्ता मानकों का पालन कर सकें।

मुख्य अतिथि डॉ.जी. मालसुर ने तेलंगाना राज्य की नई औद्योगिक नीति के बारे में बताया कि राज्य सरकार किस प्रकार मानकों को सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही है और कैसे वे औद्योगिक क्षेत्र के विकास के लिए प्रयासरत हैं। डॉ. मालसुर ने यह भी साझा किया कि राज्य की नई नीतियां उद्योगों को समर्थन देने के लिए डिज़ाइन की गई हैं, ताकि वे नवाचार, स्थिरता और गुणवत्ता में बढ़ोतरी कर सकें।

इसके बाद राकेश तनेरू, श्याम सुंदर जाजू, माधुकरी बाबू द्वारा विभिन्न तकनीकी सत्रों का आयोजन किया गया। इन सत्रों में उन्होंने अपने संबंधित विभागों द्वारा की गई नई पहलों, प्रोत्साहनों और योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

इस कार्यक्रम में तेलंगाना के 300 से अधिक उद्योगों ने भाग लिया, जिनमें बीआईएस लाइसेंस प्राप्त और गैर-लाइसेंस प्राप्त उद्योग दोनों शामिल थे। उद्योगों के प्रतिनिधियों ने बीआईएस मानकों के पालन और गुणवत्ता आश्वासन के महत्व पर अपने अनुभव साझा किए। कई उद्योग प्रतिनिधियों ने बीआईएस के साथ मिलकर उत्पादों की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने में किए गए प्रयासों को साझा किया।

## पीएनबी रक्षक सुरक्षा का चेक सौंपा



हैदराबाद, 10 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। पंजाब नैशनल बैंक (पीएनबी) ने भारतीय सेना के सूबेदार (सेवानिवृत्त) स्वर्गीय मुकेश कुमार की पत्नी श्रीमती कमलावती देवी को 50 लाख का "'पीएनबी रक्षक प्लस बीमा'' चेक सौंपा। पीएनबी की लाल बाजार शाखा के ग्राहक मुकेश कुमार का हाल ही में एक ट्रेन दुर्घटना में निधन हो गया था। बैंक की ओर से इस चेक को उप अंचल प्रमुख संजय माने तथा सिकंदराबाद मंडल प्रमुख सुजीत कुमार झा द्वारा दिया गया। राशि नामांकित श्रीमती कमलावती देवी के खाते में जमा कर दी गई है।

## हाइड्रा ने अवैध निर्माणों को किया ध्वस्त



हैदराबाद, 10 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। शुक्रवार को रंगारेड्डी जिले के मणिकोंडा के नेकनामपुर इलाके में कई अवैध ढांचों को ध्वस्त कर दिया गया। नेकनामपुर झील पर अवैध निर्माणों के खिलाफ हाइड्रा को शिकायतें मिलने के बाद आयुक्त एवी रंगनाथ ने अधिकारियों को निर्माणों को गिराने का निर्देश दिया था। जानकारी के अनुसार नगर निगम अधिकारी पुलिस बल की कड़ी सुरक्षा के बीच ध्वस्तीकरण का काम कर रहे हैं।

## प्रथम पृष्ठ का शेष भाग...

### केंद्र सरकार ने ...

अन्य राज्यों में उत्तर प्रदेश को 31,039.84 करोड़ रुपये, महाराष्ट्र को 10,930.31 करोड़ रुपये, गुजरात को 6,017.99 करोड़ रुपये, मध्य प्रदेश को 13,582.86 करोड़ रुपये, मणिपुर को 1,238.9 करोड़ रुपये और मेघालय को 1,327.13 करोड़ रुपये दिए गए हैं। कर हस्तांतरण केंद्र सरकार द्वारा एकत्र किए गए करों की शुद्ध आय को राज्यों को वितरित करने की प्रक्रिया है। केंद्र सरकार वित्त आयोग की सिफारिशों के आधार पर नियमित किस्तों में राज्यों को कर वितरित करती है। वित्त आयोग कॉरपोरेट कर, आयकर और केंद्रीय जीएसटी सहित सभी करों की कुल शुद्ध आय में राज्यों के हिस्से की सिफारिश करता है।

15वें वित्त आयोग ने सिफारिश की थी कि केंद्र सरकार के विभाज्य कर पूल का 41 प्रतिशत 2021-26 की अवधि के लिए राज्यों को आवंटित किया जाए। इसे वर्टिकल हस्तांतरण के रूप में जाना जाता है। इसने राज्यों के बीच धन वितरित करने के लिए मानदंड की भी सिफारिश की थी, जिसे हॉरिजॉन्टल हस्तांतरण के रूप में जाना जाता है।

### भारत की विदेश ...

इस बारे में बात करते हुए कि कैसे महिलाओं का विकास आंतरिक रूप से विकसित भारत के विचार से जुड़ा है। जयशंकर ने कहा, अगर आप इन मुद्दों का समाधान नहीं करते तब तक आप विकसित भारत की तरफ नहीं बढ़ सकते हैं। यदि भारत को एक आधुनिक, औद्योगिक, तकनीक-केंद्रित समाज बनना है तो हम 50 प्रतिशत प्रतिभा की उपेक्षा नहीं कर सकते। केंद्रीय मंत्री ने रोल मॉल के महत्व पर प्रकाश डाला।

बता दें कि प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का आयोजन आठ से 10 जनवरी तक भुवनेश्वर में किया गया। यह भारत सरकार का प्रमुख आयोजन है, जिसमें भारतीय प्रवासियों को जुड़ने और उन्हें एक-दूसरे के साथ बातचीत करने में सक्षम बनाने के लिए एक मंच प्रदान किया जाता है। इसका थीम विकसित भारत में प्रवासी भारतीयों का योगदान है। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए 50 से अधिक विभिन्न देशों से बड़ी संख्या में भारतीय प्रवासी सदस्यों ने पंजीकरण कराया।





कीसरा स्थित हाम्बड़ परिवार द्वारा आयोजित सम्मान समारोह कार्यकम में उपस्थित आयोजक सीरवी समाज तेलंगाना पारसीगुटा अध्यक्ष मोहनलाल हाम्बड़, सचिव नारायणलाल काग, सलाहकार चोलाराम हाम्बड़, जसवन्त देवड़ा, महिला अध्यक्षा सुशीला देवड़ा, सदस्य किशनलाल राठौड़, राजेन्द्रसिंह भायल, महिला सदस्या सुगनादेवी हाम्बड़, अनिता राठौड़, श्यामादेवी गेहलोत, कोरेमुला बडेर अध्यक्ष कालुराम काग, मल्लापुर बडेर कोषाध्यक्ष नेमाराम हाम्बड़, मोतीलाल काग, गणेशराम बर्फा, प्रकाश सोयल, ओमप्रकाश, भंवरलाल, अशोक जैन, छज्ञाराम, रावतराम, बाबुलाल, चन्दूलाल, झुमन, डिम्पल, दिव्या हाम्बड़, शालु सिंह व अन्य।

# एनएमडीसी द्वारा विशेष हिन्दी कार्यशाला का आयोजन




हैदराबाद, 10 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। विश्व हिंदी दिवस पर एनएमडीसी लिमिटेड द्वारा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के लघु सदस्य कार्यालयों के कार्मिकों के लिए एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रदीप सक्सेना, मुख्य महाप्रबंधक (कार्मिक), एनएमडीसी ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं ईश-वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम), हैदराबाद-सिकंदराबाद की कोर समिति के सदस्य रमेश प्रसाद मिश्र, उप प्रबंधक (राजभाषा), पॉवर ग्रिड कार्पोरेशन, नरेन्द्र नाथ, कनिष्ठ हिंदी अनुवादक, बीएसएनएल तथा श्रीमती सुलोचना रंजन, अधिकारी (मानव संसाधन), गेल इंडिया लिमिटेड उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने हिंदी के विकास पर सभी को एकजुट हो कर काम करने की सलाह दी।

## आगामी विधान परिषद चुनावों के लिए भाजपा उम्मीदवारों की घोषणा

हैदराबाद, 10 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने आज यहां एक प्रेस नोट में कहा कि अखिल भारतीय भाजपा के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के निर्देश पर तेलंगाना विधान परिषद के आगामी चुनावों के लिए भाजपा उम्मीदवारों के रूप में निम्नलिखित नामों की घोषणा की जाती है।

एमएलसी शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र नलगोंडा-वारंगल-खम्मम पुली सरोत्तम रेड्डी (वारंगल) वारंगल से हैं, उन्होंने 21 वर्षों से अधिक समय तक स्कूल सहायक और 10 वर्षों से अधिक समय तक प्रधानाध्यापक के रूप में कार्य किया है। वे 2012 से 2019 तक पीआरटीयू के महासचिव थे। वे शिक्षक जेएसी के हिस्से के रूप में तेलंगाना अलग राज्य संघर्ष में बहुत सक्रिय थे। एक शिक्षक और एक कार्यकर्ता के रूप में, उन्होंने लंबे समय से लंबित शिक्षकों के मुद्दों के समाधान के लिए अनुकरणीय सेवा की है। एमएलसी शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र-करीमनगर-निजामाबाद-आदिलाबाद-मेदक (पेद्दापल्ली) के मलका कोमारिया करीमनगर जिले के पेद्दापल्ली से हैं। उन्होंने उस्मानिया विश्वविद्यालय से बी.ई. की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद, उन्होंने स्कूलों की स्थापना की और स्कूल स्तर पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण काम किया है। उन्होंने पेद्दापल्ली, निर्मल और हैदराबाद में शैक्षणिक संस्थान स्थापित किए। वर्तमान में, वे हैदराबाद के पल्लवी ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशंस के अध्यक्ष हैं।

## केसीआर परिवार का रेवंत के साथ समझौता : बंडी संजय

हैदराबाद, 10 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय मंत्री बंडी संजय कुमार ने सनसनीखेज फॉर्मूला ई-कार रेस मामले में पूर्व मंत्री केटीआर के खिलाफ चल रही जांच पर आज तीखी टिप्पणी की। उन्होंने आरोप लगाया कि केसीआर के परिवार का सीएम रेवंत रेड्डी के साथ कुछ समझौता है। उन्होंने कहा, अगर केटीआर मुख्यमंत्री के बारे में बात कर रहे हैं, तो रेवंत रेड्डी चुप क्यों हैं। उन्होंने कहा कि यह भी संदेहास्पद है कि मामले में केटीआर को गिरफ्तार किया जाएगा या नहीं। फॉर्मूला ई-कार रेस मामले में 700 करोड़ रुपये का मुनाफा होने के केटीआर के दावे का जिक्र करते हुए उन्होंने केटीआर से यह बताने को कहा कि 700 करोड़ रुपये कहां गए?

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# ऑस्ट्रेलियन ओपन से पहले नोवाक जोकोविच ने किया बड़ा दावा



## बोले-2022 में जहर दिया गया था

मेलबर्न, 10 जनवरी (एजेंसियां)। सर्बिया के स्टार टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने साल के पहले ग्रैंडस्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन से पहले बड़ा दावा किया है और कहा कि जनवरी 2022 में ऑस्ट्रेलिया में क्वारेंटीन के दौरान उन्हें जहर दिया गया था। 24 बार के ग्रैंडस्लैम विजेता जोकोविच को 2022 में ऑस्ट्रेलियन ओपन से ठीक पहले कोविड-19 का टीकाकरण नहीं कराने के कारण डिटेन किया गया था।

**क्या था मामला?**

ऑस्ट्रेलिया में उस वक्त नियम था कि कोई भी बिना कोविड-19 टीकाकरण के देश में नहीं आ सकता है और जोकोविच पर आरोप था कि उन्होंने ग्रैंडस्लैम में हिस्सा लेने के लिए मेलबर्न की यात्रा करने के दौरान गलत जानकारी दी थी। ऑस्ट्रेलियन ओपन से पहले उनका वीजा रद्द कर दिया गया था और बाद में उन्हें ऑस्ट्रेलिया से वापस भेजा गया था। जोकोविच ने इसके लिए कानूनी लड़ाई लड़ी थी और इस दौरान उन्हें मेलबर्न के एक होटल में रखा गया था।

**ऑस्ट्रेलियन ओपन में 11वें खिताब के लिए उतरेंगे जोकोविच**

जोकोविच एक बार फिर ऑस्ट्रेलियन ओपन में हिस्सा लेने पहुंचे हैं जहां वह 12 जनवरी से शुरू हो रहे इस ग्रैंडस्लैम में अपने 25वें खिताब के लिए उतरेंगे। जोकोविच ने कहा, मुझे कुछ स्वास्थ दिक्कतें हुई थीं। मुझे अहसास हुआ कि मेलबर्न के उस होटल में मुझे ऐसा खाना खिलाया गया था जिसमें जहर मिला था। यही एकमात्र तरीका था जिससे ऐसा किया जा सकता था।

**'सर्बिया लौटने पर हुआ था खुलासा'**

24 बार के इस ग्रैंडस्लैम चैंपियन ने खुलासा करते हुए बताया कि सर्बिया लौटने के बाद उनका टेस्ट किया गया था जिसमें यह पाया गया था कि उन्होंने जहरीले पदार्थ का सेवन किया है। उस साल जोकोविच कोविड-19 टीकाकरण नहीं कराने के चलते वर्ष के आखिरी ग्रैंडस्लैम यूएस ओपन में भी हिस्सा नहीं ले पाए थे। हालांकि, इन सब विवाद के बावजूद जोकोविच 2023 में ऑस्ट्रेलियन ओपन में हिस्सा लेने पहुंचे थे और उन्होंने मेलबर्न में अपना 10वां खिताब जीता था। इसके बाद इस सर्बियाई खिलाड़ी ने 2024 में भी वर्ष के पहले ग्रैंडस्लैम में हिस्सा लिया था।

जोकोविच ने कहा कि उनके मन में मेलबर्न या ऑस्ट्रेलिया को लेकर कोई शिकायत नहीं है, लेकिन उनके साथ उस वक्त जो हुआ वो उनके करियर का एक अहम अध्याय बना हुआ है। जोकोविच ने कहा, सच कहूं तो मुझे इससे काफी धक्का लगा था। पिछले जितने बार मैं ऑस्ट्रेलिया पहुंचा और मुझे पासपोर्ट कंट्रोल और आव्रजन से गुजरना पड़ता है तो मुझे तीन साल पहले की वो बातें याद आ जाती हैं। मुझे हमेशा लगता है कि जो व्यक्ति मेरा पासपोर्ट देख रहा हैं वो मुझे फिर डिटेन करेगा या जाने देगा।

# केएल राहुल इंग्लैंड के खिलाफ 8 मैचों से बाहर

## *22 जनवरी से शुरू होगी घरेलू सीरीज; चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम में चयन का मिला आश्वासन*



नई दिल्ली, 10 जनवरी (एजेंसियां)। भारतीय बल्लेबाज केएल राहुल को इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर होने वाली आठ मैचों की व्हाइट-बॉल सीरीज से आराम दिया जाएगा, जिसमें पांच टी20 और तीन वनडे शामिल हैं।

यह सीरीज 22 जनवरी को कोलकाता में पहले टी-20 मैच से शुरू होगी। खबर के मुताबिक मध्यक्रम के बल्लेबाज और विकेटकीपर केएल राहुल को सिलेक्शन कमेटी ने आश्वासन दिया है कि उन्हें फरवरी में पाकिस्तान और यूएई में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम में चुना जाएगा। एक अधिकारी ने बताया कि चैंपियंस ट्रॉफी में राहुल की जगह पक्की है। इसलिए ही उन्हें इंग्लैंड सीरीज से आराम दिया गया है। हालांकि राहुल हाल ही में भारत की टी20 टीम का हिस्सा नहीं रहे हैं। उन्होंने अपना आखिरी टी-20 साल 2022 में खेला था, लेकिन वह वनडे में भारत के नंबर 1 विकेटकीपर बल्लेबाज रहे हैं, जहां उन्होंने लगातार मध्य क्रम में रन बनाए हैं।

**बॉर्डर-गावस्कर के सभी मैचों में खेले राहुल**

ऑस्ट्रेलिया में संपन्न हुई बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में केएल राहुल को पांचों टेस्ट मैचों की प्लेइंग इलेवन में शामिल किया गया था। राहुल ने 30.66 की औसत से 276 रन बनाए थे। जिसमें 2 अर्धशतक शामिल है।

**विजय हजारे ट्रॉफी से भी कर्नाटक टीम से बाहर रहे**

राहुल विजय हाजरे ट्रॉफी से भी बाहर रहने का फैसला किया। कर्नाटक की टीम को 11 जनवरी को वडोदरा के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मैच खेलेगी। राहुल इसमें नहीं खेलेंगे। वहीं अगर कर्नाटक की टीम क्वार्टर-फाइनल को जीतकर आगे बढ़ती है, तो भी वह विजय हजारे ट्रॉफी में हिस्सा नहीं लेंगे।

# पूर्व क्रिकेटर मनोज तिवारी ने गंभीर को पाखंडी कहा

## बोले-सारा क्रेडिट खुद लेना चाहते हैं; जो कहते हैं, वैसा नहीं करते




स्पोर्ट्स डेस्क, 10 जनवरी (एजेंसियां)। पूर्व क्रिकेटर मनोज तिवारी ने गौतम गंभीर को पाखंडी कहा है। इतना ही नहीं, मनोज ने गौतम को अकेले क्रेडिट लेने वाला भी बताया। 39 साल के मनोज तिवारी ने न्यूज-18 बांग्ला से कहा- 'गंभीर ने अकेले दम पर केकेआर को खिताब नहीं जिताया, क्योंकि हम सभी ने एक युनिट के रूप में प्रदर्शन किया।

कैलिस, नरेन और मैं, सभी ने इसमें योगदान दिया। पर इसका श्रेय किसने लिया? एक ऐसा वातावरण और पीआर है। जो उसे सारा श्रेय लेने की अनुमति देता है।' तिवारी 2012, 2014 में गंभीर की कप्तानी में आईपीएल जीतने वाली कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम का हिस्सा रहे हैं।

गौतम गंभीर पाखंडी हैं। वे जो कहते हैं, वैसा नहीं करते। कप्तान (रोहित) कहां से हैं? मुंबई से हैं। अभिषेक नायर कहां से हैं? मुंबई से हैं। उन्हें मुंबई के खिलाड़ी को आगे लाने का मौका मिला। जलज सक्सेना के लिए बोलने वाला कोई नहीं है। वे अच्छा प्रदर्शन करते हैं, लेकिन चुप रहते हैं। गेंदबाजी कोच का क्या उपयोग है? कोच जो भी कहेगा, वह मान जाएगा। मोर्ने मोर्कल लखनऊ सुपर जायंट्स से आए थे। अभिषेक नायर गंभीर के साथ केकेआर में थे। हेड कोच को पता है कि वे उनके निर्देशों के खिलाफ नहीं जाएंगे।

**गौतम गंभीर ने मनोज तिवारी को दोगुने रन बनाए थे**

2012 के सीजन में कप्तान गौतम गंभीर ने मनोज तिवारी से दोगुने रन बनाए थे। गंभीर ने 17 मैचों में 590 रन स्कोर किए थे, जबकि मनोज तिवारी ने 16 मैचों में 260 रन बनाए थे।

**नीतीश राणा ने ट्विट पर जवाब दिया, लिखा-गौतम सबसे निस्वार्थ**

मनोज तिवारी के बयान के बाद नीतीश राणा ने सोशल प्लेटफॉर्म X पर उन्हें जवाब दिया है। राणा ने लिखा- 'आलोचना फैक्ट्स पर आधारित होनी चाहिए न कि व्यक्तिगत असुरक्षाओं पर। गौती भैया उन सबसे निस्वार्थ खिलाड़ियों में से एक हैं, जिनसे मैं कभी मिला हूं। संकट के समय में वे किसी अन्य की तरह जिम्मेदारी निभाते हैं। प्रदर्शन को किसी पीआर की आवश्यकता नहीं है। ट्रॉफियां अपने लिए बोलती हैं।'

# राष्ट्रीय मुक्केबाजी में गत चैंपियन शिवा थापा की शानदार शुरुआत

बरेली, 10 जनवरी (एजेंसियां)। गत चैंपियन शिवा थापा ने वेल्टरवेट (60-65 भारवर्ग) में इनायत खान को हराकर राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अपने अभियान की शुरुआत की। 2012 लंदन ओलंपिक में क्वालिफाई करने वाले सबसे युवा असम के शिवा ने इनायत को 5-0 से हराया।

पूर्व विश्व यूथ चैंपिन सचिन सिवाच ने सर्विसेज स्पोर्ट्स बोर्ड के अक्षर को 5-0 से पराजित किया। इस दमदार जीत से उन्होंने खिताब के लिए अपनी तैयारियों का संकेत दे दिया है।

चैंपियनशिप के दूसरे दिन गुरुवार को राजस्थान के देवांश सौलंकी ने उत्तर प्रदेश के विकास सिंह को फ्लाइवेट (47-50 भारवर्ग) में जजों के सर्वसम्मत निर्णय से पराजित किया। इसी भारवर्ग में छत्तीसगढ़ के आशुतोष यादव ने गुजरात के अकलीम खान को मात दी। दो बार के विजेता सर्विसेज स्पोर्ट्स बोर्ड के मुक्केबाजों ने कई श्रेणियों में अच्छा प्रदर्शन किया। हितेश गुलिया, दीपक, जुगनू और विशाल ने लाइट मिडिलवेट वेल्टरवेट, क्रूसरवेट और हेवीवेट में जीत हासिल की।

## *हिंदी हमारी राष्ट्रीय भाषा नहीं*

# रविचंद्रन अश्विन का 25 सेकंड का वीडियो वायरल, बड़े विवाद को दी हवा!




चेन्नई, 10 जनवरी (एजेंसियां)। भारत ऐसा देश है, जहां हर प्रदेश में अलग-अलग भाषा का इस्तेमाल किया जाता है। हिंदी और इंग्लिश ऐसी भाषाएं हैं, जो सभी को जोड़ने का काम करती हैं। हालांकि, इंग्लिश मेट्रो शहरों तक ही सीमित है। हिंदी राष्ट्रीय भाषा है या नहीं इस पर अक्सर विवाद होता रहा है।

अब भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने भाषा के इस विवाद को हवा दे दी है। एक इवेंट के दौरान अश्विन ने कहा है कि हिंदी हमारी राष्ट्रीय भाषा नहीं बल्कि आधिकारिक भाषा है। यह एक ऐसी टिप्पणी है जो बहस को जन्म दे सकती है। अश्विन ने यह बयान तमिलनाडु के एक निजी इंजीनियरिंग कॉलेज समारोह में दिया। कॉलेज में स्टूडेंट्स को संबोधित करते हुए अश्विन ने पूछा कि क्या यहां उपस्थित लोग हिंदी में प्रश्न पूछने के लिए तैयार हैं, यदि वे अंग्रेजी या तमिल में सहज नहीं हैं। उन्होंने विकल्प देते हुए पूछा- अंग्रेजी के छात्र... इस पर कुछ आवाजें हां में आईं।

उन्होंने फिर तमिल के बारे में पूछा तो हां में शोर और भी तेज हो गया। इस पर अश्विन ने कहा- ठीक है, हिंदी? जवाब में छात्र अचानक चुप हो गए। इसके बाद अश्विन ने तमिल में कहा- मैंने सोचा कि मुझे यह कहना चाहिए। हिंदी हमारी राष्ट्रीय भाषा नहीं है, यह एक आधिकारिक भाषा है। साउथ के प्रदेशा में हिंदी भाषा का इस्तेमाल करना हमेशा से ही संवेदनशील विषय रहा है। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय में नई बहस को जन्म दे सकती है, जब तमिलनाडु की सत्तारूढ़ डीएमके सहित कई विपक्षी दलों ने केंद्र पर राज्यों, विशेष रूप से दक्षिण में हिंदी थोपने का प्रयास करने का आरोप लगाया है।

इसी कार्यक्रम में अश्विन ने टीम इंडिया की कप्तानी के विषय पर भी बात की। अनुभवी ऑफ स्पिनर ने कूटनीतिक अंदाज में जवाब दिया। अश्विन ने बताया- जब कोई कहता है कि मैं यह नहीं कर सकता तो मैं इसे पूरा करने के लिए जाग जाता हूं, लेकिन अगर वे कहते हैं कि मैं कर सकता हूं तो मेरी रुचि खत्म हो जाती है। अश्विन ने अपनी पृष्ठभूमि के बारे में भी बताया कि उन्होंने इंजीनियरिंग की है।

अश्विन ने छात्रों से कहा कि वे कभी हार न मानें और संदेह के समय में भी अपने रास्ते पर दृढ़ रहें। उन्होंने कहा- अगर किसी इंजीनियरिंग स्टाफ ने मुझसे कहा होता कि मैं कप्तान नहीं बन सकता, तो मैं और अधिक मेहनत करता। यदि आप एक छात्र हैं तो आप कभी नहीं रुकेंगे। यदि आप नहीं रुकेंगे तो सीखना बंद हो जाएगा और उत्कृष्टता आपके अलमारी में बस एक शब्द बनकर रह जाएगी।

# बीपीएल 2025 : फील्डर ने छोड़ा कैच, फिर भी हुई अपील

## > बांग्लादेश प्रीमियर लीग में अंपायर ने बल्लेबाज को आउट दिया




सिलहट, 10 जनवरी (एजेंसियां)। बांग्लादेश प्रीमियर लीग में गजब ड्रामा देखने को मिला। रंगपुर राइडर्स और फॉर्च्यून बारीशाल का मुकाबला जोरदार रहा। इसके साथ ही कुछ ऐसा देखने को मिला, जो क्रिकेट में काफी कम दिखता है। रंगपुर के बल्लेबाज महेदी हसन को ऑब्सट्रक्टिंग द फील्ड आउट दे दिया गया। यहां सबसे रोचक बात है कि उन्होंने कुछ नहीं किया था, इसके बाद भी उन्हें पवेलियन की तरफ जाना पड़ा।

**पूरा मामला जान लीजिए**

रंगपुर की पारी के 19वें ओवर में महेदी ने क्रॉस-बैटेड शॉट खेलने की कोशिश की। गेंद बल्ले के ऊपरी किनारे से लगकर मिड-पिच की तरफ उछली। गेंदबाज जहानदाद खान कैच लेने के लिए दौड़े, तभी बल्लेबाजों ने एक रन लेने के लिए दौड़ लगा दी। जहानदाद को देखकर, कप्तान और नॉन-स्ट्राइकर नूरुल हसन ने दिशा बदली और सीधी रेखा में दौड़ने के बजाय पिच की तरफ दौड़े। हालांकि गेंद गेंदबाज से आगे ही गिरी लेकिन बल्लेबाज उसकी लाइन में आ गया गया। इस अफरा-तफरी में कैच पूरा नहीं कर पाने के कारण जहानदाद ने अपील की।

**क्रिकेट के नियम क्या कहते हैं?**

अंपायर अली अरमान और आसिफ यकूब ने फैसला थर्ड अंपायर के पास भेज दिया। टीवी अंपायर तनवीर अहमद ने महेदी को आउट करार दिया। तनवीर का फैसला क्रिकेट के नियम 37.3.1 के अनुसार था। नियम कहता है- अगर गेंद नो-बॉल नहीं है और अगर कोई भी बल्लेबाज जानबूझकर बाधा पहुंचाकर या ध्यान भंग करके स्ट्राइकर को कैच आउट होने से रोकता है तो स्ट्राइकर आउट होगा। इस मैच का रुख कई बार बदला। बारीशाल को आखिरी तीन ओवर में 42 रन चाहिए थे। शाहीन शाह अफरीदी ने 18वें ओवर में सिर्फ तीन रन दिए और इफ्तिखार अहमद (36 गेंदों में 48 रन) का विकेट लिया।

# संजू-सरफराज को मौका, ऋषभ पंत बाहर



नई दिल्ली, 10 जनवरी (एजेंसियां)। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में हिस्सा लेने से ठीक पहले टीम इंडिया इंग्लैंड के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज खेलेगी। इस सीरीज के जरिए भारतीय टीम इस टूर्नामेंट के लिए अपने खिलाड़ियों के साथ-साथ अपनी तैयारियों को भी परखेगी। भारत के पास एक बार फिर से चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीतने का अच्छा मौका है और टीम इंडिया इसमें कामयाब भी हो सकती है तो वहीं उससे पहले भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ जो वनडे सीरीज खेलेगी वो भी रोहित शर्मा की टीम के लिए अहम होने वाला है। इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए टीम इंडिया का ऐलान किया जाना बाकी है, लेकिन इससे पहले भारत के पूर्व ओपनर बल्लेबाज संजय मांजरेकर ने इस वनडे सीरीज के लिए अपनी पसंदीदा टीम साथ ही प्लेइंग इलेवन का भी चयन किया। मांजरेकर ने अपनी टीम में ऋषभ पंत का चयन नहीं किया और उन्होंने केएल राहुल को पहले विकेटकीपर के रूप में टीम में जगह दी जबकि संजू सैमसन को बैक-अप के रूप में चयनित किया। वहीं उन्होंने 5वें नंबर पर के लिए ध्रुव जुरैल को संभावित खिलाड़ी बताया। मांजरेकर ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा कि क्या हम ध्रुव जुरेल को नहीं चुन सकते? क्योंकि उसके पास टेस्ट मैच जैसा गेम है। शीर्ष क्रम के ढहने की स्थिति में हमें किसी ऐसे खिलाड़ी की जरूरत है जो नंबर 5 पर पारी को संभाल सके। मैं सिर्फ विकल्प बनाने की कोशिश कर रहा हूं, लेकिन राहुल पहली पसंद होंगे।

# आईसीसी के सबसे युवा अध्यक्ष हैं जय शाह

## बीसीसीआई की एजीएम में किया जाएगा सम्मानित



नई दिल्ली, 10 जनवरी (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की राज्य इकाइयां बोर्ड की रविवार को होने वाले विशेष आम बैठक (एसजीएम) से इतर इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसी यानी आईसीसी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष जय शाह को सम्मानित करेंगी। बीसीसीआई के पूर्व सचिव शाह पिछले साल अगस्त में निर्विरोध चुने जाने के बाद सबसे कम उम्र के आईसीसी चेयरमैन बने। उन्होंने एक दिसंबर को पदभार संभाला। शाह ने ग्रेग बार्कले का स्थान लिया जिन्होंने तीसरा कार्यकाल नहीं लेने का फैसला किया। जय शाह ने अक्टूबर 2019 में बीसीसीआई सचिव का पद संभाला था। जनवरी 2021 से वह एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष थे। शाह हालांकि एसजीएम का हिस्सा नहीं बनेंगे क्योंकि वह अब बीसीसीआई के पदाधिकारी नहीं हैं। हालांकि उन्हें विशेष आमंत्रण पर बुलाया जाएगा। एसजीएम बीसीसीआई के नए सचिव और कोषाध्यक्ष के चुनाव के लिए बुलाई गई है। आशीष शेलार के महाराष्ट्र सरकार में मंत्री बनने के बाद कोषाध्यक्ष का पद खाली हुआ है।

# ऑस्ट्रेलियाई कप्तान कमिंस के चैंपियंस ट्रॉफी में खेलने पर संशय



स्पोर्ट्स डेस्क, 10 जनवरी (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस के आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी खेलने पर संशय है। उनके टखने में चोट है, जिसके लिए उन्हें स्कैन करवाना होगा। ऑस्ट्रेलिया के चीफ सिलेक्टर जॉर्ज बैली ने पैट कमिंस की फिटनेस को लेकर अपडेट दिया है। बैली ने बताया, पैट दूसरी बार पिता बनने वाले हैं, जिसके लिए अभी ब्रेक पर हैं। उनके टखने में हल्की चोट है। अगले सप्ताह उनका स्कैन होगा, जिसके बाद हमें उनकी चोट की स्थिति का पता चलेगा। जब उनसे पूछा गया कि क्या कमिंस चैंपियंस ट्रॉफी में खेल पाएंगे, तो उन्होंने जवाब दिया, अभी कुछ नहीं कहा जा सकता। स्कैन की रिपोर्ट देखने के बाद ही फैसला लिया जाएगा। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 पाकिस्तान की मेजबानी में 19 फरवरी से शुरू होकर 9 मार्च तक चलेगी। ऑस्ट्रेलिया ने पैट कमिंस की कप्तानी में हाल ही में भारत के खिलाफ 3-1 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी (बीजीटी) से जीती थी। कमिंस बीजीटी में टीम के टॉप विकेट टेकर थे। उन्होंने 2023 में अपनी टीम को वनडे वर्ल्ड कप भी जिताया था। चैंपियंस ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया का पहला मुकाबला पाकिस्तान से 22 फरवरी को होगा। ऑस्ट्रेलियाई टीम को इंग्लैंड, साउथ अफ्रीका और अफगानिस्तान के साथ ग्रुप-2 में रखा गया है।

श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज नहीं खेलेंगे कमिंस श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान हो गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार को 16 मेंबर्स स्क्वॉड का ऐलान किया। रेगुलर कप्तान पैट कमिंस यह सीरीज मिस करेंगे। उनकी गैरमौजूदगी में टीम की कप्तानी स्टीव स्मिथ करेंगे। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 का फाइनल ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच खेला जाएगा। फाइनल मुकाबला 11 जून से लॉर्ड्स मैदान में खेला जाएगा।

# भारत के टेस्ट बल्लेबाज़ ज़्यादा घरेलू मैच खेलें : सुनील जोशी

नई दिल्ली, 10 जनवरी (एजेंसियां)। भारत के पूर्व स्पिनर सुनील जोशी, जो 2020/21 में ऑस्ट्रेलिया में 2-1 से टेस्ट सीरीज़ जीत के दौरान मुख्य चयनकर्ता थे, का मानना है कि मौजूदा टेस्ट टीम के बल्लेबाज़ों को ज़्यादा घरेलू क्रिकेट मैच खेलने चाहिए। उनका दावा है कि इससे उन्हें रन बनाने में मदद मिलेगी।

भारत को हाल ही में ऑस्ट्रेलिया में 3-1 से टेस्ट सीरीज़ हार का सामना करना पड़ा, जहाँ कप्तान रोहित शर्मा ने पांच पारियों में सिर्फ़ 31 रन बनाए, जबकि विराट कोहली ने पर्थ में भारत की 295 रनों की जीत में नाबाद शतक लगाने के बावजूद सभी पांच मैचों में सिर्फ़ 190 रन बनाए। कोहली ने आखिरी बार रणजी ट्रॉफी मैच 2012 में खेला था, जबकि रोहित ने नौ साल से घरेलू रेड-बॉल क्रिकेट मैच नहीं खेला है।

यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, शुभमन गिल और ऋषभ पंत जैसे खिलाड़ियों के लिए हाल ही में घरेलू प्रथम श्रेणी मैच, सत्र की शुरूआती दलीप ट्रॉफी में खेला गया था। इसके अलावा, मुख्य कोच गौतम गंभीर ने सिडनी में श्रृंखला हारने के बाद कहा कि खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट खेलने के लिए खुद को उपलब्ध रखना चाहिए यदि उनमें लाल गेंद वाली क्रिकेट खेलने की प्रतिबद्धता है। जोशी ने 'आईएएनएस' से विशेष बातचीत में कहा, हमारे शीर्ष क्रम के बल्लेबाज घरेलू क्रिकेट नहीं खेलते हैं, और वे वहां क्यों नहीं खेलते? अगर मैं चोटिल हूं, तो नहीं। अगर मैं खेल के तीनों प्रारूपों में खेल रहा हूं, तो हां। अगर नहीं, तो कृपया चार दिन के लिए घरेलू क्रिकेट खेलें, क्योंकि जब आप उन सतहों पर रन बनाते हैं, तो यह बहुत आसान हो जाता है।

# 2.95 करोड़ के ट्रेडिंग फ्रॉड मामले का भंडाफोड़, दो अकाउंट सप्लायर गिरफ्तार




हैदराबाद, 10 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। साइबर क्राइम पुलिस, हैदराबाद सिटी ने 2.95 करोड़ के ट्रेडिंग फ्रॉड घोटाले में शामिल दो व्यक्तियों को सफलतापूर्वक गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए व्यक्ति समीर हुंडेकर, निवासी बेंगलुरु, कर्नाटक, दीपक संपत, निवासी बेंगलुरू, कर्नाटक हैं। आरोपियों ने फर्जी शेयरों में निवेश से भारी मुनाफे का वादा करके पीड़ितों को ठगने की साजिश रची। पुलिस उपायुक्त, साइबर क्राइम पी.एस. हैदराबाद शहर दारा कविता ने बताया कि बीते 27 अगस्त 2024 को, साइबर क्राइम पुलिस को हैदराबाद में रहने वाले एक पीड़ित से शिकायत मिली। पीड़ित ने बताया कि उसे "मार्वल कैपिटा" नामक एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया था, जो स्टॉक मार्केट ट्रेडिंग टिप्स देने का दावा करता था और यूट्यूब पर इसका विज्ञापन किया गया था। समूह ने पीड़ितों को लुभाने के लिए स्टॉक निवेश से फर्जी मुनाफे का प्रदर्शन किया। पीड़ित ने इन फर्जी शेयरों में कुल 2,95,15,510 का निवेश किया, जिसे बाद में धोखेबाजों द्वारा नियंत्रित कई बैंक खातों में निकाल लिया गया। शिकायत के बाद, साइबर अपराध पीएस ने मामला दर्ज किया और जांच की। उन्होंने कहा कि आरोपी, समीर हुंडेकर और दीपक संपत ने दुबई में स्थित प्राथमिक धोखेबाज मुख्य आरोपी रितेश सोनी के साथ सहयोग किया। दोनों ने कई खच्चर बैंक खाते खोले और धोखाधड़ी की रकम निकालने के लिए रितेश को चेक बुक सहित बैंकिंग क्रेडेंशियल प्रदान किए। इन खातों के माध्यम से संसाधित प्रत्येक धोखाधड़ी वाले लेनदेन के लिए आरोपी को 5 प्रतिशत कमीशन मिलता था। आरोपियों के पास से लैपटॉप 1, मोबाइल फोन 7, डेबिट और क्रेडिट कार्ड 21, चेक बुक 18, सिम कार्ड 15, शेल कंपनी के टिकट 4, क्यूआर कोड स्कैनर 3 मिला है। साइबर अपराध के एसीपी शिव मारुति की देखरेख में एम. सीतारामुलु, पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में साइबर अपराध पुलिस स्टेशन की टीम और टीम ने आरोपी को पकड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## डिजिटल अरेस्ट धोखाधड़ी मामले का भंडाफोड़ दो अरेस्ट

हैदराबाद, 10 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। साइबर क्राइम पुलिस, हैदराबाद सिटी ने डिजिटल अरेस्ट धोखाधड़ी में शामिल दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है और पीड़ितों को एक सुव्यवस्थित धोखाधड़ी में शामिल होने के लिए निशाना बनाया है, जिसमें घोटालेबाज पीड़ितों से पैसे ऐंठने के लिए कानून प्रवर्तन अधिकारी बनकर पेश आते हैं। बीते 28 सितंबर 2024 को, साइबर क्राइम पुलिस, हैदराबाद को हैदराबाद में रहने वाले एक पुरुष पीड़ित से शिकायत मिली। पीड़ित ने बताया कि उसे एक अज्ञात कॉलर से कॉल आया था, जिसने डीएचएल कूरियर सर्विस, अंधेरी वेस्ट, मुंबई से होने का झूठा दावा किया था।

पुलिस उपायुक्त, साइबर क्राइम पी.एस. हैदराबाद शहर दारा कविता नेकॉल करने वाले ने पीड़ित को बताया कि उसका पार्सल मुंबई एयरपोर्ट पर जब्त कर लिया गया है, जिसमें कथित तौर पर अवैध सामान है। पीड़ित को और अधिक गुमराह करने और डराने के लिए, आरोपियों ने खुद को कानून प्रवर्तन अधिकारी बताया। उन्होंने पीड़ित को आगे की बातचीत के लिए स्काइप ऐप डाउनलोड करने का निर्देश दिया। इस ऐप के ज़रिए जालसाज़ों ने वीडियो कॉल शुरू की, जिसमें दावा किया गया कि वे उन्हें मुंबई साइबर सेल से जोड़ रहे हैं। ये वीडियो कॉल आठ दिनों तक जारी रहे, जिसके दौरान पीड़ित को बार-बार धमकाया गया और अनुपालन के लिए मजबूर किया गया। आरोपियों ने मामले को सुलझाने और कानूनी कार्रवाई से बचने के बहाने फिरौती की मांग की। पीड़ित ने निर्देशानुसार एचडीएफसी बैंक खाते में पैसे ट्रांसफर कर दिए। जब पीड़ित ने जवाब देना बंद कर दिया, तो आरोपियों ने अपनी धमकियां बढ़ा दीं, जिससे उसका मानसिक आघात बढ़ गया और गंभीर परिणामों के डर का फायदा उठाया। साइबर क्राइम पुलिस, हैदराबाद ने मामला दर्ज किया गया और इसकी जांच की गई। इस मामले में पुलिस ने बारिया संजीवकुमार बाबू भाई और काली रोहित कुमार छत्रसिंह कलमी निवासी अहमदाबाद, गुजरात को गिरफ्तार किया है। आरोपी कूरियर, दूरसंचार विभाग, ट्राई, सीबीआई, साइबर अपराध पुलिस, आयकर विभाग आदि के प्रतिनिधि बनकर खुद को पेश करते हैं। वे व्हाट्सएप कॉल, स्काइप कॉल और इंटरनेट कॉल के माध्यम से पीड़ितों से संपर्क करते हैं। पीड़ितों को न्यायालय के आदेश की प्रतियां भेजकर और डिजिटल रूप से गिरफ्तार करके धमकाते हैं क्योंकि वे मनी लॉन्ड्रिंग मामले, आतंकवादी गतिविधियों आदि जैसे गंभीर अपराधों में शामिल हैं। उन्होंने पीड़ितों को आगाह भी किया क्योंकि यह एक राष्ट्रीय गुप्त मामला है और गोपनीयता बनाए रखी जानी चाहिए और किसी को भी कुछ भी नहीं बताना चाहिए अन्यथा यह उनके पूरे परिवार को प्रभावित करेगा। पीड़ित द्वारा राशि ट्रांसफर करने के बाद वे पीड़ितों को ब्लॉक कर देते हैं। आरोपियों के पास से दो सिम कार्ड के साथ दो सैमसंग एंड्रॉयड मोबाइल, दो कंपनी स्टैम्प, एक आईडीबीआई चेक बुक मिला है। आर.जी. शिव मारुति, एसीपी, साइबर क्राइम पीएस, हैदराबाद की देखरेख में पी. प्रमोद कुमार, पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में एक टीम, जिसमें टीम के सदस्य चौ. वेंकटाद्री एसआई पुलिस, शेख अजीज एसआई पुलिस और पीसी शामिल थे। उन्होंने अहमदाबाद, गुजरात में आरोपियों को पकड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## साइबर अपराध पुलिस ने धोखेबाजों के खिलाफ राष्ट्रव्यापी अभियान

हैदराबाद, 10 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। साइबर धोखाधड़ी के मामलों में खतरनाक वृद्धि को देखते हुए, साइबर अपराध पुलिस स्टेशन, हैदराबाद ने उत्तर प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश राज्यों में व्यापक अभियान चलाकर साइबर अपराध से निपटने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। साइबर अपराध 5 टीमों द्वारा किए गए इन प्रयासों ने विभिन्न तौर-तरीकों को लक्षित किया और इसके परिणामस्वरूप बड़े पैमाने पर वित्तीय धोखाधड़ी करने के लिए सिस्टम और खामियों का फायदा उठाने वाले परिष्कृत नेटवर्क वाले कई प्रमुख खिलाड़ियों को पकड़ा गया। सभी मामलों में पीड़ितों द्वारा खोई गई कुल राशि 5,29,98,006 (पांच करोड़ उनतीस लाख अट्ठानबे हजार छह रुपये) है। कुल गिरफ्तार व्यक्ति 23, जब्त की गई नकदी 40,000 रुपये, मोबाइल फोन 25, सिम कार्ड 45, बैंक पासबुक/चेक बुक 28, डेबिट कार्ड और क्रेडिट कार्ड 23, लैपटॉप 1, क्यूआर कोड स्कैनर 3, शेल कंपनी के पांच टिकट बरामद किए गए हैं। मामले गिरफ्तार किए गए आरोपी तेलंगाना में 30 मामलों और पूरे भारत में 359 मामलों में शामिल पाए गए। टीमों ने आरोपियों को ट्रैक करने और उन्हें पकड़ने के लिए विभिन्न राज्यों की पुलिस इकाइयों के साथ समन्वय किया। इन धोखाधड़ी योजनाओं के पीछे के नेटवर्क को उजागर करने के लिए विस्तृत खुफिया जानकारी और उन्नत जांच विधियों के आधार पर ऑपरेशन किए गए। धोखाधड़ी गतिविधियों को सुविधाजनक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले बैंक अधिकारियों, खच्चर बैंक खाता आपूर्तिकर्ताओं और किंगपिन सहित महत्वपूर्ण खिलाड़ियों की पहचान करने और उन्हें गिरफ्तार करने पर विशेष ध्यान दिया गया। इस सप्ताह तीन अलग-अलग मामलों में पीड़ित को वापस की गई राशि- 39,00,000 रुपये है। इन ऑपरेशनों से न केवल महत्वपूर्ण संपत्ति और वित्तीय साधनों की वसूली हुई, बल्कि संगठित धोखाधड़ी सिंडिकेट को भी ध्वस्त किया गया, जिससे देश भर में पीड़ितों को न्याय सुनिश्चित हुआ।

## 1.90 करोड़ के अनधिकृत लेनदेन के मामले में महिला गिरफ्तार

हैदराबाद, 10 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद सिटी साइबर क्राइम पुलिस ने अनधिकृत लेनदेन के ज़रिए 1.90 करोड़ की ठगी से जुड़े एक बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी का पर्दाफाश किया है। गिरफ्तार आरोपी ने अपने बैंक खाते में धोखाधड़ी के पैसे प्राप्त किए और कमीशन के लिए उन्हें मुख्य आरोपी को हस्तांतरित कर दिया। विश्लेषण से पता चला कि उत्तरी रोहिणी पुलिस स्टेशन, दिल्ली और खटोदरा पुलिस स्टेशन, गुजरात में दर्ज दो मामलों से इसका संबंध है। गिरफ्तार आरोपी कमलेश कुमारी, विकास कॉलोनी, देव पुरा, मैनपुरी, उत्तर प्रदेश की रहने वाली हैं। पुलिस उपायुक्त, साइबर क्राइम पी.एस. हैदराबाद शहर दारा कविता ने बताया कि 12 दिसंबर, 2024 को, हैदराबाद में साइबर अपराध पुलिस को अवनति नगर, बशीर बाग के 70 वर्षीय निवासी से एक परेशान करने वाली शिकायत मिली। पीड़ित ने अनधिकृत इंटरनेट बैंकिंग लेनदेन के कारण 1.90 करोड़ का चौंका देने वाला नुकसान होने की सूचना दी, जिसने ऑनलाइन वित्तीय गतिविधियों की सुरक्षा और सुरक्षा के बारे में महत्वपूर्ण चिंताएँ पैदा की हैं, खासकर बुजुर्ग आबादी के बीच। यह घटना साइबर अपराधों के बढ़ते प्रचलन को उजागर करती है जो कमजोर व्यक्तियों को लक्षित करते हैं जो ऑनलाइन बैंकिंग से जुड़े संभावित जोखिमों के बारे में पूरी तरह से अवगत नहीं हो सकते हैं। इस गंभीर घटना के जवाब में मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने इस वित्तीय अपराध से जुड़े विवरणों को उजागर करने के लिए एक जांच शुरू की है। अधिकारी लेन-देन का पता लगाने और अपराधियों की पहचान करने के लिए लगन से काम कर रहे हैं, डिजिटल युग में उपभोक्ताओं के लिए जागरूकता बढ़ाने और सुरक्षात्मक उपायों की आवश्यकता पर जोर दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई ऋणों के कारण वित्तीय संकट का सामना कर रही कमलेश कुमारी से सह-आरोपी ने संपर्क किया और कमीशन के लिए धोखाधड़ी वाले लेनदेन की सुविधा के लिए अपने एनजीओ खाते का उपयोग करने के लिए उसे राजी किया। उसने अपने खाते में 1.90 करोड़ प्राप्त किए, राशि को अन्य खातों में स्थानांतरित कर दिया और धन निकालने का प्रयास किया। साइबर क्राइम टीम के परिश्रमी प्रयासों से, धोखाधड़ी की पूरी राशि को आरोपी के बैंक खाते में सफलतापूर्वक फ्रीज कर दिया गया। पीड़ित को 1.90 करोड़ वापस दिलाने के लिए कार्रवाई शुरू कर दी गई है। साइबर क्राइम के एसीपी शिव मारुति की देखरेख में इंस्पेक्टर के. सतीश रेड्डी के नेतृत्व में साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन की टीम ने गिरफ्तारी की, एसआई और पीसी सहित टीम ने इस मामले को सुलझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। टीम को सराहनीय प्रयासों के लिए पुरस्कार मिलेगा।

## आसिफाबाद, आदिलाबाद में ठंडक बरकरार

कुमराम भीम आसिफाबाद/आदिलाबाद, 10 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। कुमराम भीम आसिफाबाद और आदिलाबाद दोनों जिलों के कई हिस्से शुक्रवार को जमा देने वाली ठंड की चपेट में रहे। तिरयानी मंडल के गिन्नधारी गांव में तेलंगाना में सबसे कम न्यूनतम तापमान 6.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, इसके बाद सिरपुर (यू) मंडल में न्यूनतम तापमान 6.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। केरमेरी, वानकीडी और चिंतलामनेपल्ली मंडल में न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस और 10 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा।

इस बीच, आदिलाबाद जिले के भीमपुर मंडल के अरली (टी) गांव में न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि बेला मंडल केंद्र में न्यूनतम तापमान 7.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बोथ, मावला, जैनद, तामसी, तलमदुगु, गडीगुडा, बोथ, बाजारथनूर मंडलों में न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस और 10 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा।

## सीबीएसई सीटीईटी के नतीजे जारी

हैदराबाद, 10 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 9 जनवरी को केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटीईटी) 2024 के परिणाम जारी किए। सीटीईटी दिसंबर 2024 परीक्षा 14 दिसंबर, 2024 को आयोजित की गई थी। सीटीईटी दिसंबर, 2024 के लिए 15 लाख से अधिक उम्मीदवारों ने पंजीकरण कराया है। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटीईटी) आयोजित करने की जिम्मेदारी केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड दिल्ली को सौंपी है। अर्हता प्राप्त करने के लिए, उम्मीदवारों को 150 में से 60 प्रतिशत अंक प्राप्त करने होंगे। आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए, अर्हता अंक 55 प्रतिशत है। सफल उम्मीदवार सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों में शिक्षण पदों के लिए आवेदन करने के पात्र हैं।

## दिल का दौरा पड़ने से कोयला खदान कर्मचारी की मौत

पेड्डापल्ली, 10 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। सिंगरेनी के एक श्रमिक नरेश की शुक्रवार सुबह रामागुंडम-I क्षेत्र में जीडीके-2 इनक्लाइन कोयला खदान में दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। कोयला काटने का काम करने वाले नरेश को सुबह के शिफ्ट में कोयला खदान में अटेंडेंस देते समय दिल का दौरा पड़ा और वह बेहोश हो गए। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सहकर्मियों और अन्य कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि नरेश की मौत इसलिए हुई क्योंकि एंबुलेंस समय पर मौके पर नहीं पहुंची और उसे अस्पताल नहीं ले जाया गया। उन्होंने कहा कि अगर उसे तुरंत अस्पताल ले जाया जाता तो शायद उसकी जान बच सकती थी। ट्रेड यूनियन नेताओं ने प्रबंधन से नरेश की मौत को दुर्घटना मानकर सभी लाभ प्रदान करने की मांग की। शव को पोस्टमार्टम के लिए गोदावरीखानी सिंगरेनी क्षेत्रीय अस्पताल ले जाया गया।

# एससीआर रिकॉर्ड संख्या में कर रहा है

## संक्रांति स्पेशल ट्रेनों का संचालन

हैदराबाद, 10 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। दक्षिण मध्य रेलवे नियमित रूप से महत्वपूर्ण अवसरों या छुट्टियों/त्योहारों के मौसम के दौरान रेल यात्रियों की मांगों को पूरा करने के लिए उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करते हुए विशेष ट्रेनें चलाता है। जनवरी के महीने में त्योहारी सीजन के मद्देनजर देश के विभिन्न हिस्सों की यात्रा करने के लिए रेल यात्रियों की मांग रहती है। विशेष रूप से, एससीआर क्षेत्राधिकार के भीतर संक्रांति त्योहार और छुट्टियों के मौसम के कारण दो तेलुगु राज्यों के बीच यात्रा की मांग अधिक होगी। तदनुसार, इस अवधि के दौरान अतिरिक्त यात्रा मांग को पूरा करने के लिए, एससीआर ने रेल उपयोगकर्ताओं की यात्रा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए जनवरी के महीने में विभिन्न गंतव्यों के बीच संक्रांति विशेष ट्रेनों के संचालन की घोषणा की है। अब तक, जोन ने संक्रांति सीजन के दौरान 188 विशेष ट्रेनों की घोषणा की है, जबकि अन्य 178 विशेष ट्रेनें जोन से गुजर रही हैं, कुल 366 विशेष ट्रेन सेवाएं हैं। इनमें से अधिकांश ट्रेनें छुट्टियों के चरम सीजन के दौरान संचालित की जा रही हैं और ये ट्रेनें न केवल दो तेलुगु राज्यों के बीच बल्कि अन्य लोकप्रिय गंतव्यों के लिए भी संचालित की जाएंगी। इन ट्रेन सेवाओं में विभिन्न कोच संरचना शामिल हैं, जिसमें आरक्षित कोच और अनारक्षित दोनों कोच शामिल हैं, जो सभी प्रकार के यात्रियों की सेवा करते हैं। हैदराबाद शहर में चेर्लापल्ली रेलवे टर्मिनल के हाल ही में उद्घाटन को ध्यान में रखते हुए, इस स्टेशन से नरसापुर, काकीनाडा, श्रीकाकुलम आदि की ओर 59 विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं, जिनमें 16 जनसाधारण ट्रेनें शामिल हैं, जिन्हें विशेष रूप से चेर्लापल्ली से विशाखापट्टनम और वापस सामान्य कोचों के साथ चलाया जा रहा है ये जनसाधारण स्पेशल ट्रेनें कम लागत में परिवहन उपलब्ध कराएंगी और अनारक्षित श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्रियों को इस त्यौहारी सीजन में अपने मूल स्थानों तक पहुंचने में काफी लाभ पहुंचाएंगी। अनारक्षित कोचों से यात्रा करने के इच्छुक यात्री मोबाइल ऐप पर यूटीएस के माध्यम से अपने टिकट खरीद सकते हैं, जिससे उन्हें जनरल काउंटरों पर कतार में खड़े होने से बचना होगा। इसके अलावा, नियमित ट्रेनों से यात्रा करने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए, 15 एक्सप्रेस ट्रेनों में अतिरिक्त कोच जोड़े जा रहे हैं ताकि प्रतीक्षा सूची में लोगों की लंबी भीड़ को हटाया जा सके। ट्रेन संख्या 20833/20834 सिकंदराबाद-विशाखापट्टनम- सिकंदराबाद वंदे भारत ट्रेन में भी 11 जनवरी, 2025 से स्थायी आधार पर 4 अतिरिक्त चेयर कार कोच जोड़े जा रहे हैं।

## मृगतृष्णा बनी हुई है बहुप्रतीक्षित आदिलाबाद-आर्मोर रेलवे लाइन

**रेल मंत्री से मिले विधायक, मिला आश्वासन**

**रेल मंत्री ने कहा- जल्द ही हकीकत होगा सपना**

आदिलाबाद, 10 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। बहुप्रतीक्षित आदिलाबाद-आर्मोर ब्रॉड-गेज रेलवे लाइन आदिलाबाद, निजामाबाद और निर्मल जिलों के लोगों के लिए मृगतृष्णा बनी हुई है। निर्मल विधायक ए महेश्वर रेड्डी ने हाल ही में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की और उनसे निर्मल के रास्ते आदिलाबाद-आर्मोर शहरों के बीच 125 किलोमीटर लंबी रेलवे लाइन के लंबे समय से लंबित सपने को साकार करने के लिए कदम उठाने का अनुरोध किया। उन्होंने विश्वास जताया कि यह लाइन जल्द ही हकीकत बन जाएगी क्योंकि वैष्णव ने उनके अनुरोध पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है, जिससे इस क्षेत्र के लोगों की उम्मीदें फिर से जगी हैं।

संयोग से, आदिलाबाद और निजामाबाद संसदीय क्षेत्रों से भाजपा के उम्मीदवार जीते हैं, जो तीन जिलों में पड़ने वाली छह विधानसभा सीटें हैं। इस क्षेत्र के लोगों को पार्टी के जनप्रतिनिधियों से बहुत उम्मीदें थीं। हालांकि, अभी तक रेल लाइन के निर्माण के संबंध में कोई खास प्रगति नहीं देखी गई है। तीनों जिलों के लोगों के लिए रेलवे लाइन एक दूर का सपना बनी हुई है। निर्मल और आदिलाबाद दोनों जिलों के लोग कई दशकों से हैदराबाद से रेल संपर्क की मांग कर रहे हैं। वे व्यवसाय, शिक्षा और आजीविका सहित विभिन्न जरूरतों के लिए राज्य की राजधानी आते-जाते हैं। इस मार्ग पर रेलवे लाइन न होने के कारण वे वर्तमान में टीएसआरटीसी और निजी वाहनों की सेवाओं पर निर्भर हैं, जो भारी मात्रा में खर्च करते हैं।

# धूमधाम से मनाया गया मुक्कोटि एकादशी उत्सव

## लक्ष्मीनरसिंहा यदाद्री मंदिर में हजारों की संख्या में उमड़े भक्त



हैदराबाद, 10 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। शुक्रवार की सुबह यदाद्री लक्ष्मी नरसिंह स्वामी मंदिर में मुक्कोटी एकादशी उत्सव धूमधाम और धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। इस शुभ अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु भगवान की पूजा में शामिल होने के लिए मंदिर में उमड़े, जिसमें भव्य अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। दिन की धार्मिक गतिविधियां सुबह 5:15 बजे शुरू हुईं, जिसमें गरुतेलंगाना मंदिर में पूजा-अर्चना की गई।

उत्सव के कारण मंदिर के अधिकारियों ने दिन के लिए लक्ष पुष्पार्चन और अर्जिता सेवा रद्द कर दी है। आज से मंदिर में 15 जनवरी तक अध्ययनोत्सव मनाया जाएगा। इन 6 दिनों के दौरान, भक्तों को सुबह और शाम दोनों समय भगवान लक्ष्मी नरसिंह को विभिन्न श्रृंगार में देखने का अनूठा अवसर मिलेगा। विशेष अनुष्ठानों में दोनों तेलुगु राज्यों के कई जिलों के अलावा जुड़वां शहरों से भी भक्त आ रहे हैं।

## करीमनगर के मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़

करीमनगर, 10 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्ववर्ती करीमनगर जिले के सभी मंदिरों में मुक्कोटि एकादशी के अवसर पर भक्तों की भीड़ उमड़ी। सुबह से ही श्रद्धालु मंदिरों में भगवान के उत्तरद्वार दर्शन के लिए लंबी कतारों में खड़े देखे गए। श्री राजराजेश्वर स्वामी मंदिर, वेमुलावाड़ा, लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी मंदिर, धर्मपुरी, अंजनेय स्वामी मंदिर, कोंडागट्टू, रामालयम, एलांथाकुंटा और अन्य मंदिरों में तीर्थयात्रियों की भारी भीड़ देखी गई। धर्मपुरी में श्रद्धालुओं ने गोदावरी नदी में पवित्र डुबकी लगाकर लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी के दर्शन किए।

## दक्षिण तटीय रेलवे मुख्यालय के लिए जल्द तय होगा स्थान



विशाखापट्टनम, 10 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। रेलवे बोर्ड ने विशाखापट्टनम में प्रस्तावित दक्षिण तटीय रेलवे जोन (एससीओआर) के महाप्रबंधक के कार्यालय के लिए स्थल पर निर्णय लेने की अपनी पहल तेज कर दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी (जो बुधवार को विशाखापट्टनम में एक रोड शो और कई रेल एवं अन्य परियोजनाओं के शुभारंभ के लिए आये थे) ने वर्चुअल माध्यम से इस नए रेलवे जोन की आधारशिला रखी। पूर्वी तटीय रेलवे जोन के एक रेलवे अधिकारी ने कहा कि विशाखापट्टनम में दो अलग-अलग स्थानों पर भूमि आवंटित की गई है, लेकिन हमें जोन मुख्यालय कार्यालय और स्टाफ क्वार्टरों के लिए स्थल पर अभी स्पष्टता नहीं मिली है। रेलवे बोर्ड ने प्रस्तावित जोन के लिए आगामी बुनियादी ढांचे और इसके गठन से संबंधित चल रही गतिविधियों की देखरेख के लिए पहले ही एक ओएसडी नियुक्त कर दिया है। भारतीय रेलवे में 17 जोन और 69 डिवीजन हैं, जिनमें जम्मू सबसे नया है और साउथ कोस्ट (एससीओआर) क्षेत्रों के अंतिम सीमांकन के बाद 18वां जोन होगा।

अधिकारियों ने कहा कि तीन रेलवे जोन- ईस्ट कोस्ट रेलवे, साउथ सेंट्रल रेलवे और सदर्न रेलवे के कुछ हिस्सों को अलग करके एससीओआर बनाया जाएगा। फरवरी 2019 में घोषित, एससीओआर बनाने का उद्देश्य परिचालन दक्षता में सुधार करना और क्षेत्र में बढ़ती यात्री और माल ढुलाई मांगों पर केंद्रित सेवा प्रदान करना है। ईसीओआर के एक अधिकारी ने कहा कि इसका उद्देश्य दक्षिणी आंध्र प्रदेश और रायलसीमा में रेलवे कनेक्टिविटी, दक्षता और क्षेत्रीय विकास को बेहतर बनाना है। उन्होंने आगे कहा कि इसका मुख्यालय विशाखापट्अनम में स्थित होगा, जिससे यह परिचालन के लिए एक रणनीतिक केंद्र बन जाएगा। अधिकारियों ने कहा कि यह तेलंगाना और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों सहित आंध्र प्रदेश के एक महत्वपूर्ण हिस्से को कवर करेगा। इसके आर्थिक प्रभाव के संबंध में, विशेषज्ञों का एक वर्ग मानता है कि इससे क्षेत्र में औद्योगिक और कृषि विकास को बढ़ावा मिलेगा, विशाखापट्टनम और कृष्णापट्टनम जैसे प्रमुख बंदरगाहों के लिए रसद में वृद्धि होगी तथा तिरुपति और आंध्र प्रदेश के अन्य सांस्कृतिक स्थलों में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

## ग्रे लंगूर को वन में छोड़ेगा विभाग

**पशु कल्याण कार्यकर्ता की शिकायत पर हुई कार्रवाई**



खम्मम, 10 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। एक पशु कल्याण कार्यकर्ता की सूचना पर वन अधिकारियों ने गुरुवार को खम्मम शहर के बल्लेपल्ली रामालयम में बंदी बनाए गए एक ग्रे लंगूर को बचाया। स्ट्रे एनिमल फाउंडेशन ऑफ इंडिया एनजीओ के कार्यकर्ता अदुलापुरम गौतम ने बताया कि लंगूर को लगभग एक साल तक पिंजरे में रखा गया था।

इस बारे में जानकारी मिलने के बाद उन्होंने जिला वन अधिकारी (डीएफओ) को सूचित किया, जिन्होंने संबंधित वन रेंज अधिकारी (एफआरओ) को लंगूर को बचाने के लिए उस स्थान पर जाने का निर्देश दिया। गौतम ने कहा कि लंगूर वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की अनुसूची II के तहत संरक्षित जंगली जानवर हैं।

संपर्क करने पर एफआरओ नागेश्वर राव ने कहा कि लंगूर को स्थानीय रामालयम मंदिर समिति द्वारा मंदिर परिसर में धन की समस्या से निपटने के लिए वहां लाया गया था। उन्होंने बताया कि पालतू लंगूर स्वस्थ है और अच्छा खाना खा रहा है। डीएफओ के निर्देशों के बाद शुक्रवार को मंदिर समिति से परामर्श के बाद इसे किन्नरसानी अभयारण्य या किसी अन्य स्थान जैसे जंगली इलाके में भेज दिया जाएगा।

## भाई पर लगाम लगाएं मुख्यमंत्री : भाजपा प्रवक्ता

हैदराबाद, 10 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य भाजपा प्रवक्ता एन.वी. सुभाष ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी की उनके भाई अनुमाला तिरुपति रेड्डी पर लगाम न लगाने के लिए कड़ी आलोचना की, जो कथित तौर पर एक संविधानेतर अधिकारी के रूप में काम कर रहे हैं। एक तीखे बयान में, सुभाष ने बताया कि तिरुपति रेड्डी, सांसद, विधायक, एमपीटीसी सदस्य, सरपंच या पार्षद के रूप में कोई आधिकारिक पद न रखने के बावजूद, विशेषाधिकारों का आनंद लेते हैं, जिसमें पुलिस काफिला और स्कूली बच्चे उनके सम्मान में परेड करते हैं। उन्होंने विकाराबाद जिला कलेक्टर पर तिरुपति रेड्डी के निजी अंगरक्षक के रूप में काम करने का भी आरोप लगाया। सत्ता का ऐसा खुला दुरूपयोग कैसे अनियंत्रित हो सकता है? क्या यह केसीआर परिवार द्वारा प्रदर्शित अहंकार की याद नहीं दिलाता है, जिसे अंततः लोगों के गुस्से का सामना करना पड़ा? उन्होंने मुख्यमंत्री से अपने भाई पर लगाम लगाने के लिए तत्काल कार्रवाई की मांग की।

पिछले राजनीतिक परिदृश्यों के साथ समानताएं बताते हुए, सुभाष ने इस स्थिति की तुलना पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के कार्यकाल से की, जिन पर उन्होंने सोनिया गांधी के अधीन रहने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया, जिस तरह डॉ. सिंह ने सोनिया गांधी को 'सुपर पीएम' के रूप में काम करने की अनुमति दी, उसी तरह रेवंत रेड्डी अपने भाई को बिना किसी संवैधानिक अधिकार के समानांतर मुख्यमंत्री के रूप में काम करने देकर कांग्रेस संस्कृति का पालन करते दिख रहे हैं। सुभाष ने आगे चेतावनी दी कि तेलंगाना के लोग इन घटनाक्रमों को करीब से देख रहे हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, अगर मुख्यमंत्री अपने भाई की अतिशयता को नियंत्रित करने में विफल रहते हैं, तो उनका भी केसीआर परिवार जैसा ही हश्र होगा।

Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.